वर्ष : 30 | अंक :181
प्रतापगढ़ | शनिवार , 4 मई-2024
पृष्ठ : 8 | मूल्य : 3 रुपये

दैनिक सच्चाई की जंग

# लोकमित्र

प्रतापगढ़,लखनऊ, कौशाम्बी, एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

R.N.I. No. : 71870/94

संस्थापक : श्रद्धेय स्व. रामनिरंजन भगवन
प्रतिदिन की खबरों के लिए देखें www.dailylokmitra.com

# राहुल गांधी ने रायबरेली से दाखिल किया नामांकन

## सोनिया-प्रियंका रहीं मौजूद, कांग्रेस ने कहा- लड़ेंगे और जीतेंगे



**लखनऊ,एजेंसियॉ।** उत्तर प्रदेश की रायबरेली लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी ने जिलाधिकारी कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल किया। बीजेपी ने रायबरेली से दिनेश प्रताप सिंह को मैदान में उतारा है। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और प्रियंका गांधी मौजूद रहे। कांग्रेस ने एक्स पोस्ट में लिखा कि जननायक राहुल गांधी ने ने उत्तर प्रदेश के रायबरेली से लोकसभा चुनाव का नामांकन भरा। ये चुनाव देश में लोकतंत्र की रक्षा का चुनाव है, अन्याय को हराकर न्याय की स्थापना का चुनाव है। हम हर कीमत पर लोकतंत्र की रक्षा करेंगे। लड़ेंगे और जीतेंगे। नामांकन दाखिल करने से पहले राहुल गांधी अपनी मां सोनिया गांधी, बहन प्रियंका गांधी वाद्रा और बहनोई रॉबर्ट वाद्रा के साथ अमेठी के फुरसतगंज हवाईअड्डे पर पहुंचे हैं। उनके साथ राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत भी थे। नामांकन दाखिल करने के लिए बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ताओं और नेताओं के अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी रायबरेली में थे। सात चरण के आम चुनाव के पांचवें चरण में दोनों सीटों पर 20 मई को मतदान होगा।

राहुल को अमेठी के बदले रायबरेली से चुनाव मैदान में उतारने के पीछे पार्टी का आकलन है कि पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष के लिए रायबरेली, अमेठी से बेहतर और सुरक्षित सीट है। राहुल गांधी को उम्मीदवार बनाये जाने से सुर्खियों में रहने वाला रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र एक बार फिर चर्चा का विषय बन गया है। रायबरेली सीट को 'वीवीआईपी' सीट भी कहा जाता है, जहां से पहले दो आम चुनाव में राहुल के दादा फिरोज गांधी विजयी हुए थे। रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र में फिरोज गांधी द्वारा रखी गयी मजबूत नींव को उनकी पत्नी व पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने और मजबूती प्रदान की तथा 1967, 1971 और 1980 के चुनाव में इस सीट पर जीत हासिल की। इंदिरा गांधी ने 1980 में दो सीट से चुनाव लड़ा, जिनमें रायबरेली और मेडक (तेलंगाना) लोकसभा सीट शामिल हैं हालांकि उन्होंने बाद में मेडक सीट अपने पास रखने का फैसला किया। उसके बाद अरुण नेहरू ने 1980 के उपचुनाव और 1984 के आम चुनाव में रायबरेली पर कांग्रेस का परचम लहराये रखा।

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के करीबी माने जाने वाले अरुण नेहरू से लेकर शीला कौल तक रायबरेली सीट गांधी परिवार के सदस्यों और उनके करीबियों के पास ही रही। इंदिरा गांधी की रिश्तेदार शीला कौल ने 1989 और 1991 में रायबरेली का प्रतिनिधित्व संसद में किया था। गांधी परिवार के एक अन्य मित्र सतीश शर्मा ने 1999 में रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया और उसके बाद सोनिया गांधी का राजनीति में प्रवेश हुआ।वर्ष 1977 में आपातकाल के बाद जनता पार्टी के राज नारायण ने इंदिरा गांधी को हराया था, जो उस समय प्रधानमंत्री थीं। वहीं 1996 और 1998 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अशोक सिंह ने कांग्रेस के उम्मीदवारों को शिकस्त दी थी। सोनिया गांधी ने चुनावी राजनीति में प्रवेश करने के लिए 1999 में अमेठी सीट चुनी थी, लेकिन 2004 में उन्होंने अमेठी सीट राहुल के लिए छोड़ दी। सोनिया गांधी ने 2004 से 2019 तक चार बार रायबरेली सीट पर जीत हासिल की हालांकि उनकी जीत का अंतर कम होने लगा था।

# सावधान ! चारधाम यात्रा पर साइबर ठगों की नजर

## एसटीएफ ने बंद कराईं 12 फर्जी वेबसाइट, अब तक 76 वेबसाइट ब्लॉक

### चारधाम यात्रा हेलीकाप्टर बुकिंग सेवा के नाम पर धोखाधड़ी कर रहे ठग



**देहरादून,(हि.स.)।** चारधाम यात्रा के लिए हेली टिकट बुक करते समय देश-दुनिया से आने वाले श्रद्धालुओं को सावधानी बरतनी होगी, वरना धोखाधड़ी हो सकती है। एसटीएफ व साइबर क्राइम पुलिस ने ढ्ढ4सी गृह मंत्रालय के साथ मिलकर शुक्रवार को 12 ऐसी वेबसाइटों को बंद कराया है, जिनसे श्रद्धालुओं से ठगी की जा रही थी। चारधाम से जुड़ी अब तक कुल 76 वेबसाइटों को ब्लॉक कर यात्रियों को ठगी से बचाया गया है।साइबर अपराधी आम जनता की गाढ़ी कमाई हड़पने के लिए अपराध के नए-नए तरीके अपनाकर धोखाधड़ी कर रहे हैं। फर्जी वेबसाइट तैयार कर हेली सेवा बुकिंग के नाम पर संपूर्ण भारत में लाखों रुपये की धोखाधड़ी की जा रही है। गत वर्ष भी कई साइबर ठगी की शिकायतें आई थीं, जिसमें विभिन्न राज्यों के लोगों के साथ चारधाम यात्रा हेलीकाप्टर बुकिंग सेवा के नाम पर ठगी की गई थी।इस प्रकार की ठगी का मुख्य कारण यह था कि लोगों को चारधाम यात्रा के लिए हेली सेवा बुकिंग की आधिकारिक वेबसाइट की जानकारी नहीं थी, जबकि आईआरसीटीसी ने चारधाम हेलीसेवा की बुकिंग के लिए अपनी वेबसाइट अधिकृत किया है। श्रद्धालु इस वेबसाइट URL www. heliyatra. irctc.co.in के माध्यम से चारधाम यात्रा के लिए हेली सेवा बुक करा सकते हैं। कोई भी भुगतान करने से पहले संबंधित भुगतान के माध्यम की जांच पड़ताल अवश्य कर लें। वहीं श्रद्धालुओं को साइबर ठगों के चंगुल में फंसने से बचाने के लिए एसटीएफ ने अभियान चलाया है। ऐसी फर्जी वेबसाइटों पर एसटीएफ की कड़ी नजर है। उन्हें चिह्नित कर एसटीएफ सबक सिखाने का काम करेगी।आए दिन ऐसी धोखाधड़ी वाली वेबसाइटें प्रकाश में आती रहती हैं। इसके लिए उत्तराखंड एसटीएफ को एमएचए ढ्ढ4सी टीम से लगातार सहयोग मिल रहा है। एसटीएफ व साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन लगातार फर्जी वेबसाइट की निगरानी कर रहा है, जिस पर कार्रवाई करते हुए अब तक कुल 76 फर्जी बेवसाइटों को बंद कराया जा चुका है।चारधाम के लिए यात्रियों को उत्तराखंड सरकार की युकाडा की ओर से आईआरसीटीसी के साथ अनुबंध कर सहायता प्रदान की जाएगी। युकाडा ने चारधाम से संबंधित पंजीकरण एवं हेलीसेवा के संबंध में सभी जानकारियों के साथ विवरणिका तैयार की है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने जनता से अपील की है कि यदि कोई भी फर्जी हेली सेवा वेबसाइट, मोबाइल नंबर, लिंक आदि की जानकारी हो तो तुरंत एसटीएफ देहरादून से साझा करें। इसके लिए एसटीएफ ने दो मोबाइल नंबर 9456591505 एवं 9412080875 जारी किए हैं। इस नंबर पर स्क्रीनशॉट के साथ जानकारी साझा कर सकेंगे। वहीं, वित्तीय साइबर अपराध घटित होने पर तुरंत 1930 नंबर पर संपर्क करें।

# 14 मई को वाराणसी से नामांकन दाखिल करेंगे पीएम मोदी

## 13 को काशी में होगा मेगा रोड शो




**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 मई को अपने निर्वाचन क्षेत्र उत्तर प्रदेश के वाराणसी में एक मेगा रोड शो करेंगे और उसके अगले दिन लोकसभा क्षेत्र से अपना नामांकन दाखिल करेंगे। सूत्रों ने इस बात की जानकारी दी है। वाराणसी में सातवें चरण में एक जून को मतदान होगा। लोकसभा चुनाव के सातवें चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की प्रक्रिया 7 मई से शुरू होगी और 14 मई को समाप्त होगी। विशेष रूप से, वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पार्टी के यूपी प्रमुख अजय राय को वाराणसी निर्वाचन क्षेत्र से पीएम मोदी के खिलाफ खड़ा किया गया है। राय उत्तर प्रदेश की वाराणसी सीट के लिए अपनी तीसरी दावेदारी कर रहे हैं, इससे पहले उन्होंने पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ा था और 2014 और 2019 दोनों आम चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। राय के अलावा, स्टैंड-अप कॉमेडियन श्याम रंगीला ने भी पीएम मोदी के खिलाफ वाराणसी से चुनावी शुरुआत करने की घोषणा की है। राजस्थान के रहने वाले श्याम रंगीला पीएम मोदी की अनोखी नकल उतारने के लिए मशहूर हैं। रंगीला ने बुधवार, 1 मई को सोशल मीडिया पर लोकसभा 2024 के लिए वाराणसी से अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की।2019 के लोकसभा चुनावों में, प्रधान मंत्री ने वाराणसी में 4,79,505 मतों के अंतर से भारी जीत हासिल की। पीएम मोदी को 6,74,664 वोट मिले, जबकि उनकी निकटतम प्रतिद्वंद्वी समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार शालिनी यादव को 1,95,159 वोट मिले। 2014 के लोकसभा चुनाव के दौरान, पीएम मोदी ने वाराणसी में 3.37 लाख वोटों के बड़े अंतर से जीत हासिल की

# सपा उम्मीदवार अफजाल अंसारी को नहीं मिली राहत, 13 मई को अगली सुनवाई



**प्रयागराज(हि.स.)।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने गाजीपुर से सपा प्रत्याशी अफजाल अंसारी के खिलाफ गैंगेस्टर मामले की सुनवाई स्थगित कर दी है। जस्टिस संजय सिंह की बेंच ने मामले की सुनवाई के लिए 13 मई की तारीख तय की है।अफजाल अंसारी ने गाजीपुर के एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट की ओर से चार साल की कैद और एक लाख रुपये के जुर्माने की सजा पर रोक से संबंधित याचिका हाई कोर्ट में दायर की है। हाई कोर्ट में जस्टिस संजय सिंह की बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही है।

# मैं जनसेवा के लिए ही पैदा हुआ- मोदी



**कोलकाता (हि.स.) ।** प्रधानमंत्री और भाजपा के शीर्ष नेता नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि वह जनता की सेवा करने के लिए पैदा हुए हैं और उनका सपना केवल जनता के सपनों को पूरा करना है। उन्होंने राहुल गांधी के रायबरेली लोकसभा सीट से लोकसभा चुनाव लड़ने के फैसले पर भी कटाक्ष करते हुए कहा कि वे डर के कारण रायबरेली भाग गए।रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि वे मौज करने के लिए पैदा नहीं हुए और न ही खुद के लिए जीना चाहते हैं। वे केवल जनता की सेवा का संकल्प लेकर140 करोड़ देशवासियों की सेवा करने के लिए निकले हैं। विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए दिन-रात एक किए हुए हैं। यह सब वे अपने लिए नहीं, बल्कि अपनों के लिए कर रहे हैं।मोदी ने कहा कि मैंने कल टीवी पर देखा कि तृणमूल के एक विधायक कह रहे थे कि हिंदुओं को दो घंटे में भागीरथी में बहा देंगे। ये कौन-सी भाषा है? बंगाल में तृणमूल की सरकार ने यहां हिंदुओं को दोयम दर्जे का नागरिक बनाकर रख दिया है। ये कैसे लोग हैं कि जय श्रीराम के उद्घोष से भी इन्हें आपत्ति है। इनको राममंदिर के निर्माण से आपत्ति है, रामनवमी की शोभायात्रा से आपत्ति है।मोदी ने कहा कि मैं तृणमूल सरकार से पूछना चाहता हूं कि यहां संदेशखाली में हमारी दलित बहनों के साथ इतना बड़ा अपराध हुआ, पूरा देश कार्रवाई की मांग करता रहा लेकिन तृणमूल गुनहगार को बचाती रही। क्या सिर्फ इसलिए क्योंकि उस गुनाहगार का नाम शाहजहां शेख था। इन वोट के भूखे लोगों की पहले दो चरणों में लुटिया डूब चुकी है। अब ये खुलेआम नया खेल लेकर आए हैं। अब ये कहते हैं कि मोदी के खिलाफ वोट जिहाद करो। जिहाद क्या होता है ये हमारे देश के लोग भली-भांति जानते हैं।उन्होंने कहा कि हमारे देश में दशकों से वोट जिहाद का खेल पर्दे के पीछे चुपचाप चलता था। पहली बार वो इतने हताश और निराश हो चुके हैं कि अब वोट जिहाद की सार्वजनिक घोषणा कर रहे हैं। इसीलिए, वोट जिहाद की इस अपील पर कांग्रेस का शाही परिवार, तृणमूल और लेफ्ट का परिवार चुप है। यानी इंडी अलायंस के सारे चट्टे-बट्टे वोट जिहाद से सहमत हैं।

# रायबरेली से राहुल गांधी के चुनाव लड़ने पर भाजपा का तंज, कहा- वायनाड से हार रहे हैं



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** लोकसभा चुनाव में इस बार अमेठी और रायबरेली लोकसभा सीटों पर बना सस्पेंस खत्म हो गया है। कांग्रेस ने शुक्रवार को राहुल गांधी को रायबरेली सीट से और अमेठी से केएल शर्मा को उम्मीदवार घोषित कर दिया। राहुल गांधी के अमेठी छोड़कर रायबरेली से चुनाव लड़ने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने उन पर निशाना साधा है। भाजपा ने कहा कि राहुल गांधी वायनाड से चुनाव हार रहे हैं, इसलिए वे रायबरेली से भी चुनाव लड़ने जा रहे हैं।भाजपा नेता शहजाद पूनावाला ने आज यहां कहा कि यह सब नाटक और निर्माण किस लिए? राहुल गांधी के भाग जाने और अमेठी से आत्मसमर्पण करने और केएल शर्मा जैसे किसी व्यक्ति को मैदान में उतारने से यह स्पष्ट है कि कांग्रेस ने अमेठी छोड़ दी है। उन्हें भी इस बात का एहसास है कि स्मृति ईरानी के सामने राहुल की कोई हैसियत नहीं है। इसलिए कांग्रेस ने राहुल गांधी को रायबरेली में भेज दिया, जिसे वे अधिक सुरक्षित मानते हैं।पूनावाला ने कहा कि क्या यह वायनाड के लोगों के साथ पूरी तरह धोखाधड़ी नहीं है? ऐसा नहीं है कि वह रायबरेली में जीतेंगे, बल्कि यह कांग्रेस की ÷इस्तेमाल करो और फेंक दो÷ की मानसिकता को दर्शाता है।

# चुनाव के चलते केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर कर सकते हैं विचार

## सुप्रीम कोर्ट की बड़ी टिप्पणी



**नई दिल्ली, एजेंसियॉ।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को प्रवर्तन निदेशालय से कहा कि वह चुनाव के कारण अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत के सवाल पर विचार कर सकता है। शीर्ष अदालत ने ईडी के वकील से कहा कि वह मंगलवार (7 मई) को मामले की सुनवाई करते समय इस पहलू पर तैयार होकर आएं। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और दीपांकर दत्ता की पीठ ने दोनों पक्षों को सचेत करते हुए कहा कि वे यह न मानें कि अदालत जमानत दे देगी। कोर्ट ने कहा कि हम अनुदान दे सकते हैं या हम अनुदान नहीं दे सकते। लेकिन हमें आपके लिए खुला रहना चाहिए क्योंकि किसी भी पक्ष को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। इसके साथ ही ईडी से संभावित समाधान पेश करने को कहा। अगर दिल्ली के मुख्यमंत्री को अंतरिम जमानत दी जाती है तो केजरीवाल पर शर्तें लगाई जाएंगी। अदालत ने ईडी से यह भी विचार करने को कहा कि क्या केजरीवाल को मुख्यमंत्री के रूप में अपनी स्थिति को ध्यान में रखते हुए किसी भी फाइल पर हस्ताक्षर करना चाहिए।न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि हम चुनाव के कारण अंतरिम जमानत देने पर विचार करना चाहेंगे। डॉ. सिंघवी हमें सुने बिना शुरुआत न करें हम कर सकते हैं या नहीं दे सकते। हम आपकी बात सुनने जा रहे हैं। हमें आपके लिए खुला रहना चाहिए, क्योंकि किसी भी पक्ष को आश्चर्य नहीं होना चाहिए। अरविंद केजरीवाल को 21 मार्च को ईडी ने दिल्ली की अब खत्म हो चुकी उत्पाद शुल्क नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था। अब तक उनकी सभी जमानत याचिकाएं खारिज हो चुकी हैं, वहीं बीजेपी ने उनके मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे की मांग उठाई है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को उत्पाद नीति घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी और कहा कि यह सुनवाई योग्य नहीं है। उच्च न्यायालय ने कहा कि केजरीवाल के पास निश्चित रूप से अदालत का दरवाजा खटखटाने और उचित कार्यवाही दायर करने के साधन हैं।

# डमी उम्मीदवारों के खिलाफ याचिका पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार




**नई दिल्ली,(हि.स.)।** सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने चुनाव परिणाम प्रभावित करने के मकसद से मिलते-जुलते नाम वाले डमी उम्मीदवारों के खिलाफ दायर याचिका पर सुनवाई करने से इनकार कर दिया है।यह याचिका साबू स्टीफेन ने दायर की थी।

याचिका में मांग की गई थी कि कोर्ट निर्वाचन आयोग को निर्देश दे कि ऐसे उम्मीदवारों के बैकग्राउंड की जांच की जाए और फर्जी पाए जाने पर उन्हें चुनाव में शामिल होने से रोका जाए। याचिकाकर्ता का कहना था कि ऐसे उम्मीदवारों को जानबूझ कर चुनाव को प्रभावित करने के लिए उतारा जाता है, ताकि वोटरों को भ्रमित किया जा सके। याचिका में कई ऐसी घटनाओं का हवाला दिया था, जहां मिलते-जुलते नाम के उम्मीदवार के चलते बहुत कम अंतर से चुनावी हार हुई।कोर्ट ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति का बचपन से राहुल गांधी नाम हो तो क्या आप उसे चुनाव लड़ने से रोक देंगे। ये याचिका सुनवाई लायक नहीं है। कोर्ट के रुख को देखते हुए याचिकाकर्ता ने अर्जी वापस ले ली।

# बंगाल के राज्यपाल के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायत

## गवर्नर बोस ने आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए खारिज किया



**कोलकाता ,एजेंसियॉ।** कोलकाता राजभवन में एक संविदा कर्मचारी ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उन्होंने कोलकाता के हेयर स्ट्रीट पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। हालाँकि, बोस को उनके पद पर दी गई संवैधानिक छूट के कारण पद पर रहते हुए आपराधिक आरोपों का सामना नहीं करना पड़ सकता है। गवर्नर बोस ने आरोपों को राजनीति से प्रेरित बताते हुए खारिज कर दिया।

उन्होंने कहा कि वह मनगढ़ंत कहानियों के आगे नहीं झुकेंगे और सच्चाई की जीत होगी।राज्यपाल के बयान में कहा कि सच्चाई की जीत होगी। मैं इंजीनियरी आख्यानों से डरने से इनकार करता हूं। अगर कोई मुझे बदनाम करके कुछ चुनावी फायदा चाहता है तो भगवान उनका भला करें।लेकिन वे बंगाल में भ्रष्टाचार और हिंसा के खिलाफ मेरी लड़ाई को नहीं रोक सकते।

किसी राज्य का राज्यपाल अनुच्छेद 153 के अनुसार एक संवैधानिक पद है, जिसे राष्ट्रपति अपने हस्ताक्षर और मुहर के तहत वारंट के माध्यम से नियुक्त करते हैं। वे राष्ट्रपति की इच्छा पर काम करते हैं। राजभवन ने बयान में कहा है कि इस मामले में जांच करने अगर पुलिस आती है तो उन पर भी प्रतिबंध लगाया जाता है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 361 के अनुसार, राष्ट्रपति और राज्यपालों को कुछ छूट प्राप्त हैं। जैसे उन्हें पद पर रहते हुए अपने कार्यों या निर्णयों के लिए अपने कार्यालय की शक्तियों और कर्तव्यों के प्रयोग और प्रदर्शन के लिए या उनके प्रयोग और प्रदर्शन में उनके द्वारा किए गए या किए जाने वाले किसी कार्य के लिए अदालत में जवाबदेह नहीं ठहराया जा सकता है। उनके कार्यकाल के दौरान उनके खिलाफ ÷किसी भी अदालत में÷ कोई आपराधिक मामला दायर नहीं किया जा सकता है।

# मनीष सिसोदिया की जमानत अर्जी पर हाई कोर्ट का ईडी और सीबीआई को नोटिस

## हफ्ते में एक बार पत्नी से मिलने की ट्रायल कोर्ट की अनुमति बरकरार



**नई दिल्ली,(हि.स.)।** दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की बेंच ने दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत अर्जी पर सुनवाई करते हुए ईडी और सीबीआई को नोटिस जारी किया है। हाई कोर्ट ने सिसोदिया को अपनी पत्नी से हफ्ते में एक बार मिलने की अनुमति का ट्रायल कोर्ट का आदेश बरकरार रखा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 8 मई को करने का आदेश दिया।आज सुबह सुनवाई के दौरान सिसोदिया की ओर से हाई कोर्ट को सूचित किया गया कि ट्रायल कोर्ट की ओर से सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज करने के बाद उन्हें उनकी पत्नी से मिलने की अनुमति नहीं दी जा रही है। तब हाई कोर्ट ने सीबीआई और ईडी को निर्देश लेकर आने को कहा। बाद में सीबीआई और ईडी ने कहा कि अगर सिसोदिया को उनकी पत्नी से मिलने की अनुमति दी जाती है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है। तब कोर्ट ने सिसोदिया को अपनी पत्नी से हफ्ते में एक बार मिलने का आदेश जारी रखने का आदेश दिया।राउज एवेन्यू कोर्ट ने 30 अप्रैल को सीबीआई और ईडी की ओर से दर्ज केस में सिसोदिया की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी।

इसी आदेश को सिसोदिया ने दिल्ली हाई कोर्ट में चुनौती दी है। राऊज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी ने सिसोदिया की जमानत याचिका का विरोध करते हुए कहा था कि प्रॉफिट मार्जिन को सात फीसदी से बढ़ाकर 12 फीसदी करने को सही ठहराने को लेकर कोई बैठक या चर्चा नहीं की गई। ये नीति कुछ थोक विक्रेताओं के पक्ष में थी।सुनवाई के दौरान ईडी ने कहा था कि सिसोदिया के वकील सिर्फ ट्रायल में देरी को लेकर जमानत के लिए दबाव बना रहे हैं। उसके लिए उनको हलफनामा दाखिल करना चाहिए, क्योंकि इस मामले मे बड़ी संख्या में अलग-अलग अर्जियां दाखिल की गई थीं। इसलिए यह नहीं कहा जा सकता कि मुकदमा धीमी गति से चल रहा है।ईडी ने कहा कि अपराध की गंभीरता बेहद गंभीर है, क्योंकि एक नीति बनाई गई, जो कुछ थोक विक्रेताओं के पक्ष में थी। ईडी ने कहा था कि विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट में कहा गया था कि थोक कारोबार का हिस्सा सरकार को दिया जाए। इस बात पर कोई चर्चा नहीं की गई और थोक कारोबार निजी कंपनियों को क्यों दे दिया गया। ईडी ने कहा था कि साउथ ग्रुप के साथ ओबेरॉय होटल में मीटिंग हुई थी, जहां सभी सह-आरोपित मीटिंग में उपस्थित थे। उनमें से कुछ अब सरकारी गवाह बन गए हैं।कोर्ट ने 6 अप्रैल को मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 18 अप्रैल तक बढ़ा दी थी। ईडी ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को 9 मार्च, 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था।

# ईरान-इजराइल की यात्रा करते सयम सतर्क रहें भारतीय - विदेश मंत्रालय

**नई दिल्ली, (हि.स.)।** विदेश मंत्रालय ने भारतीय नागरिकों को ईरान और इजराइल की यात्रा करते समय सतर्क रहने और भारतीय दूतावासों के संपर्क में रहने की सलाह दी है।विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को ईरान और इजराइल के संबंध में यात्रा सलाह पर मीडिया के एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि हम क्षेत्र में स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। हमने यह भी देखा है कि ईरान और इज़राइल ने कई दिनों से अपना हवाई क्षेत्र खोल दिया है।

# चुनावी चकल्लस

**संसद का दूल्हा बनने को हुए इकट्ठा साढ़ू**
**साइकिल के संग हाथ का पंजाऔर संग में झाड़ू**
**बाराती के आगे आगे हाथी की रफ्तार बढ़ी है**
**कमल नाल पर लगी निगाहें देखो चढ़ी चढ़ी है**
**संगम लाल और शिवपाल गांठ के निकले बढ़िया वेष**
**गजब समर में कूद पड़े हैं हाथी से देखो प्रथमेश ।**



डा .श्याम शंकर शुक्ल श्याम
वरिष्ठ साहित्यकार, पत्रकार

# स्टेट जीएसटी में प्रयागराज में 284 करोड़ हुआ संग्रह

## व्यापार और उद्योग प्रोत्साहन नीति से राजस्व संग्रह वृद्धि में बना कीर्तिमान

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश में राज्य जीएसटी में इस निरंतर बढ़ोत्तरी हो रही है। प्रयागराज में भी लोगों का कारोबार बढ़ने से टैक्स देने वाले कर दाताओं की संख्या में रिकॉर्ड बढ़ोत्तरी दर्ज की गई है। व्यापारी संगठन और कारोबारी इसे योगी सरकार की टैक्स दाताओं के लिए अपनाई गई नीति और प्रदेश में व्यापार के लिए तैयार हो रहे नया वातावरण का परिणाम मान रहे हैं।

प्रयागराज जनपद में राज्य कर विभाग द्वारा अप्रैल में हुई राजस्व वसूली ने कई वर्षो का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। एडिशनल कमिश्नर ग्रेड प्रथम राम कुबेर बताते हैं कि इस वर्ष ₹283.69 करोड़ की स्टेट जीएसटी की वसूली की गई है। जबकि पिछले वित्तीय वर्ष में ₹ 248.27करोड़ की वसूली हुई है। इस तरह पिछले वर्ष की

**व्यापारी बोले भय मुक्त वातावरण और अधिकारियों के बेहतर समन्वय से बढ़ा भरोसा**

अपेक्षा इस साल लगभग 36 करोड़ की अधिक वसूली हुई है। एडीशनल कमिश्नर ग्रेड वन राम कुबेर का कहना है कि अप्रैल में होने वाली राजस्व वसूली में अब तक का यह सर्वाधिक राजस्व है। इसकी एक वजह कर चोरी करने वालों पर शासन द्वारा कसा गया शिकंजा बताया जा रहा है। प्रशासन द्वारा कर चोरी करने वालों की समीक्षा की गई और जांच के निर्देश दिए गए जिससे बढ़ोत्तरी हुई है।

संपूर्ण कर संग्रह में जनपद में सीमेंट कारोबारियों से लगभग 35 प्रतिशत कर जमा हुआ है। वहीं, दूसरे नंबर पर सरिया व आटो मोबाइल सेक्टर रहा। जिन सेक्टरों से कम राजस्व प्राप्त हुआ है, उसकी सूची अधीनस्थ अधिकारियों से बनवाने का निर्देश दिया गया है। इन सेक्टरों से जुड़े कारोबारियों के दस्तावेजों को भी जांचा जा रहा है ताकि उनकी समीक्षा कर आवश्यक कार्यवाही की जाए।

राज्य जीएसटी की आय में वृद्धि को लेकर व्यापारियों और कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स ने उत्साहित करने वाली प्रतिक्रिया दी है। कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र गोयल के मुताबिक उत्तर प्रदेश में योगी सरकार की व्यापार प्रोत्साहन नीति से व्यापारियों को यह लगने लगा है कि जीएसटी के दायरे में रहकर व्यापार करने के बहुत से फायदे हैं। सरकार ने सख्ती तो की है लेकिन जो टैक्स दाता हैं उनका उत्पीड़न कही भी न हो इसका पूरा ख़याल रखा है। केवल टैक्स चोरी करने वालो पर कार्यवाही हुई है। इसके अलावा कहीं न कहीं यूपी सरकार की योजनाओं, विकास और नीति की वजह से लोगो का व्यापार बढ़ा है जिससे उनकी खर्च करने की क्षमता भी बढ़ी है उससे भी राजस्व संग्रह बढ़ा है।

# रविकांत स्मृति अंडर-16 समर लीग क्रिकेट कल से

**प्रयागराज।** इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा इलाहाबाद उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता स्वर्गीय रविकांत की स्मृति में प्रथम अंडर-16 ग्रीष्मकालीन (समर) लीग क्रिकेट प्रतियोगिता पांच मई से शुरू होगी। पहला मैच कायस्थ पाठशाला क्रिकेट क्लब और भवम क्रिकेट क्लब के बीच सुबह 7-30 बजे से केपी इंटर कॉलेज मैदान पर खेला जाएगा।

इलाहाबाद क्रिकेट एसोसिएशन की निदेशक डॉ. जूली ओझा ने बताया कि प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति समित गोपाल करेंगे। प्रतियोगिता में 16 टीमें भाग ले रही हैं। सभी मुकाबले निर्धारित पैंतीस 35 ओवर के होंगे। खिलाड़ियों को सुबह 6.30 बजे मैदान पर रिपोर्टिंग करने को कहा गया है।

# सृजन इंस्टीट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस में मनाया गया एक्टिविटी डे



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** सीजन इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस सड़वा खुर्द प्रयागराज मे बी.एस सी नर्सिंग सेकंड सेमेस्टर के बच्चों के द्वारा न्यूट्रिशियन प्रोग्राम पोषण कार्यक्रम कराया गया। जिसमें बच्चों ने बड़ी मेहनत व उत्साह से ब्यंजन तैयार किया। सभी व्यंजनों को अलग अलग स्टाल पर सजाया गया। जिसमे बच्चो द्वारा डायबिटीज, एनीमिया, हाइपरटेंशन, संपूर्ण आहार के बारे में जानकारी दी एवं बीमारी से संबंधित आहार बनाकर आए हुए अतिथियों के सामने प्रस्तुत किया। अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य योगेंद्र सिंह ईश्वर दिन छेदीलाल इंटर कॉलेज, संगीता सिंघल प्रधानाचार्य संस्कृति सीजन अकेडमी, डॉ. मेहा अग्रवाल प्रसिद्ध गाइनेकोलॉजिस्ट सृजन हॉस्पिटल, कनिका अग्रवाल संचालक निदेशक ऑल सीजन ग्रुप उपस्थिति रही। संस्था की प्राचार्य ऋतु तोबित ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया और आयोजन के उद्देश्य के बारे में बताया।कार्यक्रम में आहार विशेषज्ञ कल्पना श्रीवास्तव भी उपस्थित रही। संस्था के शिक्षक गण कर्मचारी गण अवनीश केवट, रीता सिंह, युवत कुमारी, विभा कुशवाहा, अर्पिता सिंह, निशि तिवारी, ज्योति श्रीवास्तव, प्रिंसु मिश्र, रत्नेश यादव, सौरभ मिश्रा,अतुल पाल, डॉ. लेफ्टिनेंट योगेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

# गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को बंद कराने हेतु खंड शिक्षाधिकारी ने चलाया अभियान, दी हिदायत



**कोरांव (प्रयागराज)।** शिक्षा के नाम पर अभिभावकों की जेब कतरने हेतु कोरांव में देखा जा रहा है कि तमाम लोगों द्वारा बिना मान्यता के ही स्कूल चलाया जा रहा है। कुछ ने तो एक बार मान्यता ले ली तो फिर उसको दुबारा नवीनीकरण नहीं कराया गया और जिम्मेदारों द्वारा पूछे जाने पर स्कूल संचालकों द्वारा कहा जाता रहा कि हमारे स्कूल की मान्यता है। पर्दाफाश तो तब हुआ जब खंड शिक्षा अधिकारी कोरांव मोहम्मद रिजवान खान के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा स्कूलों का स्थलीय जायजा लिया गया। शुक्रवार को बीईओ कोरांव के नेतृत्व में एआरपी शिक्षक संकुलों की टीम द्वारा गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को बंद कराने का अभियान चलाया गया तो हकीकत सामने आई और तमाम अविधिक ढंग से चल रहे स्कूलों को बंद करने का निर्देश दिया गया। कोरांव के सभी न्याय पंचायतों में गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को बंद कराने हेतु संचालित अभियान से स्कूल संचालकों में अफरातफरी मची रही। खंड शिक्षाधिकारी कोरांव द्वारा जहां सिकरो न्याय पंचायत सहित अन्य में गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों को बंद कराने अभियान चलाया गया वहीं न्याय पंचायत बड़ोखर में प्रभाकर सिंह एआरपी और नोडल शिक्षक संकुल सतीश कुमार , खजुरी में नोडल शिक्षक संकुल शौकत अली सहित राम कृष्ण मिश्र व कृष्ण शंकर पाण्डेय द्वारा गैर मान्यता प्राप्त स्कूल संचालकों से संपर्क कर बंद करने का निर्देश दिया गया। इतना ही नहीं इस दौरान सुझाव दिया गया कि गैर मान्यता प्राप्त स्कूलों में नामांकित बच्चों का दाखिला नजदीकी परिषदीय विद्यालयों में करा दिया जाए। साथ ही गैर मान्यता प्राप्त स्कूल संचालकों को सख्त हिदायत दी गई कि यदि अनुचित रूप से विद्यालय चलाया जाएगा तो विभागीय निर्देशानुसार शासन के मंशानुरूप रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दी जाएगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित की होगी।

# घर के आंगन में की पौधे लगाने की अपील

## मेरा आंगन, मेरी हरियाली कार्यक्रम के तहत पर्यावरण और स्वच्छता का संदेश



**प्रयागराज।** स्वच्छ भारत मिशन - नगरीय के अंतर्गत के तहत प्रयागराज नगर निगम द्वारा ब्लू बेल स्कूल, प्रयागराज में मेरा आंगन, मेरी हरियाली कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राओं अपने विद्यालय और अपने घर के आंगन में एक एक पौधे लगाने ले लिए अपील किया गया। साथ ही रिड्यूस रीयूज एंड रीसाइकिल के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण हेतु जागरूक किया गया।

इस अभियान के बारे बताते सहायक नगर आयुक्त सुश्री दीपशिखा पांडे ने बताया यह अभियान छात्र छात्राओं में पर्यावरण और स्वच्छता के प्रति सचेत और जागरूक कर उनमें नई चेतना का विस्तार करेगा।

इसके पूर्व में आई ए सी प्रमुख कृष्ण कुमार मौर्य ने नेतृत्व में सृष्टि वेस्ट मैनेजमेंट सर्विस की टीम प्रधानाचार्य इंदु खुराना के साथ मिलकर ने छात्र छात्राओं को स्कूल के कुछ बच्चों को एक टास्क दिया था। इस दौरान नीलकंठ ग्रुप की ओर से सुप्रिया गुरु के नेतृत्व में पीके की पाठशाला नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्र-छात्राओं को बड़े ही मनोरंजन तरीके से मेरे आंगन मेरी हरियाली कार्यक्रम के उद्देश्यों को बताया गया इस दौरान पीके ने कूड़े के प्रकार उनके उपयोगिता और महत्व के बारे में भी बताया।

इस गतिविधि के दौरान जोनल अधिकारी मदन गोपाल ने छात्र-छात्राओं को सिंगल यूज प्लास्टिक ना उपयोग करने के बारे में बताया साथ ही सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार ने सभी बच्चों से अपने आंगन में एक-एक पेड़ लगाने के लिए आग्रह किया।

इस दौरान सिटी इंचार्ज राहुल नागर और आईईसी एक्स्पर्ट कृष्ण कुमार मौर्य ने छात्र- छात्राओं को कुछ पौधे एक टास्क के रूप में दिया जिसे जुलाई में सुरक्षित और संरक्षित करके छात्राओं को एक असाइनमेंट के तहत विद्यालय में जमा करना है। जो भी बच्चे इसमें अव्वल आएंगे उनको नगर निगम प्रयागराज की ओर से सम्मानित भी किया जाएगा।

# होलागढ़ के संचालित दो अमान्य स्कूलों को बीईओ ने बंद कराया



**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़( प्रयागराज)।** होलागढ़ के खंड शिक्षा अधिकारी लालजी शर्मा ने शुक्रवार को क्षेत्र में संचालित दो अन्य स्कूलों की जांच कर तत्काल बंद करने का आदेश दिया।इसमें सरस्वती ज्ञान मंदिर नेवादा और शिव देव पब्लिक स्कूल गौरीगंज प्रमुख है।बीईओ ने टीम के साथ उक्त दोनों विद्यालय पहुंच कर देखा कि दोनों स्कूल की मान्यता नहीं है। ऐसे में शिक्षको,बच्चो और अभिभावकों को स्कूल बंद कर आस पास के मान्यता प्राप्त स्कूल,प्राथमिक और उच्च प्राथमिक में बच्चों का नामांकन कराने का आदेश दिया। साथ ही बताया कि उक्त स्कूलों में निःशुल्क किताब,एमडीएम और डीबीटी के माध्यम से तत्काल प्रति छात्र 1200 सरकारी धन लेने को जागरूक किया।हालाकि खंड शिक्षा अधिकारी के इस कठोर निर्णय से सभी अमान्य स्कूलों की शामत सी आ पड़ी है।

# महिमा पटेल को पी डी एम ने फूलपुर से बनाया प्रत्याशी



**प्रयागराज।** लोकसभा के नामांकन के बीच अपनादल कमेरा वादी ने फूलपुर लोकसभा से महिमा पटेल को अपना प्रत्याशी बनाया है। महिमा पटेल हाई कोर्ट में अधिवक्ता हैं और बीजेपी की नेता बृजेश पटेल की पुत्री हैं। महिमा पटेल पहले बीजेपी की सदस्य थीं और वे फूलपुर से लोकसभा टिकट भी मांग रही थीं लेकिन बीजेपी से टिकट न मिलने पर अपनादल कमेरा वादी से टिकट लिया और लोकसभा चुनाव में प्रवीण पटेल के लिए दिक्कत खड़ा करने वाली हैं।जानकर कहते हैं फूलपुर से डा सोनेलाल पटेल का गहरा नाता था। अगर यहां से पल्लवी पटेल या कृष्ण पटेल लड़ती तो अच्छा होता लेकिन महिमा पटेल के लिए जब डा पल्लवी पटेल प्रचार करेंगी तो उसका असर देखने को मिल सकता है।

# प्रधान और बीडीसी सदस्य समाज की धुरी हैं- प्रवीण पटेल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़(प्रयागराज)।** फूलपुर लोक सभा क्षेत्र से भाजपा के प्रत्यासी प्रवीण पटेल ने शुक्रवार को नेवादा गांव में आयोजित प्रधानों और बी डी सी सदस्यों की एक बैठक में कहा कि प्रधान और बी डी सी सदस्य समाज की धुरी हैं।गांव में बिना इनके विकास,पंचायत और न्याय नहीं मिल सकता।



कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख राम फकीर एवं संचालन वरिष्ठ नेता संजय द्विवेदी ने किया।इस मौके पर विधायक गुरु प्रसाद मौर्य,पूर्व जिला अध्यक्ष कन्हैया लाल पांडेय,ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विनोद तिवारी,टी एन सिंह, राकेश पांडेय,अनिल मिश्र, जे पी द्विवेदी,गुरु ओम मिश्र,विश्व विद्यालय के छात्र नेता विवेक तिवारी,बुंदेल सिंह,राम जी शुक्ल,सलामदार,परवेज अहमद सहित अनेक प्रधान और बी डी सी सदस्य मौजूद रहे।

# भीषण गर्मी की तपिश नहीं झेल पा रहे स्कूलों में नौनिहाल, हो रहे बेहोश

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कोरांव (प्रयागराज)।** भीषण गर्मी व चिलचिलाती धूप में भी स्कूलों के संचालन समय में कोई बदलाव शासन द्वारा नहीं किया जा रहा है जिससे स्कूलों में पढ़ने वाले नौनिहालों की दशा बेहोशी में तब्दील हो रही है। शिक्षक संगठनों के अलावा शिक्षक विधायक द्वारा भी पत्र लिखकर स्कूलों के संचालन समय में परिवर्तन की मांग किया गया जिस पर शासन द्वारा कोई अमल नहीं किया गया। स्थिति यह बन गई कि अब बच्चे स्कूलों में बेहोश हो जा रहे हैं। शुक्रवार को कोरांव के कंपोजिट स्कूल खीरी में पढ़ने वाली कक्षा 4 की छात्रा शांति भयावह गर्मी को बर्दाश्त नहीं कर पायी और बेहोश होकर गिर गई। घटना से शिक्षकों सहित बच्चों में अफरातफरी मच गई। आनन फानन में बच्ची को डेस्क बेंच पर लिटाया गया और पानी का छींटा मारकर होश में लाया गया। बच्ची के बेहोश होने से शिक्षकों में मायूसी छा गई और उन्हें अप्रिय घटना की चिंता सताने लगी।

फिलहाल शिक्षक ही नहीं अभिभावकों में भी अपने पाल्यों को लेकर चिंता बनी हुई है जो इस भीषण गर्मी और लू में अपने बच्चों को स्कूल नहीं भेजना चाह रहे हैं। किन्तु करें भी तो क्या करें एक ओर शिक्षक विभागीय उच्च अधिकारियों के आदेश अनुपालन में लगातार अभिभावकों से संपर्क कर बच्चों को स्कूल नियमित भेजने का दबाव बना रहे हैं तो दूसरी ओर मौसम के भयावह रूप को देखकर अप्रिय घटना की चिंता सता रही है। इलाकाई संभ्रांतजनों ने शासन प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए बालहित में स्कूल संचालन के समय में परिवर्तन किए जाने की मांग किया है।

# याकूबपुर गाँव में खेत से चौड़ी सड़क ले जाने का विरोध करेंगे किसान

**लोकमित्र ब्यूरो**



**हंडिया।** हंडिया तहसील के उतरांव थाना क्षेत्र के महुआ कोठी के मजरा याकूबपुर के किसान अपने खेत में चौड़ी सड़क को ले जाने का विरोध करेंगे। किसानों ने लेखपाल पर नाराजगी जताई है। याकूबपुर गांव निवासी किसान धर्मराज पटेल और अमरिकन पटेल ने बताया कि उनके खेत से लगा 108 नंबर का चकरोड है। जो 80 वर्ग मीटर है। लेकिन आरोप है कि गाँव के विपक्षी लोगों की मिलीभगत से गांव में तैनात लेखपाल के द्वारा उनके खेत में चौड़ी सड़क ले जाना चाहते हैं। जिसका किसानों द्वारा विरोध किया जाएगा। किसानों ने बताया कि जितना चकरोड है उससे ज्यादा सड़क नहीं ले जाने देंगे। वही इस संबंध में महुआ कोठी प्रधान प्रतिनिधि रिजवान कुरैशी ने बताया कि किसानों की सहमति से ही सड़क का निर्माण कराया जायेगा।

# सड़क हादसे में मेजा के एक व्यक्ति की मौत, चार घायल

## शादी के बाद परिवार के साथ दिल्ली जाते समय हुआ हादसा,सूचना पर परिजन शव लेने के लिए दिल्ली के लिए निकले

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा, प्रयागराज।** क्षेत्र से दिल्ली के लिए निकला एक परिवार बीती रात दिल्ली के नजदीक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया है।सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गयी और कार सवार चार लोग घायल हो गए हैं।जिनमे एक की हालत गम्भीर बतायी गयी है।



जानकारी के अनुसार मांडा थाना क्षेत्र के मड़ार गांव निवासी परमात्माराम यादव का बेटा विजय यादव दिल्ली में रहता है। बीते 26 अप्रैल को विजय की शादी थी, वह गांव आया था। शादी के बाद विजय अपनी पत्नी पूनम यादव (22), बड़ी बहन निशा यादव (28) व भतीजा छोटू (8) और एक अज्ञात के साथ दिल्ली जाने को तैयार हुआ। दिल्ली तक कार चलाकर छोड़ने के लिए अपनी बुआ के बेटे देवीशंकर यादव निवासी डाही, मेजारोड को बुला लिया। बुधवार को सभी लोग करीब तीन बजे घर से निकले थे। बताया जा रहा है कि कानपुर में कार पहुंची थी तो खराब हो गई और उसे ठीक कराकर आगे के लिए सभी लोग चल दिए।

बताया गया कि कार गुरुवार की रात दिल्ली के नजदीक पहुंची थी उसी वक्त कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। हादसा इतना गंभीर था कि कार चालक देवीशंकर यादव (48) निवासी डाही मेजारोड की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि विजय, पूनम, निशा व छोटू गंभीर रूप से घायल हो गए। विजय की हालत ज्यादा गंभीर बताई जा रही है।इधर देवीशंकर के घर मौत की सूचना पर मातम पसर गया। देवीशंकर अपनी मां-बाप के इकलौते बेटे थे। इनके पिता भी कुछ साल पहले गुजर गए थे। उसके बाद बीमारी से इनकी पत्नी की भी मौत हो चुकी है। घर में सिर्फ देवीशंकर की बूढ़ी मां, दो बेटे व एक बेटी हैं।सूचना पर शव को ले आने के लिए घर से लोग दिल्ली के लिए रवाना हो गए हैं।

# स्व0 लालमणि शुक्ल की मनाई गई तीसरी पुण्यतिथि



**लोकमित्र ब्यूरो**

**होलागढ़(प्रयागराज)।** सराय मदन सिंह उर्फ चांटी निवासी स्वर्गीय पंडित लालमणि शुक्ल की तीसरी पुण्यतिथि परिजन एवं आस पास के लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाया। स्व0 लालमणि की स्थापित प्रतिमा पर लोगों ने उनके सामाजिक ताना बाना और सहयोग को याद कर माला फूल अर्पित किया। बता दें की स्व0 लालमणि के परिवार में कई साल से ग्राम प्रधानी भी चली आ रही है।श्रद्धांजलि के मौके पर पूर्व प्रधान/प्रधानपति चंद्रमणि शुक्ल,भाजपा नेता हर्ष मणि शुक्ल, कृष्ण कुमार, शेषमणि शुक्ल,पिंटू शुक्ल, गणेश मणि शुक्ल, सौरभ शुक्ल, अश्वनी शुक्ल, कपिल शुक्ल, उज्जवल शुक्ल सहित सैकड़ों ग्रामवासी मौजूद रहे। इस मौके पर भोजन प्रसाद का भंडारा भी किया गया।

# नारायण ने सदा लौकिक मर्यादा का किया पालन -स्वामी बल्लभाचार्य

## वामन रूप में त्रैलोक्य पर आधिपत्य जमाए बलि का किया उद्धार,संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा में मंत्र मुग्ध रहे कथा प्रेमी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा, प्रयागराज।** क्षेत्र के कुशलपुर गांव के पँ ब्रह्मदीन त्रिपाठी के आवास पर बीते 30 अप्रैल से चल रहे श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में ब्यास पीठ पर विराजमान जगतगुरु रामानंदाचार्य स्वामी बल्लभाचार्य जी महाराज ने शुक्रवार को गजेंद्र मोक्ष, प्रभु के वामन अवतार के साथ रामावतार प्रसंग की संगीतमय कथा से यजमान सहित कथा प्रेमियों को तृप्त किया है।स्वामी जी ने कहा कि नारायण के प्रत्येक अवतार आसुरी शक्तियों के विनाश और जन कल्याण के लिए हुए हैं।



जगतगुरु स्वामी बल्लभाचार्य महराज ने बताया कि नारायण ने हर काल खंड में धरती को पाप मुक्त करने के लिए विभिन्न रूपों व स्वरूपों में अवतार लिया हैं।स्वामी जी ने वामन को भगवान विष्णु का अवतार बताया है। त्रेतायुग के प्रारम्भ में भगवान विष्णु ने वामन रूप में देवी अदिति के गर्भ से उत्पन्न हुए। इसके साथ ही यह भगवान विष्णु के पहले ऐसे अवतार थे जो मानव रूप में प्रकट हुए।

यह बालक रूपी ब्राह्मण का अवतार रहा।भागवत कथा के अनुसार विष्णु ने इन्द्र का देवलोक में अधिकार पुनः स्थापित करने के लिए यह अवतार लिया। देवलोक असुर राजा बलि ने हड़प लिया था।वामन भगवान ने तीन पग में बलि का सब कुछ लेकर उसे मुक्ति प्रदान की थी।।

संगीतमय श्रीमद भागवत कथा में गुरुवार को राम जन्म का प्रसंग स्वामी जी ने सुनाया है। कथा वाचक स्वामी बल्लभाचार्य महराज ने कहा कि जब अयोध्या में भगवान राम का जन्म होने वाला था,

तब समस्त अयोध्या नगरी में शुभ शकुन होने लगे और भगवान राम ने भी पृथ्वी लोक पर आकर धर्म की स्थापना की। कथा वाचक ने कहा कि व्यक्ति ईश्वर की सत्ता को मानने से भले ही इंकार कर दे, लेकिन एक न एक दिन उसे ईश्वर की महत्ता को स्वीकार करना ही पड़ता है।

कथा का संकल्प मुख्य यजमान के रूप में पँ ब्रह्मदीन त्रिपाठी पत्नी श्रीमती अनारकली और ब्रह्म नारायण त्रिपाठी पत्नी श्रीमती हीरावती ने लिया है। मुख्य श्रोता के रूप में पंडित हरिकृष्ण त्रिपाठी पत्नी श्रीमती मंजू त्रिपाठी मौजूद रहेंगी ।त्रिपाठी परिवार के श्रीकृष्ण त्रिपाठी ने बताया कि कथा 30 अप्रैल से 6 मई तक चलेगी। कथा आयोजन में 7 मई को महाप्रसाद का वितरण होगा। कथा प्रति दिन भागवत मूल पारायण सुबह 7 बजे से 11 बजे तक और कथा शांम 4 बजे से चल रही है। श्री त्रिपाठी ने क्षेत्र के कथा प्रेमियों से यज्ञ से जुड़कर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

# बसपा ने एक बार फिर कुर्मी जाति पर जताया भरोसा

## रमेश सिंह पटेल को चेहरा बनाकर सबको चौंका दिया,सत्ता पक्ष के लिए भारी पड़ सकता है बसपा का फैसला

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेजा, प्रयागराज।** इलाहाबाद 52 लोकसभा क्षेत्र से बहुजन समाज पार्टी ने एक बार फिर पटेल विरादरी पर भरोसा जताया है।पार्टी द्वारा पटेल जाति के प्रत्याशियों को हलांकि कई बार आजमाया है लेकिन उनका यह फार्मूला कभी कामयाब नही रहा है।इस चुनाव में भाजपा के पैटर्न पर चलकर बसपा ने भी राजनीतिक क्षेत्र के नए खिलाड़ी रमेश सिंह पटेल को बड़ी जिम्मेदारी सौंपकर सब को चौंका दिया है।

बसपा ने लोकसभा चुनाव के लिए गुरुवार को जारी बारहवीं सूची में इलाहाबाद लोकसभा 52 क्षेत्र से रमेश सिंह पटेल को प्रत्याशी घोषित कर कयासों पर जरूर विराम लगा दिया लेकिन इसके साथ ही कई नए सवालों को भी जन्म दिया है।बसपा प्रत्याशी रमेश सिंह पटेल का फिलहाल कोई राजनीतिक इतिहास नही है।बारा विधान सभा के चितौरी गांव के रमेश



पटेल अखिल भारतीय कुर्मी महासभा के पूर्व उपाध्यक्ष रह चुके हैं।फिलहाल इनकी राजनीतिक उपलब्धि के नाम पर यही एक मनोनीत पद इनके नाम के साथ जुड़ा है।राजनीतिक अखाड़े में इन्हें अभी अनाड़ी ही कहा जा सकता है।

इलाहाबाद संसदीय सीट पर सत्ता पक्ष ने भी नीरज त्रिपाठी के रूप में यही प्रयोग करते हुए चौंका दिया था।बसपा ने भी अपने निर्णय से चौंकाया है।पार्टी के इस निर्णय पर सवाल उठ रहे हैं कि क्या बसपा के पास दावेदारों का अकाल रहा या प्रदेश राजनीति में अंदरखाने पक रही खिचड़ी का यह प्रभाव है कि यहाँ रमेश पटेल जैसे लोग को पार्टी लोकसभा जैसे बड़े चुनाव का चेहरा बनाया है।

पार्टी का शीर्ष नेतृत्व एक बार फिर पटेल जाति के प्रत्याशी पर दांव लगाया है।यह प्रयोग इलाहाबाद संसदीय सीट पर हर बार फेल हुआ है।लोकसभा क्षेत्र में ढाई लाख से अधिक पटेल मतदाताओ के साथ पार्टी के कोर वोटरों की गणित से जीत का फार्मूला बन सकता है लेकिन देश के सबसे बड़ी पँचायत के चुनाव में मतदाताओं की सोच बदल जाती है,जिसका असर पार्टी बोट पर भी नजर आता है।इसके साथ एनडीए गठबंधन के अपना दल,सहित केंद्र सरकार की कई योजनाएं भी बोट को प्रभावित करती हैं।पूर्व चुनावों पर गौर करें तो बसपा के पटेल प्रत्याशी दो लाख मत के आंकड़े तक नही पहुंच पाए हैं।ज्यादातर चुनाव में पार्टी तीसरे नंबर की पार्टी ही रही है।चुनावी चाणक्यों की माने तो बसपा के इस निर्णय से सत्ता पक्ष पर असर होना तय है।

**बसपा प्रत्याशी का नामांकन आज**

इलाहाबाद संसदीय सीट पर बसपा प्रत्याशी रमेश सिंह पटेल 4 मई को नामांकन करेंगे।यह जानकारी उनके नजदीकी सूत्रों ने दी है।बारा विधानसभा के रमेश पटेल की शिक्षा हाईस्कूल है।चर्चा है कि कुर्मी जाति में उनकी अच्छी खासी पकड़ है और बारा विधानसभा चुनाव में उनकी सक्रियता भी उनके काम आ सकती है।

# भाजपा प्रत्याशी ने नुक्कड़ सभा कर मांगा समर्थन



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** लोकसभा कौशाम्बी के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी सांसद विनोद सोनकर लगातार गांव-गांव प्रचार प्रसार कर रहे हैं विधानसभा मंझनपुर लोधौर दानपुर ,महावा ,रक्सौली ,डक शरीरा,हटवा ,व मंझनपुर नगर पंचायत में नुक्कड़ सभा कर जनता से सीधे संवाद कर भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जन समर्थन जुटा रहे ।

तथा जन समर्थन के द्वारा पुनः केंद्र में नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री बनने में सहयोग मांगा। शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी विनोद सोनकर ने विधानसभा मंझनपुर के आधा दर्जन गांवों में नुक्कड़ सभा व नगर पालिका परिषद मंझनपुर में नगर भ्रमण कर भाजपा के पक्ष में जन समर्थन जुटाने के लिए सरकार की नीतियों को बताया।

तथा नुक्कड़ सभा में सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में देश की दशा और दिशा पूरी तरह से बदल गई है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरु बनने की और अग्रसर है चाहे आर्थिक व्यवस्था हो या विकास की बात हो ।मानवीय संवेदनाओं की बात हो या कोविद के कठिन दौर का काल रहा हो। हर चुनौतियों को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने कुशल नेतृत्व में सफल साबित किया ।और देश के गांव गरीब ,किसान, मजदूर युवा ,छात्र, महिलाओं के विकास के लिए अनेक कल्याणकारी योजनाओं को संचालित कर देश को विकसित राष्ट्र की ओर ले जाने को अग्रसर हैं ।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व विधायक लाल बहादुर , ,नगर पालिका अध्यक्ष मंझनपुर वीरेंद्र सरोज फौजी ,संगीता सरोज, अजय पांडे ,पिंटू त्रिवेदी ,दिनेश पांडे ,सुरेश नगर चौधरी,हुबलाल दिवाकर, जितेंद्र सोनकर ,बबलू गर्ग ,अरुण पटेल ,यशपाल सिंह , ,राजू पांडे ,दीप नारायण पांडे, कल्लू करवरिया,प्रदीप सिंह ,प्रवीण सिंह पटेल, भूपेंद्र सिंह पटेल आदि सहित हजारों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पट्टाधारक ने दूसरे को तालाब देने के विरोध पर मत्स्य पालक को दी धमकी

**चरवा, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के फ्रीदपुर सुलेम गांव निवासी कमलेश कुमार कश्यप पुत्र छेदीलाल कश्यप मत्स्य पालन का कार्य करता है। उसके अनुसार गांव में राम मूरत कोरी पुत्र कन्हैया लाल एक तालाब का पट्टा धारक है। उसने राम मूरत से उस तालाब को मत्स्य पालन के लिए 15 हजार रुपए प्रति वर्ष के हिसाब से 7 वर्ष के लिए ले लिया था। उसने 35 हजार रुपए खर्च कर तालाब की सफाई कराया।इसके बाद उस तालाब में नलकूप से 5 हजार रुपए का पानी भराकर 36 हजार की मछली का बच्चा डाला।अब 2 वर्ष बीत जाने के बाद राम मूरत उसी तालाब को दूसरे युवक को दे रहा है। जानकारी मिलने पर उसके होश उड़ गए।आरोप है कि विरोध करने पर राममूरत ने उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की धमकी दी। पीड़ित ने थाने जाकर पट्टाधारक के खिलाफ मामले की तहरीर दी।

# गर्मी में पशुओं को अत्यधिक गर्मी एवं गर्मी के प्रकोप, हीट स्ट्रेस से बचाने के लिए क्या करें

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** गर्मी तेजी से बढ़ रही है। गर्मी बढ़ने पर शरीर में पानी की कमी हो सकती हैं। पानी शरीर का एक महत्वपूर्ण तत्व हैं। शरीर में 65 प्रतिशत के करीब पानी होता है। शरीर के खून में 80 प्रतिशत पानी होती है। अतः शरीर में पानी की कमी आती है। दूधारू पशुओं का दूध कम हो जाता है। गाभिन पशुओं में गर्भपात हो जाता हैए पशुओं में स्ट्रेस स्तर बढ़ता हैए जिससे प्रतिरोधक क्षमता में कमी आती है। पशु पक्षियों को बुखार हो जाता है। समय पर पानी की पूर्ति न होने पर पशु निढ़ाल हो जाता है और मृत्यु भी हो सकती है। इसलिए गर्मी से बचाव की व्यवस्था करना बहुत ही महत्वपूर्ण बिन्दु है।

गर्मी के समय आपको क्या सावधानी रखनी है। यह प्रत्येक पशुपालक और आम व्यक्ति को इसकी जानकारी होनी चाहिए। तमाम ऐसे पशु है जो निराश्रित हैं उनके प्रति भी आपको दया का भाव रखना है। उनके लिए भी व्यवस्था करनी है। उनके लिए आप घर के बाहर पानी की व्यवस्था कर सकतें हैं। पक्षियों के लिए छत पर पानी की व्यवस्था कर सकतें हैंए जो भी पानी रखें उसको आप समय.समय पर बदलते रहें और पानी को छायादार स्थान पर ही रखें। गर्म पानी पशु पक्षियों को नुकसान कर सकता हैं। यदि पशु पक्षी बहुत हॉफरहा होए कमजोरी और थकान महसूस कर रहा हो मुंह से लार टपक रही होए उसके हृदय की गति बढ़ गयी हो और वह निहाल पड़ गया हो तो यह लक्षण गर्मी से होने वाले हीट स्ट्रेस के लक्षण हो सकतें हैं। तत्काल नजदीकी पशु चिकित्साधिकारी से सम्पर्क करें और इलाज कराये। भार ढ़ोने वाले या काम करने वाले पशुओं को गर्मी के समय 12 बजे से 03 बजे तक अवश्य आराम दें। 37 डिग्री से अधिक तापमान होने पर इस नियमों का पालन आवश्य करें अन्यथा पशुओं के प्रति क्रूरता का अपराध माना जायेंगा। अपने पालतू पशुओं को नियमित रूप से नमक संतुलित पशुओं आहार मिनरल मिक्चर प्रतिदिन दें। इससे दुधारू पशुओं के दूध में कमी नहीं आयेंगी।

पशुओं में स्ट्रेस नहीं होगा। स्ट्रेस आने से प्रतिरोधक क्षमता में कमी आ जाती है और विभिन्न प्रकार की बीमारियां होती है। जन सामान्य से अनुरोध है कि पशुओं के प्रति दया का भाव रखते हुए गर्मी और लू से बचाने के लिए उपरोक्त बताये गये उपायों को खुद करें और अन्य व्यक्तियों को जागरूक कर प्रेरित करें।

# पिता-पुत्र ने पुरानी रंजिश में साथियों संग दो बहनों को पीटा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कसेंदा, कौशाम्बी।** एयरपोर्ट कोतवाली क्षेत्र के असरावल कला गांव में शुक्रवार की सुबह पिता पुत्र ने पुरानी रंजिश में साथियों संग घर में घुसकर दो बहनों को जमकर पीट दिया। पिटाई से दोनों को काफी चोटें आई। शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों में बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल बहनों ने पिता के साथ थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

असरावल कला गांव निवासी शिव बाबू कुशवाहा पुत्र मथुरा प्रसाद कुशवाहा किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता है। शिवबाबू के अनुसार उसका पड़ोसी के साथ पुराना विवाद चल रहा है। शुक्रवार की सुबह वह खेत की ओर चला गया था। उसकी बेटियां उमा, नेहा और पुत्रवधू विनीता घर के अंदर बैठी थी। इसी दौरान पड़ोसी पिता पुत्र अपने दो साथियों के साथ हाथों में डंडे लेकर उसके घर पहुंचे और पुरानी रंजिश को लेकर महिलाओं के साथ गाली.गलौच करने लगे। आरोप है कि गाली का विरोध करने पर उन्होंने दोनों बेटियों को जमकर पीट दिया। पिटाई से दोनों बहनों को काफी चोटें आई।शोर सुनकर वहां पहुंचे लोगों में बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। घायल बहनों ने पिता के साथ थाने जाकर घटना की तहरीर दी।तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

## चाय चौपाल पर लोगो ने शुरू की चुनावी चर्चा



**लोकमित्र ब्यूरो**
**टेवां, कौशाम्बी।** आम चुनाव को लेकर लोगों में खाता चर्चा का विषय बना हुआ है। इसी तरह टेवां बाजार में लोग दुकानों के सामने बैठकर आम चुनाव को लेकर चर्चा कर रहे हैं। कौशाम्बी लोकसभा सीट के प्रत्याशी विनोद सोनकर एवं समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी पुष्पेंद्र सरोज के बीच लोग जबरदस्त चुनावी संघर्ष बता रहे हैं। अरुण कुमार का कहना है पुष्पेंद्र सरोज युवा चेहरा है स्वच्छ छवि है जनता विश्वास कर सकती है।

# दुष्कर्म के वांछित को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना सरायअकिल पुलिस उपनिरीक्षक नितेश कुमार त्रिपाठी मय हमराह पुलिस बल द्वारा पॉक्सो एक्ट से संबन्धित वांछित अली अहमद निवासी गौरा थाना सराय अकिल को जरैनी पुलिया के पास से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया।



## पॉक्सो एक्ट के वांछित आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना करारी पुलिस उपनिरीक्षक सियाकान्त चौरसिया मय हमराह पुलिस बल द्वारा एससी एसटी एक्ट व पॉक्सो एक्ट से संबन्धित वांछित अमरीश निवासी शुक्लन का पूरा थाना करारी को गिरफ्तार किया गया।

## वारण्टी आरोपी गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना सैनी पुलिस उपनिरीक्षक अरुण कुमार मौर्य मय हमराह पुलिस बल द्वारा वारंटी श्यामू उर्फ श्यामलाल निवासी वार्ड नं0 2 नगर पंचायत अझुवा थाना सैनी जनपद कौशाम्बी को गिरफ्तार किया गया।

## वाहन चेकिंग के दौरान की गई कार्यवाही

कौशाम्बी। जनपद में चलाये जा रहे यातायात से सम्बन्धित अभियान के क्रम में जनपद स्तर पर विभिन्नथानों व यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई, चेकिंग के दौरान दो-पहिया चार पहिया वाहनों को चेक किया गया। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 79 वाहनों का ई-चालान किया गया।

## निरोधात्मक कार्यवाही मे 13 गिरफ्तार

कौशाम्बी। जनपद में अपराध के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में साधारण मारपीट व शांति भंग करने के आरोप में (थाना करारी से 01, थाना चरवा से 03, थाना कोखराज से 07, थाना मोहब्बतपुर पइंसा से 02) कुल 13 आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया गया।

# एसपी बन आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए मांगे पैसे

## पीड़ित ने एसपी से मिलकर की शिकायत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**पश्चिम शरीरा, कौशाम्बी।** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू गांव निवासी एक व्यक्ति ने शुक्रवार को कौशाम्बी पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि गुरुवार को उसके फोन पर एक अज्ञात नंबर से फोन आया था वह अपने आप को पुलिस अधीक्षक बताकर मुझसे पैसे की मांग कर रहा था न देने की बात पर वह मुझे गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देने लगा मामले में एसपी कौशांबी ने स्थानी पुलिस को जांच के आदेश दिए हैं।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के गोराजू गांव निवासी साबान पुत्र शमशेर अली शुक्रवार को कौशांबी पुलिस अधीक्षक से मिलकर लिखित शिकायत के माध्यम से बताया कि गुरुवार की दोपहर उसके मोबाइल पर एक अज्ञात नंबर से फोन आता है फोन उठाने पर वह अपने आप को कौशांबी पुलिस अधीक्षक बताकर कहता है कि जो तुमने मुकदमा लिखवाया है उन अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए पैसा लगेगा पीड़ित द्वारा पैसा न देने की बात कहने पर वह भड़क गया गाली गलौज व जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि नफीस पुत्र शरीफअली निवासी गोराजू से मिलकर मामले को हला भला कर लो नहीं तो तुमको वह तुम्हारे परिवार वालों को जान से मार देंगे पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से अपनी व अपने परिवार की जान माल की सुरक्षा हेतु गुहार लगाई है।

## दबंग भाइयों ने दीवार खड़ी कर रास्ता किया बंदए शिकायत

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के सिरसी गांव की रिंकी देवी पत्नी राजेश सरोज ने बताया कि घर के सामने बने आम रास्ते से उसका आवागमन होता है। इसी रास्ते पर कब्जा कर पड़ोस के दबंग भाइयों ने पक्की दीवार खड़ी कर दिया है।दीवार बन जाने से उसका आवागमन बंद हो गया है। आरोप है कि दीवार बनाने का विरोध करने पर दबंगों ने उसके साथ गाली गलौज की।आरोप है कि गाली के विरोध पर वह मारपीट करने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने शुक्रवार को थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी है। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई।

# गोवर्धन लीला का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु



**लोकमित्र ब्यूरो**
**सरसवां, कौशाम्बी।** कौशाम्बी सरसवां ब्लाक के रायपुर व कटरी गांव के मध्य चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन शुक्रवार को कथा व्यास दिलीप महाराज ने गोवर्धन लीला का प्रसंग सुनाया उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी लीलाओं से जहां कंस के भेजे विभिन्न राक्षसों का संहार किया, वहीं ब्रज के लोगों को आनंद प्रदान किया। कथा के दौरान भगवान गिरिराज पर्वत को उठाते हुए सुंदर झांकी सजाई गई। इस दौरान भजनों पर श्रद्धालु देर तक नाचते रहे। प्रसंग में बताया गया कि इंद्र को अपनी सत्ता और शक्ति पर घमंड हो गया था। उसका गर्व दूर करने के लिए भगवान ने ब्रज मंडल में इंद्र की पूजा बंद कर गोवर्धन की पूजा शुरू करा दी।

इससे गुस्साए इंद्र ने ब्रज मंडल पर भारी बरसात कराई। प्रलय से लोगों को बचाने के लिए भगवान ने कनिष्ठा उंगली पर गोवर्धन पर्वत को उठा लिया। श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराने बाद भगवान श्री कृष्ण को छप्पन भोग अर्पण किए गए। इस दौरान यजमान मुन्ना त्रिपाठी, राजेश्वरी देवी,मनोज त्रिपाठी,गोकुल प्रसाद,श्रवण शुक्ला, ज्ञानदत्त पाण्डेय सहित मौजूद रहे।

# चित्रकूट दर्शन करके लौट रहे बाइक सवारों को अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, तीन घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली थाना अंतर्गत ओसा चौराहे के पास किसी अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी जिससे बाइक सवार रोहित (26) प्रयागराज, अभिषेक (25) हिमांचल प्रदेश और रोहित (25) बिहार घायल हो गए। आनन फानन में तीनों घायलों को 108 एम्बुलेंस द्वारा जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती करवाया गया। जहाँ से रोहित के घर वाले प्रयागराज से आकर तीनों को किसी प्राइवेट अस्पताल में लेकर चले गए। ये तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर चित्रकूट धाम दर्शन करने गए थे। ये सभी प्रयागराज में रहकर तैयारी करते है।

# सामान्य प्रेक्षक, पुलिस प्रेक्षक एवं व्यय प्रेक्षक से कांशीराम गेस्ट हाउस में पूर्वान्ह 10 से 11 बजे तक संपर्क कर किसी भी प्रकार की जानकारी, सुझाव या कर सकतें हैं शिकायत

सामान्य प्रेक्षक का मो0न0 8739029415, पुलिस प्रेक्षक का मो0न0 7991569415 एवं व्यय प्रेक्षक का मो0नं0 8931079415

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार गोंड ने सर्वसाधारण को सूचित किया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, निर्विध्न एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत 50 कौशाम्बी अ0जा0 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ठ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 245 बाबागंज, 246 कुण्डा, 251 सिराथू 252 मंझनपुर एवं 253.चायल के लिए सामान्य प्रेक्षक, व्यय एवं पुलिस प्रेक्षक का जनपद में आगमन हो चुका हैं। सामान्य प्रेक्षक डॉ0 विशाल आर0 का मोबाइल नम्बर 8739029415 है एवं लाइजनिंग ऑफिसर अजींत कुमार पाण्डेय, जिला खनन अधिकारी का मोबाइल नम्बर 8887534779 है। इसी प्रकार पुलिस प्रेक्षक एस0 आर0 ओडेडरा का मोबाइल नम्बर 7991569415 है एवं लाइजनिंग ऑफिसर शरदेन्दु मिश्रा, सब रजिस्टार का मोबाइल नम्बर 9415878750 हैं

तथा व्यय प्रेक्षक विनय कुमार थामी का मोबाइल नम्बर 8931079415 है एवं लाइजनिंग आफिसर सौरभ चतुर्वेदी, असिस्टेन्ट इंजीनियर का मोबाइल नम्बर.8287425322 हैं। लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के सम्बन्ध में कोई भी प्रत्याशी निर्वाचन अभिकर्ता अथवा अन्य कोई व्यक्ति किसी भी प्रकार की जानकारी सुझाव या शिकायत करने के लिए प्रत्येक दिन प्रातः 10 बजे से पूर्वान्ह 11 बजे तक कांशीराम गेस्ट हाउस, ओसा में सम्पर्क कर तथा मोबाइल नम्बरों पर जानकारी शिकायत कर सकतें हैं।

## गोवध निवारण अधिनियम के चार आरोपियों को अर्थदण्ड से किया गया दण्डित

**लोकमित्र ब्यूरो**
**कौशाम्बी।** थाना कोखराज पर पंजीकृत महमूद, अफ्ताब, नि0गण नेतानगर करारी थाना करारी को न्यायालय सीजेएम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से प्रत्येक आरोपी को जेल में बितायी गई अवधि एवं 2000-2000६- रूपयेके अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया। अर्थ दण्ड न अदा करने पर 20-20 दिवस के कारावास की सजा सुनायी गयी। थाना सैनी पर पंजीकृत गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम से सम्बन्धित शहीद निवासी सकाढ़ा थाना कोखराज जनपद कौशाम्बीको न्यायालय सीजेएम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर अभियुक्तों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से अभियुक्त को जेल में बितायी गई अवधि एवं 1000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया ।अर्थ दण्ड न अदा करने पर 10 दिवस के कारावास की सजा सुनायी गयी। थाना कोखराज पर पंजीकृत गोवध निवारण अधिनियम से सम्बन्धित अनीश अहमद निवासी नेतानगर करारी थाना करारी को न्यायालय सीजेएम जनपद कौशाम्बी द्वारा शासन की प्राथमिकता के आधार पर आरोपियों को सजा दिलाने के क्रम में प्रभावी पैरवी कराते हुए मानिटरिंग सेल के माध्यम से आरोपी को जेल में बितायी गई अवधि एवं 1000 रूपये के अर्थ दण्ड से दण्डित किया गया ।अर्थ दण्ड न अदा करने पर 10 दिवस के कारावास की सजा सुनायी गयी।

## भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने मनाया विश्व पत्रकारिता दिवस

**लोकमित्र ब्यूरो**
**टेवां, कौशाम्बी।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ ने आज 3 मई विश्व स्वतंत्र पत्रकारिता दिवस मनाते हुए पत्रकार हितों की चर्चा की बैठक की अध्यक्षता कर रहे महासंघ के जिला अध्यक्ष कौशांबी हिमांचल मौर्य ने माता सरस्वती की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित कर नमन करते हुए पत्रकार हितों की चर्चा किए। हिमाचल मौर्य ने कहा कि विश्व पत्रकारिता दिवस पत्रकार हितों के लिए बनाया गया है पत्रकारों का एक स्वतंत्र दिवस के रूप में मनाया जाता है प्रेस देश का चौथा स्तंभ है पत्रकारों के ही द्वारा लोगों की, देश की समस्याओं को, समाज की समस्याओं को उजागर किया जाता है भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ सदैव पत्रकार हितों के लिए तत्पर एवं अग्रसर रहता है भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ देश के 20 राज्यों में कार्यरत है जो समय-समय पर पत्रकार हितों के लिए संघर्ष करता रहता है बैठक में राहुल कुमार इलाहाबाद एक्सप्रेस अखबार ,राजकुमार यूनाइटेड भारत, शुभम मोदनवाल अलर्ट न्यूज, अमित त्रिवेदी यूनाइटेड भारत अखबार, सूरज कुमार हिंदुस्तान टाइम्स, चंद्रशेखर आदि पत्रकार साथी मौजूद रहे।

# वृद्धाश्रम में भोजन व किट का हुआ वितरण

## अनाथ व बुजुर्गों के चेहरे पर मुस्कान व खुशियाँ लाये



**जौनपुर-** लायन्स क्लब जौनपुर मेन और सायमा खान वेलफेयर सोसाइटी द्वारा स्वर्गीय सायमा खान की जयन्ती के अवसर पर सैयद अलीपुर स्थित वृद्धाश्रम में भोजन व दैनिक प्रयोग होने वाली सामग्री की किट का वितरण किया गया। (दैनिक किट में टूथपेस्ट,ब्रश, सर का ठंडा तेल, नहाने व कपड़ा धोने का साबुन, सर्फ व शैम्पू आदि सामग्री) वृद्धाश्रम में महिला पुरुष कुल 73 बुजुर्गों को सेवा पहुंचाई गई। स्वादिष्ट भोजन में कई स्पेशल आइटम और दैनिक प्रयोग होने वाली सामग्री की किट पाकर बुजुर्गों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर पर संयोजक शकील अहमद ने कहा कि बुजुर्गो के चेहरे पर मुस्कान लाने एवं उनसे आशीर्वाद पाने हेतु वृद्धाश्रम आये जहाँ बुजुर्गों के चेहरे पर जो मुस्कान आया वो बहुत ही अमूल्य है। उन्होंने कहा कि आश्रम में रह रहे बुजुर्गो की सेवा करके उनके साथ थोड़ा समय बिताया। ताकि उन्हें भी महसूस होने वाला एकाकीपन थोड़ा कम हो सके। वृद्धाश्रम संचालक रवि चौबे ने बताया कि यहां ऐसे लोग रहते हैं जिन्हें अलग-अलग कारण से उनके परिवार ने छोड़ दिया है। और कुछ ऐसे भी लोग है जिनका अब इस दुनिया में कोई नहीं है। ऐसे में इन लोगों की सेवा करने के लिए उन्होंने सायमा वेलफेयर सोसाइटी और लायन्स क्लब जौनपुर मेन के प्रति आभार जताया। संस्थाध्यक्ष डा संदीप मौर्य ने लोगों का स्वागत करते हुए कहा कि बुजुर्गों की सेवा करने से बहुत पुन्य मिलता है। इस अवसर पर डा वी एस उपाध्याय, नीरज शाह, शकील मंसूरी, मनोज चतुर्वेदी आदि उपस्थित रहे।

## प्रधान पुत्र ने शिकायत को लेकर मां. बेटी को पीटा

**लोकमित्र ब्यूरो**
**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के समदा मजरा जलालपुर शाना गांव निवासी पुरषोत्तम लाल पुत्र सरजू प्रसाद ने बताया कि उसके घर के सामने एक हैंडपंप लगा था। इसी हैंडपंप से मोहल्ले भर के लोग पानी भरते थे। इधर बीच काफी दिनों से हैंडपंप ने पानी देना बंद कर दिया। आरोप है कि ग्राम प्रधान बगैर मोहल्ले वालों की रजामंदी के पड़ोसी से 10 हजार रुपये लेकर उसके घर के बाउंड्रीवाल के अंदर हैंडपंप का रिबोर करवा रहा है। मामले की शिकायत सोमवार को एसडीएम से की थी। गुरुवार की शाम पुरषोत्तम चायल आया हुआ था। आरोप है कि इसी दौरान शिकायत को लेकर प्रधान पुत्र उसके घर पहुंच पत्नी सरोजा देवी और बेटी सोनी के साथ गाली गलौज करने लगा। आरोप है कि गाली गलौज का विरोध करने पर उसने मां बेटी की जमकर पिटाई कर दी। पिटाई से दोनों को चोटें आई। घायलों ने पिता के साथ थाने जाकर आरोपी के खिलाफतहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है।

# कांग्रेस मुक्त बनाएंगे यूपी और भारत: केशव प्रसाद मौर्य

## बोले डिप्टी सीएमः आप कमल का बटन दबाइए, हम पीओके में लहराएंगे तिरंगा

**भाजपा प्रत्याशी की नामांकन सभा में पंहुचे डिप्टी सीएम ने विपक्षियों पर जमकर साधा निशाना**








**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** उत्तर प्रदेश और भारत को हम कांग्रेस मुक्त बनाएंगे। जनता कमल का बटन दबाएगी तो हम पीओके में भी तिरंगा लहराएंगे। उक्त बातें सूबे के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने नगर क्षेत्र में कटरा रोड पर आईटीआई के सामने आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कही। डिप्टी सीएम शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी संगमलाल गुप्ता के नामांकन में शामिल हुए। नामांकन के पश्चात आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए उप मुख्यमंत्री ने विपक्षी दलों पर जमकर निशाना साधा। कहाकि बीते दस वर्षों के भाजपा की सरकार में प्रतापगढ़ जिले की तस्वीर और तकदीर बदली है।

डिप्टी सीएम ने कहाकि 2014 के चुनाव में मोदी जी की लहर थी, फिर 2019 में आंधी चली और अब मोदी जी की सुनामी चल रही है। जिसकी चपेट में आकर प्रदेश और देश से कांग्रेस का पूरी तरह से सफाया हो जाएगा।

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहाकि कांग्रेस के कारण ही देश का विभाजन हुआ। कांग्रेस काल में ही चीन और पाकिस्तान ने भारत की जमीनों पर कब्जा किया। यह मोदी सुनामी का ही परिणाम है जिसके चलते राहुल गांधी को अमेठी छोड़कर भागना पड़ा है। विपक्षी अफवाह फैला रहे हैं कि भाजपा को चार सौ से ज्यादा सीटें मिलीं तो वह लोकतंत्र और संविधान में संशोधन कर देगी। परंतु उनको यह नहीं दिख रहा कि पिछले दस वर्षों से देश में भाजपा की सरकार है। आजतक किसी भी संविधान में संशोधन नहीं हुआ।

डिप्टी सीएम ने कहाकि भाजपा जात पांत, धर्म संप्रदाय के भेदभाव से ऊपर उठकर प्रत्येक वर्ग का विकास करने में विश्वास रखती है। बीते दस वर्षों के कार्यकाल में चार करोड़ से अधिक गरीबों को बगैर उनकी जाति अथवा धर्म पूछे पीएम आवास, शौचालय योजना से लाभान्वित कराया गया। बावन करोड़ से ज्यादा जनधन खाते खोलकर किसान सम्मान निधि, उज्जवला योजना समेत विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 34 लाख करोड़ रुपए देशवासियों में वितरित किया गया है। उन्होने दावा किया कि अगले पांच वर्षों के कार्यकाल में देश में इतने विकास कार्य होंगे कि देश सौ साल आगे बढ़ जाएगा।

इस दौरान पार्टी प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता, जिले के प्रभारी कौशलेंद्र पटेल, भाजपा के जिला अध्यक्ष आशीष श्रीवास्तव, प्रतापगढ़ के चुनाव प्रभारी सुशील उपाध्याय, राय साहब सिंह, राजेश सिंह, सूर्य प्रकाश पटेल, अंशुमान सिंह, विजय मिश्रा, रुचि केसरवानी, जगत सरोज, जयराम बनवासी, पूर्व मन्त्री मोती सिंह, पूर्व मन्त्री शिवाकांत ओझा, पूर्व विधायक धीरज ओझा, पूर्व सांसद राजकुमारी रत्ना सिंह, राम शिरोमणि शुक्ला, उमेश द्विवेदी, हरी प्रताप सिंह विधायक राजेंद्र मौर्य, नागेश प्रताप सिंह अपना दल एस के विधायक जीत लाल पटेल, राजा अनिल प्रताप सिंह, लक्ष्मणपुर ब्लाक प्रमुख डा0 राकेश सिंह, बृजेश शर्मा, लक्ष्मी नारायण गुरु जी, देवानंद त्रिपाठी, जवाहरलाल श्रीवास्तव, स्वामीनाथ शुक्ला, ओम प्रकाश त्रिपाठी हरि ओम मिश्र, शिवानी माताहेलिया दिनेश ज्योतिषी, पंकज मिश्रा बरहदा, अशोक त्रिपाठी, रतन जैन, मनजीत छाबड़ा, संजीव आहूजा, गिरधारी सिंह, अवधेश मिश्रा, शिव शंकर सिंह, कुंदन सिंह, चंदन प्रकाश पाल, नीलम हिंद, राम बौद्ध पांडे, अतुल श्रीवास्तव, कुलवंत सिंह मनोज तिवारी, पप्पन सिंह, अखिलेश द्विवेदी, उदय पांडे, अशोक सरोज, अनुराग मिश्रा, पवन सिंह, राम जी मिश्रा, अशोक मिश्रा समेत प्रमुख पदाधिकारी मौजूद रहे।

### भितरघातियों को दिया कड़ा संदेश

प्रतापगढ़। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने भितरघातियों को मंच से सख्त संदेश देते हुए कहाकि भाजपा में रहकर भाजपा के खिलाफ किसी को लड़ने नहीं दिया जाएगा। जनता का आवाह्न करते हुए कहाकि जो लोग भितरघात करने की फिराक में हैं उनकी चुपचाप लिस्ट बना लीजिए। समय आने पर सभी का हिसाब कर दिया जाएगा। भाजपा में रहकर भाजपा का ही विरोध करने वालों का इलाज कर दिया जाएगा।

### चार जून के बाद सब बोलेंगे जय श्रीराम

प्रतापगढ़। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहाकि सपा शासनकाल में जय श्रीराम बोलने पर लाठी और गोलियां खाने को मिलती थीं। पांच सौ वर्षों तक राम लला टेंट में विराजमान रहे। सपा, बसपा और कांग्रेस की सरकारों ने भगवान श्रीराम को काल्पनिक तक बता दिया। आज पांच सौ वर्षों के अथक प्रयास के बाद रामलला अपने भव्य महल में विराजमान हैं। जो लोग राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर अयोध्या आने से इनकार कर रहे थे वह सभी चार जून को परिणाम आने के पश्चात जय श्री राम का नारा लगाने लगेंगे।

### जनता को बताया मोदी का संदेश

प्रतापगढ़। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने कहाकि लगातार 18 घंटे प्रतिदिन देश की जनता और भारत को विश्वगुरू बनाने के लिए काम करने वाले मोदी जी विश्व के इकलौते नेता हैं। जो इस उम्र में भी बगैर थके लगातार देश के विकास हेतु कार्य कर रहे हैं। जनता को पीएम मोदी का संदेश बताते हुए कहाकि उन्होने सिर्फ एक काम करने के लिए कहा है। मोदी जी का कहना है कि उन्होने धारा 370 हटाई है अब जनता की बारी है कि हर बूथ पर 370 वोट भाजपा का बढ़ा दें। कहाकि आप कमल का बटन दबाइए हम पीओके में तिरंगा लहरा देंगे। यह सुनकर मौजूद भीड़ जमकर नारेबाजी करने लगी।

कार्य क्रम में भारतीय जनता पार्टी, निषाद पार्टी, अपना दल, सुभाषपा के नेताओं के साथ सभी विधायक पूर्व विधायक, पूर्व मंत्री, ब्लॉक प्रमुख, जिला पंचायत, पालिकाओं के अध्यक्ष, पूर्व अध्यक्ष समेत समस्त पदाधिकारी गण अपनी-अपने दलबल के साथ मौजूद रहे।

## बाहरी प्रत्याशी को जनता चटाएगी धूलः संगमलाल



**प्रतापगढ़।** जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रत्याशी संगमलाल गुप्ता ने कहाकि प्रतापगढ़ की जनता विकास के नाम पर और विकास के लिए ही वोट करती है। सपा व इंडी गठबंधन के प्रत्याशी पर निशाना साधते हुए संगम लाल गुप्ता ने कहाकि प्रतापगढ़ की जनता बाहर से आए हुए प्रत्याशियों की जमानत भी जब्त कर देगी। बीते अठारह वर्षों से यह पति पत्नी एमएलसी रहे हैं। यदि विकास की बात की जाए तो यह जनपद में कराए गए एक भी विकास कार्य नहीं बता सकते हैं।

## पानी के लिए परेशान रहे लोग



प्रतापगढ़। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य की जनसभा के दौरान मौजूद लोग पानी के लिए परेशान नजर आए। मंच के सामने अगली कतार में बैठी रामपुर गौरी गांव की महिलाओं ने कहाकि सब तो ठीक है लेकिन एक एक बूंद पानी के लिए यहां तरसना पड़ रहा है। नल पर पानी लेने जाने के बाद कुर्सी के भर जाने का खतरा बना हुआ है। वहीं मैदान के बगल लगे नल पर पानी भरने के लिए लोगों की कतार लगी रही।

## मंच पर चढ़ने को लेकर हुई धक्का मुक्की

**प्रतापगढ़।** कटरा रोड पर आईटीआई के सामने आयोजित जनसभा में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के पहुंचने के बाद मंच पर चढ़ने को लेकर कुछ नेताओं और सुरक्षाकर्मियों के बीच धक्का मुक्की हो गई। एक सुरक्षाकर्मी का हाथ लगने के कारण एक पूर्व पीआरओ चुटहिल भी हो गए। हालांकि जानकारी करने का प्रयास किया गया तो चोट लगने के अलग अलग कारण बताए जाने लगे।

# नामांकन के पांचवे दिन 06 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया

## 2 लोगों ने 6 सेट नामांकन पत्र खरीदे











**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत कलेक्टेउट में बनाये गये नामांकन स्थल पर आज पांचवे दिन 06 प्रत्याशियों द्वारा जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन के समक्ष अपना नामांकन पत्र दाखिल किया गया जिसका विवरण निम्नवत् है-1-संगम लाल गुप्ता सुत कड़ेदीन-भारतीय जनता पार्टी-प्रथम बार-1 सेट तथा द्वितीय बार-3 सेट (कुल 04 सेट)2-प्रथमेश मिश्रा सुत शिव प्रकाश मिश्रा-बहुजन समाज पार्टी-03 सेट 3-देवी प्रसाद सुत जवर-राष्ट्रीय जनशान्ति पार्टी-01 सेट 4-रामसिद्ध यादव सुत स्व0 छोटेलाल ादव-मानवतावादी समाज पार्टी-01 सेट 5-महेश कुमार प्रजापति सुत बुद्धिराम-समझदार पार्टी-01 सेट 6-हरिकेश बहादुर पाण्डेय सुत राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय-निर्दलीय-01 सेट दाखिल किया।

पांचवे दिन 02 लोगों ने 06 सेट में नामांकन पत्र प्राप्त किये गये जिनका विवरण निम्नवत् है-1-हर्षित सिंह सुत शिवपाल सिंह-निर्दलीय-04 सेट 2-श्रवण कुमार त्रिपाठी सुत राम मनोहर त्रिपाठी-निर्दलीय-02 सेट

## महिला की पिटाई को लेकर पांच आरोपियों के खिलाफ केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली पुलिस ने जमीनी विवाद को लेकर महिला की पिटाई व तोडफोड तथा धमकी को लेकर पांच आरोपियो के खिलाफ बलवा तथा मारपीट समेत गंभीर धाराओं मे केस दर्ज किया है। लालगंज के सराय रायजू निवासी बलराम कोरी की पत्नी मीना देवी ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती तीस अप्रैल को गांव के दुखी कोरी के पुत्र भीम व भीम की पत्नी कुसुम तथा पुत्रियां ज्योती, प्रीती व कान्ती उसके निर्माण कार्य को लेकर विरोध करने लगी। पीड़िता ने मना किया तो आरोपियो ने लाठी डंडे से उसे गाली देते हुए मारापीटा। शोर मचाने पर आरोपियो ने उसकी दीवार ढहा दी। लोगों को जुटता देख आरोपी जानलेवा धमकी देते चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने भीम समेत पांच के खिलाफ गुरूवार की रात केस दर्ज किया है।

# पूर्व एमएलसी सपा नेत्री कांति सिंह पटेल ने किया जनसम्पर्क

## इण्डिया गठबन्धन प्रत्याशी के लिये मांगा समर्थन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** लोकसभा चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने नामांकन के बाद अपना चुनाव प्रचार की गति तेज कर दिया है। शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के समर्थन में पूर्व एमएलसी सपा नेत्री कांति सिंह पटेल ने जिले के रानीगंज विधानसभा क्षेत्र के बीरापुर,गीता नगर, कैलीडीह सहित दर्जन भर क्षेत्रों में भ्रमण कर पार्टी के समर्थन में सहयोग की अपील करते हुए लोस के इण्डिया गठबंधन से सपा प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल को भारी मतों से जिताने की अपील की । इसके उपरांत सपा नेत्री रानीगंज विधानसभा में लोस चुनाव कार्यालय पर पार्टी के कार्यकर्ताओं व बूथ अध्यक्षों के साथ समीक्षा बैठक कर इण्डिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी के पक्ष में समर्थन जुटाने हेतु अपने अपने क्षेत्रों में पूर्ण निष्ठा एवं ईमानदारी से जुट जाने की बात कही। इसके उपरांत सगरा सुंदरपुर व मांधाता क्षेत्र में सघन जनसंपर्क कर इण्डिया गठबंधन के सपा प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल के पक्ष में समर्थन मांगा। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के बुढ़े बुर्जुगों से आर्शीवाद लिया। इस मौके पर प्रदीप यादव, शैलेंद्र यादव, रवींद्र यादव, घनश्याम यादव, बबलू पटेल, अनूप कुमार, अरविंद सिंह व अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे ।

# कांग्रेस के यूपी प्रभारी का आगमन आज




**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी(एआईसीसी) के राष्ट्रीय महासचिव,प्रभारी उ.प्र. अविनाश पाण्डे जी एवम राष्ट्रीय सचिव, पूर्व कैबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ राजेश तिवारी 04 मई को दिन में 1 बजे इण्डिया गठबन्धन के संयुक्त प्रत्याशी डॉ.एस.पी सिंह पटेल के समर्थन में स्थानीय मैरिज हाल में संगठन की एक बैठक में शरीक होंगे। महासचिव अविनाश पांडेय संगठनात्मक बैठक के साथ साथ कांग्रेस पार्टी एवम समाजवादी पार्टी के बीच समन्वयव बैठक को संबोधित करेगे ।बैठक में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के लोकसभा कोऑर्डिनेटर संजय तिवारी , प्रदेश उपाध्यक्ष मकसूद खान , महासचिव मुकुंद तिवार एवम प्रदेश सचिव राकेश मौर्या भी मौजूद रहेंगे। बैठक को सफल बनाने के उद्देश्य से आज जिला अध्यक्ष डॉ0नीरज त्रिपाठी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।बैठक में कार्यक्रम की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया, साथ ही नेताओं के स्वागत हेतु व्यापक इंतजाम किए गए हैं। अमेठी- प्रतापगढ़ बार्डर से कार्यक्रम स्थल तक जगह-जगह कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत की तैयारियां की गई हैं। उक्त आशय की जानकारी डा0वी0के0सिंह, उपाध्यक्ष (प्रभारी-प्रशासन एवं कार्यक्रम) ने दी ।

## होनहार शोध छात्रा प्रिया पाण्डेय को मिली पीएचडी की उपाधि



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** शैक्षिक करियर में हमेशा उच्चांक प्राप्त करने वाली होनहार शोधछात्रा प्रिया पाण्डेय को ज्योति विद्यापीठ महिला विश्वविद्यालय जयपुर राजस्थान से पीएचडी की उपाधि मिली है। यह उपाधि उन्हें आहार एवं पोषण विषय पर प्राप्त हुई। विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में यह उपाधि प्रिया पाण्डेय को पाण्डुचेरी की उपराज्यपाल एवं प्रथम महिला आईपीएस किरन बेदी ने प्रदान की। विश्वविद्यालय की प्रो0 पल्लवी सिंह तथा प्रो0 नीरज के निर्देशन में प्रिया पाण्डेय ने शोधकार्य किया।गौरतलब है कि प्रिया पाण्डेय डीआईओएस कार्यालय के पूर्व शिक्षाकर्मी विनोद पांडेय तथा जीजीआईसी की शिक्षिका नीरू पाण्डेय की बेटी हैं। जनपद के सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी माता बदल पाण्डेय की प्रपौत्री हैं। इस उपलब्धि पर प्रबुद्धजनों -डीआईओएस सरदार सिंह, पूर्व एडीआईओएस डॉ. दयाराम मौर्य रत्न, पूर्व प्राचार्य जगदीश मिश्र, आलोक मिश्र, ज्ञान प्रकाश मिश्र, ट्रस्टी आनन्द मोहन ओझा, समाजसेवी रोशन लाल ऊमरवैश्य, विकास अधिकारी राजीव कुमार आर्य आदिक ने प्रिया पाण्डेय को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

## वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**मान्धाता,प्रतापगढ़।** जनपद के थाना मान्धाता के उ0नि0 श्री सुभाष चन्द्र सिंह मय हमराह का0 रणवेन्द्र सिंह, का0 शक्ति सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्र, तलाश वाछित, वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों की चेकिंग के दौरान, फौजदारी संख्या 31,2015 धारा 128 सीआरपीसी से संबंधित 01 वारण्टी अभियुक्त अभियुक्त मो0 रकीब उर्फ लल्लू पुत्र सईद निवासी ग्राम परसरामपुर थाना मान्धाता, जनपद प्रतापगढ़ को उसके घर के पास से गिरफ्तार किया गया ।

# विद्यालयों में मतदाता जागरूकता एवं सडक सुरक्षा शपथ का आयोजन

## छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली




प्रतापगढ़। जिलाधिकारी,जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन व मुख्य विकास अधिकारी,प्रभारी अधिकारी कार्मिक नवनीत सेहरा के आदेशानुसार अपर जिलाधिकारी,उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रतापगढ़ त्रिभुवन विश्वकर्मा व उप शिक्षा निदेशक,जिला विद्यालय निरीक्षक,नोडल अधिकारी स्वीप प्रतापगढ़ सरदार सिंह के निर्देशन व प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह के संयोजन में जनपद प्रतापगढ़ के सभी शिक्षण संस्थाओं में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत शिक्षकों,कर्मचारियों व विद्यार्थियों की सहभागिता से मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया तथा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के अंतर्गत सड़क सुरक्षा शपथ का आयोजन किया तथा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ डॉ विंध्याचल सिंह के संयोजन में राजकीय इंटर कालेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ में विकास कुमार सिंह, योगेश कुमार सिंह, प्रतीक कुमार सिंह,अरविंद कुमार विश्वकर्मा, दिवाकर सिंह पटेल, अभिनव तिवारी, दिवाकर तिवारी, मोनिका पांडेय,विजय पांडेय के द्वारा विद्यार्थियों की सहभागिता से एक मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई तथा मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत में सहभागिता हेतु प्रेरित किया गया तथा सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई.।इसी प्रकार राजकीय बालिका इंटर कालेज मानिकपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य ऋचा श्रीवास्तव के निर्देशन में,पीबी इंटर कालेज प्रतापगढ़ सिटी प्रतापगढ़ के प्रधानाचार्य डॉ अनूप सिंह के निर्देशन में, एपीएस इंटर कालेज भदोही एमपी मिश्रा के निर्देशन में,शंकर विद्यालय इंटर कालेज कटैया प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ राघवेंद्र कुमार पांडेय के निर्देशन में, तुलसी इंटर कालेज बाबूगंज जमेठी कुंडा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अनुपम ओझा के निर्देशन में, रामराज इंटर कालेज पट्टी प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य रमेश मिश्रा के निर्देशन में,इस्लामिया इंटर कालेज रामपुर बजहा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अंसार अहमद के निर्देशन में,अमर जनता इंटर कालेज कटरा गुलाब सिंह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य डॉ स्निग्धा पांडेय के निर्देशन में,राजकीय उमावि रसूलपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य अशोक कुमार के निर्देशन में, अबुल कलाम आजाद इंटर कालेज प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य मो आजाद अहमद के निर्देशन में, पीपीएस इंटर कालेज दाउदपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह के निर्देशन में, आरआरकेआईसी दिलीपपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य कौशलेंद्र पति त्रिपाठी के निर्देशन में, पंडीडीयू जीएमआई महुली में प्रधानाचार्य राहुल कुमार सिंह के निर्देशन में, राजकीय इंटर कालेज चंडीगोविंदपुर प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य शशांक कुमार सिंह के निर्देशन में, पंडीडीयूजीएम इंटर कालेज कुराडीह प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य विशाल वर्मा के निर्देशन में, पंडीडीयूजीएमआई कालेज महेवा मलकिया में प्रधानाचार्य शिवाकांत तिवारी के निर्देशन में,राजकीय उमावि पुरैला में प्रधानाचार्य सीमा तिवारी के निर्देशन में, राजकीय उमावि दमदम प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य कहकशा सफी के निर्देशन में, राजकीय उमावि कांपा मधुपुर में प्रधानाचार्य नीरु श्रीवास्तव के निर्देशन में,राजकीय उमावि ओरीपुर नौगीर में प्रधानाचार्य डॉ नलिन कांत उपमन्यु के निर्देशन में, राजकीय उमावि राजापुर में प्रधानाचार्य सुर्येश प्रताप सिंह के निर्देशन में,छत्रधारी इंटर कालेज लखपेड़ा कोटा भवानीगंज डॉ डीपी सिंह के निर्देशन में, मुनीश्वर दत्त इंटर कालेज मांधाता में प्रधानाचार्य डॉ जेपी त्रिपाठी के निर्देशन में, आरएन शुक्ल इंटर कालेज पुरेधनऊ कुंडा में प्रधानाचार्य राज कुमार मौर्य के निर्देशन में, एसएस पटेल इंटर कालेज संसरियापुर में प्रधानाचार्य पीएस पटेल के निर्देशन में,राजकीय बालिका इंटर कालेज विहार प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य मनीषा रावत के निर्देशन में,राजकीय बालिका इंटर कालेज आसपुर देवसरा में प्रधानाचार्य डॉ आम्रपाली द्विवेदी के निर्देशन में, राजकीय बालिका इंटर कालेज बरहदा प्रतापगढ़ में प्रधानाचार्य के निर्देशन में कार्यक्रम आयोजित किए गए.।

## डा0अनीस को अपर मुख्य सचिव ने किया सम्मानित



**प्रतापगढ़।** राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान द्वारा आयोजित कला उत्सव 2023 को जनपद में भव्यतापूर्वक,सफ्लतापूर्वक और सकुशल संपन्न करवाने के डॉ मोहम्मद अनीस जनपदीय नोडल अधिकारी को दीपक कुमार अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा एवं डॉ रूपेश कुमार विशेष सचिव माध्यमिक शिक्षा द्वारा प्रदत्त प्रशस्ति पत्र को सरदार सिंह जिला विद्यालय निरीक्षक एवं उप शिक्षा निदेशक प्रतापगढ़ द्वारा प्रदान किया गया।.इस अवसर पर डॉ विंध्याचल सिंह प्रधानाचार्य राजकीय इंटर कॉलेज रामपुर कांपा प्रतापगढ़ एवं रंजन प्रताप जिला समन्वयक राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान प्रतापगढ़ उपस्थित रहे.।

# साहब मेरे बेटे की ससुरालियों ने हत्या कर दी

## आर्मी जवान के पिता ने ससुरालियों पर कार्यवाही हेतु किया प्रदर्शन





**लोकमित्र ब्यूरो**

**अजुहा, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अजुहा कस्बे के वार्ड नं0 11 नेता नगर के रहने वाले हरिलाल पुत्र चंद्रपाल ने शुक्रवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की उसका बेटा घनश्याम आर्मी में नायब सूबेदार के पद पर तैनात था। उसकी शादी 13 वर्ष पहले फतेहपुर जनपद के खखरेरू थाना क्षेत्र के किशनपुर के चिरई गांव में हुई थी। आर्मी जवान के पिता हरिलाल का आरोप है की शादी के बाद उसकी बहू मानश्री अक्सर मायके में रहती थी जिसके चलते घनश्याम छुट्टी पर घर आता था तो ससुराल चला जाता था। हरिलाल का यह भी आरोप है की बेटे के ससुरालीजन उसके बेटे को ब्लैकमेल कर उसका वेतन ले लेते थे, और बेटे को प्रताड़ित करते थे। खुलासा होने के डर से बहू ने घरवालों ने बेटे को मारकर फांसी के फंदे पर लटका दिया। आर्मी जवान के पिता ने शव को घर में रखकर प्रदर्शन करते हुए न्याय न मिलने तक शव का अंतिम संस्कार नहीं किया है वही मृतक जवान के परिजन ट्रैक्टर से शव लेकर खागा पहुंचे जहां सीओ खागा से मुलाकात कर कार्यवाही की मांग की। मामले में क्षेत्राधिकारी खागा बृज मोहन रॉय का कहना है की मृतक के परिजनों की तहरीर ले ली गई है जांच पड़ताल के बाद दोषियों पर कार्यवाही की जाएगी।

# पति ने पत्नी को प्रेमी के साथ भगाया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति ने दामाद पर बेटी को प्रेमी के साथ भगाने का आरोप लगाते हुए पुलिस को शिकायती पत्र देकर बेटी की शादी में दिए गए दहेज को वापस कराए जाने की मांग की है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के केन गांव के रहने वाले रामूपाल पुत्र स्व मोहन लाल पाल ने शुक्रवार को सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की उसकी बेटी की शादी एक वर्ष पहले फतेहपुर जनपद के थरियांव के चक बरारी गांव में किया था । रामू पाल का आरोप है की उसका दामाद उसकी बेटी को मोहल्ले के एक व्यक्ति ने साथ भगा दिया। पीड़ित ने मामले ने सैनी पुलिस से शादी में दिए गए दहेज को वापस कराए जाने की मांग की है।

# कबूतरबाजो ने फर्जी बीजा थमाकर साढ़े छः लाख की ठगी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** फतेहपुर जनपद के एक कबूतरबाज ने अपने बहनोई के जरिए सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक गांव से विदेश भेजने के नाम सात लोगो को फर्जी बीजा थमाकर साढ़े छः लाख की ठगी कर लिया। पीड़ितो के रुपए वापस मांगने पर कबूतरबाज जातिसूचक शब्दो का इस्तेमाल करते हुए रुपए वापस करने से मना कर दिया। पीड़ितो ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कबूतरबाज से रुपए वापस दिलाए जाने की मांग की है।

सैनी कोतवाली क्षेत्र के केन गांव के रहने वाले अजय कुमार पुत्र दिनेश, नीरज पुत्र सुरेश, संदीप पुत्र छोटा व खागा थाना क्षेत्र के उमरा भोगलपुर निवासी सोनू पुत्र प्रकाश, विजय पुत्र राम शरन एवं फतेहपुर के विजयीपुर निवासी नितेश पुत्र रामबाबू, नरेंद्र पुत्र राम चरन ने सैनी पुलिस को शिकायती पत्र देकर बताया की केन के रहने वाले एक व्यक्ति ने मलेशिया भेजने के नाम पर एक एक लाख रुपए की मांग की।

पीड़ितो का आरोप है की जिसके बाद सभी लोगो ने साढ़े छः लाख रुपए इकठ्ठा कर लगभग छः माह पहले धाता क्षेत्र के एक कबूतरबाज को दे दिया जिसके बाद कबूतरबाज ने फर्जी बीजा थमा दिया। मामले की जानकारी पर रुपए वापस करने की मांग की तो कबूतरबाज गाली गलौच करते हुए जातिसूचक शब्दो का इस्तेमाल करते हुए धमकी देने लगे। पीड़ितो ने मामले में पुलिस से कार्यवाही की मांग की है।

# सएवी इंटर कालेज के बाबू की बाइक से डिग्गी खोलकर डेढ़ लाख किए पार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के एक इंटर में बाबू के पद पर तैनात युवक की बाइक से दो लोगो ने डिग्गी खोलकर डेढ़ लाख पार कर दिया। मामले की जानकारी पर बाबू ने सैनी पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

फतेहपुर जनपद के खागा क्षेत्र के डडीयापुर के रहने वाले दिनेश कुमार पुत्र त्रिभुवन प्रसाद सैनी ने स्थित एस ए वी इंटर कालेज में बाबू के पद पर तैनात है। दिनेश कुमार का कहना है की बेटी की शादी का कर्ज देने के लिए सिराथू में स्थित एक बैंक से शुक्रवार को डेढ़ लाख रुपए निकाला था । दिनेश का आरोप है की कालेज में तैनात दो लोगो ने उसकी डिग्गी को खोलकर डेढ़ लाख पार कर दिया । पीड़ित बाबू ने मामले में कार्यवाही की मांग की है।

# चिल्ला शहबाजी में रैली निकालकर मतदाताओं को किया गया जागरूक




**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जनपद में लगातार जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में विकास खंड चायल के कंपोजिट विद्यालय चिल्लाशहबाजी के छात्र छात्राओं व शिक्षकों ने शुक्रवार को बैनर व तख्ती लेकर मतदान हमारा अधिकार हैए इससे बनती सरकार है। देश के भाग्यविधता, अब जागो प्यारे मतदाता जैसे नारे लगाते हुए गांव की गलियों में घूम घूम कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए जागरूक कर रहे थे। साथ में रहे शिक्षकों मतदाताओं से बातचीत कर उन्हे बताया की जनपद में 20 मई को लोकसभा का चुनाव होने जा रहा है। ऐसे 18 साल पूर्ण कर चुके और इसके ऊपर जो भी मतदाता है वह सभी मतदान वाले दिन बूथ पर पहुंघकर अपने अपने मत का दान अवश्य करें। आप सभी लोगों के मत महत्वपूर्ण है। आप लोगों के मतदान से अच्छी सरकार का चुनाव होता है। रैली में बच्चों के साथ की प्रधानाध्यापिका ऊषा मिश्रा, शिक्षिका पूनम सिंह, अंजली शर्मा, शिप्रा गुप्ता, कृष्ण कुमार सहित समस्त शिक्षक उपस्थित रहें।

# दर्शन पूजन के लिए आयी महिला की अज्ञात चोरों ने चैन किया पार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कड़ा, कौशाम्बी।** शक्तिपीठ कड़ाधाम में दर्शन पूजन के लिए आयी महिला की सोने की चेन शातिर चोरों ने पार कर दी।घटना की जानकारी महिला को हुई तो उसके होश उड़ गए। पीड़ित महिला ने मामले की शिकायत पुलिस से करते हुए कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार जौनपुर जनपद के रामपुर थाना क्षेत्र के कोटगांव निवासी कैलाश नाथ यादव की पत्नी लालती देवी शुक्रवार को अपने परिवार के साथ माता शीतला के दर्शन पूजन के लिए शक्तिपीठ कड़ाधाम आयी थी।बताते हैं कि लालती देवी मंदिर के समीप स्थित एक नास्ते की दुकान पर कुछ सामान लेने गयी थी उसी दौरान किसी ने उसके गले मे पड़ी सोने की चेन पार कर दिया।मामले की जानकारी पीड़ित महिला व उसके परिजनों को हुई तो उनके होश उड़ गए।सूचना पर पहुंची कडाधाम पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की मदद से मामले की जांच कर कार्रवाई किये जाने का आश्वासन दिया है।

# संपत्ति हडपने के लिए बेटे को बांधकर रखने का आरोप

**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सदर कोतवाली क्षेत्र के खनवारी गांव के बलबीर सिंह ने शुक्रवार को पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव को शिकायती पत्र देकर बताया की एकलौते बेटे को बहु अपने पिता के साथ मिलकर संपत्ति हड़पने को लेकर तंत्र.मंत्र कराकर बंधक बना रखा है। ऐसे में प्रार्थी के बेटे की हत्या कराएं जाने की आशंका जाहिर की है। तहरीर मिलने के बाद एसपी ने मामले की जांच कर कोतवाली प्रभारी संतोष कुमार शर्मा को कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के खनवारी गांव निवासी बलबीर सिंह पुत्र स्वर्गीय जगन प्रसाद ने एसपी को तहरीर देकर बताया की इकलौते बेटे हेमंत का विवाह डेढ़ वर्ष पहले मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र एक गांव मे हुआ था। शादी के बाद ससुराल आने पर बहू का चाल चलन ठीक न होने पर उसने डाट फटकार लगाई थी। जिसके बाद वह साल भर से अपने मायके में रहती है। बलवीर का आरोप है की छह माह पहले संपत्ति हड़पने की मंशा से उसने बेटे पर जादू टोना कर दिया है।संपत्ति हडपने की मंशा से बेटे को बंधक बनाकर नशीली दवा का प्रयोग कराने लगी है। जिस पर उसने मामले की शिकायत पुलिस की थी तो इस दौरान पुलिस ने बेटे को उनके कब्जे में दे दिया था ।जिसके बाद इलाज के दौरान हुआ सही हो गया और अपने घर में रहने लगा था। लेकिन चार महीने पहले दोबारा षड्यंत्र के तहत बेटे के ससुराल वाले उसे पर तंत्र.मंत्र कर दिया जिससे वह दोबारा ससुराल चला गया। जिसके बाद बहू ने अपने माता.पिता के साथ मिलकर बेटे को बंधक बनाकर रखा है। इस दौरान बेटे के ससुराल वाले साजिश के तहत उसके खिलाफ फर्जी तहरीर देकर मुकदमे मे फसाने को पुलिस को झुठी तहरीर दे रहे है। वही प्रार्थी ने ऐसी स्थिति में बेटे की हत्या करने की आशंका भी जाहिर की है।

# भूमि पर कब्जा के विरोध पर महिला को बंदूक लेकर दौड़ाया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के चरवा खुर्द गांव में जमीन कब्जे का विरोध करने पर दबंग भाइयों ने महिला को बंदूक लेकर दौड़ा लिया। महिला अपनी जान बचाकर वहां से भाग निकली। लोगों ने बीच बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित महिला ने थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। तहरीर पाकर पुलिस शिकायत की जांच में जुट गई है।

चरवा खुर्द की मंजू मिश्रा पत्नी मनोज मिश्रा ने बताया कि गांव के बाहर उसकी कीमती जमीन है। आरोप है कि गांव के ही तीन दबंग भाइयों ने गुरुवार को उसकी जमीन पर जबरन कब्जा कर मकान का निर्माण शुरु कर दिया। आरोप है कि महिला के विरोध करने पर उन सभी ने बंदूक लेकर उसे दौड़ा लिया। शोर मचाते हुए महिला भाग कर किसी तरह जान बचाई। पीड़िता ने शुक्रवार को थाने जाकर आरोपियों के खिलाफ मामले की तहरीर दी। इस संबंध में थाना प्रभारी बलराम सिंह का कहना है कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई को जाएगी।

# अंकित यादव बने कांग्रेस सांस्कृतिक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने प्रयागराज के वरिष्ठ रंगकर्मी अंकित यादव को कांग्रेस सांस्कृतिक प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया है। अंकित यादव उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री राम नरेश यादव के परिवारिक सदस्य है। ये इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पूर्व उपाध्यक्ष हीरालाल यादव के पुत्र हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय की ओर से जारी मनोनयन पत्र के मुताबिक अंकित यादव को प्रयागराज जोन का प्रभार सौपा गया है। इनके नेतृत्व में लोकसभा चुनाव में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों का सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नुक्कड़ नाटकों के जरिए प्रचार प्रसार किया जाएगा। अंकित यादव को संस्कृति प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर महानगर अध्यक्ष प्रदीप कुमार मिश्रा, अंशुमन, जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, कांग्रेस विधि विभाग के उपाध्यक्ष रविंद्र सिंह, महासचिव हरिश्चंद्र दुबे, जितेंद्र नायक, अनुज यादव, सुधीर दीक्षित, असीम राय, जय प्रकाश सिंह, सुष्मिता यादव, शिवम पांडे, रंगकर्मी असगर अली, वरिष्ठ रंगकर्मी अजय प्रकाश, असगर अली, रविन्द्र यादव, रूचि गुप्ता, विनय श्रीवास्तव, आकृत आदि ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

# लेखपाल संघ ने बैठक कर उपनिरीक्षक पर कार्यवाही हेतु तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

## 24 घंटे में कार्यवाही न होने पर कलम बंद हड़ताल के लिए बाध्य होंगे लेखपाल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** सिराथू तहसील में तैनात एक लेखपाल के साथ मारपीट व अभद्रता के आरोप में लेखपाल संघ ने शुक्रवार को सिराथू तहसील सभागार में बैठक कर तहसीलदार पूर्णिमा सिंह को ज्ञापन देकर उपनिरीक्षक पर 24 घंटे के अंदर कार्यवाही की मांग की है। लेखपाल संघ सिराथू के अध्यक्ष सुनील दिवेदी की अगुवाई में लेखपाल संघ ने शुक्रवार को सिराथू तहसील सभागार में संघ के साथ बैठक किया जिसके बाद लेखपालों ने तहसीलदार सिराथू पूर्णिमा सिंह को ज्ञापन देकर बताया की सिराथू तहसील में तैनात लेखपाल विनोद सोनकर बुधवार की शाम तहसील से अपने घर देवीगंज गया था जहां रात में सौरई बुजुर्ग में बोरिंग मशीन हटवा रहा था । लेखपाल का आरोप है की इस दौरान हल्का दरोगा पुलिस कर्मियो के साथ लेखपाल के साथ जाति सूचक शब्दो का इस्तेमाल करते हुए अभद्रता करने लगे विरोध करने पर मारपीट करने लगे । नाराज लेखपाल संघ सिराथू ने तहसीलदार को ज्ञापन सौप उपनिरीक्षक को 24 घंटे के अंदर निलंबित किए जाने की मांग की है। साथ ही लेखपालों ने बताया की कार्यवाही न होने पर कलम बंद हड़ताल के लिए बाध्य होंगे। इस दौरान लेखपाल संघ सिराथू के अध्यक्ष सुनील द्विवेदी, मंत्री कमल सिंह, शिव शंकर पाल, उमेश केसरवानी, सोहन लाल, रवि विश्वकर्मा, मुकेश पटेल, देवेंद्र सिंह, दुर्गेश कुमार, दिलीप कुमार सहित दर्जनों लेखपाल मौजूद रहे।

# बीईओ सरसवां से मिला शिक्षकों के उत्पीड़न को लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सरसवां, कौशाम्बी।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सरसवां के ब्लॉक अध्यक्ष विनय कुमार सिंह के नेतृत्व में विकास खण्ड के शिक्षकों ने बीआरसी सरसवां के परिसर में एक बैठक की। इस बैठक में विभिन्न शिक्षक समस्याओं जैसे विभिन्न प्रशिक्षणों का पैसा शिक्षकों को न प्राप्त होना, ई सर्विस बुक अपडेट न होना, माह जून और नवम्बर 2023 का एमडीएम कन्वर्जन न मिलना आदि की चर्चा कर इसके निस्तारण के लिए खण्ड शिक्षा अधिकारी सरसवां को ज्ञापन दिया गया। वर्तमान खण्ड शिक्षा अधिकारी सरसवां के तानाशाही और निरंकुश रवैये को लेकर शिक्षकों भारी आक्रोश व्याप्त है। जिसे लेकर विनय कुमार सिंह ने कहा यदि खण्ड शिक्षा अधिकारी ने अपना रवैया नहीं बदला और शिक्षक समस्याओं का शीघ्रता से निस्तारण न किया गया तो संगठन उच्च अधिकारियों से इनकी शिकायत करने और खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर धरना देने के लिए बाध्य होगा। इस बैठक में ब्लॉक मंत्री आलोक सोनी, अवधेश प्रताप सिंह, बैजनाथ, कौशलेंद्र, अनिल, राजकिशोर, अजय प्रकाश, लालमणि आदि पदाधिकारियों सहित सैकड़ों शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

# देश का नाम रोशन करने वाली धाविका सुनीता का हुआ स्वागत

## महाविद्यालय के प्रबंधक ने नगद पुरस्कार देकर किया सम्मानित




**लोकमित्र ब्यूरो**

**चायल, कौशाम्बी।** रामनाथ सिंह डिग्री कालेज चायल में शुक्रवार को देश का नाम रोशन करने वाली धाविका सुनीता को सम्मानित किया गया। संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में 24 से 27 अप्रैल तक आयोजित अंडर 20 एशियाई एथलेटिक्स चौंपियनशिप में सुनीता को कांस्य पदक मिला है।

तहसील मंझनपुर के बरई बंधवा गांव निवासी चुन्नी लाल की सुपुत्री सुनीता चायल स्थित रामनाथ सिंह डिग्री कॉलेज में बीए प्रथम वर्ष की छात्रा है। कॉलेज के प्रबंधक डॉण् एसके पटेल ने सुनीता को बुके और छायाचित्र देकर सम्मानित किया। महाविद्यालय के संरक्षक सदस्य सुमन सिंह ने भी सुनीता को बुके और नगद धनराशि देकर सम्मानित किया। सुनीता के साथ आये दोनों कोचों को भी नगद धनराशि दे कर सम्मानित किया गया। कार्यवाहक प्राचार्य प्रदीप कुमार विश्वकर्मा ने फूलमाला पहना कर स्वागत कर सुनीता का मनोबल बढ़ाया। महाविद्यालय के प्रवक्ता डॉ0 रमाकांत, विजय विश्वकर्मा, धर्मेंद्र सिंह पटेल, सीबी सिंह, कर्मचारी संदीप प्रजापति, शनि प्रताप सिंह, युवराज सिंह, शेर सिंह के साथ- साथ सैकड़ो छात्र छात्राओं ने स्वागत कर सुनीता का मनोबल बढ़ाया। महाविद्यालय के प्रबंधक डॉ0 एसके पटेल ने कहा कि सुनीता ने देशए माता.पिता के साथ.साथ विद्यालय का भी नाम रोशन किया है।

उन्होंने कार्यक्रम के अंत में सुनीता को आगे के लिए उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उनके खेलकूद में आगे के लिए जो भी फीस में खर्च आएगा उसे हमारा महाविद्यालय उठायेगी।

# जानकीपुर में शिक्षिका ने बच्चों को दी मतदान प्रक्रिया की जानकारी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**सिराथू, कौशाम्बी।** विकास खंड सिराथू के प्राथमिक विद्यालय जानकीपुर में शिक्षिका शालनी सिंह ने मतदाता जागरूकता का और अधिक प्रचार प्रसार करने के उद्देश्य से मतदान टीएलएम का निर्माण कर बच्चों को मतदान की पूरी प्रक्रिया का समावेशन किया। जिससे बच्चे इस प्रक्रिया को भली भांति जान सके। इसके बाद घर जा कर अपने अभिभावकों को मतदान की महत्ता के बारे में बता सके।

# जेठ ने घर में कीचड़ फेंकने के विरोध पर महिला को दौड़ाया

**चायल, कौशाम्बी।** चरवा थानाक्षेत्र के पहाड़पुर सुधवर गांव की रूमी साहू पत्नी विजय नारायण साहू ने बताया कि गुरुवार की शाम उसका बेटा विवेक साहू घर के अंदर खाना खा रहा था। इसी दौरान उसके जेठ ने घर के अंदर नाली का कीचड़ फेंक दिया। विरोध करने पर वह अपने दो बेटों और पत्नी के साथ मिलकर महिला को गाली गलौज कर डंडा लेकर दौड़ा लिया। महिला ने घर के अंदर घुसकर किसी तरह अपनी जान बचाई।

# दबंगों ने चालक की पिटाई कर रुपये छीने, अप्पे पलटाने का आरोप

**मनौरी, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली क्षेत्र के नईम मिंया का पूरा निवासी जय शंकर ने बताया कि उसने अप्पे खरीद रखा है। उसे पड़ोस का ही राजेंद्र पाल चलाता है। गुरुवार को राजेंद्र चायल से सवारी लेकर मनौरी बाजार गया था। इसी दौरान पास के ही चार युवकों ने गाली गलौच कर उसे दबोच लिया। आरोप है कि उसकी पिटाई कर उसका हाथ-पैर रस्सी से बांधकर उसके जेब में रखा एक हजार रुपया निकाल लिया। इसके बाद अप्पे में ही उसे बंधक बनाकर उसे लाकर तहसील के समीप सड़क किनारे गड्ढे में ले जाकर पलटा दिया। इससे अप्पे भी काफी क्षतिग्रस्त हो गई। दबंगों के चंगुल से छूटकर चालक ने घटना की जानकारी मालिक को दी। जानकारी मिलने के बाद मालिक के होश उड़ गए। उसने चायल चौकी जाकर चार आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी।

# किसान के घर सेंध काटकर नकदी समेत चार लाख की चोरी



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नेवादा, कौशाम्बी।** सराय अकिल कोतवाली क्षेत्र के बिगहरा उस्मानपुर गांव में गुरुवार की रात चोरों ने किसान के घर की पीछे की दीवार में सेंध काटकर नकदी समेत लाखों रुपया का सामान पार कर दिया। सुबह चोरी की जानकारी होने पर किसान के होश उड़ गये। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण के बाद छानबीन करना शुरू कर दिया है।

बिगहरा उस्मानपुर गांव निवासी ओमनारायण मिश्रा किसान हैं। इसके अलावा वह मुंबई में रहकर प्राइवेट नौकरी भी करते हैं। घर पर उनकी पत्नी अंजू मिश्रा पांच बच्चों के साथ रहती है। उनकी पत्नी अंजू ने बताया कि गुरुवार की रात खाना खाने के बाद वह बच्चों के साथ बरामदे में सो रही थी। इसी बीच रात में चोरों ने घर के पीछे की दीवार में सेंध काटकर कमरे में घुसकर बक्से और आलमारी का ताला तोड़कर एक लाख रुपया नकदी औरएतीन तोला सोना और एक किलो चांदी सहित तीन लाख रुपए का आभूषण पार कर दिया। शुक्रवार सुबह कमरे में बिखरा सामान और काटी गई सेंध देखकर उनके होश उड़ गए और उन्हें घर में चोरी होने की जानकारी हुई।घटना की सूचना पर मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। सूचना पुलिस को दी गईए सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने मौका निरीक्षण के बाद चोरों का पता लगाना शुरू कर दिया है। मामले में इंस्पेक्टर विनीत कुमार सिंह का कहना है कि चोरी की शिकायत मिली थीए मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जायेगा।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में एंटीरोमियो टीम ने चलाया जागरूकता अभियान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कौशाम्बी।** पुलिस अधीक्षक व अपर पुलिस अधीक्षक तथा क्षेत्राधिकारी मंझनपुर के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना मय हमराह एंटीरोमियो टीम द्वारा एंटीरोमियो चेकिंग की गई तथा शक्ति दीदी ,मिशन शक्ति के तहत स्कूल के समय भ्रमणशील रहकर महिलाओं और बालिकाओं को साइबर अपराध व महिला सशक्तिकरण के लिए शासन द्वारा चलाए गए सभी हेल्पलाइन नंबर को विस्तृत तरीके से समझा कर तथा मतदान के प्रति जागरूक किया गया और मिशन शक्ति, नारी शक्ति, नारी सम्मान, नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन, अभियान के तहत हेल्पलाइन नंबर 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वीमन पावर हेल्पलाइन, 102 स्वास्थ्य सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन, 181 महिला हेल्पलाइन और महिला हेल्पडेस्क, एंटीरोमियो टीम के कार्य तथा थाना के सीयूजी नंबर के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया।

## सम्पादकीय

### आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में पहली कार्रवाई

निर्वाचन आयोग ने प्रधानमंत्री के बांसवाड़ा में दिए भाषण पर भाजपा से जवाब मांगा है। कांग्रेस और वामदलों ने नरेन्द्र मोदी के भाषण को विभाजनकारी और महाहानिकर बताते हुए आयोग से शिकायत की थी।इसी पर संज्ञान लेते हुए आयोग ने नोटिस दिया है। किसी पदेन प्रधानमंत्री के विरु द्ध आदर्श संहिता उल्लंघन मामले में यह पहली कार्रवाई है। आयोग का अपनी याददाश्त के आधार पर ऐसा दावा है। दूसरी तरफ, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और उनकी पार्टी के नेता राहुल गांधी के विरु द्ध भाजपा की शिकायतों पर जवाब मांगा गया है। ये जवाब 29 अप्रैल तक दिए जाने हैं। इस तरह से आयोग ने निष्पक्षता एवं पारदर्शिता का एक कठिन पड़ाव पार कर लिया है।उसे इसका श्रेय मिलना चाहिए कि उसने संहिता उल्लंघन पर प्रधानमंत्री तक को नहीं बख्शा। यह आरोप भी कमजोर हुआ है कि आयोग विपक्ष और कमजोर दलों के नेता को ही निर्देशित करने में आगे रहता है। पर उसका निर्णायक इम्तिहान दोनों दलों के जवाब पर की जाने वाली कार्रवाई में होगा जो आयोग की शक्ति और क्षेत्र को परिभाषित करने वाला होगा। सार्वजनिक जीवन में गरिमा-मर्यादा और नियम-कायदे का आग्रही तबके ही नहीं, पूरे देश ने देखा-सुना कि बांसवाड़ा में और फिर अलीगढ़ तक में खास समुदाय और धर्म के लोगों के बारे में क्या-क्या न कहा गया।माना कि चुनाव बाद एक प्रधानमंत्री के रूप में आप समुदाय-धर्म के आधार पर भेदभाव नहीं करते पर यही भाव चुनावी सभाओं में भी रहना बुरा नहीं होता। यह सामान्य जन अपेक्षा है कि प्रधानमंत्री को तमाम विभाजनों और दोष-रेखाओं से ऊपर होना चाहिए। तब आयोग को भी रिकार्ड बनाने का मौका नहीं मिलता। चुनाव की घोषणा करते हुए आयोग ने भाषणों में सभ्यता के निर्वाह का अनुरोध दलों से किया था, जिसका पालन किसी ने नहीं किया।विपक्ष में स्थितिजन्य आक्रामकता स्वाभाविक ही होती है। सत्ता अपने व्यवहार से उसको परिमार्जित करती है। खरगे और राहुल सरकार की नीतियों की आलोचना के अधिकार के प्रयोग में सभ्यता भूलते रहे हैं। वे न केवल प्रधानमंत्री को निजी स्तर चोट पहुंचाने वाली भाषा का धड़ल्ले से प्रयोग करते सुने-देखे गए हैं, बल्कि तू-तड़ाक पर भी उतर आए हैं। यह भी रिकार्ड है कि नरेन्द्र मोदी देश के सर्वाधिक आलोच्य प्रधानमंत्री हैं। अगर यही एक परिपक्व लोकतंत्र की भाषा है तो यह वाकई बेहद पीड़ादायक परिदृश्य है।




**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए उमंग से भरा रहने वाला है। आज शिक्षा के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। आज आप में चुस्ती फुर्ती रहेगी, आपका स्वास्थ्य आज पूरी तरह से आपका साथ देगा। आज बिना किसी मदद के भी आप धन कमा पाने में सक्षम होंगे, बस आपको खुद पर विश्वास करने की जरूरत है। आज की शाम अपने जीवनसाथी के साथ बाहर खाना या घूमना आपको सुकून देगा और खुशमिजाज बनाए रखेगा।

**वृष राशिः** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। पहले से चली आ रही कोई समस्या आज सुलझ सकती है। आज आपका व्यापार अच्छा चलेगा। आज आप पुराने दोस्तों से मिलने की कोशिश करेंगे। आज आपके मदद की जरूरत के समय कोई ऐसा व्यक्ति आपकी मदद करेगा जिसकी आपने कल्पना भी नहीं की होगी। आपके पॉजिटिव नजरिए से जरूरी काम पूरे होगे। लवमेट आज कहीं घूमने जाएंगे, रिश्ते में मजबूती बनी रहेगी।

**मिथुन राशिः** आज का दिन आपके लिए व्यस्ताता से भरा हो सकता हैं। आज आपका दिन दोस्तों और परिवार के साथ बीतेगा। आपको कोई बड़ा काम निपटाने की जिम्मेदारी मिल सकती है जिसे पूरा करने के लिए आप खूब मेहनत करेंगे। आपके द्वारा किये गये काम के कारण आज समाज में आपको सम्मान मिल सकता है। आज किसी काम में आलस्य नही करेंगे तो आपका काम आसानी से व समय से पूरा हो जायेगा। आज किसी के साथ अपने मन की बात शेयर करेंगे।

**कर्क राशिः** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज निजी जीवन में सकारात्मकता लाने की कोशिश करेंगे और इसके लिए आप किसी महापुरुष का अनुशरण करेंगे। आपकी ज्यादातर योजनाएं पूरी हो सकती है। आज लोगों से मिलने और बात करने में खुशी महसूस करेंगे। जीवनसाथी के साथ रिश्ते में तालमेल बना रहेगा। आज आपकी जिद से दूसरों को भी परेशानी हो सकती है इसका आप ख्याल रखें। बेटे को सफलता मिलने से घर में खुशी का माहौल बनेगा।

**सिंह राशिः** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपके शत्रु परास्त होंगे। अगर आप नया वाहन लेने का विचार कर रहे है तो परिवार वालों से आपको मदद मिल सकती है। काम के प्रति मेहनत देख कर आपके जूनियर आपसे सीखने की कोशिश करेंगे। दूसरे लोग भी आपकी योजना से प्रभावित होंगे। ज्वेलरी की डिजाइनिंग कर रहे लोगों को काम में सफलता मिलेगी।

**कन्या राशिः** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आपके रिश्तों में नई चेतना का संचार होगा। स्टूडेंट्स को करियर से संबंधित अच्छे मौके मिलेंगे। नये लक्ष्य को निर्धारित करने के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपसे कोई मदद मांग सकता है। आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। किसी काम के लिए आज आप कई बड़े फैसले ले सकते हैं। पिता अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए कुछ ठोस कदम उठा सकते हैं।

**तुला राशिः** आज का दिन आपके लिए दिन शुभ होने वाला है। जो भी नया करना है, आज पूरा करने का निश्चय करेंगे। आज आप घर की जिम्मेदारियों को अच्छी तरह निपटा सकते हैं और कामकाज निपटाने में आप बहुत हद तक सफल भी रहेंगे। आज अपनी तरफ से हर मामले पर आपको सकारात्मक रहना होगा साथ ही धैर्य और विनम्रता रखें। आज अपनी किसी पुरानी समस्याओं पर दोस्तों से बातचीत कर सकते हैं, आपको समाधान मिल सकता है। नए काम के लिए किसी से सलाह भी ले सकते हैं।

**वृश्चिक राशिः** आज का दिन आपके लिए अच्छा होने वाला है। आज आपके धार्मिक गतिविधि में भी शामिल होने के योग बन रहे हैं। आज दूसरों के साथ बातचीत या सलाह करने से फायदा हो सकता है। आज आप जरूरी काम और रिश्तों के बारे में विचार करेंगे और नयी योजना बनाएंगे। आज आप दूसरों की जरूरतों और भावनाओं को लेकर सेंसिटिव हो सकते हैं। आज जॉब सम्बन्धी परेशानी खत्म होने के योग हैं। आज आपका काम में मन लगा रहेगा पिता के सहयोग से सफलता मिल सकती है।

**धनु राशिः** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आज शांति से कामकाज निपटाने की कोशिश करेंगे। आज पुरानी देनदारी भी निपटा सकते हैं। आज जीवनसाथी की भावनाओं को समझने में बहुत हद तक आपको सफलता मिलेगी। आज कोई भी कार्य करते समय धैर्य और समझदारी रखें। आज परिवार के कामों में आपका पैसा लग सकता है। आज आप कोई भी फैसला शांति से लें। वाणी भी मधुर रखें तो आपके लिए अच्छा है।

**मकर राशिः** आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। अपने से बड़े या किसी अनुभवी से सलाह लेकर ही आगे बढ़ने की कोशिश करेंगे। मेहनत, धैर्य और समझदारी से काम निपटा लेंगे। आपके पास बहुत-सी जिम्मेदारियां हो सकती हैं। धैर्य से काम लेंगे तो काम आसानी से पूरा हो जायेगा। आज का दिन आपके लिए दिन संतोषजनक साबित होगा। आज रोजगार में स्थितियां पहले से ठीक होने के योग है। आज आपके परिवार में मांगलिक कार्य की योजना बन सकती है।

**कुंभ राशिः** आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। अपना व्यवहार लचीला रखें और दूसरों की बातें समझने का मन बनाकर चलेंगे। आज कोई बुजुर्ग या वरिष्ठ व्यक्ति आपको सही सलाह दे सकता है। आज आपकोपुरानी बातें भी याद आ सकती हैं। आज व्यापारिक मामलों में आपकी व्यस्तता बढ़ेगी। आज आपके व्यवहार में सकारात्मक बदलाव आयेगा। किसी मौके पर आपका व्यवहार ही आपके लिए सफलता के मार्ग खोलेगा। कोई दोस्त या परिचित अपने काम से आपको काफी समय तक बिजी रख सकता है।

**मीन राशिः** आज का दिन आपके लिए खुशियों से भरा रहने वाला है। आज ट्रांसफर या प्रमोशन के लिए किसी से बात हो सकती है। इसमें आपको सफलता भी मिलेगी। आज आप अपने करियर को बेहतर बनाने के लिये किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह लेंगे। आज आज कोई महत्वपूर्ण काम निपट सकते हैं।

# अमन की फिजा में कश्मीर घाटी की अवाम भी करेगी मतदान



**आर.के.सिन्हा**

कश्मीर की राजधानी श्रीनगर के जिस लाल चौक पर कुछ साल पहले तक सिर्फ सुरक्षा बलों के जवान ही झुण्ड के झुण्ड दिखाई दिया करते थे, वहां आजकल लोकसभा चुनाव को लेकर स्थानीय लोग खुलकर राजनीतिक चर्चाएं कर रहे हैं। कश्मीर घाटी में धारा 370 को हटाये जाने के बाद पहली बार कोई चुनाव हो रहे हैं। तब से घाटी की स्थिति में भी अभूतपूर्व बदलाव आया है। घाटी में आतंकवाद जब चरम पर चल रहा था, तब बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों और अन्य लोग वहां से भागकर दिल्ली और दूसरे राज्यों में शरण ली थी। तब इनके सामने विस्थापन का संकट झेलने से लेकर अनिश्चित भविष्य की मुश्किलों का सामना करने के अलावा कोई दिशा या रास्ता भी तो नहीं था। 2019 में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गृहमंत्री अमित शाह ने जब धारा 370 को हटाया जिस एतिहासिक संसद के सत्र में भी भागीदार था, तब उनमें एक उम्मीद जगी है। तब से उन्हें यही महसूस हो रहा है कि अब वे किस तरह अपने कश्मीर जाकर फिर से अपनी जड़ों की ओर लौट सकेंगे। कश्मीर घाटी में आतंकवाद के दौर के बाद लाखों पंडितों ने अपमान और अत्याचार के दौर में घाटी को छोड़ा था। वे आगामी 13 मई को अपना वोट राजधानी के पृथ्वीराज रोड पर स्थित जम्मू-कश्मीर हाउस में जाकर डालेंगे। उस दिन श्रीनगर सीट के लिए वोटिंग होनी है। यहां कश्मीरी पंडितों को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने की सुविधा दी गई है। इसके बाद 20 मई (बारामूला) और 25 मई को (अनंतनाग- राजौरी) में मतदान होगा। तब भी राजधानी और इसके आसपास रहने वाले कश्मीरी पंडित यहां आकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे द्व सरकार का कहना है कि जम्मू-कश्मीर में जल्द ही विधानसभा चुनाव भी कराकर वहां की जनता की चुनी हुई सरकार को लाने और विकास कार्य में तेजी लाकर देश की मुख्य धारा से राज्य को जोड़ने के लिए प्रयास शुरू हो चुके हैं। लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में राज्य के अपने दौरे में इस बात को साफ तौर पर कहा भी था। साल 2019 में धारा 370 हटाए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का राज्य का यह पहला दौरा था। श्रीनगर के बख्शी स्टेडियम में प्रधानमंत्री मोदी को सुनने के लिए करीब दो लाख लोग वहां पहुंचे थे। इस मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने विस्तार से बताया था कि कैसे उनकी सरकार जम्मू-कश्मीर के हालात को बदलने और वहां के युवाओं के लिए भविष्य को संवारने के लिए काम कर रही है। राजधानी और एनसीआर में आज भी हजारों कश्मीरी पंडित रहते हैं। ये अधिकतर दक्षिण दिल्ली में ही रहते हैं। दिल्ली में रहने वाले कश्मीरी प्रवासियों को सरकार की ओर से हर महीने मासिक राहत पैकेज दिया जाता है। पहले यह 10,000 रुपये था, लेकिन पिछले साल 2023 में दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने इसको 10,000 रुपये से बढ़ाकर 27,000 रुपये प्रति माह कर दिया था। उप राज्यपाल ने दिल्ली सरकार के कश्मीरी प्रवासी कार्डों में नाम जोड़ने को भी मंजूरी दे दी थी। इससे प्रवासियों के बड़े और विवाहित बच्चों को अपने स्वयं के कश्मीरी प्रवासी कार्ड प्राप्त करने और एएमआर के लिए पात्र बनने की अनुमति मिल गई। उग्रवाद के दौरान विस्थापित हुए कश्मीरी परिवारों के राहत और पुनर्वास के लिए सरकार 1989-90 में एडहॉक मंथली रीलिफ (एएमआर) शुरू की थी। 16 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली में रह रहे कश्मीर लोगों के लिए इसको बढ़ाकर कश्मीरियों के लिए एक बड़ी राहत दी है। इससे पहले 2007 में सरकार ने एएमआर को 5,000 रुपये से बढ़ाकर 10,000 रुपये कर दिया था। राहत पाने वालों की संख्या भी इस बीच काफी बढ़ी है।

शुरू में जितने कश्मीरी परिवार दिल्ली में थे, अब तो उसमें काफी इजाफा हो गया है। राजधानी के जामिया मिल्लिया इस्लामिया समेत राजधानी के तमाम विश्वविद्यालयों और कालेजों में बड़ी संख्या में कश्मीरी छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं। काफी लोग विभिन्न सरकारी सेवाओं की प्रतियोगिताओं की तैयारी में जुटे हैं। सिविल सर्विस से लेकर सरकारी और गैर-सरकारी संस्थानों में काफी कश्मीरी युवक-युवतियां नौकरी भी कर रहे हैं। बड़ी संख्या में घाटी के युवक और युवतियां यहां अपना खुद का व्यवसाय कर रहे है। दिल्ली के अलावा राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और दिल्ली से सटे दूसरे शहरों में भी कश्मीर से विस्थापित बड़ी संख्या में लोग रह रहे हैं। राजधानी में रह रहे कश्मीरी समुदाय का मानना है कि वर्षो बाद उनमें एक उम्मीद की किरण जगी है। घाटी से विस्थापन के बाद कश्मीरी दंपतियों के दिल्ली में जन्म लेने वाले बच्चे भी अब बड़े हो गये हैं। वे भी अब अपने पूर्वजों की जगह कश्मीर को जाकर देखना चाहते हैं। इस बीच, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि सरकार जम्मू-कश्मीर से सशस्त्र बल विशिष्ट शक्ति (विशेष शक्तियाँ) अधिनियम कानून (एएफएसपीए) को भी रद्द करने पर विचार कर रही है। सरकार केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर से सैनिकों को वापस बुलाने की योजना बना रही है और कश्मीर की कानून व्यवस्था को अब पूरी तरह जम्मू-कश्मीर पुलिस के हवाले किया जाएगा। सरकार भी मान रही है कि जम्मू कश्मीर में आतंकियों का मूवमेंट कम हुआ है। आंकड़े बताते हैं कि आतंकवाद में 80 फीसदी कमी आई है। पत्थरबाजी की घटनाएं तो पूरी तरह खत्म ही हो गई हैं । बंद, प्रदर्शन और हड़तालें भी नहीं हो रही हैं। गृह मंत्री ने कहा, 2010 में पथराव की 2564 घटनाएं हुई थीं, जो अब शून्य हैं। 2004 से 2014 तक मौतों की कुल संख्या 2829 थी और 2014-23 के दौरान यह घटकर 915 हो गई है। यह 68 प्रतिशत की कमी है। नागरिकों की मृत्यु 1770 थी और घटकर 341 हो गई है, जो 81 प्रतिशत की गिरावट है। सुरक्षा बलों की मौतें 1060 से घटकर 574 हो गई, जो 46 प्रतिशत की कमी है।मोदी सरकार ने आतंकवादी गतिविधियों में शामिल होने के लिए 12 संगठनों पर प्रतिबंध लगाया है। 36 लोगों को आतंकवादी घोषित किया है। टेरर फंडिंग को रोकने के लिए 22 से ज्यादा मामले दर्ज किए हैं और 150 करोड़ रुपये की संपत्ति भी जब्त की है। 90 संपत्तियां भी कुर्क की गईं और 134 बैंक खाते फ्रीज कर दिए गए हैं। एक बात बहुत साफ है कि सरकार देश विद्रोही ताकतों को कुचलने के लिए तैयार है और जो वार्ता करना चाहता है उसका सदैव स्वागत भी है।हां, उसे वार्ता संविधान के दायरे में आकर करनी होगी। बातचीत की प्रक्रिया में हुर्रियत कॉन्फ्रेंस जैसे अलगाववादी संगठनों का कोई स्थान नहीं है। कहना न होगा कि अब देश बदला-बदला सा जम्मू-कश्मीर देख रहा है।**(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)**

# वोट जिहाद के बाद चुनाव में पाकिस्तान की एंट्री पर बवाल



**अशोक भाटिया**

लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस नेता और पूर्व विदेशमंत्री सलमान खुर्शीद की भतीजी मारिया के वोट जिहाद वाले बयान को लेकर सियासत तेज हो गई । कन्नौज लोकसभा सीट सेभाजपा सांसद और प्रत्याशी सुब्रत पाठक ने इस बयान पर पलटवार किया । उन्होंने कहा कि ÷इंडिया गठबंधन भारत को पाकिस्तान जैसा बनाना चाहता है, जीत के हथियारों से जिहाद करेंगी।बीजेपी सांसद सुब्रत पाठक ने कहा कि अभी तक लव जिहाद, रेड जिहाद सुना था आज इन्होंने बता दिया कि वोटों का भी जिहाद करेंगे। सरकार में आ जाएंगे तो हथियारों से जेहाद करेंगे, इनका लक्ष्य ही यही है कि हिंदुस्तान में शरिया का कानून लागू करना। भारत को इस्लामिक राज्य बनाना और पाकिस्तान जैसा भ्रष्टाचारी आतंकवादी राष्ट्र बनाकर कई टुकड़े करवा देना। अभी इस बात पर वाद विवाद चल ही रहा था कि पाकिस्तान की भी इन चुनाओं में एंट्री हो गई । ऐसा लगता है कि मोदी की हेट्रिक लगाती देख कर पाकिस्तान को अभी से चिंता सताने लगी है। पाकिस्तान के नेता घबराहट में भारत के चुनाव पर टिप्पणी कर रहे हैं। इमरान खान सरकार में सूचना मंत्री रहे फवाद चौधरी ने ऐसा बयान दिया है, जो चुनावी मैदान में बहस का मुद्दा बन गया है। इसे लेकरभाजपा नेता कांग्रेस और राहुल गांधी पर निशाना साध रहे हैं। आइए समझते हैं कि आखिर पाकिस्तान को भारत के नतीजों को लेकर इतनी दिलचस्पी क्यों है?भारत के चुनाव में पाकिस्तान की एंट्री तो पहले ही हो चुकी थी। गुरुवार को बात मजबूत सरकार और कमजोर सरकार पर आ गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के आणंद मेंभाजपा की रैली को संबोधित करते हुए फवाद चौधरी के उस बयान पर रिएक्ट किया, जिसमें उन्होंने राहुल गांधी की तारीफ की थी। मोदी ने कहा, ÷पाकिस्तान और कांग्रेस की ये पार्टनरशिप अब पूरी तरह एक्सपोज हो गई है। देश के दुश्मनों को आज भारत में मजबूत सरकार नहीं चाहिए। उनको कमजोर सरकार चाहिए।।।ऐसी कमजोर सरकार जो मुंबई में आतंकी हमले के समय थी। डोजियर भेजने वाली सरकार।दरअसल, लोकसभा चुनाव से पहले द गार्जियन की एक रिपोर्ट आई थी, जिसमें कहा गया था कि भारत की विदेशी खूफिया एजेंसी 2019 के कथित तौर पर विदेशों में हत्याएं करना शुरू किया है। पुलवामा हमले के बाद से भारत ने पाकिस्तान में 20 एक्ट्रा जुडिशियल हत्याएं करवाई है। उस समय इस पर भारत के विदेश मंत्रालय ने इसे झूठा करार दिया था, लेकिन अंदर ही अंदर पीएम मोदी, राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं के में लड्डू फूट रहे थे। क्योंकि ये उनके फेवर की बात थी कि जिस डोजियर को कांग्रेस सौंपती थी, उसमें से ही ये लोग है जिन्हें मारा गया है। हालांकि मेरे पास इसका कोई स्टेटमेंट नहीं है। इसके अलावा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से एक साक्षात्कार में पूछा गया था कि गार्जियन ने भारत पर 20 लोगों के मारने का आरोप लगाया है। इसे आप कैसे देखते हैं? अमित शाह ने जवाब में कहा था कि आप खुश हो कि नहीं हो। उन्होंने इससे इनकार भी नहीं किया था। कुल मिलाकर आज फिर चुनाव में पाकिस्तान लौट आया। 2019 का चुनावभाजपा पाकिस्तान पर किए गए स्ट्राइक के दम जीत गई थी। आने वाले दिनों में यह देखने वाली बात होगी कि किस-किस तरह से पाकिस्तान हमारे चुनाव गेस्ट अपीरियंस के रूप में आती है।बताया जाता है कि पाकिस्तान के बड़बोले नेता, पूर्व मंत्री और इमरान खान के करीबी फवाद चौधरी ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो को री-पोस्ट किया था। ये वीडियो राहुल गांधी की रैली का था। इसमें वो पीएम मोदी पर निशाना साध रहे थे। फवाद चौधरी ने वीडियो को री-पोस्ट करते हुए कमेंट लिखा, पड़ोसी मुल्क से निकला वाला बयान सोशल मीडिया पर जंगल की आग की तरह फैल गया। दिन चढ़ते-चढ़ते आग गुजरात की रैली तक पहुंच गई थी।पीएम मोदी ने आणंद की रैली में कांग्रेस और पाकिस्तान पर तंज कसे। उन्होंने कहा, ÷संयोग देखिए।।। आज जब भारत में कांग्रेस कमजोर हो रही है। मैग्नीफाइंग ग्लास लेकर भी कांग्रेस को ढूंढना मुश्किल हो रहा है। यहां कांग्रेस मर रही है, वहां पाकिस्तान रो रहा है। कांग्रेस के लिए अब पाकिस्तानी नेता दुआ कर रहे हैं। शहजादे को प्रधानमंत्री बनाने के लिए पाकिस्तान उतावला है।एक ऋऋद्ध के जवाब में मिले गृह मंत्रालय के आंकड़े के मुताबिक, 2004 से 2013 के बीच देश में 9,321 आतंकी घटनाएं हुई। इनमें 4005 आतंकी मारे गए। जबकि 2014 से 2022 के बीच 2132 आतंकी घटनाएं हुई। इनमें 1538 आतंकी मारे गए थे।इस बीच एक सवाल ये भी उठता है कि पाकिस्तान में सत्ता की दौड़ से पहले ही बाहर हो चुके फवाद चौधरी भारत में कांग्रेस के तरफदार क्यों बन रहे हैं? कहीं ये कांग्रेस के समर्थन से ज्यादाभाजपा से घबराहट को तो नहीं दिखाता है? क्या पाकिस्तान को भी 4 जून यानी भारत में हो रहे लोकसभा इलेक्शन के रिजल्ट का इंतजार है?पाकिस्तान के साथ दिक्कत ये है कि वहां के नेताओं के पास इस वक्त कोई मुद्दा नहीं है। घर के अंदर और घर के बाहर पाकिस्तान हर मोर्चे पर जिस तरह से घिरा हुआ है, आज के पहले उसकी कभी इतनी बुरी हालत नहीं थी। चुनाव के बाद भी वहां राजनीतिक स्थिरता बहाल नहीं हो पाई है। पाकिस्तान खुद को हारा हुआ महसूस कर रहा है।जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम के अध्यक्ष मौलाना फ़ज़्लुर्रहमान कहते हैं, ÷हिंदुस्तान और हम एक ही दिन आजाद हुए।15 अगस्त 1947 को सुबह 8 बजे। आज वो दुनिया की सुपरपावर बनने के ख्वाब देख रहा है। हम दिवालियापन से बचने के लिए भीख मांग रहे हैं। इसके लिए कौन जिम्मेदार है?मौजूदा हालत को देखकर पाकिस्तान की आवाम का भी सब्र टूट रहा। सना अमज़द कहती हैं, ÷हमारा पॉलिटिकल निजाम नाकाम है। हम ना तीतर हैं ना बटेर। स्टेट पॉलिसी है ही नहीं।÷ खैज़र नाम के शख्स का पाकिस्तानी हुकूमत से सवाल है, ÷इंडिया आपसे आगे निकल रहा है। इजरायल आगे है। आप इस्लामी ब्लॉक बनाने जा रहे थे। क्या हुआ?÷ मौलाना फ़ज़्लुर्रहमान कहते हैं, ÷पाकिस्तान की अवाम जब भारत की ओर देखती है, तो अपनी सरकार को कठघरे में खड़ा करना उसकी मजबूरी हो जाती है। ये मजबूरी।।।फिलहाल और ज्यादा बढ़ गई है। क्योंकि चुनाव के मैदान में लगातार पाकिस्तान की आतंकी छवि का जिक्र बना हुआ है।पाकिस्तान इस समय एक साथ कई मोर्चों पर जूझ रहा है। भारत में घुसपैठ कराना अब उसके लिए आसान नहीं रहा। अलग-अलग ग्लोबल मंच पर भारत पहले ही पाकिस्तान को अलग-थलग कर चुका है। अफगानिस्तान से सटे बॉर्डर पर भी तालिबान उसे बार-बार आंख दिखा देता है। बलूचिस्तान में क्रांति की लपटें अलग उठ रही हैं। क्क्ष्य भी बार-बार इस्लामबाद को धमकी दे रहा है। इन सबके बीच पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली उसे खोखला किए जा रही है। जाहिर है पाकिस्तान को खुद में बदलाव लाने की जरूरत है, क्योंकि आतंकवाद के खिलाफ भारत की पॉलिसी तो अटल है।पाकिस्तान के जिस नेता ने राहुल गांधी की तारीफ की है। वो भारत विरोधी ज़हरीले बयानों के लिए भी कुख्यात हैं। ये वही फवाद चौधरी हैं, जिन्होंने पाकिस्तान की संसद में सीना चौड़ा करके कबूल किया था कि पुलवामा के पाप को पाकिस्तान ने ही अंजाम दिया है।

पाकिस्तान को भारत से कितना डर लगता है? खुद पाकिस्तान की संसद में इस बात की गवाही दी गई। पाकिस्तान के एक सांसद ने बताया कि उसके विदेश मंत्री को डर था कि कहीं भारत हमला ना कर दे। लेकिन पाकिस्तान की इसी संसद में कुछ साल पहले एक और वाकया हुआ। पड़ोसी मुल्क ने खुलेआम ये स्वीकार किया कि पुलवामा में जो आतंकी हमला हुआ, वो पाकिस्तान ने ही कराया था।फवाद चौधरी ने संसद में कबूल किया था, ÷हमने हिंदुस्तान को घुसके मारा है। पुलवामा में जो हमारी कामयाबी है।।। इस कौम की कामयाबी है। उसके हिस्सेदार हम सब हैं।÷जाहिर है पुलवामा हमले को पाकिस्तान का गौरव बताने वाले फवाद चौधरी अगर राहुल गांधी की तारीफ करेंगे, तो कांग्रेस के विरोधी इसे कैसे जाने देंगे। वो भी तब, जबकि मौसम चुनावी है। **वरिष्ठ स्वतंत्र पत्रकार ,लेखक, एवं टिप्पणीकार**

# अगर आप भी सुबह बिना ब्रश किए पीते हैं पानी तो जान लें ये जरूरी बात, जानें सुबह पानी पीने का सही समय



क्या आप भी सुबह उठकर बिना ब्रश किए सबसे पहले पानी पीते हैं. अगर हां तो कितना. दरअसल, बहुत से लोग सुबह उठकर खाली पेट खूब सारा पानी पीते हैं. उनका मानना है कि इससे शरीर की गंदगी बाहर निकलती है. डॉक्टर्स का कहना है कि एक दिन में कम से कम 10-12 ग्लास पानी पीना चाहिए लेकिन क्या ब्रश ब्रश किए बिना पानी पीना चाहिए या इससे कोई नुकसान है. आइए जानते हैं इसका जवाब...

सुबह बिना ब्रश पानी पीना चाहिए या नहीं

1. सुबह-सुबह पानी पीने से सेहत अच्छी बनी रहती है. इससे पूरे दिन आपका शरीर हाइड्रेटेड रहता है. ऐसा करने से पेट से जुड़ी समस्याएं नहीं होती है. आपकी स्किन हमेशा चमकदार बनी रहती है.

2. हेल्थ एक्सपर्ट्स का कहना है कि बिना ब्रश किए पानी पीना फायदेमंद होता है. इससे पाचन शक्ति मजबूत होती है. इसके अलावा दिन में जो कुछ भी खाते-पीते हैं, वह आसानी से पच जाता है. सुबह ब्रश करने से पानी पीने से शरीर कई बीमारियों से बच जाता है.

3. सुबह उठकर बिना ब्रश किए खाली पेट अगर पानी पीते हैं तो रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी इम्यूनिटी काफी ज्यादा स्ट्रॉन्ग हो जाती है. आप जल्दी से सर्दी, खांसी, जुकाम की चपेट में नहीं आते हैं और कई सारी बीमारियां शरीर से दूर ही रहती हैं.

4. लंबे, घने बाल और ग्लोइंग स्किन के लिए सुबह ब्रश करने से पहले पानी पीना फायदेमंद होता है. इससे पेट की हर समस्या का खात्मा भी हो सकता है. कब्ज, कच्ची डकार, मुंह के छाले से भी निजात मिलती है.

5. हाई ब्लड प्रेशर और शुगर के मरीजों के सुबह ब्रश से पहले पानी पीना चाहिए. ऐसा करने से उनका बीपी कंट्रोल रहता है. इस आदत से मोटापा भी नहीं होता है और वेट में मेंटेन रहता है.

6. मुंह से बदबू आती है तो सुबह उठकर एक गिलास गुनगुना पानी पीना फायदेमंद हो सकता है. दरअसल, रात में सोते समय मुंह में सलाइवा की कमी हो जाती है, जिससे मुंह सूख जाता है और कई तरह के बैक्टीरिया पैदा हो जाते हैं, इससे मुंह बदबू करने लगता है. ऐसे में सुबह उठकर एक गिलास गुनगुना पानी पीने से यह समस्या समाप्त हो जाएगी.

# गर्मियों में शरीर को भरपूर हाइड्रेशन और ठंडक दे सकते हैं तरबूज के ये 5 पेय

गर्मियों में आने वाले फलों में से एक तरबूज में भरपूर पानी और कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं, जिस वजह से पोषण विशेषज्ञ इसे डाइट में शामिल करने की सलाह देते हैं।हालांकि, अगर आपका बच्चा या घर में से कोई व्यक्ति तरबूज का सेवन करना पसंद नहीं करता है तो आप इस फल को स्वादिष्ट पेय का रूप देकर उन्हें इसके फायदे दे सकते हैं।आइए आज हम आपको तरबूज के विभिन्न पेय की रेसिपी बताते हैं।



**तरबूज लेमनेड**

इसके लिए पहले एक जग में तरबूज का रस और थोड़ा नींबू का रस मिलाएं।अब एक सॉस पैन में चीनी और एक कप पानी उबालें। जब यह मिश्रण ठंडा हो जाए तो इसे तरबूज वाले मिश्रण में मिलाएं।इसके बाद इसे गिलास में भरें और बर्फ के कुछ टुकड़े डालकर इसका आनंद लें।यह पेय इम्यूनिटी को बढ़ावा देने और पाचन को सुधारने में भी मदद कर सकता है।यहां जानिए गर्मियों के लिए लाभदायक अन्य पेय।

**तरबूज की स्मूदी**

सबसे पहले मिक्सी में तरबूज के टुकड़े, दूध और बर्फ को डालकर अच्छे से ब्लेंड करें, फिर इसे परोसें।अगर आप दूध का इस्तेमाल करना पसंद नहीं करते हैं तो योगर्ट से स्मूदी तैयार कर सकते हैं।इसके अतिरिक्त आप इस स्मूदी को नारियल पानी, बर्फ और थोड़े सोडे के साथ भी इसे बना सकते हैं। बस इसमें अधिक तरबूज के टुकड़े डालें।यहां जानिए त्वचा के लिए लाभदायक स्मूदी की रेसिपी और उसके फायदे।

**तरबूज मोजितो**

यह मीठे-रसदार तरबूज, खट्टे नींबू और ताजे पुदीने का एक उत्तम मिश्रण है।इसे बनाने के लिए तरबूज के टुकड़ों को अच्छे से ब्लेंड करें और फिर इसे छान लें।अब एक गिलास में नींबू का रस, पुदीने के पत्ते और थोड़ी-सी चीनी या शहद डालकर अच्छे से मिलाएं, फिर इसमें बर्फ डालें और इसके ऊपर तरबूज का रस डालें।इसके बाद गिलास में सोडा पानी डालें, फिर इसमें तरबूज के कुछ छोटे टुकड़े डालकर इन्हें परोसें।

**वॉटरमेलन चिया कूलर**

इसे बनाने के लिए सबसे पहले तरबूज (बीज निकले हुए) को मिक्सी में पीस लें।अब इसे एक गिलास में छानकर नींबू के रस के साथ मिलाएं, फिर गिलास में थोड़ा काला नमक, बारीक कटी पुदीने की पत्तियां (वैकल्पिक) और शुगर सीरप (स्वादानुसार) मिलाएं।अंत में इसमें ठंडा पानी और चिया सीड्स डालें, फिर इस स्वादिष्ट पेय का आनंद लें।

**तरबूज का फ्लेवर वॉटर**

इसे बनाने के लिए सबसे पहले जार में तरबूज के छोटे-छोटे टुकड़े, थोड़ा सा नींबू का रस और तुलसी की ताजा पत्तियां डालें।अब इसमें ठंडा पानी और कुछ बर्फ के टुकड़े डालें। यकीनन यह आपको बहुत पसंद आएगा।आप चाहें तो ऐसे ही आइस्ड टी बना सकते हैं, बस इस मिश्रण में ग्रीन टी को बनाकर और ठंडा करके इसमें मिलाएं।यहां जानिए अन्य फ्लेवर वॉटर की रेसिपी।

# जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटटों का अफीम कोठी सभागार में दो दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

## क्रिटिकल और वर्लनेबुल बूथों का विशेष प्रवेक्षण और निरीक्षण करें असामाजिक तत्वों के खिलाफकी जाये कठोर कार्यवाही-सीडीओ





**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को पारदर्शी, निष्पक्ष एवं सकुशल ढंग से सम्पन कराने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव रंजन के नेतृत्व में दो पालियों में जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेऊटों की प्रशिक्षण कार्यशाला अफीम कोठी सभागार में सम्पन्न हुई। प्रशिक्षण कार्यशाला को सम्बोधित करते हुये मुख्य विकास अधिकारी/प्रभारी अधिकारी मतदान कार्मिक नवनीत सेहारा ने कहा कि सभी जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेऊट पोलिंग पार्टी के रवानगी के दिन सुबह 8 बजे एटीएल ग्राउण्ड पहुॅच कर अपनी-अपनी पार्टी को रवाना करेगें। अपने सेक्टर की पार्टियों को अपरान्ह 1 बजे तक अनिवार्य रूप से रवाना करें, समय-समय पर जनपदीय कन्ट्रोल रूम और अपने उच्च अधिकारियों को सूचना देते रहे। क्रिटिकल एवं वर्लनेबुल बूथों का विशेष प्रवेक्षण और निरीक्षण करें, निर्वाधन में बाधा उत्पन्न करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफकठोरता के साथ कार्यवाही की जाये।

उन्होने कहा कि जोनल एवं सेक्टर मजिस्टेऊट अपने सेक्टर एवं जाने के बारे में विस्तृत जानकारी रखें, सम्बन्धित थानों के फोन नम्बर अपने पास सुरक्षित कर लें जिससे चुनाव के दिन सम्पर्क करने में किसी प्रकार की दिक्कत न हो। प्रशिक्षण में सुपर मास्टर टेऊनर्स के रूप में डा0 विन्ध्याचल सिंह, डा0 मो0 अनीस एवं एआरपी धर्मेन्द्र ओझा रहे तथा टेक्निकल मास्टर टेऊनर के रूप में अशोक शुक्ला एवं नसीमुद्दीन रहे।

इस प्रशिक्षण में सामान्य प्रशिक्षण एवं ईवीएम सम्बन्धित प्रशिक्षण एवं विशेष निर्देश जोनल और सेक्टर मजिस्टेऊट को दिये गये जैसे पोलिंग रवानगी के दिन सुबह 8 बजे से एटीएल ग्राउण्ड प्रतापगढ़ पहुॅचना है, अपनी पार्टियों की पहचान कर उन्हें निर्धारित वाहनों से उनके मतदान केन्द्रों पर रवाना करना है, शाम को अपनी उपस्थिति लेनी है, सुबह 5.30 बजे मॉक पोल में मतदान केन्द्र पर उपस्थित रहना है, मतदान प्रतिशत दो-दो घंटे पर कन्ट्रोल रूम को उपलब्ध कराना है, शाम को मतदान समाप्ति पर शील्ड ईवीएम और मतदान सामग्री महुली मण्डी में अपनी पोलिंग पार्टी के द्वारा जमा करवाना है आदि के बारे में पावर प्वाइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा सुपर मास्टर टेऊनर डा0 मो0 अनीस एवं धर्मेन्द्र ओझा द्वारा दिया गया जिसमें निर्वाचन की प्रक्रिया शुरू से लेकर अंत तक दिखाई गयी और नये अपडेट्स के बारे में बताया गया।

इस अवसर जिला विकास अधिकारी राकेश प्रसाद, जिला विद्यालय निरीक्षक सरदार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र सिंह, उप निदेशक एवं प्राचार्य अफीम कोठी मंजू वर्मा, प्राचार्य आईटीआई कुण्डा रूपेश कुमार सहित जेपी चौधरी, गौरव पाण्डेय और प्रशिक्षु उपस्थित रहे।

# लूट, दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त गिरफ्तार

## लूट का 1200 रुपये नगद, घटना में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी बरामद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रखहा,प्रतापगढ़।** पुलिस ने लूट के रूपये तथा घटना में प्रयुक्त बोलेरो गाडी के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध,अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है।

इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी श्री दुर्गेश कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी पट्टी के नेतृत्व में थाना कंधई के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार मय हमराह उ0नि0 मिथिलेश चौरसिया, हे0का0 शिवशंकर सिंह,0 विकेश मिश्रा, म0का0 प्रीती सिंह, का0 कणाद मुनी व प्रभारी स्वाट टीम उ0नि0 श्री सुनील यादव मय हमराह उ0नि0 दिनेश सिंह हे0का0 धनन्जय राय, का0 अरविन्द दुबे का0 जागीर सिंह, का0 श्रीराम सिंह द्वारा देखभाल क्षेत्रध् तलाश वांछित वारण्टी अभियुक्त, संदिग्ध व्यक्ति, वाहनों की चेकिंग एवं विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना कंधई पर पंजीकृत मु0अ0स0 102,24 धारा 323,367,376 डी, 394,411 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त 01. पवन कुमार सरोज पुत्र बाबूलाल नि0 पुरवातेज सिंह थाना सग्रामगढ़ जनपद प्रतापगढ़ को थानाक्षेत्र कंधई के मंगापुर चौराहा के पास से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से अभियोग से सम्बन्धित लूट का 1200- रुपये नगद, घटना में प्रयुक्त बोलेरो गाड़ी बरामद किया गया । उक्त बरामदगी के आधार पर अभियोग उपरोक्त में धारा 411 भादवि की बढ़ोत्तरी की गई। गिरफ्तार अभियुक्त पवन कुमार सरोज उपरोक्त ने पूछताछ में बताया कि मैं और हमारे साथी 01. शहबाज उर्फ अरबाज उर्फसब्बे पुत्र धम्मन निवासी कुरैशी का पुरवा राहटीकर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ 02. सद्दाम पुत्र अलेमान निवासी कुरैशी का पुरवा राहाटीकर थाना उदयपुर जनपद प्रतापगढ़ मिलकर बोलेरो गाडी से रात में निकलकर लूटपाट करते हैं तथा लूट की सम्पत्ति को बेचकर पैसों को आपस में बाट लेते हैं। हमारे 02 साथी अंधेरे में भौगोलिक स्थित का फायदा उठाकर भाग निकले । नगद 1200 रुपये के संबंध में बताया कि महिला के पहने हुए गले की लाटेक, पहने हुए पायल व उसके पर्स को हम लोगो ने छीन लिया था पर्स में 700 रुपये मिले थे तथा गले का लॉकेट व पायल को उसी दिन सुबह राहगिरों को 4200 रुपये में बेच दिये थे एवं गाडी के तेल का खर्चा निकालने के बाद पैसे का आपस में बंटवारा कर लिये था, आज जो मेरे पास से 1200 रुपये मिले हैं वह उसी लूट से सम्बन्धित लूटे हुए गहने के बिक्री के बचे पैसे हैं। शेष पैसा खर्च हो गया है। हम तीनो लोगों नें इसी बोलेरो गाडी से साल्हीपुर कंजास गाव होते हुए कोहड़ौर की तरफ जा रहे थे कि दिनांक 24.04.2024 की रात्रि में हम लोग नऊवाबर, साल्हीपुर कंजास गांव के सामने तिराहे पर पुलिया के पास एक आदमी व एक औरत मोटर साइकिल के साथ खडे थे उसी समय अपनी गाड़ी को रोककर आदमी से मारपीट करते हुए धक्का देकर खन्ती में गिरा दिया था।

# शहर में पशुओं के पानी के लिये रखा जायेगा कुंड



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन प्रतापगढ़ शाखा सेवा प्रकल्पों के लिए हमेशा तत्पर रहती है। वर्तमान में भयंकर गर्मी में शहर में गाय,सांड आदि पशुओं को पानी पीने के लिए भटकना पड़ रहा है,जिसको देखते हुए हमारी शाखा ने जगह जगह पानी पीने के कुंड रखवाने का निर्णय लिया है।जीव सेवा (गौ सेवा) करना हमारा परम धर्म है,इसी सोच के साथ समिति की सभी बहनों ने मिलकर शहर में अभी बाबागंज,चौक, बेल्हा देवी,श्यामबिहारी गली आदि स्थानों पर पानी पीने के कुंड रखवाये हैं। भविष्य में और स्थलों पर भी रखवाना है।गौ सेवा राष्ट्र सेवा है गौ माता मोक्ष का द्वार है हम सब के लिए।सेवा कार्य में सहयोगी संगीता खंडेलवाल, नीरजा खंडेलवाल,किरण अग्रवाल,सुधा अग्रवाल, सुनीता, शिल्पी, सीमा, तान्या,क्षमा, मीनू, अर्चना ,प्रिया नीतू अग्रवाल नमिता खण्डेलवाल चित्रा अग्रवाल मुख्य रूप से रहे।

# भाकपा नेता का0अतुल अंजान के निधन पर कार्यकर्ताओं में शोक

## स्वामीनाथन आयोग में किसानों के थे एकमात्र प्रतिनिधि



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** देश के अब तक के पहले किसान आयोग स्वामीनाथन आयोग में किसानों की ओर से एकमात्र प्रतिनिधि अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय महासचिव अतुल कुमार अंजान जो कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव हैं की आज बीती रात लखनऊ में इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने पर जनपद प्रतापगढ़ पंचमुखी मंदिर परिसर बलीपुर प्रतापगढ़ एक आकस्मिक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा के दौरान स्वर्गीय अतुल कुमार अंजान के चित्र पर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की इस अवसर पर प्रमुख रूप से पुष्पांजलि एवं श्रद्धांजलि देने वालों में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य परिषद के सदस्य एवं मजदूर नेता हेमंत नंदन ओझा, किसान सभा के अध्यक्ष राजमणि पांडे महामंत्री निर्भय प्रताप सिंह, अब्दुल रशीद, सुरेश शर्मा अनिल कुमार गुप्ता, वीरेंद्र कुमार मिश्रा मनोज कुमार आदि प्रमुख रूप से रहे। इस अवसर पर अतुल कुमार अंजन को श्रद्धांजलि देते हुए हेमंत नंदन ओझा ने कहा कि अतुल कुमार अंजान की प्रारंभिक शिक्षा लखनऊ के नेशनल कॉलेज में हुई थी जहां वे छात्र संघ के अध्यक्ष भी रहे फिर वह विश्वविद्यालय लखनऊ छात्र संघ के लगातार कई वर्षों तक अध्यक्ष रहे अतुल कुमार अंजान ऑल इंडिया स्टूडेंट्स फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा देश के विभिन्न संगठनों में रहे। उन्होंने स्वामीनाथन आयोग के सदस्य के रूप में देश के किसानों की बदहाली और उसके दूर करने के उपाय से स्वामीनाथन आयोग की रिपोर्ट को महत्वपूर्ण बनाया जिसे लागू करने के लिए आज देशभर के किसान आंदोलन और किस संगठन मांग कर रहे हैं और प्रयासरत हैं। उन्होंने अपने जीवन में कभी भी मूल्य के साथ समझौता नहीं किया और सिद्धांतों पर रहते हुए अपने अंतिम क्षणों तक देश के किसानों मजदूरों के लिए राजनीति किया, कभी संसदीय भटकाव के शिकार नहीं हुए।उनकी विभिन्न भाषाओं में पकड़ थी इसीलिए वह देशभर में सभी अंचलों में काफी लोकप्रिय रहे हैं। उल्लेखनीय है की अतुल कुमार अंजान का अंतिम संस्कार लखनऊ में किया जाएगा जिसमें देशभर से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सहित विभिन्न दलों के नेता प्रतिभा करेंगे। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में अंत में 2 मिनट का मौन रखकर उनके प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# डेमो ट्रेन की चपेट में आने से महिला की दर्दनाक मौत



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कटरा मेदनीगंज, प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात अंतर्गत राजगढ़ गांव निवासी सोनकली उम्र 48 पत्नी लालमनि पाल अपने मवेशियों को चराने के लिए मांधाता थाना क्षेत्र के उमरपुर गांव गई थी। जहां पर कुछ मवेशी रेलवे ट्रैक पार करके पश्चिम दिशा की तरफचले गए थे। महिला मवेशियों को वापस रेलवे ट्रैक के उस पार कर दिया और खुद रेलवे ट्रैक पार करने लगी। रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान प्रयागराज की तरफ से आ रही डेमो ट्रेन की चपेट में आ जाने की वजह से घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। साथ रहे पड़ोसियों ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। रोते बिलखते परिजन घटनास्थल की ओर भाग कर पहुंचे। रेलवे ट्रैक पर क्षत विक्षत शव देखते ही वहां पर कोहराम मच गयाघ। मृतका के दो बेटे शादीशुदा तथा एक बेटी अविवाहित है। घटनास्थल पर सांत्वना देने के लिए भारी भीड़ जमा हो गई । सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# अधिवक्ताओं के चुनाव को लेकर बढ़ती जा रही सरगर्मी, वीडियोग्राफी के साथ होगी मतगणना

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के आगामी सात मई को होने वाले चुनाव को लेकर शुक्रवार को तहसील परिसर में चुनावी माहौल सरगर्मी में दिखा। अध्यक्ष समेत विभिन्न पदों के उम्मीदवारों को साथी अधिवक्ताओं के बीच समर्थन की गुहार में मशक्कत करते देखा गया। वहीं चुनाव समिति कार्यालय पर भी मतदान एवं मतगणना के प्रबन्धों को लेकर पदाधिकारी रणनीतिक चर्चा में दिखे। अध्यक्ष तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष व उपाध्यक्ष एवं महामन्त्री पद पर किस्मत अजमा रहे प्रत्याशियों को परिसर में समर्थक अधिवक्ताओं के साथ घूम घूम कर अपना माहौल बनाने में मशगूल देखा गया। अधिवक्ता हितों के लिए संघर्ष की दुहाई देते उम्मीदवार अपने पक्ष में गुणा भाग भी करते दिखे। हालांकि सामान्य अधिवक्ताओं को अभी प्रत्याशियों का मनोबल बढ़ाते ही देखा जा रहा है। तहसील पार्क में पूरा दिन चुनावी रंगत में प्रत्याशियों के द्वारा अधिवक्ताओं की आवभगत में चढ़ा दिखा। इधर चुनाव समिति के कार्यालय में अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल, महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र, एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, विकास मिश्र, राममोहन सिंह, अजय शुक्ल गुडडू, लाल राजेन्द्र सिंह, रामलगन यादव, वीरेन्द्र सिंह, राधारमण शुक्ल, बेनीलाल शुक्ल, कालिका प्रसाद पाण्डेय को मतदान के दिन प्रबन्धों के साथ मतगणना की भी प्रक्रिया सुनिश्चित करने में मशक्कत में देखा गया। चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि इस बार प्रत्याशियों की मांग पर मतगणना प्रक्रिया मीडिया की उपस्थिति के साथ वीडियोग्राफी के बीच करायी जाएगी। वहीं जैसे जैसे अधिवक्ताओं के चुनाव मे मतदान की तिथि नजदीक आ रही है। देर शाम तक तहसील परिसर में चुनावी गणित बनाने और बिगाड़ने में उम्मीदवारों के छत्रपों को भी भाग दौड़ में पसीना बहाते देखा जा रहा है।

# भण्डारों में उमड़े श्रद्धालु, चखा प्रसाद

**लालगंज, प्रतापगढ़।** जन कल्याण की कामना के साथ बाबा घुइसरनाथ धाम में भण्डारे का आयोजन हुआ। वही आयोजको द्वारा बाबा के भव्य श्रृंगार आरती में श्रद्धालु मंत्रमुग्ध दिखे। मंदिर के महन्थ मयंक भाल गिरि व पं. वीरेन्द्रमणि के मंत्रोच्चारण के मध्य सामूहिक आरती पूजन में लोक मंगल की श्रद्धालुओं ने प्रार्थना की। भण्डारे का आयोजन समाजसेवी विभवभूषण शुक्ल ने किया। सह संयोजक शशिभूषण शुक्ल ने देवाधिदेव महादेव का श्रीअभिषेक किया। इस मौके पर आइन्सटीन पब्लिक स्कूल की निदेशक श्रुति शुक्ला, संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, डा. सौरभ मिश्र, राकेशचंद्र तिवारी, हरीश मिश्र, मनोज ओझा, महेन्द्र पाठक आदि रहे। इधर नगर के अझारा वार्ड में भी श्रीमदभागवत कथा को लेकर भण्डारे में श्रद्धालुओं ने देर शाम तक प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे का संयोजन प्रवीण कुमार मिश्र व श्रवण कुमार मिश्र तथा निर्मला मिश्र ने किया। आयोजकों द्वारा कथाव्यास आचार्य करूणाशंकर दुबे तथा यज्ञाचार्य पं. शिवानंद मिश्र का सम्मान भी किया गया।

# आत्रेय एकेडमी आयोजित हुई अग्निशमन निकासी ड्रिल



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** नगर के फुलवारी कटरा रोड स्थित आत्रेय एकेडमी में अग्निशमन निकासी ड्रिल के दौरान अग्नि सुरक्षा के महत्व को साझा किया गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी राजू, प्रभारी अग्निशमन अधिकारी अतुल त्रिपाठी और लीडिंग फायरमैन राधेश्याम दूबे ने विद्यालय के स्टाफ और छात्र-छात्राओं को अग्नि सुरक्षा के महत्वपूर्ण तथ्यों को समझाया। ड्रिल के दौरान, गर्मी के मौसम में लगने वाली आग के कारणों और उससे बचाव की जानकारी भी दी गई। साथ ही, उपरी मंजिल में फंसे व्यक्तियों को सकुशल निकालने का अभ्यास भी किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने फायर सर्विस यूनिट की सराहना की, जो अग्नि सुरक्षा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे रही है। इस पहल के माध्यम से, विद्यालय ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का पूरा निर्वाह किया और छात्रों तथा स्टाफ को आग के खतरों से बचाव के लिए सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में फायर सर्विस की टीम से सत्यप्रकाश यादव, अमित सिंह, विजय बहादुर यादव, अनिंद्य शंकर प्रधानाचार्य ,संदीप श्रीवास्तव प्रबंधक ,अभिषेक सर, केडी सर मृत्युंजय सर, रजनीश सर, राम सर, युग्म सर, रहमान सर, अनूप सर, अरुण सर,सौरस सर, नेहा मैडम प्रियंका मैडम, रीता एवं समस्त विद्यालय परिवार भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित थे।

# रंजिश के चलते दो पक्षों में खूनी संघर्ष,,एक की मौत

## दूसरे पक्ष से एक की हालत गंभीर, रेफर

**लोकमित्र ब्यूरो**

**बिहार /प्रतापगढ़** -बाघराय थाना क्षेत्र में गैंग बना कर राहुल सरोज 17 वर्ष पुत्र सुखलाल ने अपने साथियों के साथ मुड़ियापुर काशीपुर डुबकी पहुँच कर चाय पान की दुकान पर बैठे चंदन यादव पर हमला बोल दिया। अचानक हुए हमले से चंदन के साथ मौके पर इधर उधर रहे लोग भी कुछ समझ नहीं पाऐ । करीब दर्जन भर हमलावर अचानक से चंदन यादव को घेर कर मारना शुरू कर दिए तो चन्दन ने गुहार मचा दी। हल्ला गुहार सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने राहुल की गैंग को घेर लिया । ग्रामीणों द्वारा खुद को घिरा देखकर हमलावर अवैध तमंचे से फायरिंग करने लगे,जिससे ग्रामीण कुछ पीछे हट गए। इस वजह से राहुल के कुछ साथी मौके से भागने में कामयाब हो गए। वही मौके से न भाग पाने के कारण आक्रोशित ग्रामीणों ने राहुल को बुरी तरह मारपीट दिया,जिससे राहुल को गंभीर चोटें आई। इसके पूर्व राहुल व उसकी गैंग द्वारा अचानक हमला करने से चंदन को भी गंभीर चोटें आई। बुरी तरह मारने के कारण चंदन भी मरणासन्न हो गया,तभी कुछ स्थानीयों द्वारा आनन फानन में एम्बुलेंस को सूचना दे दी तो एम्बुलेंस के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बाघराय लेकर आयी तो डॉक्टरों ने एक युवक राहुल को मृत घोषित कर दिया। साथ ही बाघराय पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वही दूसरा चन्दन जोकि गंभीर रूप से घायल था को प्राथमिक इलाज के बाद सीएचसी बाघराय से एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया गया गया। बता दें कि घटना स्थल और सी एच सी बाघराय पर एडिशनल एसपी पश्चिमी संजय राय,थानाध्यक्ष जेठवारा,थानाध्यक्ष बाघराय मय पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। वही घटना स्थल पर पुलिस की जांच में एक तमंचा और बॉडी मुकदर मिले हैं। वही फोरेंसिक टीम भी घटना स्थल पर जांच में जुटी हैं। खबर लिखे जाने तक दोनो पक्षों से कोई तहरीर पुलिस को नही दी गई थी।




# जहरीला पदार्थ खाने से वृद्धा की हालत गंभीर, रेफ़र

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा-प्रतापगढ़।** पारिवारिक कलह से तंग वृद्धा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया गया है। महेशगंज थाना क्षेत्र के सोतवां झींगुर गांव निवासिनी राजकुमारी 65 वर्ष पत्नी कड़े दीन यादव घरेलू विवाद से तंग आकर आत्म हत्या करने के लिए घर में रखा कीटनाशक जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजनों को जब जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। तत्काल इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुंडा में ले जाकर भर्ती कराया । इलाज के बाद भी स्वास्थ्य में सुधार न होने पर चिकित्सक ने बेहतर इलाज के लिए स्वरूप रानी नेहरू चिकित्सालय प्रयागराज रेफर कर दिया। हालांकि वह अब खतरे के बाहर बताई जा रही है।

# प्रेस की स्वतंत्रता लोकतांत्रिक राष्ट्र के लिए आवश्यक - डॉ विजय

## अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर संगोष्ठी आयोजित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा-प्रतापगढ़।** किसी भी लोकतांत्रिक राष्ट के लिए प्रेस की स्वतंत्रता बहुत ही आवश्यक है। क्योंकि प्रेस की आजादी के बिना लोकतंत्र उसे राष्ट में फल फूल नहीं सकता है। इसीलिए संयुक्त राष्ट संघ 3 मई सन 1993 में प्रेस की स्वतंत्रता को अंगीकार करते हुए यह निर्णय लिया की प्रतिवर्ष 3 मई को अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाया जाए। 3 मई सन 1994 को पहली बार संयुक्त राष्ट संघ समेत दुनिया के तमाम देशों ने प्रेस की स्वतंत्रता दिवस को मनाने का कार्यक्रम प्रारंभ किया जो प्रतिवर्ष मनाया जा रहा है। भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की कुंडा तहसील इकाई द्वारा अंतरराष्ट्रीय प्रेस स्वतंत्रता दिवस पर कुंडा डाक बंगला में आयोजित संगोष्ठी को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार डॉ विजय यादव ने अपने संबोधन में उक्त उद्गार व्यक्त कर रहे थे।संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे हैं तहसील अध्यक्ष पन्नालाल गुप्ता ने कहा कि प्रेस की आजादी ही किसी भी राष्ट के नागरिकों के विचारों की अभिव्यक्ति व उनकी स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ है। इसलिए जिस देश में प्रेस की स्वतंत्रता है। वह राष्ट तेजी से विकास के पथ पर अग्रसर है। जहां पर प्रेस की स्वतंत्रता पर अंकुश है। वहां तानाशाही विचारधारा के शासक ही ऐसा कर सकते हैं। आगामी 30 मई पत्रकारिता दिवस को धूमधाम से मनाया जाने का भी निर्णय लिया गया है।इस मौके पर शाहबाज खान, सोहेल अहमद, अजमत अली, धीरू मिश्रा, रवि मोदनवाल इजहार अहमद शेख, मनोज पटेल समीर अन्य पत्रकार गण मौजूद रहे।

# लापरवाह बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**महेशगंज प्रतापगढ़।**नगर पंचायत हीरागंज के ऐंधा निवासी विनोद कुमार सरोजपुत्र कल्लू का आरोप है कि गांव के ही बादल मौर्य पुत्र मनोज कुमार मौर्य 22 अप्रैल की शाम बाइक से तेज गति से जा रहा था । उसने मेरे दरवाजे के सामने से मोबाइल पर बात करते हुए बाइक से मेरे दरवाजे पर बैठी मेरी मां को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे उसका हाथ दो जगह से फैक्चर हो गया और पूरी शरीर में गंभीर रूप से चोट आई। पीड़ित ने मामले की शिकायत स्थानीय पुलिस से की लेकिन कोई सुनवाई न होने पर पीढ़ी द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी से शिकायत की गई। एएसपी के आदेश पर पुलिस ने लापरवाह चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

# तीसरे दिन भी जारी रहा बच्चा बैंक का पीड़ित राहत अभियान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रतापगढ़।** खजुरनी गांव के बोधी पांडेय का पुरवा गांव में अग्नि पीड़ितों की मदद के लिए बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी का आर्थिक सहयोग और राहत सामाग्री पहुंचाने का अभियान शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रहा। डाक्टर सोने लाल पटेल स्वशासी मेडिकल कालेज के वरिष्ठ फिजिशियन और ग्रुप के वरिष्ठ सहयोगी डाक्टर मनोज खत्री की तरफसे दी गई राहत सामाग्री कपड़े, खाने का सामान तेल, साबुन इत्यादि ग्रुप के छात्रों साहिल और हिमांशु ने पीड़ित परिवार को पहुंचाने का काम किया। यह जानकारी ग्रुप के सहयोगी शनि कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप की तरफसे हर संभव मदद की जा रही है। आगे भी होती रहेगी।

# एमएमडी पब्लिक स्कूल का वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कुंडा-प्रतापगढ़।** एम एम डी पब्लिक स्कूल कोटिला अख्तियारी का वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही परीक्षाफल का प्रमाणपत्र पाकर बच्चे खिलखिलाकर उछल पड़े। स्कूल की तरफ से बच्चों को प्रमाणपत्र के साथ मेडल पहनाकर आशीर्वाद देकर सम्मानित व पुरस्कृत किया। समारोह में विद्यालय की प्रबंधिका श्रीमती बीना रानी व सेवा निवृत्त चेयरमैन आईआरएस मोहन लाल ने सभी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। विद्यालय में प्रधानाचार्या शुभाक्षां जोशी, उपप्रधानाचार्य विपिन यादव, अमित पांडे, अजय शुक्ला, आशुतोष मिश्र, अनुज ओझा, गोविंद जी, हिमांशु समेत प्रबंध तंत्र के पदाधिकारी, शिक्षक, शिक्षिकाएं अभिभावक व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# 10 लाख कीमत के गांजा के साथ 2 अंतर्राज्यीय ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर**-अहरौरा पुलिस ने 2 अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 10 लाख की कीमत का गांजा बरामद किया है तथा तस्करी में प्रयुक्त इनोवा वाहन को जब्त किया है।घटना का विवरण पत्रकारों को देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह ने बताया कि मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार थाना अहरौरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम एक्का जंगल वाटर पार्क मोड़ के पास से इनोवा कार सवार 2 अन्तर्राज्यीय शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया । जिनके द्वारा पूछताछ में अपना नाम पता दीपक कुमार निवासी मकान नं0-21/4 राजीव गांधी कॉलोनी थाना फोकल प्वाइंट लुधियाना पंजाब व सोविंग कुमार आहूजा निवासी मकान




नं0-बी/33/374 न्यू जनकपुरी थाना सलेम टबरी लुधियाना पंजाब बताया गया तथा इनोवा कार के चारों गेट में लगे फाइवर के अन्दर एवं कार में बनवाई गई पांच विशेष कैविटी में अवैध गांजा होना बताया गया । पुलिस टीम द्वारा वाहन की तलाशी ली गई तो गेट एवं कार के अन्दर बनाई गई विशेष कैविटी में छिपाकर 46 पैकेटों में कम्प्रेश कर रखा हुआ कुल 30 किग्रा अवैध गांजा बरामद हुआ । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर मुकदमा अंतर्गत एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार कर लिया गया। आगे ये भी बताया कि गांजा तस्करी में प्रयुक्त इनोवा कार वाहन संख्याःक्क्क0ष्ष्ट2222 को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वो लोग गांजे का कारोबार काफी समय से करते आ रहे है तथा उड़ीसा प्रान्त के भुवनेश्वर शहर से एक व्यक्ति से गांजा खरीद कर कार में बनी विशेष कैविटी में छिपाकर पंजाब लाते है और पंजाब में बिक्री करने का काम करते है । उन्होंने ये भी बताया कि जामा तलाशी में अभियुक्तों के कब्जे से दो मोबाइल और रु 1850.00 नकद भी बरामद हुए।

## भागवत के पूर्व निकली कलश यात्रा

**कोहंडौर, प्रतापगढ़।** स्थानीय नगर पंचायत के रामपुर में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा से पूर्व कलश यात्रा निकाली गई । कलश यात्रा का कार्यक्रम स्थल से रामापुर बाजार होते हुए माधोपुर से होते हुए कार्यक्रम स्थल पर समापन हुआ। अंतरराष्ट्रीय कथा व्यास पंडित भास्कराचार्य द्विवेदी जी महाराज के अमृतवाणी से श्रीमद् भागवत कथा शुभारंभ आज शनिवार से होगी। कथा आयोजक बबलू पाठक, अंशु पाठक, सत्यप्रकाश पाठक, सभासद, कपिल, जीवन पाठक, आलोक,राजू, हरिओम सहित सैकड़ों लोगों ने कलश यात्रा में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## आत्महत्या के लिए दुष्प्रेरण के अभियोग में वांछित गिरफ्तार

**लालगंज,प्रतापगढ़।** पुलिस ने आत्महत्या के लिये दुष्प्रेरण के अभियोग में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में इसी क्रम में आज दिनांक 03.05.2024 को थाना लालगंज के उ0नि0 श्री सुरेन्द्र सिंह मय हमराह का0 अमर सिंह कुशवाहा द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना लालगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 148,2021 धारा 306,323,504,506 भादवि व 3(2)5, 3(2)5क, 3(1)द, 3(1)ध एससी,एसटी एक्ट से संबंधित 03 अभियुक्तों 01. अमित उर्फ तूफान पुत्र भारतलाल प्रजापति 02. अंकित उर्फ कप्तान पुत्र भारत लाल प्रजापति 03. हरिकेश पुत्र कल्लू प्रजापति निवासीगण ग्राम रायपुर तियाई थाना लालगंज प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र लालगंज के ग्राम रायपुर तियाई के पास से गिरफ्तार किया गया ।पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल के निर्देशन में आज दिनांक 03.05.2024 को थाना लालगंज के उ0नि0 श्री कबीरदास मय हमराह का0 विपिन यादव द्वारा देखभाल क्षेत्र चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर थाना लालगंज पर पंजीकृत मु0अ0सं0 130,2024 धारा 306 भादवि से संबंधित 01. गुलशन
सोनकर पुत्र धुन्नीलाल सोनकर निवासी ग्राम पूरे ब्रह्मचारी (मोठिन) थाना लालगंज प्रतापगढ़ को थाना क्षेत्र लालगंज के इन्द्रा तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया ।

## छात्रा के साथ छेडछाड़ व मारपीट को लेकर मुकदमा

**लालगंज, प्रतापगढ़।** छात्रा के साथ रास्ते में छेडछाड तथा मारपीट को लेकर लीलापुर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। लीलापुर थाना के घूरीपुर निवासी वीरेन्द्र पुत्र स्व. रामलाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि पहली मई को उसकी सत्रह वर्षीया बेटी सगरा सुंदरपुर के एक स्कूल से पढ़ाई कर शाम करीब साढे छः बजे घर वापस आ रही थी। सागरपुर व घूरीपुर की बाग में पहले से मौजूद गांव के आरोपी गिरिजाशंकर सरोज के पुत्र शिवा सरोज तथा आंशू सरोज तथा हरिशंकर के पुत्र मोनू व जगेसर के पुत्र हरिशंकर ने उसकी पुत्री का हाथ पकड़कर छेडखानी करने लगे। पीडिता ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे लाठी डंडे से मारापीटा तथा कपड़े फाड़ दिये।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 1878/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन शंकर लाल बनाम शम्भूनाथ आदि
बनाम
1. शम्भूनाथ आयु 55 साल 2. रघुनाथ आयु 52 साल 3. रामचन्द्र आयु 48 साल सुतगण गिरधारी लाल 4. मोती लाल आयु 70 वर्ष सुत मतई समस्त निवासीगण ग्राम कोनी पोस्ट साल्हीपुर कंजास पर0 व तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 04.09.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 04.09.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

नोटिस नमूना आम
न्यायालय श्रीमान् उपजिलाधिकारी महोदय,महराजगंज रायबरेली
वाद संख्या 7202410580101986 ...सन् ...ई....
विश्वमोहिनी वादी-/प्रार्थी
बनाम
अमर सिंह आदि.....प्रतिवादी/विपक्षी बनाम 1.श्री सत्यवीर सिंह पुत्र स्व. करन सिंह 2. रनवीर सिंह पुत्र स्व. करन सिंह 3. राजवीर सिंह पुत्र स्व. करन सिंह 4. श्रीमती विन्ध्येश्वरी पत्नी स्व.करन सिंह निवासी ग्राम गूढ़ा परगना कुम्हरावां तहसील महराजगंज जनपद रायबरेली।
चूंकि ऊपर नामांकित विष्वमोहिनी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 116 उ0प्र0 रा स0 अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफकिसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो आप दिनांक 09 माह 05 सन् 2024 ई0 दिन के 10 बजे पूर्वान्ह इस न्यायालय में उपस्थित स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एक पक्षीय करके वाद निर्णत कर दिया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांकः18.04.2024
माह.... सन.....ई0 जारी की गयी।
दिनांक....
उपजिलाधिकारी
महराजगंज, रायबरेली

### सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम के पालिसी सं0 311790973 में मेरा नाम कुमारी सुधा केसरवानी पुत्री रमेश चन्द्र केसरवानी निवासी जयरामपुर, पो0 दुर्गागंज तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़ (उ0प्र0) है जबकि मेरा सही नाम आधार व बैंक खातें में सेजल केसरवानी है। मुझे भविष्य में सेजल केसरवानी पुत्री रमेश चन्द्र केसरवानी के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।
सेजल केसरवानी
पुत्री रमेश चन्द्र केसरवानी
निवासी जयरामपुर, पो0 दुर्गागंज
तह0 रानीगंज जिला
प्रतापगढ(उ0प्र0)

# पत्रकार समाज के हैं सबसे सजग प्रहरी - अभिनव राज त्रिपाठी

**मऊ (चित्रकूट) ;** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पंचायत मऊ के ब्लू डिजर्ट में एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक युवा पत्रकार विपुल पांडेय एवं युवा पत्रकार विकास द्विवेदी रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता क्षेत्रीय सामाजिकता पर गहन अध्ययन करने वाले पर्यावरण चिंतक युवा पत्रकार अभिनव राज त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम के दौरान युवा पत्रकार अभिनव राज त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार समाज के सबसे सजग प्रहरी हैं। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस, जो हर साल 3 मई को मनाया जाता है। प्रेस की स्वतंत्रता के महत्व पर विचार करने और उन पत्रकारों को याद करने का अवसर प्रदान करता है, जिन्होंने सच को उजागर करने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। यह दिन साल 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्थापित किया गया था और तब से यह दुनिया भर में मीडिया स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतीक बन गया है। इस दौरान उन्होंने बताया कि वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे यानी विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हर साल एक खास थीम तैयार की जाती है। इस साल की थीम 'ए प्रेस फॉर द प्लैनेट- जर्नलिज्म इन द फेस ऑफ द एनवायर्नमेंटल क्राइसिस' है। पत्रकारों के काम को सम्मान देने के लिए यह दिन मनाया जाता है। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल चंद्र त्रिपाठी, पत्रकार पवन रस्तोगी, पत्रकार विकास, पत्रकार विपुल, पत्रकार नरेंद्र खरे, हर्षित, लकी जायसवाल, अर्चित शुक्ला, शुभम द्विवेदी, अंकित त्यौंथा, शादाब गनी, राजू अग्रहरी, प्रकाश, डॉक्टर राजा शुक्ला, श्रेयांश बाजपेई सहित बहुत से लोग उपस्थित रहे।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय कुण्डा प्रतापगढ़
वाद सं0 3214/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन समर बहादुर सिंह आदि बनाम सत्येन्द्र बहादुर सिंह आदि
बनाम
1. सत्येन्द्र बहादुर सिंह उम्र 48 वर्ष 2. जीतेन्द्र बहादुर सिंह उम्र 45 वर्ष सुतगण स्व0 कुंवर भारत सिंह 3. सुमन सिंह उम्र 77 वर्ष पत्नी कुंवर भारत सिंह 4. धर्मेन्द्र बहादुर सिंह उम्र 55 वर्ष 5. वीरेन्द्र कुमार सिंह उम्र 51 वर्ष 6. विनोद कुमार सिंह उम्र 47 वर्ष सुतगण स्व0 रामदेव सिंह 7. शिव कुमार सिंह उम्र 68 वर्ष सुत स्व0 द्वारिका सिंह 8. जगत पाल सिंह उम्र 66 वर्ष 9. राजेन्द्र बहादुर सिंह उम्र 60 वर्ष 10. सुरेन्द्र बहादुर सिंह उम्र 56 वर्ष 11. बृजेन्द्र बहादुर सिंह उम्र 44 वर्ष सुतगण तेज बहादुर सिंह 12. शिव प्रताप सिंह उम्र 52 वर्ष सुत स्व0 इन्द्र पाल सिंह 13. श्रीमती विट्टन देवी उम्र 70 वर्ष पत्नी स्व0 इन्द्रपाल सिंह 14. अवधेश बहादुर सिंह उम्र 66 वर्ष 15.उमेश बहादुर सिंह उम्र 63 वर्ष 16. हरिकेश सिंह उम्र 60 वर्ष 17. वीरेन्द्र कुमार सिंह उम्र 56 वर्ष 18. मनोज कुमार सिंह उम्र 50 वर्ष 19. संतोष कुमार सिंह उम्र 53 वर्ष सुतगण स्व0 मथुरा सिंह 20. सुरेश बहादुर सिंह उम्र 62 वर्ष 21. कमलेश बहादुर सिंह उम्र 58 वर्ष 22. सुरेन्द्र सिंह सुतगण आनन्द बहादुर सिंह 23. रेशम सिंह पत्नी अरूण कुमार सिंह 24. कुंवर शौर्य प्रताप सिंह सुत अरूण कुमार सिंह नाबा0 संरक्षिका माता स्वयं रेशम सिंह 25. दिनेश सिंह उम्र 60 वर्ष 26. योगेश बहादुर सिंह उम्र 56 वर्ष 27. राकेश बहादुर सिंह उम्र 53 वर्ष 28. राजेश कुमार सिंह उम्र 50 वर्ष 29. अशोक सिंह उम्र 49 वर्ष 30. राजीव कुमार सिंह उम्र 45 वर्ष सुतगण स्व0 कुंवर बहादुर सिंह समस्त नि0गण राय असकरनपुर पर0 ढ़िगवस तह0 कुण्डा प्रतापगढ़ 31. श्रीमती विट्टन देवी उम्र 70 वर्ष पत्नी राम लखन यादव सा0 दुबानन का पुरवा राय असकरनपुर पर0 ढिगवस तह0 कुण्डा प्रतापगढ़ 32. अभय प्रताप सिंह उम्र 34 वर्ष 33. अक्षय प्रताप सिंह उम्र 32 वर्ष सुतगण शिव कुमार सिंह नि0गण राय असकरनपुर पर0 ढिंगवस तह0 कुण्डा प्रतापगढ़ 34. अ0भू0प्र0स0 द्वारा प्रधान राय असकरनपुर पर0 ढिंगवस तह0 कुण्डा प्रतापगढ़ 35. उ0प्र0 राज्य द्वारा जिलाधिकारी महोदय प्रतापगढ़
वाद अन्तर्गत धारा 116 उ0प्र0रा0सं0 2006
तारीख पेशी 08.05.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 08.05.2024 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी सदर जिला प्रतापगढ़
मुकदमा संख्या
रमा शंकर सिंह
बनाम
नागेन्द्र बहादुर सिंह आदि
बनाम -
1- नागेन्द्र बहादुर सिंह आयु 60 वर्ष सुत जोखूराम, 2- वीरेन्द्र बहादुर सिंह आयु 65 वर्ष सुत रघुनाथ सिंह निवासी ग्राम भुवाल पुर डोमीपुर पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़।
3- ग्राम पंचायत भुवाल पुर डोमीपुर द्वारा अध्यक्ष ग्राम पंचायत भुवाल पुर डोमीपुर पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 16 - 5 - 2024
मुकदमा बटवारा धारा 116 भू राजस्व संहिता
तारीख पेशी 16 - 05 -2024
यह कि वादी ने उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है ऐतद द्वारा सम्मन नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक
16- 05- 2024 को वास्ते प्रार्थना पत्र टी 0आई 0 व तनकीह प्रातः 10 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाबदेही दावा करें ऐसा न करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप में सुना जायेगा और हस्ताक्षरित किया जाएगा ।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिनांक मास सन को जारी किया गया।
आज्ञा से

न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज जू 0डी0 कक्ष संख्या 16 जिला प्रतापगढ़
वाद संख्या 1699 सन 2019
भोला प्रसाद आदि
बनाम
ज्वाला प्रसाद आदि
बनाम - 1- ज्वाला प्रसाद, 2- अमर पाल सुतगण बृज लाल ,3- श्रीमती आशा आयु 45 वर्ष पत्नी अमर पाल,4 - सत्यम सुत अमर पाल समस्त निवासीगण ग्राम गौरा डांड पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ ।
तारीख पेशी 23 - 07 -2024
यह कि वादी ने उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है ऐतद द्वारा सम्मन नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक
23- 07- 2024 को वास्ते प्रार्थना पत्र टी 0आई 0 व तनकीह प्रातः 10 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाबदेही दावा करें ऐसा न करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप में सुना जायेगा और हस्ताक्षरित किया जाएगा ।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिनांक मास सन को जारी किया गया।
आज्ञा से

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) एफ0टी0सी0 द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 265/2019
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सूर्यमणि मिश्र बनाम राकेश कुमार आदि
बनाम
1. राकेश कुमार उम्र 51 वर्ष सुत रमाशंकर निवासी ग्राम वारिदहाल फत्तेहपुर पो0 रानीगंज पर0 पट्टी तह0 रानीगंज प्रतापगढ़ 2. उर्मिला देवी उम्र 51 वर्ष पत्नी गोविन्द पाल पर0 व तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ सा0 मौजा पूरे लाल पो0 सराय आनादेव प्रतापगढ़
तारीख पेशी 08.05.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 08.05.2024 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी रानीगंज जिला प्रतापगढ़
मुकदमा संख्या
इन्दुपति
बनाम
सभापति आदि
बनाम -
2/1- इंद्रावती देवी आयु 80 वर्ष पत्नी जगदम्बा प्रसाद, 2/2- अखिलेश कुमार आयु 56 वर्ष ,2/3 प्रकाश चन्द्र आयु 50 वर्ष , 2/4 रमेश चन्द्र आयु 48 वर्ष ,2/5 राकेश कुमार आयु 45 वर्ष , 2/6 अशतोष कुमार आयु 42 वर्ष , 2/7 भोलानाथ आयु 40 वर्ष सूतगण जगदम्बा प्रसाद दूबे निवासी ग्राम अवधान पुर पर0 तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़।
तारीख पेशी 16 - 5 - 2024
मुकदमा बटवारा धारा 176 यू पी जमीदारी विनाश अधि0
तारीख पेशी 16 - 05 -2024
यह कि वादी ने उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है ऐतद द्वारा सम्मन नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक
16- 05- 2024 को वास्ते प्रार्थना पत्र टी 0आई 0 व तनकीह प्रातः 10 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाबदेही दावा करें ऐसा न करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप में सुना जायेगा और हस्ताक्षरित किया जाएगा ।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिनांक मास सन को जारी किया गया।
आज्ञा से

# साइकिल रैली निकालकर मतदाताओं को किया गया जागरूक

**चित्रकूटः** लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 में 20 मई में निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए 70 प्रतिशत से अधिक मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं नोडल अधिकारी स्वीप मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर के निर्देश पर स्वीप योजना के अंतर्गत कराए जाने वाले मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए बनाई गई स्वीप कार्ययोजना के अनुसार शुक्रवार को स्काउट -गाइड, रोवर -रेंजर्स एवं एनसीसी द्वारा संयुक्त रूप से एक भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। उप जिलाधिकारी आलोक कुमार सिंह एवं नायब तहसीलदार कर्वी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

साइकिल रैली पटेल तिराहा से प्रारंभ होकर एलआईसी तिराहा होते हुए धनुष चौराहे से नगर पालिका परिषद कार्यालय पर समाप्त हुई। इस रैली में लगभग 150 स्काउट गाइड, रोवर




रेंजर्स, एनसीसी के कैडेट अपने हाथ में स्लोगन तख्तियां लेकर पहले मतदान फिर जलपान आदि का नारा लगाते हुए जन सामान्य व युवा मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया। जिससे शहरी क्षेत्र में विगत चुनाव की तुलना में अधिक मतदान हो सके।

प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है कि आने वाले 20 मई को जनपद में मतदान के दिन सभी लोग अपने घरों से निकलकर बूथों में जाएं और उम्मीदवार को सांसद बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें।

रैली में चित्रकूट इण्टर कॉलिज के एनसीसी कैडेट, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय कर्वी के रोवर रेंजर एवं श्रीगंगा प्रसाद जन सेवा इण्टर कॉलिज कर्वी, राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी, सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इण्टर कॉलिज सीतापुर, कृषक इण्टर कॉलिज भौरी के स्काउट गाइडों ने हिस्सा लिया।

इस मौके पर प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ सनत कुमार द्विवेदी, मैयादीन पटेल, सुरेश प्रसाद, प्रेमचंद, ऋषि कुमार शुक्ला, सुनील कुमार शुक्ला, लालमन, शंकर प्रसाद यादव, दिनेश सिंह, सुशील कुमार सिंह, रमेश सिंह, चंद्रभागा सिंह, शालिनी देवी, रामदयाल, ललित कुमार, आशीष साहू आदि मौजूद रहे।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 1199/2018
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन मोहम्मद हुसेन आदि बनाम मोहम्मद इलियास आदि
बनाम
1. मोहम्मद इलियास 2. मोहम्मद फैयाज 3. मोहम्मद सिराज पुत्रगण मोहम्मद सुलेमान निवासी ग्राम नौड़ेरा (लखनीपुर) प0 पट्टी त0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 16.07.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 16.07.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 928/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन रामफेर बनाम मोहन लाल आदि
बनाम
1. धरम पाल 2. अमर पाल 3. बृजभान सुतगण शिवरतन 4. राम लाल सुत स्व0 राम औतार समस्त निवासी ग्राम नेवादा गौराडांड़ पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ 5. गांव सभा नेवादा गौराडांड द्वारा प्रधान गांव सभा गौराडांड पर0तह0 सदर प्रतापगढ़ 6. राज्य सरकार उ0प्र0 द्वारा कलेक्टर महोदय प्रतापगढ़
तारीख पेशी 09.05.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 09.05.2024 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

**उत्तर मध्य रेलवे**
**सं0-सीएम-1/एटीवीएम/फैसीलिटेटर/पार्ट-11/प्रयागराज/2024 दिनांक : 01.05.2024**
**यह आवेदन नौकरी हेतु नही है।**
वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित स्टेशनों (स्टेशनों की सूची अनुलग्नक-बी के रूप में संलग्न है) पर ए0टी0वी0एम0 (आटोमेटिक टिकट वेण्डिंग मशीन) के लिए फैसीलिटेटर के रूप में लगाये जाने हेतु इच्छुक सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों से बन्द लिफाफे में आवेदन आमंत्रित करते हैं :-

| कार्य की अवधि : 31.03.2025 | बयाना राशि : शून्य | आवेदन का मूल्य : रू0 100/- |
|---|---|---|

**स्टेशन का नाम :** सोनभद्र, चुनार, मिर्जापुर, विन्ध्याचल, मांडा रोड, प्रयागराज, प्रयागराज-छिवकी, नैनी, भरवारी, सूबेदारगंज, सिराथु, फतेहपुर, कानपुर-सेंट्रल, गोविंदपुरी, फफूंद, भरथना, इटावा, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद, टूंडला, जलेसर रोड, हाथरस, अलीगढ़, सोमना, खुर्जा, दनकौर, दादरी, मानिकपुर, डभौरा, शंकरगढ़, कानपुर-अनवरगंज, पनकी धाम।

**1.** सभी सम्बन्धित नियमों एवं शर्तों के साथ आवेदन (अधि सूचना की तिथि से प्रारम्भ होकर) दिनांक **31.05.24** को 11.00 बजे तक उपलब्ध है। आवेदन फार्म किसी भी कार्य दिवस (सोमवार से शुक्रवार तक) समय 09.00 बजे से 17.00 बजे तक मिर्जापुर, प्रयागराज, प्रयागराज-छिवकी, फतेहपुर, कानपुर, इटावा, टूण्डला, अलीगढ़ के बुकिंग कार्यालय से प्राप्त किए जा सकता हैं। आवेदन फार्म का मूल्य 100/- रूपये (अप्रतिदेय) है, जिसे बुकिंग कार्यालय में जमा करना होगा और मूल एम0आर0 को आवेदन फार्म के साथ नत्थी करना होगा। **2.** आवेदन फार्म उत्तर मध्य रेलवे के वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन फार्म का मूल्य 100/- रूपए है। आवेदक को आवेदन के साथ किसी अनुसूचित वाणिज्य बैंक द्वारा वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज, के पक्ष में जारी 100/- रू0 का बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 डाउनलोड आवेदन फार्म के मूल्य के रूप में संलग्न करना होगा। **3.** विधिवत पूर्णतः भरे हुए तथा सभी औपचारिकताओं के साथ पूर्ण आवेदन फार्म लिफाफे में **सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाणिज्य शाखा, द्वितीय तल, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे, नवाब युसुफ रोड, प्रयागराज** के कार्यालय में तथा **स्टेशन निदेशक/उप मुख्य यातायात प्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, स्टेशन भवन, कानपुर सेन्ट्रल** के कार्यालय में दिनांक **31.05.24** को 13.00 बजे तक प्राप्त किए जाएंगें और उन्हें उसी दिन 15.00 बजे खोला जाएगा। यदि किसी कारण से उक्त तिथि को अवकाश घोषित कर दिया जाता है, तो अगले कार्य दिवस में उसी स्थान और समय पर आवेदन खोले जाएंगें। **4.** विलम्ब से प्राप्त आवेदन न तो स्वीकार किए जाएँगे और न उन पर विचार किया जायेगा तथा अधूरे/गलत भरे हुये फार्म अस्वीकार/निरस्त कर दिये जायेगे। **5.** रेल प्रशासन किसी भी आवेदन को किन्हीं भी परिस्थितियों में स्वीकार/अस्वीकार/निरस्त करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।
**778/24 (D)**
North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @ CPRONCR

# दहेज के लिए विवाहिता को मारपीट कर घर से निकाला

**मानधाता प्रतापगढ़ -** विवाहिता को दहेज के लिए पति,सास,देवर तथा ननदोई ने मारपीट कर घर से निकाल दिया।मानधाता थाना क्षेत्र के ग्राम अकारीपुर की नासिर अली की पुत्री सादिया बानो ने मुकदमा दर्ज कराया है कि उनकी शादी 18 नवम्बर 2018 को प्रयागराज जनपद के बहरिया थाना क्षेत्र के सराय अजीज पुर महपूरा के अहमद रजा शेख से मुस्लिम रीत रिवाज के अनुसार हुई थी। मेरे पिता ने अपने सामर्थ्य के अनुसार पांच लाख के नकदी व सामान दिया था। मेरे ससुराल वाले लालची किस्म के है,वे तीन लाख रुपए की और मांग करने लगे। शादी के बाद से ही मार पीट कर प्रताड़ित कर रहे थे। 2020 में एक सुलह समझौता भी हुआ था।वह भी नहीं माने।लेकिन वे अपनी आदत में सुधार नहीं किया। तीन लाख रुपए की मांग बराबर करते रहे।पति अहमद रजा शेख,सास सितारा,जेठ जब्बाद, ननद अल्फीया बानो ननदोई अफजल सभी लोगों ने मिलकर मारपीट कर घर से निकाल दिया। मेरे पति अहमद रजा शेख से डेढ़ साल का एक बेटा हसन रजा भी है। मां और बेटा दोनों ने घर से निकाल दिया है।एसओ ने बताया कि पति सास ननद, ननदोई के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कर लिया है। अभियुक्तों की तलाश की जा रही है।

## न्यायालय के आदेश पर कूट रचना एवं मारपीट का मुकदमा दर्ज

**कुंडा प्रतापगढ़।**रायगढ़ क्षेत्र के राजेश कुमार तिवारी पुत्र केदारनाथ का आरोप है कि गांव के नयन सिंह, रोशन सिंह, बच्चा सिंह, बलवंत सिंह पुत्रगण स्व किशोरी लाल मधु सिंह पत्नी स्व ज्ञान सिंह आदि ने मेरी आबादी की भूमि जिसमे मकान बनें हुए है। जिसको कूट रचित ढंग से किशोरी लाल पुत्र दरगाही ने अपने भूमिधरी बाग् के खाते मे दर्ज करा कर खतौनी मे नामांतरण करा लिया था। जानकारी होने पर प्रार्थी द्वारा उप जिलाधिकारी कुंडा से लिखित शिकायत की गई, जिस पर एसडीएम द्वारा उक्त भूमि को पुनः आबादी के खाते मे दर्ज करने का आदेश पारित किया गया।खाता निरस्त होने की जानकारी होने पर बौखलाहट मे आरोपीगणों द्वारा पीड़ित के घर मे घुसकर मारपीट की गई। जिसकी शिकायत पीड़ित द्वारा महेशगंज पुलिस से की गई लेकिन पुलिस द्वारा आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई न होने पर पीड़ित ने न्यायालय की शरण ली। न्यायालय के आदेश पर पुलिस द्वारा सभी आरोपियों के खिलाफ कूट रचना धोखाधड़ी मारपीट आदि धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया।

## मारपीट के आरोपी पर केस दर्ज

**महेशगंज प्रतापगढ़ ।**क्षेत्र के रामचंद्रपुर मजरे पूरे झाऊ निवासी विश्वनाथ पुत्र सत्यनारायण का आरोप है कि 25 अप्रैल की रात मेरा बेटा गांव मे बारात देखने जा रहा था। तभी गांव का प्रियांशु पुत्र राजकमल यादव ने पुरानी रंजिश को लेकर मेरे बेटे को गाली देते हुए मारा पीटा। जिससे उसको गंभीर चोटे आई। शोर मचाने पर आसपास के लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकला।

9452526750, 9839665450,8565970115
दैनिक लोकमित्र
121, विवेक नगर प्रतापगढ़
सम्मन प्रकाशन दर 1000 रू0 एक नाम तक अतिरिक्त प्रति व्यक्ति 10.00 रूपया पैनल विज्ञापन 5 से.मी. प्रति कालम 500/—प्रतिमाह
प्रथम पृष्ठ पर 100% अतिरिक्त
E-mail-lokmitra2005@gmail.com
प्रकाशक,मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्रणालय, विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित एवं लोकमित्र कार्यालय पल्टन बाजार प्रतापगढ़ से प्रकाशित
8738029050 सम्पादकः संतोष भगवन

# बच्चों में नेतृत्व क्षमता के लिए बाल संसद गठन जरूरी- दिलीप

## शहजादी ने सबसे अधिक मत पाकर बनी प्रधानमंत्री

**कंपोजिट स्कूल कालू बनकट में बाल संसद गठन कार्यक्रम संपन्न**





**बलरामपुर।** शिक्षा क्षेत्र श्री दत्त गंज के कंपोजिट विद्यालय कालू बनकट में बाल संसद गठन कार्यक्रम आयोजित किया गया यह कार्यक्रम जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रत्येक विद्यालयों में आयोजित कियाजाना है। कार्यक्रम के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान को लेकर जनमानस को जागरूक करना है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रधानाध्यापक दिलीप चौहान ने किया है उन्होंने कहा कि विद्यालय में बाल संसद का गठन किया गया इस दौरान विद्यालय के बच्चों ने नामांकन के बाद मतदान एवं मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने की गतिविधि प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया है यह प्रक्रिया आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने को लेकर छात्रों में की है कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री पद का चुनाव के लिए नामांकन किया गया उम्मीदवार के बीच डिबेट भाषण कार्यक्रम आयोजित किए गए छात्र-छात्राओं ने अपने-अपने नेताओं के पक्ष में लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया कक्षा 7 की छात्रा जूही यादव मतदान की पीठासीन अधिकारी मासूम रजा चुनाव अधिकारी द्वितीय लवकुश यादव प्रधान अधिकारी तृतीया की भूमिका को अदा किया है निष्पक्ष मतदान के लिए बच्चे पुलिस बनकर मतभेद का की सुरक्षा व्यवस्था एवं शाही लगाकर मतदाताओं को मतदान करने के लिए छात्रों में भीम की है विद्यालय में पंजीकृत 125 बच्चों ने नामांकन के बाद मतदान किया है इसके बाद मत पेटी खोल ली गई एवं मतगणना किया गया जिसमें प्रधानमंत्री पद पर सातवी की छात्रा शहजादी 60मत पाकर विजई रही है दूसरे स्थान पर अरबाज खान 25 मत पे एवं तीसरे स्थान पर सातवीं के छात्र अल्ताफ 16 मत एवं मोहित यादव 14 मत शिखा वर्मा 10 मत हासिल किया। प्रथम स्थान पर चुनी गई शहजादी प्रधानमंत्री दिए स्थान पर अरबाज़ को प्रधानमंत्री बेटियां स्थान पर रोहित यादव गृहमंत्री चौथे स्थान पर अल्ताफ को पर्यावरण एवं जल संरक्षण मंत्री एवं अंतिम स्थान पर शिखा वर्मा को खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री किया गया यही पदाधिकारी स्कूल की भी जिम्मेदारी नियमानुसार संभालेंगे इस अवसर पर प्रधानाध्यापक अशोक गुप्ता दिलीप चौहान मृदुल पालीवाल अख्तर सिद्दीकी रामसागर रामनाथ यादव गीता देवी कंचन यादव आज उपस्थित रहे हैं।

# पहले दिन नामांकन लेने वाले छात्रों का रोली चंदन लगाकर किया गया स्वागत

**पीएस रामपुर खगई जोत में आयोजित हुआ प्रवेश उत्सव**

**विद्यालय में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में दो दर्जन से अधिक छात्रों ने लिया नया दाखिला**




**बलरामपुर।** ब्लेमलिग जीजीकदम प्लस यूपी 25 बलरामपुर प्रोजेक्ट के सहयोग से शुक्रवार को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के पहले दिन करीब दो दर्जन से अधिक छात्रों ने स्कूल में दाखिला लिया है।

कार्यक्रम का सुभारम्भ स्कूल प्रधानाध्यापिका अनीता कुशवाहा कदम प्रोग्राम के डिवीजन ऑर्गेनाइजर दीपेश कुमार सेनी एवं एसएमसी अध्यक्ष ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना से शुरूआत किया। स्कूलों के नन्हे मुन्नों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी नन्हीं प्रतिभा को प्रदर्शित किया है। कदम संस्था की तरफ से स्कूल मे नवीन नामांकन बाले सभी बालको के माथे पर रोली चंदन का तिलक लगाकर फूल माला पहना कर स्वागत किया गया। पहले दिन छात्रों को उपहार दे कर सम्मानित किया गया। सभी बालको एवं अभिभावको को शिक्षा के बारे में जागरूक किया गया जिससे छात्रों का चहरा खुशी से खिल उठा उसके बाद कदम ऑर्गनाइज़र विनोद कुमार ने सभी विद्यार्थियों एवं अभिभावक को शिक्षा व स्वास्थ्य के बारे मे विस्तार से समझाया ।स्कूल प्रधानाध्यापिका अनीता ने सभी को बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी है इस अवसर पर विद्यालय अध्यापक अध्यापिका याशमीन , नरेंदर सहित अध्यापक , अभिभावक व हूमाना /कदम एक्सीलेटर रस्मी कदम वॉलिंटियर सपना यादव, सविता प्रीती गुप्ता आदि का विशेष योगदान रहा है नवीन नामांकन के दौरान विद्यालय में छात्रों को मिलने वाली निशुल्क सुविधा पाठ्य पुस्तक बाग यूनिफॉर्म जूता मौजा स्वेटर स्टेशनरी के साथ बच्चों को मध्यान भोजन की व्यवस्था के बारे में अभिभावकों को अवगत कराया गया।

# रिटायर्ड फौजी से छिनैती के प्रयास में बाइक से गिरा बदमाश, ग्रामीणों ने पकड़ा



**सुल्तानपुर।** शुक्रवार को दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने रिटायर्ड फौजी से छिनैती का प्रयास किया। वे पेंशन निकालकर घर जा रहे थे। घटना को कारित करने के बाद भागने के दौरान बदमाश बाइक से गिर गया। ग्रामीणो ने उनको पकड़ लिया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल फौजी व बदमाशो को सीएचसी में भर्ती कराया है।

घटना कोतवाली देहात के कामतागंज से शंभूगंज रोड पर अंग्रेजी शराब की दुकान के आगे तिवारीपुर भरथीपुर निवासी फौजी व ग्राम प्रधान के बड़े भाई रामचंद्र मिश्रा से बदमाशों ने छिनैती कर ली। वह सुलतानपुर की स्टेट बैंक से दस हजार रुपए निकालकर सवारी वाहन से कामतागंज में उतरे। बदमाश वही से उनका पीछा किए थे। कामतागंज में वह उकर साइकिल से घर जाने लगे। बाजार पार कर जैसे वह शंभूगंज रोड पर सरकारी अंग्रेजी शराब के ठेके के पास पहुचे बदमाश उनका बैग छीनने लगे। वह बैग के साथ ही साइकिल से गिरकर सड़क पर रगड़ से चोटिल हो गए। बदमाश भी बैग न छूटने से बाइक लेकर गिर गये। तब तक राहगीर व आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंचे लोगो ने छिनैती करने वाले बाइक सवार आरोपियों को दौड़ाकर पकड़ लिया। ग्रामीणों ने छिनैती करने वाले आरोपी को पकड़ने की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची कोतवाली देहात पुलिस को ग्रामीणों ने बदमाशों को सौंप दिया है। देहात कोतवाल सत्येंद्र कुमार सिंह ने बताया कि छिनैती करने वाला एक युवक धम्मौर सुल्तानपुर तथा दूसरा प्रतापगढ़ जिले का रहने वाला है। छिनैती कर भाग रहे युवक बाइक से गिरकर घायल हो गए थे तथा पीड़ित फौजी भी चोटहिल हो गए हैं।

दोनों का भदैंया सीएचसी पर इलाज कराया जा रहा है।

# घायल भट्टा मजदूर की इलाज के दौरान मौत

**बल्दीराय/सुलतानपुर।** बल्दीराय थानाक्षेत्र के लंगड़ी रामनगर में जमीनी रंजिश में दबंगों ने गुरुवार को एक अधेड़ को कुल्हाड़ी, हॉकी और लाठी-डंडे से पीटकर उसका पैर तक तोड़ डाला था। गंभीर अवस्था में उसे राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर लाया गया था। जहां उसका इलाज चल रहा था। इलाज के दौरान हरिशंकर यादव पुत्र त्रिवेणी प्रसाद निवासी लंगड़ी मजरे ब्राहिमपुर की आज सुबह राजकीय मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर में मौत हो गई। पुलिस ने कल ही मृतक के पुत्र की तहरीर पर आरोपी सम्पति लाल, विजय बहादुर, कर्मराज और बजरंगी यादव के विरुद्ध गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज किया है। थानाध्यक्ष आरबी सुमन ने बताया कि घटना में शामिल सभी आरोपियों की जल्द होगी गिरफ्तारी।

# नवागत अध्यक्ष डॉ प्रकाश चंद्र गिरी ने शिक्षक समस्याओं पर की चर्चा

**बलरामपुर।** एम.एल.के.पी.जी कालेज के शिक्षकसंघ के आम सभा की बैठक शुक्रवार को महाविद्यालय पुस्तकालय सभागार में आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता शिक्षक संघ के वर्तमान अध्यक्ष प्रो.प्रकाश चन्द्र गिरि ने किया ।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सुआकटा अध्यक्ष प्रो.विमल प्रकाश वर्मा उपस्थित रहे।बैठक में महाविद्यालय के सभी विभागों के अधिकांश शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।वर्तमान कार्यकारिणी के महामंत्री डॉ. शिव महेन्द्र सिंह ने बैठक का एजेंडा आम सभा में प्रस्तुत किया जिसमें मुख्य मुद्दा सिद्धार्थ विश्वविद्यालय द्वारा पी-एच.डी.की प्रवेश परीक्षा पर रहा।इसके अतिरिक्त शिक्षकों को नियमानुसार शोधार्थियों के आवंटन में भारी गड़बड़ी और घपले पर सभी शिक्षक आक्रोशित दिखे। बैठक में आम सहमति से



विश्वविद्यालय प्रशासन की इस मनमानी के विरुद्ध एकजुट होकर संघर्ष का संकल्प लिया गया। बैठक में महाविद्यालय स्तर पर नवीन शिक्षकों के एन पी एस धनराशि के नियमित व सुचारु संयोजन पर कार्य करने के लिय कार्यालय से सुधार की मांग की गई। इसके अलावा बैठक में शिक्षकों के ग्रीष्मकालीन अवकाश को गतवर्ष की भांति न्यूनतम 50 दिनों की करने की मांग की गई है ।एवं ग्रीष्मावकाश के दौरान किसी तरह की विश्वविद्यालयी परीक्षा न कराने का प्रस्ताव पास किया गया। चुनाव अधिकारी स्वदेश भट्ट ने सभी शिक्षक-संघ पदाधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किया पुरानी कार्यकारिणी के समस्त आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत कर नए कोषाध्यक्ष डॉ. ऋषिरंजन पांडे को समस्त पत्रजात व राशि हस्तांतरित कियागया । पूर्व अध्यक्ष प्रो. श्रीप्रकाश मिश्र ने पुरानी कार्यकारिणी के समस्त पत्रजात नई कार्यकारिणी को उपलब्ध कराया।बैठक में वरिष्ठ शिक्षक व मुख्य नियन्ता प्रो. पी.के. सिंह, प्रो.राघवेंद्र सिंह, प्रो.रेखा विश्वकर्मा , प्रोफेसर तबस्सुम फरखी, मोहम्मद तारिक कबीर, डॉ दिनेश कुमार मौर्य, डॉ प्रखर त्रिपाठी, फुपुक्टा प्रतिनिधि डॉक्टर आलोक शुक्ल सहित महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण उपस्थित रहे।अंत में शिक्षक-संघ के अध्यक्ष प्रो. प्रकाश चन्द्र गिरि ने सभी साथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया । शिक्षक हितों के हर मुद्दे पर संगठित रहने एवं संघर्ष करने का आवाहन किया।पुस्तकालय सभागार में लगभग दो घंटे तक चली बैठक में खूब गहमागहमी रही शिक्षक हित के विभिन्न बिन्दुओं पर व्यापकविचार-विमर्श हुआ।

# रोडवेज परिसर में लगा नेत्र शिविर

## वरिष्ठ नेत्र सर्जन डां.सुनील पटेल ने किया कर्मचारियों के आंखो की जांच



**सुल्तानपुर।** परिवहन निगम के चालक परिचालकों के लिए रोडवेज परिसर में नेत्र परिक्षण शिविर आयोजित करके आंखो की जांच-पड़ताल की गई। वरिष्ठ नेत्र सर्जन डां.सुनील पटेल, डां.अमित उपाध्याय, वरिष्ठ नेत्र परिक्षण अधिकारी जयभीम द्वारा दर्जनो चालक, परिचालक व कार्यालय स्टाफके आंखो की जांच व परामर्श दिया गया। शिविर का उद्घाटन एआरएम नागेंद्र पांडेय ने किया। उन्होंने कर्मचारियों से कहाकि आंखो की रोशनी बहुत अनमोल है,इसमें। लापरवाही ठीक नही, परिवहन निगम द्वारा शिविर आयोजित किया गया है। इसका लाभ अवश्य उठाए। मौके पर इंचार्ज एनआर सरोज, परिषद के क्षेत्रीय अध्यक्ष अजय सिंह सहित तमाम कर्मियों ने अपनी जांच कराई। डां.सुनील पटेल ने कहाकि परिवहन कर्मियों की नियमित आंखो की जांच-पड़ताल होने से उनकी आंखो की रोशनी का पता चलता है। जिसके आधार पर उन्हें सक्षम व अक्षम का प्रमाण दिया जा सकता है।

# बसपा प्रत्याशी ने लाव-लश्कर के साथ किया नामांकन



**सुल्तानपुर।** बहुजन समाज पार्टी ने लोकसभा प्रत्याशी उदराज वर्मा को बनाया है। शुक्रवार को वो नामांकन करने डीएम ऑफिस पहुंचे थे। जहां बैंक डिफाल्टर के सवाल पर उन्होंने कहा कि व्यवसाय करने वालों के लिए यह एक आम बात है। उन्होंने कहा कि हम लोग लोन लेते हैं इसलिए बकाएदारी होना कोई बड़ी बात नहीं।

बहुजन समाज पार्टी के प्रदेश महामंत्री डॉ ओम प्रकाश त्रिपाठी के साथ नामांकन करने पहुंचे प्रत्याशी उदराज वर्मा ने जिलाधिकारी को नामांकन पत्र सौंपा। इस दौरान समर्थकों ने गेट के बाहर जिंदाबाद के नारे लगाए। भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री मेनका गांधी से उनका मुकाबला है। वहीं गठबंधन से समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी राम भुआल निषाद भी मैदान में है। मुकाबला दिलचस्प है, जहां बहुजन समाज पार्टी जातिगत कार्ड के आधार पर जीत का दावा कर रही है। वहीं समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी मुस्लिम वोट यादव वोट और निषाद वोट के सहारे अपनी नैया पार करने की बात कह रहे हैं। नामांकन करने के बाद समर्थकों में गजब का उत्साह देखा गया। उदराज ने मीडिया से कहा हमारे जिले की बेसिक बहुत सारी समस्याएं हैं सबसे पहले हम लोग उस पर काम करेंगे। उन्होंने कहा मैं सुल्तानपुर का बेटा हूं और सब लोग हमारे साथ हैं। मैं विजयी हूं चुनाव एकतरफा है मैं सुल्तानपुर का बेटा हूं आपका बेटा मैदान में होगा तो आप किसको वोट देंगे। उन्होंने आकाश आनंद द्वारा भाजपा को आतंकवादी पार्टी है। इस पर उन्होंने कहा आकाश आनंद नेशनल कोआर्डिनेटर हैं उन्होंने जो कुछ कहा है सोच समझकर कहा है। वही मेनका गांधी के खुद को मां कहने पर उन्होंने कहा मां का आशीर्वाद हमेशा बेटे के साथ रहता है हर मां चाहती है उसका बेटा आगे रहे।

# शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता उसकी सेवाएं-अविस्मरणीय कल्पना देवी

## एक लाख अहमद एवं अब्दुल हमीद शिक्षक हुए सेवानिवृत



**बलरामपुर।** उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ एवं उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के संयुक्त तत्वधान में पद ब्लॉक संसाधन केंद्र गैसड़ी में सेवानिवृत्ति शिक्षकों का विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। समारोह में प्राथमिक उच्च प्राथमिक स्कूलों वित्तीय वर्ष 2023 में सेवानिवृत हुए अध्यापकों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कल्पना देवी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्तर प्रदेशीय पूर्व माध्यमिक जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष कमरुद्दीन अंसारी एवं प्राथमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष ज्ञान सागर पाठक ने किया है। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन से किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला कोषाध्यक्ष राजेश कुमार एवं सचिव बृजेश चौधरी ने किया है। सेवानिवृत अध्यापक अखलाक अहमद एवं अब्दुल हमीद खान शामिल है इन दोनों अध्यापकों को सेवानिवृत होने पर शिक्षक संघ पदाधिकारी ने संघ वस्त्र उपहार एवं गीता की पुस्तक भेंट कर फूल माला से सम्मानित करते हुए विदाई दी है। मुख्य अतिथि ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता है उसकी सेवाएं सदैव अधीनस्थ का मार्गदर्शन करती हैं साथ ही उसके पढ़ाए हुए शिष्य निरंतर आगे बढ़कर उनका नाम रोशन करते हैं पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर नहीं होता है उसके शैक्षणिक कार्य बच्चों सहित समाज का सदैव मार्गदर्शन करते हैं संघ कोषाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि दोनों अध्यापकों का कार्यकाल स्वर्णिम रहा है बच्चों के प्रति समर्पित रहने वाले दोनों अध्यापक के सेवानिवृत होने पर अभिभावक बच्चों सहित शिक्षक साथियों ने उन्हें विदाई देते हुए सम्मानित किया है इस दौरान विपिन कुमार पांडे नीरज सिंह लाल बहादुर राघवेंद्र प्रताप सिंह प्रदीप कुमार वर्मा राजीव कश्यप सहित तमाम शिक्षक शिक्षिकाएं विदाई समारोह में शामिल रहे हैं।

# श्रीमद भागवत कथा का एक एक शब्द अमृत के समान है-आशीष जी महराज




**बल्दीराय/सुल्तानपुर।** श्रीमद् भागवत कथा का एक-एक शब्द अमृत के समान है। इसे श्रवण करने से मनुष्य के जीवन का क्लेश दूर हो जाता है। परिवार में सुख, शांति तथा उसका जीवन तर जाता है। उक्त बातें चल रहे सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन बृहस्पतिवार देर शाम पंडित आशीष जी महाराज ने प्रवचन में कही।

बल्दीराय तहसील अंतर्गत गोविन्दपुर गांव में चल रही सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा में श्रोताओं को कथारस पान कराते हुए कहा कि सुदामा अपनी धर्मपत्नी के आग्रह पर अपने मित्र द्वारिकाधीश श्रीकृष्ण से मिलने के लिए द्वारिका पहुंचे। सुदामा ने द्वारिकाधीश के महल का पता पूछा और महल की ओर बढ़ने लगे द्वार पर उपस्थित द्वारपालों ने सुदामा को भिक्षा मांगने वाला समझकर रोक दिया। तब उन्होंने कहा कि वह श्रीकृष्ण के बचपन के मित्र हैं। इस पर द्वारपाल महल में गए और द्वारिकाधीश भगवान से कहने लगे कि द्वार पर कोई दीन हीन ब्राह्मण आपसे मिलने आया है जो कि अपना नाम सुदामा बता रहा है। जैसे ही द्वारपाल के मुंह से श्रीकृष्ण ने सुदामा का नाम सुना, भगवान सुदामा सुदामा कहते हुए तेजी से द्वार की तरफ भागे। अपने सामने बचपन के मित्र सुदामा को देखकर द्वारिकाधीश ने उन्हें अपने सीने से लगा लिया। सुदामा ने भी कन्हैया कन्हैया कहकर उन्हें गले लगाया। दोनों की ऐसी मित्रता देखकर सभा में बैठे सभी लोग आश्चर्य चकित रह गए। श्रीकृष्ण ने सुदामा को अपने सिंहासन पर बैठाया। भगवान की रुक्मिणी आदि रानियां सोने की थाल में पांव पखारने के लिए गंगाजल लेकर खड़ी थी लेकिन भगवान ने गंगाजल ना लेकर अपने नेत्रों के जल से सुदामा के चरणों को धुल दिया। और सुदामा के द्वारा लाए गए तन्दुल को खाकर उन्हें कुबेर का वैभव देकर दो लोक की सम्पत्ति दे डाली। ब्यास जी जब-जब भी भक्तों पर विपदा आ पड़ी है प्रभु उनका कष्ट मिटाने अवश्य आए हैं।

इस मौके इस मौके पर हजारीलाल साहू , मुकेश तिवारी, पवन तिवारी, दुर्गेश प्रजापति आदि मौजूद रहे। कथा के अंत में मुख्य यजमान दीपप्रजापति व पत्नी अंजलि प्रजापति ने व्यासपीठ की आरती उतारी तत्पश्चात प्रसाद वितरण कर कथा में में आए श्रोताओं के प्रति आभार प्रकट किया।

# प्रतिभाशाली छात्रों को किया गया सम्मानित



**बाराबंकी।** सागर इंस्टिट्यूट आफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट डिपार्टमेंट ऑफ़ फार्मेसी बाराबंकी से 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बी.फार्म बैच 2023 के श्री अलोक वर्मा ष्टत्वक्क (8.68 ) सुश्री दीक्षा गुप्ता (8.64 ) और श्री प्रियम सोनी (8.60 ) को क्रमशः 10000 , 7500 तथा 5000 राशि का चेक कॉलेज के प्रबंधक श्री सुनिल कुमार झुनझुनवाला द्वारा प्रदान कर सम्मानित किया गया साथ ही बी.फार्म बैच 2022 की त्वक्क्ष उत्तीर्ण छात्रा श्रुति गुप्ता को रु0 2100 प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।कॉलेज परिसर में 4 से 6 अप्रैल 2024 को हेल्थ इज वेल्थ, वेल्थ इज हेल्थ की थीम पर आधारित स्पर्धा स्पोर्ट्स में आयोजित विभिन्न खेलो के विजेता खिलाड़ियों को गोल्ड, सिल्वर तथा कांस्य पदक और प्रमाण पत्र के साथ ट्राफी प्रदान कर सम्मानित किया गया साथ ही उप विजेता टीम के खिलाड़ियों को भी सम्मानित करते हुए प्रबंधक महोदय द्वारा सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।कॉलेज में वर्तमान सत्र के बी.फार्म अंतिम वर्ष के छात्र आशुतोष कश्यप, दिव्यांशु श्रीवास्तव, पुलकित सोनी, वेद वर्मा और आयुष पटेल का मैक्लेऑड फार्मास्यूटिकल लिमिटेड में कैंपस सेलेक्शन हुआ, इनको भी सम्मानित किया गया तथा प्रबंधक महोदय ने छात्र/छात्राओं को बताया कि आप मेहनत और ईमानदारी के साथ भविष्य के प्रति प्रयासरत रहे हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते है और उत्तसाहवर्द्धन करते हुए कहा ÷कौन कहता है आसमा में सुराग हो नहीं सकता, एक पत्थर तो तवियत से उछालो इस अवसर पर सस्था के एडमिशन एडवाइजर श्रीमती स्तुति अग्रवाल, सचिव श्री नमन अग्रवाल, निदेशक डॉ. पूजा तथा समस्त शिक्षकगण एवं सहयोगी कर्मचारी उपस्थित रहे

# शिक्षक संघ भरेगा मतदाताओं में जोश

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की संयुक्त कार्यसमिति की एक ऑनलाइन बैठक जिला अध्यक्ष दिलीप पांडेय द्वारा संचालित की गई। कल देर रात आहुत बैठक में शिक्षकों के विभिन्न पवनो और समस्याओं पर भी गहन चर्चा हुई। संगठन के जनपदीय प्रवक्ता निजाम खान ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा चुनाव 2024 की प्रक्रिया गतिमान है। देश में दो चरणों के चुनाव संपन्न भी हो चुके हैं। प्रदेश में संपन्न हो चुके मतदान में मतदाताओं की उदासीनता के कारण मतदान प्रतिशत बहुत नीचे रहा है। संस्था उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ छात्रों/शिक्षकों के हितों के संरक्षण और संवर्धन के साथ-साथ अपने सामाजिक उत्तरदायित्वों के प्रति भी संवेदनशील रहता है। कम मतदान प्रतिशत से चिंतित संगठन की जनपदीय इकाई ने जनपद के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए एक चरणबद्ध मतदाता जागरूकता रैली किए जाने का प्रस्ताव किया है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में 07 मई दिन मंगलवार को प्रातः 8:00 बजे जनपद के सभी तहसील मुख्यालयों पर हमारे संगठन के तहसील प्रभारी के संयोजन तथा उप जिलाधिकारियों के निर्देशन में तहसील मुख्यालय पर एक मोटरसाइकिल रैली इसके उपरांत द्वितीय चरण 10 मई दिन शुक्रवार प्रातः 8 बजे जनपद के शिक्षकों द्वारा एक रैली जिलाधिकारी के कार्यालय से प्रारंभ करते हुए पोस्ट ऑफिस, शाहगंज चौराहे के रास्ते चौक घंटाघर, सब्जी मंडी से गुजरते हुए जिला अस्पताल, बस स्टेशन के रास्ते जिला पंचायत स्थित अमर शहीदों की प्रतिमा पर समापन किया जाना प्रस्तावित है। प्रस्ताव लेकर प्राथमिक शिक्षक संघ अध्यक्ष दिलीप पांडेय मंत्री डॉ यच बी सिंह ने जिलाधिकारी से आज मुलाकात करके प्रस्ताव उनके सामने रखा जिसे देखकर उपरोक्त कार्यक्रम किए जाने की सहर्ष सहमति जिलाधिकारी महोदय द्वारा संघ को प्रदान कर दी गई है। उन्होंने कार्यक्रम में पहुंचकर झंडी दिखाने के आमंत्रण को स्वीकार भी किया है। संयुक्त मंत्री प्रशांत पांडेय ने बताया कि उपरोक्त कार्यक्रम में शिक्षक मतदाताओं को आकर्षित करने हेतु बैनर ध्वनिविस्तारक यंत्र स्लोगन लिखी तख्तियां लेकर मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास करेंगे।

# 10 लाख कीमत के गांजा के साथ 2 अंतर्राज्यीय ड्रग तस्कर गिरफ्तार

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मीरजापुर**-अहरौरा पुलिस ने 2 अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लगभग 10 लाख की कीमत का गांजा बरामद किया है तथा तस्करी में प्रयुक्त इनोवा वाहन को जब्त किया है।घटना का विवरण पत्रकारों को देते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नगर नितेश सिंह ने बताया कि मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार थाना अहरौरा क्षेत्रान्तर्गत ग्राम एक्का जंगल वाटर पार्क मोड़ के पास से इनोवा कार सवार 2 अन्तर्राज्यीय शातिर गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया गया । जिनके द्वारा पूछताछ में अपना नाम पता दीपक कुमार निवासी मकान नं0-21/4 राजीव गांधी कॉलोनी थाना फोकल प्वाइंट लुधियाना पंजाब व सोविंग कुमार आहूजा निवासी मकान




नं0-बी/33/374 न्यू जनकपुरी थाना सलेम टबरी लुधियाना पंजाब बताया गया तथा इनोवा कार के चारों गेट में लगे फाइवर के अन्दर एवं कार में बनवाई गई पांच विशेष कैविटी में अवैध गांजा होना बताया गया । पुलिस टीम द्वारा वाहन की तलाशी ली गई तो गेट एवं कार के अन्दर बनाई गई विशेष कैविटी में छिपाकर 46 पैकेटों में कम्प्रेश कर रखा हुआ कुल 30 किग्रा अवैध गांजा बरामद हुआ । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना अहरौरा पर मुकदमा अंतर्गत एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत कर गिरफ्तार कर लिया गया। आगे ये भी बताया कि गांजा तस्करी में प्रयुक्त इनोवा कार वाहन संख्याःक्क0प्ष्ट2222 को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट में सीज किया गया । पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वो लोग गांजे का कारोबार काफी समय से करते आ रहे है तथा उड़ीसा प्रान्त के भुवनेश्वर शहर से एक व्यक्ति से गांजा खरीद कर कार में बनी विशेष कैविटी में छिपाकर पंजाब लाते है और पंजाब में बिक्री करने का काम करते है । उन्होंने ये भी बताया कि जामा तलाशी में अभियुक्तों के कब्जे से दो मोबाइल और रु 1850.00 नकद भी बरामद हुए।

# एसपी ने पीएम और सीएम के कार्यक्रम के दृष्टिगत ट्रान्सपोर्टरों के साथ की गोष्ठी

**चित्रकूटः** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने कानपुर कमिश्नरेट में आगामी 4 मई को कानपुर में प्रधामंत्री भारत सरकार एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यक्रम के दृष्टिगत ट्रान्सपोर्टरों के साथ गोष्ठी की। गोष्ठी में समस्त ट्रान्सपोर्टर्स को निर्देशित किया कि कार्यक्रम के दृष्टिगत कानपुर जाने वाले तथा कानपुर होकर आगे जाने वाले मालवाहक वाहनों को रोका जाये। साथ ही आगरा, दिल्ली जाने वाले वाहन एक्सप्रेस-वे होकर जा सकते हैं। इस मौके पर पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह एवं प्रभारी यातायात शैलेन्द्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे।

# पडोसी की गला काटकर हत्या करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर पति-पत्नी और बेटे को आजीवन कारावास की सजा

**चित्रकूटः** पडोसी को घर से घसीट कर लाने और उसकी गला काट कर हत्या करने के मामले में दोष सिद्ध होने पर सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने हत्यारोपी पति-पत्नी और उनके बेटे को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अर्थदण्ड से भी दण्डित किया है।

अभियोजन पक्ष की ओर प्रभावी पैरवी के चलते एक साल पहले हुए इस हत्याकांड के मुकदमें निर्णय आने के बाद जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी श्याम सुंदर मिश्रा ने बताया कि लगभग एक साल पहले हुए इस हत्याकांड में कडैहा पुरवा सर्दी खुर्द निवासी हेतलाल आदिवासी ने बरगढ थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस को दी गई तहरीर में वादी ने कहा था कि उसका भतीजा राम कैलाश (46) बीती 1 मई को रात 9 बजे अपने घर में था। इस दौरान पडोस में रहने वाला धर्मराज आदिवासी अपने पिता समरजीत और मां सरोज देवी के साथ राम कैलाश के दरवाजे पहुंचकर गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर तीनों लोग राम कैलाश को घसीट कर अपने दरवाजे तक ले गए। इसके बाद समरजीत व उसकी पत्नी सरोज ने राम कैलाश को पकड लिया और उनके बेटे धर्मराज ने हसुवा से उसकी गर्दन में जानलेवा हमला कर दिया।

जिससे राम कैलाश वहीं गिर गया और गर्दन में घाव होने के कारण मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना के प्रत्यक्षदर्शी मृतक के चाचा हेतलाल की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने तीनों हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। साथ ही न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। एक साल पहले हुए इस हत्याकांड में अभियोजन पक्ष की प्रभावी पैरवी के चलते अब तक तीनों हत्यारोपियों की जमानत नहीं हो सकी।

बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद शुक्रवार को सत्र न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर हत्यारोपी धर्मराज, उसके पिता समरजीत व मां सरोज देवी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई। साथ ही प्रत्येक आरोपी को 11-11 हजार रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) सदर महोदय प्रतापगढ़
मु0नं0 1878/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन शंकर लाल बनाम शम्भूनाथ आदि
बनाम
1. शम्भूनाथ आयु 55 साल 2. रघुनाथ आयु 52 साल 3. रामचन्द्र आयु 48 साल सुतगण गिरधारी लाल 4. मोती लाल आयु 70 वर्ष सुत मतई समस्त निवासीगण ग्राम कोनी पोस्ट साल्हीपुर कंजास पर0 व तह0 पट्टी जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 04.09.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 04.09.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

नोटिस नमूना आम
न्यायालय श्रीमान् उपजिलाधिकारी महोदय,महराजगंज रायबरेली
वाद संख्या 7202410580101986 ...सन् ...ई....
विश्वमोहिनी वादी-/प्रार्थी
बनाम
अमर सिंह आदि.....प्रतिवादी/विपक्षी बनाम 1.श्री सत्यवीर सिंह पुत्र स्व. करन सिंह 2. रनवीर सिंह पुत्र स्व. करन सिंह 3. राजवीर सिंह पुत्र स्व. करन सिंह 4. श्रीमती विन्ध्रेश्वरी पत्नी स्व.करन सिंह निवासी ग्राम गूढ़ा परगना कुम्हरावां तहसील महराजगंज जनपद रायबरेली।
चूंकि ऊपर नामांकित विष्वमोहिनी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि धारा 116 उ0प्र0 रा स0 अतएव आपको एतद् द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफकिसी प्रकार की भी कोई आपत्ति प्रस्तुत करना चाहते है तो आप दिनांक 09 माह 05 सन् 2024 ई0 दिन के 10 बजे पूर्वान्ह इस न्यायालय में उपस्थित स्वयं या सम्यक रूपेण अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो और यदि आप ऐसा करने में असफल रहे तो उक्त आवेदन की सुनवाई एक पक्षीय करके वाद निर्णत कर दिया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांकः18.04.2024
माह.... सन-....ई0 जारी की गयी।
दिनांक....
उपजिलाधिकारी
महराजगंज, रायबरेली

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम के पालिसी सं0 311790973 में मेरा नाम कुमारी सुधा केसरवानी पुत्री रमेश चन्द्र केसरवानी निवासी जयरामपुर, पो0 दुर्गागंज तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़ (उ0प्र0) है जबकि मेरा सही नाम आधार व बैंक खातें में सेजल केसरवानी है। मुझे भविष्य में सेजल केसरवानी पुत्री रमेश चन्द्र केसरवानी के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।
सेजल केसरवानी
पुत्री रमेश चन्द्र केसरवानी
निवासी जयरामपुर, पो0 दुर्गागंज
तह0 रानीगंज जिला
प्रतापगढ(उ0प्र0)

# पत्रकार समाज के हैं सबसे सजग प्रहरी - अभिनव राज त्रिपाठी

**मऊ (चित्रकूट) ;** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पंचायत मऊ के ब्लू डिजर्ट में एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक युवा पत्रकार विपुल पांडेय एवं युवा पत्रकार विकास द्विवेदी रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता क्षेत्रीय सामाजिकता पर गहन अध्ययन करने वाले पर्यावरण चिंतक युवा पत्रकार अभिनव राज त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम के दौरान युवा पत्रकार अभिनव राज त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार समाज के सबसे सजग प्रहरी हैं। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस, जो हर साल 3 मई को मनाया जाता है। प्रेस की स्वतंत्रता के महत्व पर विचार करने और उन पत्रकारों को याद करने का अवसर प्रदान करता है, जिन्होंने सच को उजागर करने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। यह दिन साल 1993 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा स्थापित किया गया था और तब से यह दुनिया भर में मीडिया स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतीक बन गया है। इस दौरान उन्होंने बताया कि वर्ल्ड प्रेस फ्रीडम डे यानी विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हर साल एक खास थीम तैयार की जाती है। इस साल की थीम 'ए प्रेस फॉर द प्लैनेट- जर्नलिज्म इन द फेस ऑफ द एनवायर्नमेंटल क्राइसिस' है। पत्रकारों के काम को सम्मान देने के लिए यह दिन मनाया जाता है। इस दौरान वरिष्ठ पत्रकार प्रफुल्ल चंद्र त्रिपाठी, पत्रकार पवन रस्तोगी, पत्रकार विकास, पत्रकार विपुल, पत्रकार नरेंद्र खरे, हर्षित, लकी जायसवाल, अर्चित शुक्ला, शुभम द्विवेदी, अंकित त्यौंथा, शादाब गनी, राजू अग्रहरी, प्रकाश, डॉक्टर राजा शुक्ला, श्रेयांश बाजपेई सहित बहुत से लोग उपस्थित रहे।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी महोदय कुण्डा प्रतापगढ़
वाद सं0 3214/2023
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन समर बहादुर सिंह आदि बनाम सत्येन्द्र बहादुर सिंह आदि
बनाम
1. सत्येन्द्र बहादुर सिंह उम्र 48 वर्ष 2. जीतेन्द्र बहादुर सिंह उम्र 45 वर्ष सुतगण स्व0 कुंवर भारत सिंह 3. सुमन सिंह उम्र 77 वर्ष पत्नी कुंवर भारत सिंह 4. धर्मेन्द्र बहादुर सिंह उम्र 55 वर्ष 5. वीरेन्द्र कुमार सिंह उम्र 51 वर्ष 6. विनोद कुमार सिंह उम्र 47 वर्ष सुतगण स्व0 रामदेव सिंह 7. शिव कुमार सिंह उम्र 68 वर्ष सुत स्व0 द्वारिका सिंह 8. जगत पाल सिंह उम्र 66 वर्ष 9. राजेन्द्र बहादुर सिंह उम्र 60 वर्ष 10. सुरेन्द्र बहादुर सिंह उम्र 56 वर्ष 11. बृजेन्द्र बहादुर सिंह उम्र 44 वर्ष सुतगण तेज बहादुर सिंह 12. शिव प्रताप सिंह उम्र 52 वर्ष सुत स्व0 इन्द्र पाल सिंह 13. श्रीमती विट्टन देवी उम्र 70 वर्ष पत्नी स्व0 इन्द्रपाल सिंह 14. अवधेश बहादुर सिंह उम्र 66 वर्ष 15.उमेश बहादुर सिंह उम्र 63 वर्ष 16. हरिकेश सिंह उम्र 60 वर्ष 17. वीरेन्द्र कुमार सिंह उम्र 56 वर्ष 18. मनोज कुमार सिंह उम्र 50 वर्ष 19. संतोष कुमार सिंह उम्र 53 वर्ष सुतगण स्व0 मथुरा सिंह 20. सुरेश बहादुर सिंह उम्र 62 वर्ष 21. कमलेश बहादुर सिंह उम्र 58 वर्ष 22. सुरेन्द्र सिंह सुतगण आनन्द बहादुर सिंह 23. रेशम सिंह पत्नी अरूण कुमार सिंह 24. कुंवर शौर्य प्रताप सिंह सुत अरूण कुमार सिंह नाबा0 संरक्षिका माता स्वयं रेशम सिंह 25. दिनेश सिंह उम्र 60 वर्ष 26. योगेश बहादुर सिंह उम्र 56 वर्ष 27. राकेश बहादुर सिंह उम्र 53 वर्ष 28. राजेश कुमार सिंह उम्र 50 वर्ष 29. अशोक सिंह उम्र 49 वर्ष 30. राजीव कुमार सिंह उम्र 45 वर्ष सुतगण स्व0 कुंवर बहादुर सिंह समस्त नि0गण राय असकरनपुर पर0 ढ़िगवस तह0 कुण्डा प्रतापगढ़ 31. श्रीमती विट्टन देवी उम्र 70 वर्ष पत्नी राम लखन यादव सा0 दुबानन का पुरवा राय असकरनपुर पर0 ढिगवस तह0 कुण्डा प्रतापगढ़ 32. अभय प्रताप सिंह उम्र 34 वर्ष 33. अक्षय प्रताप सिंह उम्र 32 वर्ष सुतगण शिव कुमार सिंह नि0गण राय असकरनपुर पर0 ढिंगवस तह0 कुण्डा प्रतापगढ़ 34. अ0भू0प्र0स0 द्वारा प्रधान राय असकरनपुर पर0 ढिंगवस तह0 कुण्डा प्रतापगढ़ 35. उ0प्र0 राज्य द्वारा जिलाधिकारी महोदय प्रतापगढ़
वाद अन्तर्गत धारा 116 उ0प्र0रा0सं0 2006
तारीख पेशी 08.05.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 08.05.2024 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी सदर जिला प्रतापगढ़
मुकदमा संख्या
रमा शंकर सिंह
बनाम
नागेन्द्र बहादुर सिंह आदि
बनाम -
1- नागेन्द्र बहादुर सिंह आयु 60 वर्ष सुत जोखूराम, 2- वीरेन्द्र बहादुर सिंह आयु 65 वर्ष सुत रघुनाथ सिंह निवासी ग्राम भुवाल पुर डोमीपुर पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़।
3- ग्राम पंचायत भुवाल पुर डोमीपुर द्वारा अध्यक्ष ग्राम पंचायत भुवाल पुर डोमीपुर पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 16 - 5 - 2024
मुकदमा बटवारा धारा 116 भू राजस्व संहिता
तारीख पेशी 16 - 05 -2024
यह कि वादी ने उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है ऐतद द्वारा सम्मन नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 16- 05- 2024 को वास्ते प्रार्थना पत्र टी 0आई 0 व तनकीह प्रातः 10 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाबदेही दावा करें ऐसा न करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप में सुना जायेगा और हस्ताक्षरित किया जाएगा ।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिनांक मास सन को जारी किया गया।
आज्ञा से

न्यायालय श्रीमान अपर सिविल जज जू 0डी0 कक्ष संख्या 16 जिला प्रतापगढ़
वाद संख्या 1699 सन 2019
भोला प्रसाद आदि
बनाम
ज्वाला प्रसाद आदि
बनाम - 1- ज्वाला प्रसाद, 2- अमर पाल सुतगण बृज लाल ,3- श्रीमती आशा आयु 45 वर्ष पत्नी अमर पाल,4 - सत्यम सुत अमर पाल समस्त निवासीगण ग्राम गौरा डांड पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ ।
तारीख पेशी 23 - 07 -2024
यह कि वादी ने उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है ऐतद द्वारा सम्मन नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 23- 07- 2024 को वास्ते प्रार्थना पत्र टी 0आई 0 व तनकीह प्रातः 10 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाबदेही दावा करें ऐसा न करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप में सुना जायेगा और हस्ताक्षरित किया जाएगा ।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिनांक मास सन को जारी किया गया।
आज्ञा से

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी0डि0) एफ0टी0सी0 द्वितीय महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 265/2019
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन सूर्यमणि मिश्र बनाम राकेश कुमार आदि
बनाम
1. राकेश कुमार उम्र 51 वर्ष सुत रमाशंकर निवासी ग्राम वारिदहाल फतेहपुर पो0 रानीगंज पर0 पट्टी तह0 रानीगंज प्रतापगढ़ 2. उर्मिला देवी उम्र 51 वर्ष पत्नी गोविन्द पाल पर0 व तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ सा0 मौजा पूरे लाल पो0 सराय आनादेव प्रतापगढ़
तारीख पेशी 08.05.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 08.05.2024 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

न्यायालय श्रीमान उप जिलाधिकारी रानीगंज जिला प्रतापगढ़
मुकदमा संख्या
इन्दुपति
बनाम
सभापति आदि
बनाम -
2/1- इंद्रावती देवी आयु 80 वर्ष पत्नी जगदम्बा प्रसाद, 2/2- अखिलेश कुमार आयु 56 वर्ष ,2/3 प्रकाश चन्द्र आयु 50 वर्ष , 2/4 रमेश चन्द्र आयु 48 वर्ष ,2/5 राकेश कुमार आयु 45 वर्ष , 2/6 अशतोष कुमार आयु 42 वर्ष , 2/7 भोलानाथ आयु 40 वर्ष सूतगण जगदम्बा प्रसाद दूबे निवासी ग्राम अवधान पुर पर0 तह0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़।
तारीख पेशी 16 - 5 - 2024
मुकदमा बटवारा धारा 176 यू पी जमीदारी विनाश अधि0
तारीख पेशी 16 - 05 -2024
यह कि वादी ने उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र आपके विरुद्ध इस न्यायालय में प्रस्तुत किया है ऐतद द्वारा सम्मन नोटिस आपको आदेशित किया जाता है कि दिनांक 16- 05- 2024 को वास्ते प्रार्थना पत्र टी 0आई 0 व तनकीह प्रातः 10 बजे स्वयं या मार्फत अपने वकील के इस न्यायालय में उपस्थित होकर जवाबदेही दावा करें ऐसा न करने में असफल रहने पर आपके विरुद्ध वाद प्रार्थना पत्र का एक पक्षीय रूप में सुना जायेगा और हस्ताक्षरित किया जाएगा ।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिनांक मास सन को जारी किया गया।
आज्ञा से

# साइकिल रैली निकालकर मतदाताओं को किया गया जागरूक




**चित्रकूटः** लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 में 20 मई में निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए 70 प्रतिशत से अधिक मतदान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी, जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं नोडल अधिकारी स्वीप मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर के निर्देश पर स्वीप योजना के अंतर्गत कराए जाने वाले मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए बनाई गई स्वीप कार्ययोजना के अनुसार शुक्रवार को स्काउट -गाइड, रोवर -रेंजर्स एवं एनसीसी द्वारा संयुक्त रूप से एक भव्य साइकिल रैली का आयोजन किया गया। उप जिलाधिकारी आलोक कुमार सिंह एवं नायब तहसीलदार कर्वी ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

साइकिल रैली पटेल तिराहा से प्रारंभ होकर एलआईसी तिराहा होते हुए धनुष चौराहे से नगर पालिका परिषद कार्यालय पर समाप्त हुई। इस रैली में लगभग 150 स्काउट गाइड, रोवर रेंजर्स, एनसीसी के कैडेट अपने हाथ में स्लोगन तख्तियां लेकर पहले मतदान फिर जलपान आदि का नारा लगाते हुए जन सामान्य व युवा मतदाताओं को जागरूक करने का कार्य किया। जिससे शहरी क्षेत्र में विगत चुनाव की तुलना में अधिक मतदान हो सके।

प्रशासन लगातार प्रयास कर रहा है कि आने वाले 20 मई को जनपद में मतदान के दिन सभी लोग अपने घरों से निकलकर बूथों में जाएं और उम्मीदवार को सांसद बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें।

रैली में चित्रकूट इण्टर कॉलिज के एनसीसी कैडेट, गोस्वामी तुलसीदास राजकीय महाविद्यालय कर्वी के रोवर रेंजर एवं श्रीगंगा प्रसाद जन सेवा इण्टर कॉलिज कर्वी, राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज कर्वी, सेठ राधा कृष्ण पोद्दार इण्टर कॉलिज सीतापुर, कृषक इण्टर कॉलिज भौरी के स्काउट गाइडों ने हिस्सा लिया।

इस मौके पर प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ सनत कुमार द्विवेदी, मैयादीन पटेल, सुरेश प्रसाद, प्रेमचंद, ऋषि कुमार शुक्ला, सुनील कुमार शुक्ला, लालमन, शंकर प्रसाद यादव, दिनेश सिंह, सुशील कुमार सिंह, रमेश सिंह, चंद्रभागा सिंह, शालिनी देवी, रामदयाल, ललित कुमार, आशीष साहू आदि मौजूद रहे।

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 1199/2018
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन मोहम्मद हुसेन आदि बनाम मोहम्मद इलियास आदि
बनाम
1. मोहम्मद इलियास 2. मोहम्मद फैयाज 3. मोहम्मद सिराज पुत्रगण मोहम्मद सुलेमान निवासी ग्राम नौड़ेरा (लखनीपुर) प0 पट्टी त0 रानीगंज जिला प्रतापगढ़
तारीख पेशी 16.07.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 16.07.2024 को समय 10.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम

(फार्म नं0 2 ए)
न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) कक्ष सं0 16 महोदय प्रतापगढ़
म0मु0 928/2022
अन्तर्गत आर्डर 5 नियम 20जा0 दी0
नाम फरीकेन रामफेर बनाम मोहन लाल आदि
बनाम
1. धरम पाल 2. अमर पाल 3. बृजभान सुतगण शिवरतन 4. राम लाल सुत स्व0 राम औतार समस्त निवासी ग्राम नेवादा गौराडांड़ पर0 तह0 सदर जिला प्रतापगढ़ 5. गांव सभा नेवादा गौराडांड द्वारा प्रधान गांव सभा गौराडांड पर0तह0 सदर प्रतापगढ़ 6. राज्य सरकार उ0प्र0 द्वारा कलेक्टर महोदय प्रतापगढ़
तारीख पेशी 09.05.2024
यह कि उपरोक्त वाद/प्रार्थना पत्र इस न्यायालय में आपके विरूद्ध प्रस्तुत किया गया है। एततदवरा आपको इस जरिये सम्मन नोटिस आदेशित किया जाता है कि दिनांक 09.05.2024 को समय 07.00 बजे स्वयं या मार्फत अपने अधिवक्ता इस न्यायालय में उपस्थित होकर जबाबदेही दावा करें। ऐसा न करने पर उक्त वाद/आवेदन-पत्र एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा लगाकर आज दिनांक माह सन् को जारी किया गया ।
न्यायालय की आज्ञा से
मुन्सरिम


**उत्तर मध्य रेलवे**

संं0-सीएम-1/एटीवीएम/फैसीलिटेटर/पार्ट-11/प्रयागराज/2024 दिनांक : 01.05.2024

**यह आवेदन नौकरी हेतु नही है।**

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज, भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित स्टेशनों (स्टेशनों की सूची अनुलग्नक-बी के रूप में संलग्न है) पर ए0टी0वी0एम0 (आटोमेटिक टिकट वेण्डिंग मशीन) के लिए फैसीलिटेटर के रूप में लगाये जाने हेतु इच्छुक सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों से बन्द लिफाफे में आवेदन आमंत्रित करते हैं :-

| कार्य की अवधि : 31.03.2025 | बयाना राशि : शून्य | आवेदन का मूल्य : रू0 100/- |
|---|---|---|

**स्टेशन का नाम :** सोनभद्र, चुनार, मिर्जापुर, विन्ध्याचल, मांडा रोड, प्रयागराज, प्रयागराज-छिवकी, नैनी, भरवारी, सूबेदारगंज, सिराथु, फतेहपुर, कानपुर-सेंट्रल, गोविंदपुरी, फफूंद, भरथना, इटावा, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद, टूंडला, जलेसर रोड, हाथरस, अलीगढ़, सोमना, खुर्जा, दनकौर, दादरी, मानिकपुर, डभौरा, शंकरगढ़, कानपुर-अनवरगंज, पनकी धाम।

1. सभी सम्बन्धित नियमों एवं शर्तों के साथ आवेदन (अधि सूचना की तिथि से प्रारम्भ होकर) दिनांक **31.05.24** को 11.00 बजे तक उपलब्ध है। आवेदन फार्म किसी भी कार्य दिवस (सोमवार से शुक्रवार तक) समय 09.00 बजे से 17.00 बजे तक मिर्जापुर, प्रयागराज, प्रयागराज-छिवकी, फतेहपुर, कानपुर, इटावा, टूण्डला, अलीगढ़ के बुकिंग कार्यालय से प्राप्त किए जा सकता हैं। आवेदन फार्म का मूल्य 100/- रूपये (अप्रतिदेय) है, जिसे बुकिंग कार्यालय में जमा करना होगा और मूल एम0आर0 को आवेदन फार्म के साथ नत्थी करना होगा। **2.** आवेदन फार्म उत्तर मध्य रेलवे के वेबसाइट **www.ncr.indianrailways.gov.in** से भी डाउनलोड किए जा सकते हैं। आवेदन फार्म का मूल्य 100/- रूपए है। आवेदक को आवेदन के साथ किसी अनुसूचित वाणिज्य बैंक द्वारा वरिष्ठ मण्डल वित्त प्रबन्धक, उ0म0रे0, प्रयागराज, के पक्ष में जारी 100/- रू0 का बैंक ड्राफ्ट/डी0डी0 डाउनलोड आवेदन फार्म के मूल्य के रूप में संलग्न करना होगा। **3.** विधिवत पूर्णतः भरे हुए तथा सभी औपचारिकताओं के साथ पूर्ण आवेदन फार्म लिफाफे में **सहायक वाणिज्य प्रबन्धक, वाणिज्य शाखा, द्वितीय तल, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय, उत्तर मध्य रेलवे, नवाब युसुफ रोड, प्रयागराज** के कार्यालय में तथा **स्टेशन निदेशक/उप मुख्य यातायात प्रबन्धक, उत्तर मध्य रेलवे, स्टेशन भवन, कानपुर सेन्ट्रल** के कार्यालय में दिनांक **31.05.24** को 13.00 बजे तक प्राप्त किए जाएंगें और उन्हें उसी दिन 15.00 बजे खोला जाएगा। यदि किसी कारण से उक्त तिथि को अवकाश घोषित कर दिया जाता है, तो अगले कार्य दिवस में उसी स्थान और समय पर आवेदन खोले जाएंगें। **4.** विलम्ब से प्राप्त आवेदन न तो स्वीकार किए जाएँगे और न उन पर विचार किया जायेगा तथा अधूरे/गलत भरे हुये फार्म अस्वीकार/निरस्त कर दिये जायेगे। **5.** रेल प्रशासन किसी भी आवेदन को किन्हीं भी परिस्थितियों में स्वीकार/अस्वीकार/निरस्त करने का अधिकार अपने पास सुरक्षित रखता है।

778/24 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR


# एसपी ने साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर किया परेड का निरीक्षण



**चित्रकूटः** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन्स में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया। परेड निरीक्षण के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों का टर्न आउट जांच किया। साथ ही परेड ग्राउण्ड में उपस्थित सभी टोलियों की ड्रिल देखी गयी एवं आवश्यक सुधार के लिए प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन को निर्देशित किया। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने मेस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता देखकर सुधार के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। साथ ही बैरिक, आवासीय परिसर, परिवहन शाखा का निरीक्षण कर प्रतिसार निरीक्षक को साफ-सफाई के लिए निदेर्शित किया। उन्होंने क्वार्टर गार्द में जाकर सलामी ली गयी। साथ ही स्टैण्ड-टू की कार्यवाही की गयी। आदेश-कक्ष में जाकर पुलिस कर्मियो का अर्दली रुम किया गया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी नगर लाइन्स राज कमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रदीप पाल आदि मौजूद रहे।

# 2 आरोपी के विरुद्ध गुण्डा तथा 5 आरोपी के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही



**चित्रकूटः** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत अपराध एवं अपराधियों की रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में जनता में भय आतंक फैलाकर गुण्डा गर्दी करने वाले 2 आरोपियों के विरुद्ध गुण्डा तथा 5 आरोपियों के विरुद्ध मिनी गुण्डा की कार्यवाही की गयी। बरगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार मौर्य द्वारा अरुण कुमार निवासी बरगढ मोड मजरा कोनिया, अंकेश शुक्ल उर्फ छोटू निवासी बरगढ के विरुद्ध यूपी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी। इसी प्रकार मानिकपुर थाना प्रभारी निरीक्षक रीता सिंह द्वारा रमेश, रणधीर सिंह, फूलचन्द्र निवासीगण गढचपा, धनपत निवासी पोखला मजरा गढचपा, लालमन निवासी रम्पुरिया मजरा सरैंया के विरुद्ध मिनी गुण्डा एक्ट की कार्यवाही की गयी।


प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी संतोष भगवन द्वारा रामा मुद्राणालय विवेक नगर, प्रतापगढ़ से मुद्रित व लोकमित्र कार्यालय आजाद नगर(निकट बड़ा शिवाला), मंझनपुर कौशाम्बी से प्रकाशित

सम्पादकः कृष्णानन्द त्रिपाठी

# रायबरेली लोकसभा सीट से कॉंग्रेस प्रत्याशी राहुल गाँधी ने किया नामांकन!

## माँ की विरासत को नये आयाम देने के लिए परिवार संग रायबरेली आये राहुल गाँधी







**रायबरेली।** यूपी की दो हाईप्रोफाइल सीट रायबरेली और अमेठी को लेकर कांग्रेस में जारी सस्पेंस खत्म हो गया, कांग्रेस द्वारा अमेठी और रायबरेली से अपने उम्मीदवारों का ऐलान किये जाने के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी परिवार के साथ रायबरेली सीट से लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन करने कलेक्ट्रेट पहुंचे तथा नामांकन पत्र प्रस्तुत किया।

बता दें कि पिछले कई दिनों से रायबरेली व अमेठी सीट से कॉंग्रेस प्रत्याशी घोषित किये जाने की राह देखी जा रही थी,नामांकन की अंतिम तिथि से चंद घंटे पहले जब ऐलान हुआ कि रायबरेली में अपनी माँ की विरासत को संभालने का जिम्मा उठाने स्वयं राहुल गाँधी रायबरेली से नामांकन करने आ रहे हैं तो लोगों में हर्ष की लहर दौड़ गयी। बताते चलें कि दोपहर लगभग 2 बजे राहुल गाँधी अपने प्रस्तावकों व समर्थकों के साथ नामाँकन करने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंच कर नामांकन पत्र भरा,इस दौरान उनके साथ उनकी माँ सोनिया गाँधी,बहन प्रियंका बाड्रा तथा राबर्ट बाड्रा व कॉंग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खड़गे, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी व राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत जैसे वरिष्ठ कॉंग्रेसी नेता भी मौजूद रहे।

### राहुल गाँधी के नामांकन जुलूस में दिखा कार्यकर्ताओं का उत्साह

बता दें कि राहुल गांधी अपने पूरे परिवार के सदस्यों के साथ हवन व पूजा पाठ करके नामांकन जुलूस हाथी पार्क स्थित कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय से निकला। फिरोज गांधी चौराहा से होते हुए जुलूस कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस जुलूस में भारी भीड़ देखने को मिली। कार्यकर्ताओं का उत्साह अपने चरम पर था। कांग्रेसी राहुल को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की बात कहते रहे। इस जुलूस में कांग्रेस के साथ सपा कार्यकर्ता भी दिखे।

### राहुल के आने से खिले रायबरेली वासियों के चेहरे!

गौरतलब है कि अमेठी और रायबरेली जिले गांधी-नेहरू परिवार के पारंपरिक क्षेत्र माने जाते हैं क्योंकि इस परिवार के सदस्यों ने कई दशकों तक इन दोनों सीट का प्रतिनिधित्व किया है,बता दें कि सोनिया गांधी ने वर्ष 2004 से 2024 तक रायबरेली निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया,हालांकि वह अब राज्यसभा के लिए निर्वाचित हो गई हैं,रायबरेली राहुल गांधी की मां सोनिया गांधी का पारंपरिक निर्वाचन क्षेत्र रहा है।बताया जाता है कि राहुल गाँधी के रायबरेली से चुनाव लड़ने की खबर जैसे ही जिले में फैली,लोगों में खुशी की लहर दौड़ गयी।

# जनता को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए मोदी प्याऊ का हुआ उद्घाटन



**लालगंज रायबरेली।** सरेनी विधानसभा क्षेत्र के गोविंदपुर वलौली में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता दीप प्रकाश शुक्ला, विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला के द्वारा मोदी प्याऊ का उद्घाटन किया गया। विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि गर्मी का प्रकोप बढ़ गया है। गर्मी में लोगों को ठंडा पानी उपलब्ध कराने के लिए मोदी प्याऊ का शुभारंभ किया गया है। भारतीय जनता पार्टी लोगों के दुख दर्द को समझती है। विधानसभा संयोजक सुशील शुक्ला ने कहा कि जिले में भाजपा प्रत्याशी राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने नामांकन दाखिल कर दिया है। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर उन्हें जिताने के लिए जनसंपर्क करने में जुट गए हैं। रायबरेली में भाजपा इस बार भारी वोटो से विजय श्री प्राप्त करेगी। गांव गरीब के विकास के साथ-साथ लाभप्रद योजना के लगातार चालू रहने के लिए मोदी सरकार बहुत ही आवश्यक है। उन्होंने कहा कि दूसरी सरकारों ने सनातन धर्म का अपमान किया है। हिंदुत्व का अपमान किया है। जबकि भारत के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबका साथ सबका विकास के लक्ष्य के साथ काम कर हर व्यक्ति को योजनाओं का लाभ देने का काम किया है ।आज प्रत्येक गांव गरीब घर सभी मोदी सरकार की योजनाओं से लाभान्वित है। भाजपा नेता दीप प्रकाश शुक्ला ने कहा कि भाजपा की सरकार किसानो की सरकार है। सबसे अधिक किसानों का फायदा भाजपा सरकार में ही हुआ है। मंडल अध्यक्ष जगन्नाथ पांडे ने कहा कि सभी लोग 20 मई को वोट डालने अवश्य जाएं जिससे भारी मतों से रायबरेली में भी भाजपा प्रत्याशी को जिताया जाए ।इस अवसर पर नीलेश शुक्ला,महामंत्री विकेश द्विवेदी, संतोष सिंह, डॉक्टर चंद्र प्रताप सिंह, मदन मिश्रा , आशीष दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

# छात्र का अपहरण करने वाले बाइक सवार को पुलिस ने पकड़ा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** बाइक सवार बदमाश एक छात्रा को उसके घर के बाहर से अपहरण करके भाग निकले। सूचना पर पुलिस ने बाइक सवार युवक को धर दबोचा।कोरिहरा गांव की एक किशोरी इंटरमीडिएट की छात्रा है। वह कालेज से पढ़कर स्कूली वाहन से अपने घर के बाहर उतरी तभी पहले से घात लगाए एक युवक ने उसे दबोच लिया और बाइक में खड़े अपने दूसरे साथी के साथ उसे लेकर डलमऊ की तरफ फरार हो गया। पड़ोसियों ने छात्रा का.अपहरण होते देखा तो शोर मचाया। मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरा खंगालते के साथ ही अन्य थानो की पुलिस को सक्रिय किया। युवक को मुंशीगंज के निकट पुलिस ने पकड़ते हुए छात्रा को बरामद कर लिया। हालांकि उसका साथी भाग निकलने में सफल रहा। छात्रा के पिता ने मामले का शिकायती पत्र कोतवाली पुलिस को दिया है। कोतवाल शिव शंकर सिंह ने बताया कि आरोपित युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। छात्रा से मामले की जानकारी ली जा रही है।

# संदिग्ध परिस्थितियो में वृद्ध किसान की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** बछरावां थाना के गांव जलालपुर निवासी भाईलाल 62वर्ष पुत्र गोविंद की शुक्रवार के दिन ढाई बजे के तकरीबन खेत गया था।जहां पर उसकी संदिग्ध परिस्थितियो में हालत बिगड़ने के बाद सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बछरावां लाया गया जहां पर उनको चिकित्सक ने मृतक घोषित कर दिया।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रकरण की जांच किया जा रहा है।

# पति पत्नी समेत बेटी की मौत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लालगंज रायबरेली।** कार की टक्कर से बाइक सवार पति-पत्नी व बच्चे की मौत हो गई जबकि दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हुए हैं।सरेनी थाना क्षेत्र के पूरे लालू निवासी मंजेश कुमार पुत्र ओमप्रकाश उम्र30 वर्ष अपनी पत्नी काजल पत्नी मंजेश कुमार उम्र28 वर्ष , पुत्र चीकू उम्र 6वर्ष, पुत्री कनिका उम्र 3 वर्ष व माही उम्र लगभग 6 माह को लेकर शुक्रवार को बाईक से सुसराल टिकारी थाना मिल एरिया जा रहे थे जैसे ही बदई का पुरवा थाना गुरुबक्सगंज के पास पहुंचे सामने से आ रही कार ने टक्कर मार दी जिसमे मंजेश , काजल व कनिका की मौके पर ही मौत हो गई। शेष दोनो बच्चों को जिला अस्पताल भेजा गया है। कार चालक को पकड़ते हुए पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# भाजपा लो.स. प्रत्याशी के नामांकन आशीर्वाद समारोह में उमड़ा जन सैलाब

**लोकमित्र ब्यूरो**



**रायबरेली।** शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी लोक सभा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के ऐतिहासिक नामांकन आशीर्वाद समारोह में मुख्य अतिथि उपमुख्य मंत्री ब्रजेश पाठक, प्रदेश महामंत्री अमर पाल मौर्य, प्रभारी मंत्री प्रतिभा शुक्ला,प्रदेश महामंत्री पूर्व सांसद प्रियंका रावत, राज्य सभा सांसद संजय सेढ़, तथा लोकसभा प्रभारी वीरेंद्र तिवारी,व जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा सभी ने सभा को संबोधित किया साथ ही अपार जन समूह के साथ रोड शो किया। इस अवसर पर उँचाहार के विधायक डॉ0 मनोज पांडेय के पुत्र राज पांडेय व भाई अमिताभ पाण्डेय सहित उनके परिवार के सदस्यों, व कांग्रेस की वरिष्ठ नेत्री श्री मती रेनु सिंह के साथ आई सैकड़ो महिलाओ को उपमुख्य मंत्री द्वारा पार्टी की सदस्यता दिलाई गयी। नामांकन आशीर्वाद समारोह में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि 10 वर्ष के कार्य व मोदी की गारंटी पर रायबरेली की जानता अमेठी की तरह इस बार वी.आई.पी.नामदार प्रत्याशी को हराने का कार्य करेगी।

नामांकन में लोक सभा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के प्रस्तावक रहे जिलाध्यक्ष भाजपा बुद्धि लाल पासी, पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडेय, सत्येन्द्र पटेल जिलाध्यक्ष अपना दल, अंजलि मौर्य पूर्व प्रत्याशी विधान सभा उँचाहार व मच पर उपस्थित पूर्व विधायक गजाधर सिंह,राम लाल अकेला, आशा किशोर, पूर्व विधायक सुरेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजना चौधरी,अनीता श्रीवास्तव, पप्पू लोहिया, पशुपति शंकर बाजपेयी, अजय त्रिपाठी, विशाल पांडेय, पंकज मुरारका, आर बी सिंह, मुकेश गुप्ता, वीरेंद्र सिंह,शिवेंद्र सिंह, समाज सेवी मुकेश सिंह,अनुभव कक्कड़,पूर्णिमा श्रीवास्तव,वीरेंद्र गौतम,विवेक शुक्ला, प्रमुख दलबहादुर सिंह, सतेंद्र सिंह, प्रमुख अमन सिंह, चेयर मैन शिवगढ़ सुमन गौतम, ब्रजेश दत्त गौड़, भगवत किशोर सिंह, विजय सिंह, जन्मेजय सिंह, सहित पार्टी के सभी ब्लॉक प्रमुख, चेयर मैन, जिला पंचायत सदस्य, प्रधान, बी. डी. सी. पार्टी के जिला पदाधिकारी, मण्डल अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, मोर्चो के अध्यक्ष, सहित भारी जनसैलाब उपस्थित रहा।सुपर मार्केट से चलकर पार्टी प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह, चंदापुर शिव मंदिर में पूजा अर्चना किया, व हाथी पार्क स्थित बाबा साहब भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इसके उपरांत कई स्थानों पर आशीर्वाद समारोह के पश्चात डिग्री कॉलेज चौराहा स्थित मंदिर पर पूजा कर शहीद स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित किया।

# अवध की लोक संस्कृति, स्वास्तिवाचन व शंखनाद से होगा पीएम का स्वागत

## रोड शो मार्ग के मठ-मंदिरों तथा घरों से होगी पुष्प वर्षा



**अयोध्या।** अवध की लोक संस्कृति, बटुकों के स्वास्तिवाचन व शंखनाद से प्रधानमंत्री का रोड शो में अभिवादन किया जाएगा। महिलाओं द्वारा आरती उतारा जाएगी। रोड-शो के मार्ग में पड़ने वाले मठ-मंदिरों तथा घरों की छतों से रोड-शो पर पुष्प वर्षा की जाएगी। मार्ग की रेलिंग को फूलों से सजाया जाएगा। रोड शो को लेकर भाजपा ने जोर-शोर तैयारियां शुरू कर दी है। जिसके लिए भाजपा पदाधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने जनसंपर्क प्रारम्भ कर दिया है। तैयारियों को लेकर अयोध्या धाम में वहां के पार्षदों तथा पदाधिकारियों तथा लोक सभा चुनाव कार्यालय में अयोध्या कैंट के पार्षदों व पदाधिकारियों की बैठक की गई।

पीएम के रोड शो को लेकर स्वागत कर्ताओं को 40 वर्गो में बांटा गया है। जिसमें धर्माचार्य, संत महंत, बटुक, संस्कृत महाविद्यालय के छात्र, शिक्षक, योग प्रशिक्षक, चिकित्सक, अधिवक्ता, किसान, महिला, पूर्व सैनिक, व्यापारी, शिक्षण संस्थानों के प्रबंधक प्रधानाचार्य, नवमतदाता छात्र, एनजीओ, स्वयं सहायता समूह, दुर्गा पूजा, रामलीला व गणेश पूजा की समितियों सहित अन्य वर्गो में बांटा गया है। कुल 40 ब्लाक बनेंगे जिसमें लाइटिंग, साउंड तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता रहेगा ।लोक सभा चुनाव कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान सांसद लल्लू सिंह ने कहा कि अयोध्या से पूरे विश्व में आध्यत्मिक उर्जा का संचार होता है। डबल इंजन की सरकार ने अयोध्या का अभूतपूर्व विकास करते हुए इसे विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित किया है। इस कारण हम सभी की जिम्मेदारियां बढ़ जाती है। रोड शो ऐतिहासिक हो इसके लिए पूर्ण उर्जा के साथ कार्यकर्ता जुट जाएं।क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि रोड शो के दौरान पदाधिकारी तैयारियां में जुट जाएं। रोड शो में सभी बूथों की उपस्थिति रहे इसके लिए व्यापक स्तर पर जनसम्पर्क कर लोगों को कार्यक्रम के लिए आमंत्रित करें।महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रोड शो लोकप्रियता के सभी रिकार्ड को रामनगरी में तोड़ देगा। सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावना जन-जन के भीतर समाहित हो चुकी है। रामराज्य की परिकल्पना का उद्भव स्थल अयोध्या में समाज का हर वर्ग प्रधानमंत्री का स्वागत करने के लिए आतुर है। विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा रोड शो के डबल इंजन की सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से जनता में उत्साह है। व्यवस्था से जुडे कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का पालन करें। बैठक में रोड शो के व्यवस्था प्रमुख, पार्षद, पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नौ अभियुक्त मिलने पर सजा के साथ लगा अर्थदण्ड

**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** मारपीट -गालीगलौज व अवैध शस्त्र रखने में नौ लोगों को न्यायालय ने दोषी मानते हुए सजा के साथ अर्थदण्ड लगाया है। नसीराबाद थाना में दर्ज मारपीट व गालीगलौज में न्यायालय ने अजय कुमार गांव पूरे लालायराजेश कुमारयमकबूल निवासीगण सनाउल्लाह पर न्यायालय उठने तक की सजा व 15सौ रूपए का अर्थदण्ड लगाया है जबकि थाना सलोन में दर्ज मारपीट व गालीगलौज के मुकदमें में रोहित व रोशन कुमार निवासीगण भोलागंज पर न्यायालय उठने तक की सजा व एक हजार रूपए का अर्थदण्ड डीह थाना के मारपीट व गालीगलौज के मुकदमें में अर्जुन,दिनेश,होरीलाल निवासीगण गांव अस्थोरायपुर को न्यायालय उठने तक की सजा व पन्द्रह सौ रूपए का अर्थदण्ड वहीं सलोन थाने में आर्म्स एक्ट के दोषी अभियुक्त राजे पटेल पुत्र पंचम निवाी लोहगापुर थाना लालगंज जिला प्रतापगढ़ को 8 माह की सजा व अर्थदण्ड से दण्डित न्यायालय ने किया है।

# यूको बैंक के नवनिर्मित शाखा का हुआ उद्घाटन



**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में यूको बैंक की नवनिर्मित ब्रांच विभिन्न योजनाओं के साथ हुआ भव्य उद्घाटन श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में यूको बैंक के विभिन्न योजनायें हुई शुरू ।

अश्वनी कुमार ने बताया की रामनगरी अयोध्या में यूको बैंक द्वारा श्रद्धालुओं को बैठने के लिए कुर्सियों का प्रबंध, यात्री विश्राम गृह में किया गया है। इसके साथ ही अयोध्या में एटीएम बैंक का भी शुभारंभ किया गया विभिन्न योजनाओं का शुभारंभ यूको बैंक के प्रबंध निदेशक व सीईओ अश्विनी कुमार, अंचल प्रमुख सुश्री मिलन दुबे विशिष्ट अतिथि रहे श्री रामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस दौरान यूको बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अश्विनी कुमार के द्वारा निरीक्षण किया गया यूको बैंक के प्रबंध निदेशक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अश्विनी कुमार ने बताया यात्रियों की सुविधा के लिए यात्री विश्राम गृह में 350 चेयर की बैठने के लिए व्यवस्था की गई।

वही पार्किंग होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया वही अंचल से आये बैंकों के अधिकारी व कर्मचारियों श्री मुख्य अतिथि ने मुलाकात की और उन्होंने मंडलों से आए अधिकारियों से बैंक लेखा-जोखा की जानकारी ली उन्होंने बताया कि हमारे यहां हर प्रकार की लोन सुविधा उपलब्ध है।इस दौरान अंचल प्रमुख सुश्री मिलन दुबे, नीरज सचान ,विक्रांत त्यागी,मनोज सिंह, अशोक दुबे ,पल्लवी श्रीवास्तव, मल्लिका श्रीवास्तव, प्रियंका वैश्य ,स्वर्णा त्रिपाठी ,अर्चना अग्रवाल सहित तमाम बैंक के कर्मचारी मौजूद रहे।

# कांग्रेस की प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रेनू सिंह ने थामा भाजपा का दामन



**रायबरेली।** राहुल गांधी नामांकन कर रहे थे और उधर उनकी प्रदेश स्तरीय एक महिला नेता ने डिप्टी सीएम बृजेश पाठक की मौजूदगी में भाजपा का दामन थाम लिया।आज रायबरेली में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशियों ने नामांकन किया भाजपा के नामांकन के लिए सजाए गए मंच पर अचानक रायबरेली जिले की चर्चित कांग्रेस नेत्री रेनू सिंह जो कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी की सदस्य भी हैं उन्होंने भाजपा की सदस्यता ले ली राज्यसभा सांसद अमरपाल मौर्य ने उन्हें अंग वस्त्र भेंट करके पार्टी में शामिल कराया साथ ही डिप्टी सीएम भी मौजूद रहे।

# नाबालिग किशोरी को अपहरण कर दुष्कर्म,अभियुक्त गिरफ्तार

**रायबरेली।**डीह थाना क्षेत्र के एक गांव निवासिनी नाबालिक किशोरी को अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने अभियोग दर्ज संबंधित धारा में करके अभियुक्त को गिरफ्तार किया है।थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि रंजीत पुत्र गंगादीन निवासी कोरवर को गिरफ्तार करके शुक्रवार के दिन जेल भेज दिया गया है।

# अवध विवि में टूरिस्ट गाइड ट्रेनिंग प्रोग्राम का हुआ समापन

## 2047 तक अयोध्या को विश्व पटल पर स्थापित करना हैः अश्विन कुमार पांडेय

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभाग में टूरिस्ट गाइड ट्रेनिंग प्रोग्राम के समापन सत्र का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अश्विन कुमार पांडेय, उपाध्यक्ष, अयोध्या विकास प्राधिकरण, अयोध्या रहे। उन्होंने कहा कि पर्यटन का अपना एक विशेष क्षेत्र है। इसमें आय के साथ-साथ स्थानीय आय भी बढ़ती है। इस उद्योग में कम लागत में व्यवसाय प्रारंभ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि 2047 तक सांस्कृतिक एवं पर्यटन के क्षेत्र में अयोध्या को विश्व पटल पर स्थापित करना है। अयोध्या में पर्यटन के क्षेत्र में और विकास की आवश्यकता है। अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को बचाना आप सभी गाइड का कर्तव्य है। अयोध्या में विश्वस्तर की इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आप ही टूरिस्ट को एक अच्छा अनुभव दे सकते हैं। इसके लिए स्किल विकसित करना होगा। जिससे टूरिस्ट को नई जानकारी दे सकते है।कार्यक्रम में व्यवसाय प्रबंध एवं उद्यमिता विभागाध्यक्ष प्रो0 हिमांशु शेखर सिंह ने 15 दिवसीय टूरिस्ट गाइड प्रोग्राम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कहा कि विशेषज्ञों ने इस प्रशिक्षण में बहुआयामी विकास के बारे में बताया है। उन्होंने प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड से उम्मीद की है कि अयोध्या की सुचिता एवं पवित्रता को बनाये रखेंगे। इसी क्रम में प्रशिक्षु टूरिस्ट गाइड मेहुल लखानी एवं राजू यादव ने भी अपने अनुभव साझा किया। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रो0 शैलेन्द्र कुमार वर्मा ने किया। इस अवसर पर डॉ. अंशुमान पाठक, डॉ. आशीष पटेल, डॉ. आशुतोष पाण्डे, डॉ. प्रियंका सिंह, डॉ. दीपा सिंह, डॉ. रामजीत सिंह यादव, डॉ. रामजी सिंह, शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# मार्ग दुर्घटना में दो गंभीर घायल

**रायबरेली।**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ऊंचाहार में बालकुमार 80वर्ष निवाी अकोड़िया मार्गदुर्घटना में घायल होने पर भर्ती करवाए गए है जबकि सुरेश कुमार 30वर्ष गांव मवईखारमपुर भी मार्गदुर्घटना में घायल होने पर सीएचसी में भर्ती किया गया है।

# विषाक्त भोजन करने से महिला गंभीर

रायबरेली।ऊंचाहार कस्बा निवासिनी हमीदुन निशा 62वर्ष विषाक्त भोजन करने से हालत बिगड़ने के बाद उल्टीदस्त होने लगा।

# डोर टू डोर जनसंपर्क कर सांसद प्रत्याशी ने मांगा समर्थन, भारी संख्या में लोग रहे मौजूद

## जमुनापार की जनता को बताया परिवार का अहम सदस्य





**लोकमित्र ब्यूरो**
**खीरी (प्रयागराज)।** जैसे-जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आती जा रही है वैसे-वैसे चुनावी पर गर्मी की तरह बढ़ता जा रहा है। जहां सभी पार्टियों अपने-अपने पार्टियों के शपथ पत्र को लेकर जनता तक पहुंच कर अपनी बात रख रहे हैं। वहीं जनता द्वारा भी प्रत्याशियों पर अपार जन समर्थन देकर उत्साह बढ़ाने का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में समूचे जमुना पार को अपना घर बतलाने वाले और प्रत्येक व्यक्ति को अपने परिवार का अहम सदस्य बताने वाले गठबंधन प्रत्याशी पूर्व मंत्री कु.उज्जवल रमण सिंह द्वारा दक्षिणांचल क्षेत्र का भ्रमण कर जनता जनार्दन से मिलकर जन समर्थन मांगा ।सुभाष, नैडीलापर,रत्यौरा,बड़ोखरा,मैलाहा, देवीबांध, देवरी,पथरपुर, लेडियारी, बहराइचा, नीबी,झमरोल, कैथवल, बघोल,खीरी आदि गांव में पहुंच कर लोगों का हाल समाचार जाना और बतलाया कि पिछले 10 सालों में दक्षिणांचल के जनता के साथ बहुत बड़ा छलावा हुआ है। विकास का कोई भी कार्य नही हुआ आज सभी जगह युवा बेरोजगार बैठा है। किसानों का हाल समाचार लेने वाला कोई नहीं है। सिर्फ और सिर्फ बड़ी-बड़ी बातें की जा रही हैं और वार्ता के दौरान बतलाया कि जिस तरह से प्यार और आशीर्वाद जमुना पार की जनता हमें दे रही है यह एक बहुत बड़ा संदेश है। आगामी 25 मई को होने वाले मतदान के दिन भारी से भारी मात्रा में मतदान देकर जिताने का काम करेंगे ।यहां के लोगों से हमारा राजनीतिक ही नहीं पारिवारिक और माटी का रिश्ता है। सभी कार्यकर्ताओं को कहा कि आप सभी उज्ज्वल रमण बन कर जनता के बीच पहुंचे और अपनी बात रक्खे। उक्त मौके पर मुख्य रूप से राम कृपाल कोल,सोमदत्त पटेल,लल्लन सिंह पटेल,तेज बहादुर सिंह,प्रदीप कोल,रेखा देवी,किताब अली, माशूक अहमद,विजय केसरी,प्रमोद पयासी,रत्नाकर सिंह,सुशील केसरी,रवि सिंह,सतीश केसरी,सिब्बू सिंह,लवकुश कुमार,दीपक पटेल,रविंद्र जैसल,राजेश पांडेय,महताब खान,नौशाद अंसारी,बाबा चौरसिया, मोनू चौरसिया,इंद्र दमन भूर्तिया,बीके यादव,शारदा प्रसाद केसरी,नसीम अहमद,भागीरथी केसरी,रामगोपाल आदिवासी कृष्णा कोल,रामजीत सिंह,अनुज कुशवाहा,रज्जन सिंह, ननकू राम पाल,गिरधारी लाल आदिवासी सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे।

## मोहम्मद हारुन गांधी बने प्रयागराज लोकसभा के को ऑर्डिनेटर



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** हंडिया तहसील के विधानसभा प्रतापपुर के गौहरपुर गांव स्थित युवा सम्राट राजीव गांधी डिग्री कॉलेज की प्रबंधक मोहम्मद हारुन गांधी को ऑल इंडिया कांग्रेस पार्टी की तरफ से अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी का लोकसभा प्रयागराज का कोआर्डिनेटर बनाया गया है। आपको बताते चलें कि प्रतापपुर विधानसभा के मूल निवासी मोहम्मद हारुन गांधी बहुत दिनों से कांग्रेस पार्टी से जुड़े पार्टी के नेता है। राजनीति के अलावा समाज सेवा से से हर समय जुड़े रहते हैं। प्रयागराज लोकसभा का कोआर्डिनेटर बनाए जाने से उनके चाहने वालों में खुशी की लहर है। अल्पसंख्यक समाज में उनकी मजबूत पकड़ बताई जा रही है।

## क्षत्रिय समाज के सैकड़ों युवाओं ने थामा इंडिया गठबंधन का हाथ



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** 78 भदोही लोकसभा क्षेत्र के हंडिया केंद्रीय कार्यालय पर इंडिया गठबंधन के त्रिमूलकांग्रेस के प्रत्याशी ललितेश त्रिपाठी को अपना नेता मानते हुए भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता को छोड़कर सैकड़ो की तादाद में युवाओं ने ललितेश पति त्रिपाठी को 78 भदोही लोकसभा का सांसद बनाने का शपथ ली। इस अवसर पर युवा नेता छतरी समाज के विवेक सिंह ने कहा कि आज पूरे प्रदेश से लेकर देश में क्षत्रिय समाज के नेताओं के साथ जिस तरीके से उनके मान सम्मान के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है पगड़ी उछाली जा रही है यह क्षत्रिय समाज की युवा इस चीज को बर्दाश्त नहीं करेगा। इसीलिए आने वाले दिनों में क्षत्रिय समाज की ताकत का एहसास दिलाना बहुत जरूरी है। क्योंकि क्षत्रिय समाज का इस भारत देश में एक इतिहास है इन समाज के लोगों ने देश की दिशा और दशा बदलने के लिए बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया है। चाहे वह मुगल काल की ताकत हो चाहे वह अंग्रेज की ताकत हो सभी ताकतों को अगर इस देश में प्रास्त किया है तो वह क्षतरी समाज है इस अवसर पर 78 भदोही लोकसभा क्षेत्र के अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के कोऑर्डिनेटर कमर रिजवी ने कहा कि अगर क्षत्रिय समाज और मुस्लिम समाज की ताकत एक हो जाए यकीनन लाल किले पर इंडिया गठबंधन के प्रधानमंत्री का भाषण अवश्य होगा इस अवसर पर भारी संख्या में छतरी समाज के युवा मौजूद रहे। कि मौके पर विवेक सिंह, रोहित सिंह, विकास गुप्ता, अंकित वर्मा ,राहुल यादव, संतोष सिंह, राहुल सिंह ,विकास सिंह महेश सिंह अमन सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

## मुकुंदपुर में श्रीमद्भागवत की कथा 13 मई से होगी

**होलागढ़( प्रयागराज)।**मुकुंदपुर नहर पर स्थित मुकुंद कुंज में 13 मई से श्रीमद्भागवत की कथा होगी।कथा व्यास इलाके के प्रकांड पंडित/प्रधानाचार्य करुणा शंकर ओझा उर्फ कमल ओझा तथा मुख्य यजमान श्रीमती शांति देवी एवं मुकुंद मोहन त्रिपाठी सपत्नीक हैं।मुख्य व्यवस्थापक आनंद मोहन त्रिपाठी ने बताया कि कथा 13 मई से होगी।

## रात में महिला हो गई लापता, खोजने में पति हो रहा परेशान



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के बरुवा बोझ गाँव की एक महिला अपने बच्चों को छोड़कर रात को रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। जिससे पीड़ित पति पत्नी की खोज में दर-दर भटक रहा है। बरुआबोझ गांव निवासी खेती किसानी और मजदूरी करने वाले रामराज पटेल की 35 वर्षीय पत्नी सोनी पटेल जिसका झारखंड में मायका है। रामराज पटेल ने बताया कि उसकी पत्नी 27 अप्रैल की रात को घर से रहस्यमय तरीके से लापता हो गई। रामराज सभी संभावित स्थानों पर यहां तक की ससुराल भी पत्नी को खोजने गया लेकिन उसका कहीं पता नहीं चला। पीड़ित पति पत्नी को पानी के लिए दर-दर भटक रहा है। पुलिस ने मामले में गुमशुदकी दर्ज की है।

## आरएएफ के जवानों ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली




**लोकमित्र ब्यूरो**
**थरवई ।** शुक्रवार को 101 बटालियन आर.ए.एफ. के तत्वावधान में लोकसभा चुनाव 2024 के तहत गोद लिए गए ग्राम पंचायत थरवई एवं ग्राम पंचायत जगदीशपुर पुरेचन्दा गांव में मनोज कुमार गौतम कमाण्डेंट-101 के दिशा-निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान एवं मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

बताते चलें कि, कि लोकसभा चुनाव 2024 मे अधिक से अधिक लोग मतदान करें ।

इसी कम में 101 आर.ए.एफ के द्वारा चुनावी प्रक्रिया को अधिक समावेशी, सूचनात्मक और सहभागी बनाने के लिए मतदाता शिक्षा कार्यक्रमो और पहलों को आगे बढ़ाने एंव ग्रामीणों के बीच मतदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत थरवई, जगदीशपुर पुरेचन्दा एवं ताजुद्दीनपुर के आस-पास के क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

इस अवसर पर वाहिनी के कमाण्डेंट मनोज कुमार गौतम ने अपने सम्बोधन में कहा कि मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य है जो देश के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। यह लोकतंत्र के लिए रूपरेखा तैयार करता है। अतः आप सभी शत प्रतिशत मतदान कर एक सशक्त राष्ट्र निर्माण में भागीदार बने इस मौके बड़ी संख्या में ग्राम प्रधान क्षेत्र पंचायत सदस्य व सम्राट लोग मौजूद रहे।

## बहन बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने वालों पर सख्त कार्रवाई- पंकज त्रिपाठी



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** उतरांव क्षेत्र में बहन बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने वालों पर पुलिस सख्त कार्रवाई कर रही है। थानाध्यक्ष के सख्त कार्रवाई से शोहदों की सामत आ गई है। थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बहन बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने वाले किसी भी शोहदे को बक्सा नहीं जायेगा। ऐसा ही एक मामला शुक्रवार को उतरांव के मोतिहां गांव का सामने आया। थानाध्यक्ष के समक्ष पीड़ित मां आकर फफक कर रोने लगी। पीड़ित मां ने बताया कि उसकी बेटी को गांव के ही शोहदें के द्वारा मोबाइल फोन के जरिए परेशान किया जा रहा है। त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष पंकज कुमार त्रिपाठी के द्वारा शोहदें को तुरंत पकड़वा लिया गया और उसके खिलाफ कार्रवाई की गई। ऐसे ही क्षेत्र के अन्य बहन बेटियों के साथ छेड़खानी करने वाले शोहदों के खिलाफ पुलिस गंभीर बनी है। चाहे कटहरा में मासूम के साथ दुष्कर्म का मामला हो या महमजिया में नाबालिग को बहला फुसलाकर दूसरे जनपद के युवक द्वारा भगा ले जाने का मामला हो सभी में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की है।

## बसपा प्रत्याशी का कल्याणपुर में हुआ जोरदार स्वागत




**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़(प्रयागराज)।** फूलपुर लोकसभा क्षेत्र से बसपा के प्रत्यासी जगन्नाथ पाल का कल्याणपुर में जोरदार स्वागत किया गया।इस मौके पर प्रधान पति रबीन्द्र कुमार उर्फ राजा सहित दर्जनों लोग और कार्यकर्ता मौजूद रहे। बताया गया की जगन्नाथ पाल पार्टी के पुराने और जुझारू नेता हैं।

## युवक ने फांसी पर लटक दी जान



**कौंधियारा(प्रयागराज)।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सेहरा गांव निवासी करन(25) पुत्र हजारी लाल ने फाँसी लगाकर जान दे दी।मिली जानकारी के अनुसार पिछले कुछ महीने से करन की मानसिक संतुलन ठीक नहीं था।मुम्बई से पिछले हफ्ते आने के बाद दुबारा जाने की जिद करने लगा।ऐसे में पिता ने मना कर दिया।इसके बाद वह अपने चचेरे भाई के साथ घर वालों को बिना बताए बाइक से छिवकी स्टेशन चला गया,घर नही लौटा।लेकिन शुक्रवार की सुबह ग्रामीणों ने युवक को घर से थोड़ी दूर एक बबूल पेड़ पर लटका हुआ देखा।ग्रामीणों की सूचना पर घर वालों को जानकारी मिलने पर मातम छा गया।बिलखते परिवार वाले घटनास्थल पर पंहुच गये और पुलिस को सूचित किया।इतना सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया।करन छह भाइयों में सबसे छोटा भाई था।

## निमंत्रण से घर आ रहे युवक पर राड से हमला, गंभीर रूप से घायल



**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के एकडला गांव के पास हाईवे पर गुरुवार की रात अज्ञात लोगों ने एक युवक पर राड से जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामले में केस दर्ज किया है। युवक निमंत्रण से अपने घर जा रहा था। मुलनापुर गांव निवासी लालचंद यादव का बेटा कृष्ण कुमार यादव 17 वर्ष जो गुरुवार की रात चैमलपुर बहरिया से निमंत्रण खाकर घर आ रहा था। बताया कि वह जैसे ही उतरांव के एकडला गांव के पास पहुंचा था तभी कई लोगों के द्वारा उसे बदमाश समझ कर लोहे की राड से पीटने लगे। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। किसी प्रकार मोबाइल से फोन के द्वारा युवक के घर सूचना हुई तो रोती बिलखती मां पुलिस से फोन करके घटना के संबंध में अवगत कराया। पीड़ित माँ पुलिस के साथ मौके पर पहुंची तो उसका बेटा लहूलुहान स्थिति में जमीन पर गिरा पड़ा था। पिटाई के मामले में पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल सैदाबाद भेजा है।

## सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल में सहोदया प्रयागोदया की बैठक संपन्न




**नैनी(प्रयागराज)।** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल के प्रांगण में सहोदया प्रयागोदया की बैठक का आयोजन किया गया कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमति सुष्मिता कानूनगो, प्रधानाचार्या (जगत तारन गोल्डन जुबिली स्कूल) ने किया। बैठक का आरंभ दीप प्रज्ज्वलन व सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम में वॉइस प्रेसिडेंट मैथ्यू( सेंट थॉमस स्कूल) तथा सेक्रेटरी आशीष रंजन (सेंट मैरी स्कूल) ने तथा अन्य विद्यालय से आए हुए प्रधानाचार्यो ने शिक्षा के क्षेत्र अग्रणी व सुचारु रूप से शिक्षा के क्षेत्र को अग्रणी व सुचार रूप से चलाने के विषय पर चर्चा की। इस अवसर पर विद्यालय के अपर निदेशक सुशील तिवारी ने आए हुए अतिथियों का पुष्पगुच्छ तथा इस स्कूल की स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य जयप्रकाश पाल ने आए सभी अतिथियों का स्वागत और अभिनंदन किया तथा शिक्षा जगत का उत्तरोत्तर विकास कैसे हो इस पर अपना पक्ष रखा।

## कृषि निवेशकों को जायद की फसलों और दबाओ में अनुदान का तत्काल लाभ मिलेगा

### पाश मशीन में अंगूठा लगाते ही सब्सिडी काटकर

**लोकमित्र ब्यूरो**
**होलागढ़(प्रयागराज)।** उत्तर प्रदेश सरकार के मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र के निर्देश पर अब जायद फसलों से पूर्व में पंजीकृत सभी कृषि निवेशकों को सरकारी अनुदान का तत्काल लाभ पाश मशीन अर्थात प्वाइंट आफ सेल में अंगूठा लगाते ही मिल जायेगा।अर्थात पहले बीज खरीदते समय पूर्ण मूल्य जमा कराया जाता था।जिसका अनुदान दो तीन माह बाद किसानों के खाते में भेजा जाता था।इससे गरीब किसान सरकारी बीज व दावा कम हो खरीद पाता था।उक्त जानकारी होलागढ़ के एडीओ कृषि मनीष अग्रहरी ने देते हुए बताया की सरकार पहले इस योजना को लखनऊ में प्रोजेक्ट के रूप में चलाया।जिसे अब पूरे प्रदेश में जायद फसल से लागू कर दिया गया।हालाकि अभी इस योजना के सफल क्रियान्वयन में बाधा तब आ सकती है जब सरकार प्राइवेट कंपनियों से धान का बीज खरीद कर वितरित करेगी।फिलहाल तत्काल सब्सिडी काटकर बीज और दवा वितरण की योजना को बहुतायत किसान तारीफ कर रहे हैं।

> पूर्व में पंजीकृत किसानों को उड़द,मूंग, ढैंचा के बीज और जिंक,जिप्सम,सल्फर खरीद में लाभ

## गंगा महासभा की बैठक कल

**नैनी(प्रयागराज)।** गंगा की स्वच्छता, निर्मलता एवं अविरलता को लेकर गंगा महासभा प्रयागराज की मासिक बैठक रविवार 5 मई को अवंतिका कालोनी नैनी मे पाठक मार्केट चौराहा के पास हनुमान मंदिर के बगल मार्केट में शाम 5 बजे से आयोजित हैं।उक्त जानकारी देते हुए महामंत्री गजेन्द्र प्रताप सिंह ने सभी गंगा भक्तों से बैठक में सक्रिय सहभागिता करने की अपील करते हुए कहाकि मां गंगा की स्वच्छता के नाम पर धन आवंटित होने के बावजूद वर्षो से शवदाहगृह का निर्माण नहीं हो सका, ऐसे में गंगा की स्वच्छता को लेकर केवल प्रचार पर धन खर्च किया जा रहा है। कुछ ऐसा ही हाल एसटीपी का भी हैं।

## शुआट्स वैज्ञानिकों की सलाह, 7-8 मई को हल्की वर्षा के आसार

**लोकमित्र ब्यूरो**
**नैनी(प्रयागराज)।** सैम हिग्गिनबॉटम कृषि, प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान विश्वविद्यालय (शुआट्स) में चल रहे ग्रामीण कृषि मौसम सेवान्तर्गत भारत सरकार से प्राप्त पूर्वानुमान के अनुसार वैज्ञानिकों ने 7-8 मई को हल्की वर्षा के आसार जताते हुए कृषकों को सलाह दी है कि बाजरा, ग्रीष्मकालीन मूँगफली, सूरजमुखी, चारा फसलों एवं लीची के बागों में पर्याप्त नमी बनाये रखने के लिए आवश्यकतानुसार सिंचाई करें।

मूंग की फसल में काले सिरवाली सफेद रंग के इल्लियों का आक्रमण देखने को मिल रहा है। इसके शरीर के प्रत्येक खण्ड पर काले रंग के धब्बे देखे जा सकते है। यह इल्लियां छोटे पौधों पर अधिक आक्रमण कर रही है।

इनसे फसल सुरक्षा के लिये नीम के तेल का 5 प्रतिशत का घोल बनाकर फसल पर एक सप्ताह के अंतराल पर 2 बार छिड़काव करें या इमामेक्टिन बेजोएट 5 प्रतिशत एस.जी. की 1 ग्राम मात्रा को दो लीटर पानी में मिलाकर 12 से 15 दिनों के अंतराल पर 2 बार शाम के समय छिड़काव करें।

पेड़ी प्रबंधन हेतु रेटून मैनेजमेंट डिवाइस द्वारा ठूठों की छटाई के बाद सिंचाई कर दें। तत्पश्चात पर्याप्त नमी की दशा में उर्वरकों का प्रयोग करें। गन्ने के जिस खेत में लालसड़न रोग का प्रकोप हो, उसमें कम से कम एक वर्ष तक गन्ने की फसल न करें। हल्दी एवं अदरक की बुवाई हेतु खेत की तैयारी एवं कंद की व्यवस्था करें।

आम फसल में लगने वाला कैटरपिलर (कटर कीट) के नियंत्रण हेतु स्पाइनेटोरेम 1 मिली. प्रति 3 लीटर पानी के साथ घोलकर या क्लोरोसाइपर (क्लोरोपाइरीफॉस 50 प्रतिशत साइपरमेथिन 5 प्रतिशत) 2 मिली. प्रति लीटर पानी में घोलकर प्रथम छिड़काव करें तथा आवश्यकतानुसार 10 से 15 दिन बाद दूसरा छिड़काव करें।

## अनियंत्रित पिकप ने किशोर को रौंदा, मौत


फाइल फोटो

**लोकमित्र ब्यूरो**
**बहरिया ।** बहरिया थाना क्षेत्र के चकमूदन गांव के पास तेज रफ़्तार से आ रहीं पिकप ने एक किशोर को रौंद दिया। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। जबकि उसका साथी बुरी तरह जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। धमौर निवासी मो शफीक का बेटा मो शकील उम्र 13 वर्ष शुक्रवार की सुबह करीब साढ़े सात बजे गांव के ही अपने दोस्त मो अयान 14 वर्ष पुत्र रफीक के साथ दोनइया तिराहे पर अपनी बाइक के पास खड़ा था। तभी करनाईपुर की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार पिकप गाड़ी ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से शकील सड़क पर गिर गया और पिकप गाड़ी उसको रौंदते हुए निकल गई। जब कि टक्कर लगने से अयान बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के बाद चालक पिकप को छोड़ कर भाग गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे लिया और पिकप गाड़ी को थाने ले आई ।

## अनियंत्रित अप्पे पलटी, महिला समेत दो घायल

**नैनी ( प्रयागराज )।** नैनी थाना क्षेत्र के मेवा लाल की बगिया तिराहे के समीप गुरुवार की रात शहर की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही तिपहिया अप्पे अनियंत्रित होकर ठेले पर खीरा बेच रहे दुकानदार एवं खीरा खरीद रही महिला को टक्कर मारती हुई पटरी के किनारे पलट गई।

जिसमें खीरा विक्रेता एवं ठेले पर खीरा खरीद रही महिला गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन- फानन में इलाज के लिए दोनों को अस्पताल भिजवाया।

मिली जानकारी के अनुसार नैनी थाना क्षेत्र स्थित गांधीनगर, काजीपुर निवासी शिवम कुमार भारतीया ठेले पर खीरा बेचकर अपना परिवार चलता है। रोजाना की तरह गुरुवार को भी वह मेवा लाल की बगिया तिराहे की समीप ठेले पर खीरा रखकर बेच रहा था। गुरुवार की रात में तकरीबन 9ः00 बजे शहर की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही तिपहिया अप्पे अनियंत्रित होकर खीरा विक्रेता शिवम (30) वर्षीय एवं ठेले पर खीरा खरीद रही प्रियंका पुष्कर (38) वर्षीय को जोरदार टक्कर मारते हुए पटरी के किनारे पलट गई। जिसमें दोनों लोग घायल हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन- आनन में इलाज के लिए दोनों को अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने अप्पे चालक को गाड़ी समेत कब्जे में ले लिया है।

## कार्यकर्ताओं के हित से समझौता नहीं- नीरज त्रिपाठी



**लेड़ियारी ( प्रयागराज)।** भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी ने शुक्रवार को दर्जनों गांवों एक साथ लेडियारी मंडल के विभिन्न स्थानों पर जनसंपर्क कर पार्टी कार्यकर्ताओं व जनता से अपने लिए समर्थन मांगा। इस दौरान पौशला, खीरी, बहरैचा, कैथवल ,लेडियारी मंडी तिराहा, व लेड़ियारी बाजार , रतेवरा , टीकर, सेमरी जिरौहा में जनसंपर्क के दौरान लोगो को संबोधित करते हुए नीरज त्रिपाठी ने कहा की कार्यकर्ताओं के हित व उनके मान सम्मान से कोई समझौता नही होगा मेरा पूरा जीवन मेरे पिता पंडित केशरी नाथ त्रिपाठी जी के आदर्शो पर चलकर जनसेवा के लिए समर्पित है। मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए केंद्र में तीसरी बार भाजपा सरकार जरूरी है।

प्रायगराज के हर क्षेत्र का सर्वांगीण विकास होगा लेडियारी क्षेत्र के किसानों व्यापारियों मजदूरों की समस्या का निराकरण होगा। इस दौरान उनके साथ ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद कुमार दुबे, संतोष कुमार द्विवेदी गोबरा साधन सहकारी समिति अध्यक्ष विष्णु प्रताप सिंह, सुरेश केशरी, आशीष कुमार मिश्रा ने आए हुए लोगो व कार्यकर्ताओं को संबोधित कर उनका उत्साह वर्धन किया। इस दौरान उनके साथ जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओकार नाथ केशरी शशि तिवारी विधानसभा संयोजक लालता प्रसाद पांडेय, ताकेश्वर प्रसाद पांडेय, ,प्रकाश द्विवेदी, शशीदेव, शंकर दयाल तिवारी, सहित पार्टी के सभी मंडल पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बारात में गये घायल युवक की मौत, घर पर मचा कोहराम


फाइल फोटो

**लोकमित्र ब्यूरो**
**हंडिया।** उतरांव थाना क्षेत्र के टिकरी गांव में बारात में गए घायल युवकों में एक युवक की शुक्रवार की शाम मौत हो गई जिससे घर में मौत से कोहराम मच गया। टिकरी गांव के आकाश भारतीय शिवम भारतीय और सतीश गुप्ता तीनों नवयुवक दोस्त हैं। तीनों दोस्त 1 मई को रघुपुर हंडिया बारात गए हुए थे। वहां से वापस आते समय जैसे ही भेस्की गाँव के पास पहुंचे थे तभी किसी वाहन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तीनों की हालत नाजुक बनी थी। तीनों का अस्पताल में इलाज चल रहा था। शुक्रवार को इलाज के दौरान सतीश गुप्ता पुत्र मोतीलाल की मौत हो गई। जिस घर में कोहराम मच गया। सतीश दो भाइयों में सबसे बड़ा भाई था। वहीं घायल शिवम और आकाश का गंभीर अवस्था में इलाज चल रहा है। आज सतीश की मौत की सूचना पर गांव के ही अधिवक्ता धर्मेंद्र सिंह पटेल समेत भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचकर युवक की मौत पर दुख जताया है।

# सुप्रीम कोर्ट ने जीएसटी कानून में हुईं गिरफ्तारियों और नोटिस का डाटा मांगा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार से जीएसटी कानून के तहत हुई गिरफ्तारियों और कानून के तहत भेजे गए नोटिस का पूरा डाटा देने का निर्देश दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह कानून की व्याख्या करेगा और जरूरी दिशा निर्देश देगा ताकि लोगों की स्वतंत्रता का हनन न हो सके। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की विशेष पीठ ने 281 याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए ये निर्देश दिया। इन याचिकाओं में जीएसटी कानून, कस्टम कानून और पीएमएलए कानून के प्रावधानों को चुनौती दी गई है।

### कोर्ट ने कहा- हम करेंगे कानून की व्याख्या

जीएसटी कानून की धारा 69 को लेकर अस्पष्टता है। इसी धारा में गिरफ्तारी के प्रावधान हैं। ऐसे में इसे लेकर चिंता जताई गई है। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे कानून की व्याख्या करेंगे, लेकिन नागरिकों का शोषण नहीं होने देंगे। पीठ ने केंद्र की तरफ से पेश हुए एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा 'पिछले तीन वर्षों में एक करोड़ से लेकर 5 करोड़ रुपये तक के कथित डिफॉल्ट के लिए जीएसटी कानून के तहत जितने नोटिस जारी किए गए हैं और गिरफ्तारियां हुई हैं, उनका डाटा प्रस्तुत करें। इससे लोगों का उत्पीड़न हो सकता है और हम इसकी इजाजत नहीं देंगे। अगर हमें लगता है कि प्रावधानों में स्पष्टता नहीं है तो हम उसे ठीक करेंगे। सभी लोगों को सलाखों के पीछे नहीं भेज सकते हैं।'

### वकील सिद्धार्थ लूथरा ने लगाया ताकत के गलत इस्तेमाल का आरोप

याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ वकील सिद्धार्थ लूथरा कोर्ट में पेश हुए। लूथरा ने आरोप लगाया कि जीएसटी कानून के तहत प्राधिकरण ताकत का गलत इस्तेमाल कर रहा है और इससे लोगों की आजादी प्रभावित हो रही है। लूथरा ने बताया कि कई मामलों में गिरफ्तारियां नहीं हुई हैं, लेकिन लोगों को नोटिस देकर गिरफ्तारी का डर दिखाकर परेशान किया गया है। जब एसवी राजू ने कहा कि केंद्रीय जीएसटी का डाटा तो मिल सकता है, लेकिन राज्यों का डाटा इकट्ठा करना मुश्किलो होगा, तो इस पर कोर्ट ने कहा कि 'जीएसटी परिषद के पास वह डाटा होगा और अगर डाटा है तो हम चाहते हैं कि सारे डाटा को हमारे सामने पेश किया जाए।' अब कोर्ट 9 मई को इस मामले पर सुनवाई करेगा।

## सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर लगाई रोक, पंजाब सीएम के आवास के बाहर वाली सड़क नहीं खोली जाएगी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के उस आदेश पर रोक लगा दी है, जिसमें हाईकोर्ट ने पंजाब के मुख्यमंत्री आवास के बाहर वाली सड़क सार्वजनिक तौर पर खोलने का आदेश दिया था। पंजाब सरकार ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार के पक्ष में फैसला देते हुए हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी है।

पंजाब के मुख्यमंत्री के आवास के बाहर वाली सड़क को 1980 के दशक में बंद कर दिया गया था। ऐसा सुरक्षा कारणों से किया था, क्योंकि उस वक्त पंजाब में उग्रवाद का दौर था। अब उस सड़क को खोलने की मांग उठी और मामला हाईकोर्ट पहुंचा। जहां हाईकोर्ट ने अपने आदेश में चंडीगढ़ के सेक्टर 2 स्थित पंजाब सीएम आवास के बाहर वाली सड़क को परीक्षण के तौर पर 1 मई से आम लोगों के लिए खोलने का आदेश दिया। 500 मीटर लंबी यह सड़क चंडीगढ़ की सुखना झील को नया गांव इलाके से जोड़ती है।

हाईकोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश जीएस संधवालिया और जस्टिस लापीता बनर्जी की खंडपीठ ने सीएम आवास के बाहर वाली सड़क को शुरुआत में कार्य दिवसों पर सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक खोलने का आदेश दिया था ताकि उस इलाके में यातायात की स्थिति में सुधार हो सके। हाईकोर्ट ने ये भी कहा था कि अगर प्रशासन को पता चलता है कि इस सड़क पर कोई विरोध प्रदर्शन हो तो प्रशासन उचित कदम उठाने के लिए स्वतंत्र है ताकि प्रदर्शनकारी संवेदनशील हिस्सों तक न पहुंचे। हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ में यातायात व्यवस्था और बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों पर स्वतः संज्ञान लेकर मामले की सुनवाई करते हुए ये निर्देश दि थे।

### सुप्रीम कोर्ट ने लगाई हाईकोर्ट के आदेश पर रोक

पंजाब सरकार ने हाईकोर्ट के फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी और दलील दी कि हाल के वर्षों में पंजाब में फिर से उग्रवाद का उभार देखा गया है। राज्य के खुफिया विभाग की इमारत पर भी ग्रेनेड से हमला किया गया है। पंजाब सरकार की दलील सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर चंडीगढ़ प्रशासन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

## 'जब मैं बीमार था, तब पीएम ने बेटे को लगाई थी फटकार', भर्तृहरि महताब ने मोदी से जुड़ा किस्सा बताया

**कटक।** बीजू जनता दल (बीजद) को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए भर्तृहरि महताब ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर एक किस्सा बताया। उन्होंने बताया कि कैसे उनकी तबियत खराब होने पर पीएम मोदी ने उनके बेटे को डांटा था। भाजपा सांसद और कटक से लोकसभा उम्मीदवार भर्तृहरि महताब ने बताया कि दो साल पहले उन्हें स्ट्रोक हुआ था। दो दिनों के बाद उन्हें काफी बेचैनी महसूस होने लगी और सांस लेने में समस्या होने लगी थी। उन्होंने कहा, 'सांस लेने में दिक्कत होने पर अस्पताल गया और एक घंटे के अंदर मुझे एक स्टेंट दिया गया। इस बात की जानकारी सबको हो गई थी। हालांकि, फोन सबसे पहले प्रधानमंत्री मोदी का ही आया। पीएम ने मेरे बेटे को फोन किया और उन्होंने उसे परिवार के बुजुर्ग की तरह लापरवाह होने के लिए फटकार लगाई थी।'

## ईश्वरप्पा ने निर्दलीय चुनाव लड़ने की बताई वजह

### पूर्व सीएम पर लगाए गंभीर आरोप

**शिवमोगा।** कर्नाटक में भाजपा से निष्कासित नेता केएस ईश्वरप्पा ने पार्टी के एक प्रमुख नेता और राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा पर हिंदू नेताओं को दरकिनार करने का आरोप लगाया है। उन्होंने इसी के साथ शिवमोगा से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने के कारणों का खुलासा भी किया।



कर्नाटक से निर्दलीय उम्मीदवार केएस ईश्वरप्पा ने कहा, 'कर्नाटक में भाजपा की स्थिति केंद्र में भाजपा की स्थिति से बिलकुल अलग है।₹ एक निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर लोकसभा चुनाव लड़ने का फैसला करने के बाद भाजपा ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा, ₹भाजपा कर्नाटक में और राष्ट्रीय स्तर पर अलग-अलग दिशा में जा रही है। कर्नाटक में भाजपा को विशिष्ट गुट नियंत्रित करता है। मेरा लक्ष्य कर्नाटक भाजपा को उनके प्रभाव से मुक्त कराना है, इसलिए मैं निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहा हूं। उन्होंने आगे कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी, एलके अडवाणी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हिंदुत्व के लिए महत्वपूर्ण बलिदान दिए हैं।'

### पूर्व सीएम पर लगाए आरोप

ईश्वरप्पा ने कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा पर आरोप लगाया कि वह अपने बेटे को अगला मुख्यमंत्री बनाने के प्रयास में लगे हुए हैं। उन्होंने कहा, 'सीटी रवि, प्रताप सिम्हा सभी को दरकिनार किया जा रहा है। येदियुरप्पा एक मुख्य नेता हैं। उनका एक बेटा सांसद है और एक विधायक। अब वह अपने बेटे को सीएम बनाने के लिए बाकी के भाजपा नेताओं को दरकिनार कर रहे हैं।'

ईश्वरप्पा ने बताया कि वह चुनाव खत्म होने के बाद फिर से भाजपा में शामिल हो जाएंगे। उन्होंने कहा, ₹मैं चाहता हूं कि भाजपा राज्य में 27 सीटें जीते और मैं निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर एक सीट जीतूंगा। नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए कर्नाटक के पास कुल 28 सीटें होंगी।'

उन्होंने आगे कहा, 'भाजपा मेरी मां है, ग्रेजुएशन के बाद ही मैं भाजपा में शामिल हुआ था। उस समय से आजतक मैं पार्टी के सिद्धांतों का पालन कर रहा हूं। मैं अबतक किसी अन्य पार्टी में शामिल नहीं हुआ हूं। आखिर तक मैं किसी अन्य पार्टी में शामिल नहीं होने वाला हूं। कुछ दिक्कतों के कारण मैं पार्टी से बाहर हूं, लेकिन चुनाव के बाद मैं फिर से पार्टी में शामिल हो जाऊंगा।'

## अब्बास अंसारी की याचिका सूचीबद्ध, सुप्रीम कोर्ट से विशेष प्रार्थना में शामिल होने की मांगी है इजाजत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी की याचिका पर सुनवाई के लिए तैयार हो गया है। अब्बास अंसारी ने अपने दिवंगत पिता मुख्तार अंसारी के लिए आयोजित की जा रही विशेष प्रार्थना में शामिल होने देने की इजाजत मांगी थी। गैंगस्टर से राजनेता बने मुख्तार अंसारी की बीती 28 मार्च को दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई थी।

अब्बास अंसारी की तरफ से वकील निजाम पाशा सुप्रीम कोर्ट में पेश हुए। वकील ने अब्बास अंसारी की याचिका को सूचीबद्ध करने की मांग की, जिस पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने बताया कि कोर्ट ने पहले ही अब्बास अंसारी की याचिका को सूचीबद्ध कर दिया है। इससे पहले अब्बास अंसारी को अदालत ने बीती 10 अप्रैल को अपने पिता के फातिहा में शामिल होने की भी अनुमति दी थी।

## 'भाजपा महिला विरोधी पार्टी, दिल्ली महिला आयोग को बंद करने की साजिश रच रहे'

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने एक बार फिर भाजपा पर हमला बोला है। उन्होंने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा कि भाजपा हमेशा से ही महिला विरोधी पार्टी रही है। ये लोग रेवन्ना जैसे लोगों को चुनाव लड़वाते हैं। उसके बारे में सबकुछ जानते हुए भी प्रधानमंत्री हाथ फैलाकर वोट मांगते हैं। वहीं, इनकी सरकार पीड़ित और परेशान महिलाओं के लिए काम करने वाली संस्था दिल्ली महिला आयोग को बंद करने की साजिश रच रही हैं।




न्होंने आगे कहा कि भाजपा-आरएसएस से जुड़े तमाम नेता वर्षों से कह रहे हैं कि आरक्षण को खत्म करना है। भाजपा के तमाम उम्मीदवार कह रहे हैं कि 400 सीट दे दो, संविधान बदलना है। प्रधानमंत्री इन बातों का जवाब दें। वहीं, अमित शाह ने साबित कर दिया कि भाजपा और उनकी ईडी का अरविंद केजरीवाल को समन भेजने का इरादा ही उन्हें गिरफ्तार करने का था। अमित शाह के बयान ने साफ कर दिया है कि दिल्ली आबकारी नीति में ईडी की जांच का मकसद आम आदमी पार्टी और हमारे नेताओं को परेशान करना है।

आप मंत्री ने कहा कि जब से अरविंद केजरीवाल को ईडी के समन आना शुरू हुए तब से ही हम कह रहे थे कि यह समन भाजपा के हैं। ईडी से समन भिजवाकर भाजपा अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करवाना चाहती है। इसके बाद हुआ भी यही। अब तो अमित शाह ने भी यह बात खुद मान ली है कि ईडी का मकसद ही अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करना था।

## 'पीएम मोदी की मदद से हेडली का बयान ला सका'

### भाजपा प्रत्याशी उज्ज्वल निकम ने बताया 26/11 से जुड़ा वाकया



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उत्तर मध्य लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार उज्ज्वल निकम ने राजनीति में कदम रखने की वजह बताई। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि वह किसी लाभ के लिए राजनीति में नहीं आए हैं। भाजपा उम्मीदवार ने बताया कि उन्होंने कभी भी आरोपी पक्ष की तरफ से लड़ाई नहीं लड़ी है। उज्ज्वल निकम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कामों की सराहना भी की। उन्होंने बताया कि 26/11 मामले में पीएम मोदी के कारण ही वह अदालत के समक्ष डेविड हेडली के बयान को पेश कर पाए।

उज्ज्वल निकम ने कहा, 'मैं लाभ के लिए राजनीती में नहीं हूं। मैंने संगठित अपराध के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। मैंने कभी भी आरोपी पक्ष की तरफ से लड़ाई नहीं लड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, देवेंद्र फडणवीस और एनएसए अजीत डोभाल की मदद से मैं अदालत में (26/11 मामले में) डेविड हेडली के बयान को ला सका। इससे हम यह साबित कर पाए कि इस हमले के पीछे पाकिस्तान का हाथ था।'

पीएम मोदी की सराहना करते हुए उज्ज्वल निकम ने कहा, 'प्रधानमंत्री ने दुनियाभर में भारत की जो छवि बनाई है, उसे देखकर आज कोई भी हमारे देश को 'बनाना नेशन' नहीं कह सकता है। गृह मंत्री ने संसद में कई बार यह स्पष्ट कर चुके हैं कि पुराने नियमों में बदलाव की जरूरत है। उन्होंने इसमें कई महत्वपूर्ण बदलाव भी किए।' भाजपा प्रत्याशी ने बताया कि जबतक लोगों के बीच कानून का शासन नहीं होगा, तब तक राम राज्य प्राप्त नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा, 'मैंने भी सोचा कि मुझे भी मोदी सरकार द्वारा उठाए गए कदमों में योगदान देना चाहिए।'

### कौन हैं उज्ज्वल निकम

मुंबई और महाराष्ट्र में आतंक और क्राइम के तमाम बड़े मामलों में उज्ज्वल निकम ही सरकारी वकील रहे हैं। चाहे वो 1997 में हुआ गुलशन कुमार हत्याकांड हो या मरीन ड्राइव रेप केस जिसमें एक नाबालिग छात्रा से रेप करने वाले एक पुलिस कांस्टेबल को 12 साल की सजा सुनाई गई।

## प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ दूसरा मामला दर्ज, एफआईआर में एकमात्र आरोपी के तौर पर नाम

**बंगलूरू।** अश्लील टेप मामले में जेडीएस सांसद प्रज्वल रेवन्ना के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया है। इस मामले में उनके खिलाफ यह दूसरा केस है, जिसे कर्नाटक पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) के द्वारा दर्ज किया गया है। प्रज्ज्वल रेवन्ना पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा के पोते हैं। एएनआई के अनुसार, उन्हें एफआईआर में एकमात्र आरोपी के तौर पर नामित किया गया है। एसआईटी की टीम ने गुरुवार को मजिस्ट्रेट की अदालत में एफआईआर सौंपी।

प्रज्ज्वल रेवन्ना के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 376 के तहत मामला दर्ज किया गया है। इसमें धारा 376(2)(एन), 506, 354ए(1)(ii), 354(बी) एवं 354(सी) और आईटी अधिनियम की धाराएं भी शामिल हैं। इससे पहले प्रज्ज्वल रेवन्ना और उनके पिता एचडी रेवन्ना के खिलाफ यौन उत्पीड़न का मामाला दर्ज किया गया था।

## नेता अंधारे को लेने जा रहा हेलीकॉप्टर हुआ क्रैश



**रायगढ़।** एक निजी हेलीकॉप्टर के लैंडिंग के दौरान दुर्घटनाग्रस्त होने की जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि हेलीकॉप्टर शिवसेना (यूबीटी) की उप नेता और प्रवक्ता सुषमा अंधारे को लेने जा रहा था। हालांकि, भगवान का शुक्र रहा कि पायलट की बाल-बाल जान बच गई।

अंधारे ने इस घटना का एक वीडियो साझा किया है। जिसमें दिखाई दे रहा है कि हेलिकॉप्टर एक अज्ञात स्थान पर लैंडिंग का प्रयास कर रहा था और अचानक लड़खड़ा गया, संतुलन खो बैठा और फिर खुले मैदान में तेज आवाज के साथ दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### जान बचाने को कूदा

पायलट ने अपनी जान बचाने के लिए हेलिकॉप्टर से कूदने का फैसला लिया। कूदने से वह बाल-बाल बच गया, लेकिन वह घायल हो गया। हालांकि रायगढ़ के महाड शहर में हुई दुर्घटना में सफेद और नीले रंग का रोटरी-विंगर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस और बचाव दल घटना की जांच के लिए घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। वहीं, अंधारे चुनाव प्रचार के लिए एक कार में रवाना हुईं।

अधिकारी ने बताया कि हेलीकॉप्टर शिवसेना नेता सुषमा अंधारे को लोकसभा चुनाव के सिलसिले में एक सार्वजनिक रैली में लेने जा रहा था। सुबह करीब साढ़े नौ बजे पायलट ने महाड में एक अस्थायी हेलीपैड पर उतरने का प्रयास किया तो हेलीकॉप्टर झुक गया।

## असम के युवक की हत्या मामले में केरल पुलिस को मिली कामयाबी, तमिलनाडु का एक व्यक्ति गिरफ्तार

कोट्टायम। केरल की पुलिस को एक कामयाबी हाथ लगी है। पुलिस ने असम के एक युवक की हत्या के सिलसिले में तमिलनाडु के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बता दें, वकाथानम के पास कंक्रीट मिक्सर मशीन की सफाई करते समय कथित तौर पर युवक की हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने गुरुवार को 29 साल के पंडी दुरई को गिरफ्तार किया है। 28 अप्रैल को 19 साल के लाइमन किस्क का शव एक कंक्रीट प्लांट के वेस्ट डंप पिट में मिला था। एक अधिकारी ने बताया कि कंपनी के प्लांट ऑपरेटर दुरई ने 26 अप्रैल को मिक्सर मशीन चला दी, जबकि किस्क इसकी सफाई कर रहा था। पुलिस ने कहा कि जब किस्क जमीन पर गिरा, तो दुरई ने उसके शव को वेस्ट पिट में फेंक दिया। हालांकि दो दिन बाद शव बरामद कर लिया गया था। अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने सीसीटीवी से भी छेड़छाड़ की थी।

**चिंताजनक**

**इतना बजट फिर भी बिजली गुल**

# फोन की टॉर्च जलाकर की महिला की डिलीवरी

### जच्चा-बच्चा की हुई मौत, महिला आयोग ने की जांच की मांग



**मुंबई।** देश की आर्थिक राजधानी मुंबई से एक हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहां के एक अस्पताल में बत्ती गुल होने पर मोबाइल फोन टॉर्च की रोशनी में सिजेरियन सर्जरी कर दी गई। इससे मां और बच्चे दोनों की मौत हो गई। सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों की इस कारगुजारी के बाद जमकर बवाल मचा। आरोप है कि डिलीवरी के दौरान बिजली चली गई थी, लेकिन अस्पताल प्रशासन ने काफी देर तक जनरेटर नहीं चलाया।

हालांकि, अगर आपको अभी भी मामले को सुनकर हैरानी नहीं हुई तो बता दें जिस अस्पताल का यह पूरा मामला है वो कोई आम अस्पताल नहीं है। घटना सुषमा स्वराज मैटरनिटी होम में हुई है, जिसे देश की सबसे अमीर नगरपालिक बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) चलाती है। इस बीएमसी का बजट 52,000 करोड़ रुपये से अधिक है। इसमें स्वास्थ्य के लिए आवंटित राशि 12 फीसदी यानी करीब 6,250 करोड़ रुपये है। इतना बजट होने के बावजूद लापरवाही के चलते एक मां और उसके बच्चे की जान चली गई। महिला का परिवार बीते कई दिनों से अस्पताल के बाहर प्रदर्शन कर रहा है, तब जाकर बीएमसी की आंख खुली और मामले की जांच कराने का आदेश दिया गया।

दिव्यांग खुसरुद्दीन अंसारी ने बताया कि उनकी शादी 11 महीने पहले हुई थी। उन्होंने अपनी 26 साल की पत्नी सहीदुन को प्रसव के लिए सुषमा स्वराज प्रसूति गृह में भर्ती कराया। 29 अप्रैल को अस्पताल की बिजली जाने के बाद तीन घंटे तक जनरेटर नहीं चलाया गया। ऐसे में डॉक्टरों ने फोन की रोशनी में ऑपरेशन से डिलीवरी कराने की कोशिश की। परिजनों ने आरोप लगाया कि अस्पताल की लापरवाही से उन्होंने अपनी पत्नी और बच्चे को खो दिया।

### बिजली जाने पर नहीं चलाया जनरेटर

अंसारी का मां ने बताया, 'मेरी बहू बिल्कुल स्वस्थ थी और नौ महीने से गर्भवती थी। उसकी सभी रिपोर्ट्स सही थीं। हम उसे 29 अप्रैल को सुबह सात बजे डिलीवरी के लिए अस्पताल लेकर आए। डॉक्टरों ने उसे पूरे दिन भर्ती रखा। रात आठ बजे हमें बताया गया कि सब ठीक है। डॉक्टरों ने कहा कि डिलीवरी नॉर्मल होगी। लेकिन, जब मैं उससे मिलने गई तो देखा कि वह खून से सनी हुई थी।'

उन्होंने आगे बताया, 'डॉक्टरों ने उसके पेट में चीरा लगाया था और इसके बाद वे हम लोगों के एक कागज पर हस्ताक्षर लेने आए, जिसमें लिखा था कि सहीदुन को दौरा पड़ा है और सी सेक्शन करने आवश्यकता है। तभी बिजली चली गई, लेकिन डॉक्टरों ने हमें दूसरे अस्पताल नहीं भेजा। वे हमें ऑपरेशन थिएटर ले गए और फोन के टॉर्च की मदद से डिलीवरी की। डिलीवरी में बच्चे की मौत हो गई। डॉक्टरों ने हमसे कहा कि मां बच जाएगी और हमें सायन अस्पताल जाने को कहा। लेकिन तब तक उसकी भी की मौत हो चुकी थी। उसके लिए ऑक्सीजन तक नहीं बचा था।'

## छेड़छाड़ के आरोपों से घिरे बंगाल के राज्यपाल को मिला दिलीप घोष का साथ, बोले- यह टीएमसी की साजिश

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया गया है। उनके पक्ष में अब भाजपा के पूर्व राज्य प्रमुख दिलीप घोष ने कहा कि यह टीएमसी की राजनीति है। उन्होंने कहा कि टीएमसी कितना नीचे गिर गई है कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोगों का अपमान करने लगी है।



कोलकाता में राजभवन की एक कर्मचारी ने गुरुवार को आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने उसका यौन उत्पीड़न किया है। महिला ने कोलकाता की हेयर स्ट्रीट पुलिस से संपर्क कर बंगाल के राज्यपाल के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। अब इस पर भाजपा के नेता राज्यपाल के पक्ष में आए हैं। भाजपा के दिलीप घोष ने कहा कि ₹यह कोई नई बात नहीं है। यह टीएमसी की राजनीति है। मुझे नहीं पता कि वे कितना नीचे गिरेंगे। टीएमसी राष्ट्रपति, पीएम, गृह मंत्री, अब राज्यपाल और यहां तक कि हमारे राज्य में एक महिला न्यायाधीश के पति का भी अपमान करने में व्यस्त है। यह उनकी राजनीति का तरीका है। अब उनके जाने का समय आ गया है।" उन्होंने यह भी कहा कि बंगाल में लोग ममता बनर्जी की सरकार से आजादी चाहते हैं।

आरोप के बाद बंगाल के राज्यपाल ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कोलकाता, दार्जिलिंग और बैरकपुर के राजभवन परिसर में पुलिस और वित्त राज्यमंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया। उन्होंने कहा , ₹राज्यपाल के खिलाफ मानहानि और संविधान विरोधी मीडिया बयानों के लिए, कनिष्ठ राज्यपाल नियुक्त वित्त विभाग की राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) चंद्रिमा भट्टाचार्य को कोलकाता, दार्जिलिंग और बैरकपुर के राजभवन परिसर में प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।₹ उन्होंने यह भी कहा कि वह मंत्री की उपस्थिति वाले किसी भी समारोह में भाग नहीं लेंगे। साथ ही मंत्री के खिलाफ आगे के कानूनी कदमों पर सलाह के लिए भारत के अटॉर्नी जनरल से संपर्क किया है।

# मतदान कर्मी पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त करे

## चुनाव के दिन किसी समस्या का सामना नहीं करना पड़े- डीएम

**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** लोकसभा चुनाव को लेकर धर्मसभा कॉलेज में मतदान कार्मिकों का जारी प्रशिक्षण कार्यशाला का जिला निर्वाचन अधिकारी, डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने कार्मिकों को मतदान प्रक्रिया की जानकारी दी। साथ ही मतदान संबंधी अपने अनुभव सांझा किया।

डीएम ने प्रशिक्षणार्थियों से कई सवाल भी पूछे, जिसमें कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट तथा वीवीपैट को आपस में जोड़ने, संचालित करने, सील करने तथा मशीनों को अलग करने आदि से संबधिंत सवाल पूछे। वहीं मॉकपोल, शील्ड करने का तरीका, पीठासीन डायरी, मतदान रजिस्टर से जुड़े कई सवाल-जवाब किये गये। कार्मिकों के जवाब से संतुष्ट होने के बाद डीएम ने कहा कि आप सभी पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण प्राप्त कर यहां से



जाए ताकि चुनाव के दिन किसी भी तरह की कोई समस्या का सामना नहीं करना पड़े।

डीएम ने प्रशिक्षण कक्ष में मौजूद मास्टर ट्रेनर्स को निर्देश दिए कि सभी निर्वाचन कार्मिकों को विधानसभा चुनाव के नियम विधिवत बताए जाएं। वही इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (बैलट यूनिट, कंट्रोल यूनिट एवं वीवीपैट) का व्यवहारिक एवं सिद्धांत प्रशिक्षण प्रदान किया जाए। डीएम ने प्रशिक्षण स्थल पर मॉडल पोलिंग बूथ एवं पोस्टल बैलट कैंप भी देखा। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले कार्मिकों को मॉडल पोलिंग बूथ अवश्य दिखाया जाए।

डीएम ने अलग-अलग प्रशिक्षण रूम में जाकर कर्मियों को जानकारी देते हुए प्रशिक्षक के भूमिका में नजर आए। डीएम में कार्मिकों को कहा कि उनकी सुविधाओं का भी पूरा ख्याल रखा जाएगा। चुनाव के दिन कार्मिकों के ठहरने, भोजन, पेयजल और सुरक्षा आदि की भी अच्छी व्यवस्था रहेगी, ताकि उन्हें कोई परेशानी नहीं हो। कार्मिकों को प्राथमिक उपचार संबंधी किट भी उपलब्ध रहेगी।

### अनुपस्थित कार्मिक प्राप्त करें प्रशिक्षण,अन्यथा होगी विभागीय कार्यवाही

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने प्रशिक्षण स्थल डीएस कॉलेज में दूसरे दिन शुक्रवार को हुए प्रशिक्षण में अनुपस्थित कार्मिकों का ब्यौरा तलब किया। वही अनुपस्थित कार्मिकों को एक और मौका देते हुए शनिवार को दूसरी शिफ्ट में अनिवार्य रूप से प्रशिक्षण प्राप्त करने के निर्देश दिए अन्यथा की स्थिति में अनुपस्थित कार्मिकों पर विभागीय कार्यवाही शुरू की जाएगी। बताते चलें कि प्रशिक्षण के दूसरे दिन प्रथम पाली में 23 कार्मिक (पीठासीन अधिकारी चार, पी-वन : 03, पी-टू : 10, पी-थ्री : 06) एवं द्वितीय पाली में 20 (पीठासीन अधिकारी 06, पी-वन : 03, पी-टू : 10, पी-थ्री : 06) कार्मिक अनुपस्थित रहे।

# मंदिर दर्शन के जाते समय पिता पुत्र व पुत्री घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**हैदरगढ़ बाराबंकी।** अवसानेश्वर मंदिर दर्शन के लिए 3 मई 24 को सुबह मोटरसाइकिल से जा रहे पिता पुत्र पुत्री घायल हो गए। सी.एच.सी त्रिवेदीगंज प्राथमिक उपचार के बाद जहां पिता को छुट्टी दे दी गई दोनों बच्चों को गंभीर अवस्था के चलते जिला चिकित्सालय के लिए रेफर कर दिया गया। जी हा । जानकारी के अनुसार कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत बारा गांव निवासी दीप नारायण पाल पुत्र राज नारायण अपनी पुत्री जानवी पाल 7 वर्ष एवं पुत्र पियूष 10 वर्ष को साथ लेकर बारा- अवसानेश्वर मार्ग से होकर सुबह साढ़े नौ बजे मोटरसाइकिल से मंदिर दर्शनों के लिए जा रहे थे। बारा रेलवे क्रॉसिंग पर पहुंचे तो फाटक बंद था ट्रेन गुजर जाने के बाद फाटक के खुलते ही श्री पांडे आगे आगे चल रही पिकअप को ओवरटेक कर रहे , तभी सामने से आई बोलेरो से टक्कर हो गई। जिसमें तीनों लोग घायल हो गए एंबुलेंस से त्रिवेदीगंज पहुंचाया गया जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद जानवी व



पीयूष को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया । बड़े वाहन व आधुनिक पिकअप - जिनमें लंबे हुड, बड़े ब्लाइंड स्पॉट और कठोर बॉडी-ऑन-फ़्रेम डिज़ाइन हो सकते भारी वनज हो सकते हैं - विशेष रूप से पैदल चलने वालों और छोटे, हल्के वाहनों के साथ दुर्घटनाओं में घातक होते हैं। चिंताजनक ! हैं कि वाहन निर्माताओं को वाहन के अंदर और बाहर के लोगों की सुरक्षा पहले रखनी चाहिए।

# उत्तर-प्रदेश सर्वोच्च कंसल्टेंट्स अवार्ड अर्जित कर बेटे ने रोशन किया क्षेत्र का नाम



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** जनपद लखीमपुर खीरी के पलिया शहर निवासी सतवंत सिंह मान को मुंबई में आयोजित हुए एक भव्य कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के सर्वोच्च सम्मान उत्तर प्रदेश सर्वोच्च कंसल्टेंट्स अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने हजारों के जन समूह के बीच सतवंत सिंह मान को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। पलिया क्षेत्र एवं नगर के लिए यह बहुत ही गौरव की बात है कि शहर के बेटे ने इतनी दूर पलिया शहर का नाम रोशन किया।

भाजपा नेता रवि गुप्ता ने सतवंत सिंह मांन को उनके ऑफिस में जाकर सभी लोगों के बीच में प्रभु श्री राम जी का अंग वस्त्र भेंट कर एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सभी सम्मानित पलिया नगर व क्षेत्र वासियों की ओर से बहुत-बहुत बधाई देते हुए उनको सम्मानित किया और शुभकामनाएं प्रेषित की।

# गूगल मीट के माध्यम से दिव्यांगजन संवाद वेबिनार का आयोजन

**बाराबंकी।** मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में 3 मई को 11.00 बजे दिव्यांगजन संवाद वेबिनार का आयोजन जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी द्वारा गूगल मीट के माध्यम से किया गया। इस कार्यक्रम में दिव्यांग मतदाताओं का आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान प्रतिशत बढाने हेतु जागरूक किया गया साथ ही जिला प्रशासन द्वारा दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केन्द्र पर उपलब्ध सेवाओं के बारे में भी अवगत कराया गया। इसके अतिरिक्त इस वेबिनार में विषय 100 प्रतिशत मतदान लोक तंत्र की शान पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें रंगई लाल, नागेश पटेल, श्यामजी, लालू यादव, अनन्त सिंह, अमित मिश्रा एवं वीरेन्द्र पाल कुल 07 दिव्यांगजनों ने अपने विचार व्यक्त किया गया । जिन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा। इस वेबिनार में जिला विकास अधिकारी , जिला विद्यालय निरीक्षक जिला समाज कल्याण अधिकारी एवं अन्य दिव्यांगजन उपस्थित रहे।

# आयोग के निर्देशानुसार मतदान दिवस पर पहचान पत्र के 12 विकल्प जारी किए गए

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिये गये निर्णय के अनुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदाता फोटो पहचान पत्र के विकल्प के सम्बन्ध में प्रतिरूपण को रोकने की दृष्टि से मतदान के समय मतदाता को अपनी पहचान सिद्ध करने के लिए अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत करना होगा, परन्तु ऐसे मतदाता जो अपना मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते हैं, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। आयोग के निर्देशानुसार निर्धारित किए गए फोटो पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, बैंकों डाकघरों द्वारा जारी की गई फोटोयुक्त पासबुक, श्रम मंत्रालय की योजना के अन्तर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, ड्राइविंग लाइसेन्स, पैन कार्ड, एनपीआर के अन्तर्गत आरजीआई द्वारा किये गये स्मार्ट कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पैंशन दस्तावेज, केन्द्र राज्य सरकार, लोक उपक्रम, पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, सांसदों, विधायकों, विधान परिषद सदस्यों द्वारा जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, और यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार में से कोई एक लाना अनिवार्य होगा। डीएम ने कहा कि एपिक में प्रविष्टियों की मामूली विसंगतियों को नजर अंदाज कर देना चाहिये, बशर्ते मतदाता की पहचान एपिक द्वारा सुनिश्चित की जा सके। यदि कोई मतदाता फोटो पहचान पत्र प्रदर्शित करता है, जो कि किसी अन्य विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा जारी किया गया है, ऐसे एपिक भी पहचान स्थापित करने हेतु स्वीकृत किये जायेंगे, बशर्ते निर्वाचक का नाम, जहां वह मतदान करने आया है, उस मतदेय स्थल से सम्बन्धित निर्वाचक नामावली में उपलब्ध होना चाहिये। फोटोग्राफ इत्यादि के बेमेल होने के कारण मतदाता की पहचान सुनिश्चित करना सम्भव न हो, तब मतदाता को उपरोक्त वैकल्पिक फोटो दस्तावेज को प्रस्तुत करना होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि उपरोक्त किसी भी बात के होते हुये भी प्रवासी निर्वाचक, जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 20क के अधीन निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत हैं, उन्हें मतदान केन्द्र में उनके केवल मूल पासपोर्ट (तथा किसी अन्य पहचान दस्तावेज के आधार पर नहीं) के आधार पर ही पहचाना जायेगा।

# व्यय प्रेक्षक ने किया एमसीएमसी कंट्रोल रूम का निरीक्षण, दिए निर्देश



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखीमपुर-खीरी।** 29_खीरी संसदीय क्षेत्र के व्यय प्रेक्षक (धौरहरा) सुमित बेसरा ने शुक्रवार की दोपहर कलेक्ट्रेट में स्थापित मीडिया प्रमाणन एवं अनुवीक्षण समिति (एमसीएमसी) के विभिन्न इकाई प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक इकाई का अवलोकन किया।

व्यय प्रेक्षक ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया अवलोकन करने वाली टीम से विभिन्न टीवी चैनलों पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों एवं राजनीतिक विज्ञापनों तथा पेड न्यूज के संबंध जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने प्रिंट मीडिया के तहत स्थानीय अखबारों में प्रकाशित होने वाले राजनीतिक विज्ञापन सहित अन्य पेड न्यूज सहित चर्चा, परिचर्चा की भी जानकारी ली और अब तक किए गए अनुवीक्षण कार्यों का अवलोकन किया। साथ ही संधारित की जा रही पंजियो का भी अवलोकन किया। इस दौरान एडीआईओ नरेंद्र कुमार मौजूद रहे।

# अप्रैल में 992 परिवारों को नहीं मिला राशन


» पूर्ति निरीक्षक कोटेदार पर दर्ज हुआ था मुकदमा

» परिवारों को खाने के संकट, कोटेदार ने 295 कुंतल खाद्यान्न को बेच लिया

**लोकमित्र संवाददाता**

**धौरहरा-खीरी।** उत्तर-प्रदेश शासन से निःशुल्क प्राप्त होने वाले गरीब व पात्रों को मिलने वाली सुविधाओं को जिम्मेदारो द्वारा कैसे हेर फेर करने का मामला सामने आया है इसकी बानगी निम्न है ---------

प्राप्त विवरण के अनुसार केन्द्र व प्रदेश सरकार के निर्देश पर तहसील क्षेत्र में गरीब लोगों को राशन कार्डो के सहारे जीवन यापन करने के लिए प्रतिमाह मिलने वाले गेहूं+चावल को कोटेदार द्वारा अपनी मर्जी से गरीबों में वितरित न करके लगभग



300 कुंतल राशन को हजम कर गया। मामले में शुगुबुगाहट होने पर विभागीय से लेकर उच्चाधिकारियों तक जांच में तथ्य सही पाए जाने पर पूर्ति निरीक्षक द्वारा 16 अप्रैल 24 को आनन फानन में कोटेदार राजेश कुमार को आरोपी बनाते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई जिस पर कोतवाली पुलिस द्वारा आरोपी कोटेदार के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3/7 में अभियोग पंजीकृत किया गया।जबकि उपरोक्त कोटेदार के पास कुल अंतोदय 85 व पात्र ग्रहस्थी 907 राशनकार्ड थे। जानकारी के मुताबिक मुकदमा दर्ज होने के बाद भी शातिर कोटेदार द्वारा मौजूद ई पास मशीन में लगभग 200 कार्डधारकों से अंगूठे भी लगवाए हैं। हालांकि बाद में विभाग द्वारा उपरोक्त राशनकार्ड धारकों को पडोस के दुकानदार शकील अख्तर की दुकान से सम्बद्ध किया गया।अब सवाल यह है अप्रैल माह का आवंटित खाद्यान्न 992 परिवारों को मिलेगा या नहीं।इसके लिए विभागीय से लेकर उच्चाधिकारी तक बंगले झांकने से लेकर एक दूसरे से चर्चा करने की बात करने की सूचना सामने आ रही है।

इस गंभीर मामले पर जानकारी करने पर पूर्ति निरीक्षक धौरहरा ललित पाठक ने बताया कि कुछ लोगों द्वारा पोर्टविलिटी के माध्यम से दूसरी जगह से खाद्यान्न लेने की सूचना है।शेष राशनकार्ड धारकों को अप्रैल माह का खाद्यान्न उपलब्ध कराने के लिए उच्चाधिकारियों को पत्र प्रेषित हों रहा है।

इसी प्रकरण पर उप जिलाधिकारी धौरहरा राजेश कुमार से जानकारी लेने का प्रयास किया तो फोन नही उठा।

# खंड विकास अधिकारी ने किया मतदान स्थल का निरीक्षण



**लोकमित्र ब्यूरो**

**हैदरगढ़ बाराबंकी ।** खंड विकास अधिकारी हैदरगढ़ संजीव कुमार गुप्ता द्वारा सुबेहा क्षेत्र के ग्राम पंचायत शरीफाबाद एवं चकौरा में विद्यालयों का निरीक्षण किया गया इस दौरान यहां पर चल रहे निर्माण कार्यों को दो दिन के अंदर पूरा किए जाने के निर्देश दिए गए। श्री गुप्ता ने बताया कि दोनों विद्यालयो में चाहरी दीवारी निर्माण का कार्य पूरा हो चुका है और प्लास्टर का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा रसोई घर शौचालय, रैम्प व पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था दुरुस्त पाई गई। उल्लेखनीय है कि आगामी 20 मई को लोकसभा चुनाव के लिए होने वाले मतदान के दौरान मतदाताओं को कोई समस्या न उठानी पड़े जिसको लेकर परिषदीय विद्यालय में बनाए गए मतदान केन्द्रों का जायजा लेकर सभी सुविधाये दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया जा रहा है।

# दबंग लेखपाल/प्रधान के खिलाफ पीड़िता ने धौरहरा पुलिस को दी तहरीर

» लेखपाल व प्रधान द्वारा मांगे जा रहे थे 10 हज़ार रुपए

**लोकमित्र संवाददाता**

**धौरहरा-खीरी।** तहसील में तैनात दबंग लेखपाल व विकास खंण्ड रमियाबेहड़ की ग्राम पंचायत हौकना मटेरा के वर्तमान प्रधान की हिटलरशाही व दबंगई से आजिज होकर दलित महिला द्वारा कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर उपरोक्त लोगों पर कार्रवाई कर व फसल दिलाने का अनुरोध किया। वैसे भी धौरहरा तहसील में तैनात लेखपालों के अजब गजब करारनामे के चर्चे हवाओ में तैरते रहते है।

प्राप्त विवरण के अनुसार नगर पंचायत धौरहरा के नवसृजित मोहल्ला सरोजनी नगर निवासी महिला कौशल्या पत्नी राजू ने दिनांक 26 अप्रैल को तहसीलदार धौरहरा को




शिकायती पत्र देकर तहसील में तैनात लेखपाल राजेन्द्र वर्मा व ग्राम प्रधान बालकराम वर्मा पर आरोप लगाते हुए कहा कि उपरोक्त गांव के गाटा संख्या 943/9 रकबा 0.408 हेक्टेयर कृषि भूमि राजू, भलारी, बृजमोहन पुत्रगण मगरे के नाम दर्ज अभिलेख है जिस पर काफी वर्षों से हम लोगों के कब्जा व दखल चला आ रहा है। उपरोक्त तीनों लोगों द्वारा हौकना निवासी

> लेखपाल व प्रधान के खिलाफ पीड़िता द्वारा कोतवाली पुलिस को दी गई तहरीर

जगंली गौतम को बटाई पर दिया था बटाईदार द्वारा उपरोक्त गाटे मे गेहूं की फसल तैयार होने के उपरांत लेखपाल व प्रधान द्वारा गांव निवासी कल्लू गौतम को दिला दी। इससे पहले नवम्बर -- दिसम्बर से प्रधान व लेखपाल द्वारा प्रार्थिनी के पति से 10 हज़ार रुपए की मांग करते रहे है।जिस पर तहसीलदार द्वारा महिला को फसल दिलाने के लिए लेखपाल को निर्देशित भी किया था।थक-हार कर पीड़ित महिला द्वारा दिनांक 3 मई को धौरहरा पुलिस को पुनः शिकायती पत्र सौंपकर दोनों लोगों पर कार्रवाई करने व फसल दिलाने की गुहार लगाई है।अब देखना है कि भाजपा राज में दलित महिला को न्याय मिल पाता है या नहीं यह तो भविष्य के गर्भ में है।

# फजलगंज पुलिस के अभियान में एक और शातिर गिरफ्तार

» गिरफ्तार अपराधी के कब्जे से लूट और चोरी में प्रयोग किए जाने वाला समान और नकदी आदि आदि भी बरामद

**लोकमित्र ब्यूरो**

**कानपुर।** यहां अपराधियों के खिलाफ लगातार सफल मोर्चा खोले फजलगंज पुलिस ने एक और शातिर अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त कर ली। पुलिस के अनुसार रत्तू पुरवा बारातशाला टी.पी. नगर थाना बाबूपुरवा निवासी इस शातिर मुहम्मद आसिक उर्फ माइकल पुत्र स्व० मुहम्मद आजम के पास कब्जे से लूट के कुल 1160/- रू० व एक मोबाइल रियल मी, एक बै, छेनी, हथौड़ी, पेचकस व दो रिन्च भी बरामद की गई है।

मिली जानकारी के मुताबिक इस शातिर को गिरफ्तार करने में सफलता तब मिली ,जब अपराध नियंत्रण की दिशा में विशेष अभियान के तहत



निर्दोष फंसे नहीं और अपराधी बचे नहीं जैसी लोकहित की विचारधारा के अनुरूप अपने विभागीय कर्तव्य का पालन पूरी निष्ठा के साथ करने वाले लोकप्रिय कार्यशैली के भगवान और भाग्य यानी कर्म भरोसे रहने वाले तथा अपनी अब तक की जुझारू नौकरी में इसके पहले भी दर्जनों अपराधियों को जेल की हवा खिला चुके निष्पक्ष और पारदर्शी कार्यशैली के कठोर परिश्रमी तेजतर्रार और व्यवहार कुशल फजलगंज के प्रभारी निरीक्षक इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह अपनी टीम के सब इंस्पेक्टर गौरव कुमार, रामकृष्ण मिश्र, लोकेन्द्र सिंह , यूटी संजय कुमार मौर्या कांस्टेबल नवीन तवानिया और कार्तिक कुमार आदि के साथ गश्त पर निकले हुए थे।

पीड़ितों के पक्ष में और अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई में अग्रणी माने जाने वाले तथा विभिन्न जनपदों के अपने जुझारू कार्यकाल के दौरान इसके पहले भी घटनाओं का सटीक खुलासा करने के साथ हर तरह के अनेक शातिरों को जेल की हवा खिला चुके सरल और शालीन स्वभाव के जुझारू इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह के बारे में यह भी अवगत कराते चलें कि उनके यूपी पुलिस की सेवा के अबतक के कार्यकाल के विवेचन से यह भी साबित होता है कि हालात चाहे जैसे रहे हों लेकिन अपराधियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों की तत्काल सहायता के लिए भी चर्चित लोकहित में अपनी धुन के पक्के इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह ने अपनी कर्तव्य के प्रति निष्ठा के साथ समझौता आज तक नहीं किया। और अब लोकसभा के चुनावी माहौल में भी चुनौती पूर्ण फजलगंज में चल रही अपनी नियुक्ति के दौरान भी जुझारू तेवरों वाले कठोर परिश्रमी इंस्पेक्टर सुनील कुमार सिंह का कानून और शांति व्यवस्था के पक्ष में अपराधियों के खिलाफ सफल प्रभावी अभियान लगातार जारी है ,जिसके फलस्वरुप सभी घटनाओं का सटीक खुलासा करते हुए अनेक अपराधियों को जेल भी भेजा जा चुका है।

# त्वरित कार्यवाही पर संपूर्ण धनराशि वापस



**बाराबंकी ।** कपड़े बेचने के नाम पर धोखाधड़ी कर पीड़ति के खाते से निकाले गए 45000/- रूपये को साइबर थाना, बाराबंकी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए पीडित के खाते में सम्पूर्ण धनराशि वापस कराया गया । प्राप्त जानकारी से एनसीसीआरपी पोर्टल के माध्यम से सत्यम चौबे पुत्र गिरीश चौबे निवासी लखपेड़ाबाग थाना कोतवाली नगर जनपद बाराबंकी द्वारा अपने साथ कपड़े बेचने के नाम पे झांसा देकर 45000/- रूपये धोखाधड़ी कर लेने के सम्बन्ध में शिकायत दर्ज की गयी। जिसे साइबर थाना जनपद बाराबंकी द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये संपूर्ण धनराशि वापस करायी गयी।

# विशेष प्रेक्षकगण ने नोडल अधिकारियों के साथ बैठक कर निर्वाचन हेतु की गई तैयारियों को परखा

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** आयोग द्वारा भेजे गए विशेष प्रेक्षक सामान्य अजय वी. नायक, विशेष प्रेक्षक पुलिस मनमोहन सिंह, विशेष प्रेक्षक व्यय राजेश टुटेजा शुक्रवार को अपरान्ह में जनपद मुख्यालय पहुंचे। जनपद मुख्यालय पहुंचने पर विशेष प्रेक्षकगणों का जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। तदोपरान्त विशेष प्रेक्षकगणों द्वारा सामान्य प्रेक्षक आगरा लोकसभा वरूण रंजन, पुलिस प्रेक्षक योगेश दाधीच, व्यय प्रेक्षक राम सिंह गुर्जर, जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह, जिलाधिकारी कासगंज सुधा वर्मा, एसएसपी राजेश कुमार सिंह, एसपी कासगंज अपर्णा रजत कौशिक सहित निर्वाचन में लगे नोडल अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में बैठक की। उन्होंने इस दौरान जनपद एटा में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को दृष्टिगत की गई तैयारियों के संबंध में विस्तृत चर्चा करते हुए तैयारियों को परखा एवं आयोग की मंशा के अनुरूप स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव को सम्पन्न कराने के निर्देश दिए। विशेष प्रेक्षकगण ने कहा कि पोलिंग स्टेशन पर मतदाताओं की सुरक्षा अतिमहत्वपूर्ण है, मतदान केन्द्र पर पार्टी के एजेंटों का स्पष्ट निर्देश दिए जाएं कि वे मतदाताओं को मतदान हेतु प्रभावित न करें, अपने स्थान पर ही बैठे रहें। वोट डालने के बाद पोलिंग स्टेशन के आसपास भीड़ एकत्रित न होने दी जाए। प्रत्येक केन्द्र पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम होने चाहिए, सीएपीएफ का व्यवस्थापन आयोग के मानक के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। मतदाता पर्ची एवं वोटर गाइड का वितरण शतप्रतिशत करते हुए जो मतदाता नये बने हैं और अभी तक एपिक कार्ड नहीं मिले हैं, ऐसे मतदाताओं को शतप्रतिशत मतदाता पर्ची का वितरण किया जाए। मतदान प्रक्रिया एवं मतदान के दिन सोशल मीडिया पर कड़ी नजर रखी जाए, कन्ट्रोलरूम, विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का तत्काल निस्तारण होना चाहिए। इसके साथ ही फोर्स की ब्रीफिंग के दौरान मतदान करने हेतु जारी किए गए विकल्प की जानकारी फोर्स को देते हुए उनके ड्यूटी कार्ड के साथ वितरित कर दी जाए।

जिलाधिकारी ने प्रेक्षकगणों को जनपद में लोकसभा निर्वाचन हेतु की गई तैयारियों के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए आश्वस्त किया कि उनके द्वारा बैठक में दिए गए निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन कराते हुए जनपद में लोकसभा चुनाव को सकुशल सम्पन्न कराया जाएगा। डीईओ ने बताया कि जनपद में कुल 1305097 मतदाता हैं, जिसमें 699513 पुरूष, 605551 महिला मतदाता है। जिसके तहत 85 वर्ष से अधिक आयु के 10506 मतदाता, 12614 दिव्यांग मतदाता, 33 ट्रांसजेण्डर मतदाता शामिल हैं।

# राहुल गांधी ने किया नामांकन, सोनिया रहीं मौजूद

## नामांकन के लिए जाते समय भीड़ में फंस गई राहुल गांधी की गाड़ी

» घर पर अकेला पाकर युवक ने किया था दुष्कर्म का प्रयास



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** राहुल गांधी ने रायबरेली सीट से नामांकन भर दिया है। आज सुबह ही कांग्रेस के द्वारा अमेठी और रायबरेली के लिए सीटों की घोषणा की गई थी। राहुल गांधी ने दोपहर करीब सवा दो बजे कलेक्ट्रेट में अपना नामांकन भरा। राहुल के साथ कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी और राजस्थान के पूर्व सीएम अशोक गहलोत मौजूद रहे।

आज सुबह ही राहुल गांधी विशेष विमान से दिल्ली से फुरसतगंज पहुंचे। वहां से अमेठी होते हुए रायबरेली आए। रायबरेली के केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में पूजा करने के बाद राहुल का नामांकन जुलूस निकला। भारी भीड़ इस जुलूस में शामिल रही। पहले राहुल गांधी को इस पूजा में शामिल होना था और एक रथनुमा खुले ट्रक में सवार होकर नामांकन करने जाना था लेकिन नामांकन में देर होता देख वह सीधे अपनी बंद गाड़ी से ही निकल गए।

राहुल गांधी का नामांकन जुलूस हाथी पार्क स्थित कांग्रेस के केंद्रीय कार्यालय से निकला। फिरोज गांधी चौराहा से होते हुए जुलूस कलेक्ट्रेट पहुंचा। इस जुलूस में भारी भीड़ देखने को मिली। कार्यकर्ताओं का उत्साह अपने चरम पर था। कांग्रेसी राहुल को रिकॉर्ड मतों से विजयी बनाने की बात कहते रहे। इस जुलूस में कांग्रेस के साथ सपा कार्यकर्ता भी दिखे।

हाई प्रोफाइल रायबरेली संसदीय सीट पर भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह लगातार दूसरी बार गांधी परिवार के सामने होंगे। राहुल गांधी के नामांकन के कुछ देर पहले ही दिनेश प्रताप सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया। 2019 में दिनेश प्रताप सिंह सोनिया गांधी के सामने चुनाव लड़े थे। उन्होंने कांग्रेस को कभी टक्कर दी थी लेकिन चुनाव हार गए थे। 2018 में दिनेश प्रताप सिंह कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए थे। सोनिया गांधी को 5,31,918 मत मिले थे। भाजपा उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह को 3,67,740 मत मिले थे। दिनेश प्रताप 1,64,178 मतों से हार गए थे, लेकिन उन्होंने सोनिया गांधी के जीत के अंतर को कम कर दिया था।

### सोनिया गांधी ने किया अपना वादा पूरा

सांसद सोनिया गांधी ने राज्यसभा में जाने से पहले रायबरेलीवासियों के नाम मार्मिक पत्र लिखा था, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। इसी के बाद से कयास लगाए जाते रहे कि गांधी परिवार से कोई न कोई चुनाव रायबरेली से जरूर लड़ेगा। यहां से प्रियंका गांधी का नाम चल रहा था, लेकिन एऐन मौके पर उनके भाई राहुल गांधी के चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया गया।

# राहुल गांधी ने नामांकन के बाद निभाई मां परंपरा



**लोकमित्र ब्यूरो**

**रायबरेली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी रायबरेली लोकसभा सीट से नामांकन दाखिल करने के बाद पार्टी कार्यालय पहुंचे और पूजा-पाठ किया। इस दौरान उनके साथ उनका पूरा परिवार भी मौजूद था। यहां पर नामांकन से पहले पूजा करने की परंपरा सोनिया गांधी ने 2004 में शुरू की थी। राहुल गांधी ने भी इस परंपरा को निभाया।

सोनिया गांधी ने सबसे पहले 1999 में अमेठी लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था, लेकिन 2004 में राहुल गांधी के लिए सीट छोड़ दी तब से वह रायबरेली लोकसभा सीट से सांसद थीं। इस बार राज्यसभा के लिए चुने जाने के बाद उनकी सीट पर राहुल गांधी ने नामांकन दाखिल किया है।

राहुल गांधी 2019 के लोकसभा चुनाव में अमेठी से चुनाव हार गए थे। इस बार फिर उनके अमेठी से चुनाव लड़ने के कयास लगाए जा रहे थे लेकिन नामांकन के अंतिम दिन राहुल गांधी ने सीट बदल दी।

इसके पहले जब राहुल गांधी कार्यालय आए तो लेकिन भीड़ के कारण वह अपनी गाड़ी से नहीं उतर पाए और नामांकन के लिए रवाना < हो गए।

बताया जा रहा है कि भीड़ को संभालने के लिए जिला प्रशासन की ओर से पुख्ता प्रबंध भी नहीं किए गए थे। इसे प्रशासन का नामांकन में असहयोग कहा जाए या फिर किसी का दबाव। बताया जा रहा है कि वह रास्ता भी नहीं बंद किया गया था जहां से काफिले को निकलना था।

# अमेठी-रायबरेली में जमीन पर दिखा सपा-कांग्रेस गठबंधन



**लोकमित्र ब्यूरो**

**लखनऊ।** रायबरेली और अमेठी में आज कांग्रेस पार्टी का नामांकन हो गया। लंबी चुप्पी के बाद शुक्रवार की सुबह ही अमेठी और रायबरेली के प्रत्याशी घोषित किए गए। राहुल गांधी ने रायबरेली तो केएल शर्मा ने अमेठी से नामांकन भरा। खास बात यह रही कि इन दोनों नामांकनों में इंडिया गठबंधन जमीन पर एक साथ दिखा। कांग्रेस के साथ सपा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। वह केएल शर्मा और राहुल गांधी दोनों के ही नामांकन जुलूस में शामिल हुए। खास बात यह रही कि सपा के कार्यकर्ता रायबरेली में राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगाते हुए दिखे। टिकट की घोषणा होते ही रायबरेली के केंद्रीय कार्यालय में कार्यकर्ता सुबह से जुटने शुरू हो गए। 10 बजते-बजते बड़ी संख्या में कार्यकर्ता यहां एकत्रित हो गए। यहां से राहुल के जुलूस को निकलकर नामांकन करना था। 11 बजे अचानक ही हजारों की संख्या में सपा कार्यकर्ता झंडा और बैनर लिए इस जुलूस में शामिल हो गए। वह कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ पूरी तरह से घुले-मिले दिखे। सपा के कार्यकर्ता अखिलेश यादव के साथ राहुल गांधी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे। देखो देखो कौन आया, शेर आया शेर आया। राहुल गांधी के साथ चस्पा हुए इस नारे को सपा कार्यकर्ता भी जोश के साथ लगा रहे थे। कार्यकर्ताओं के साथ सपा के स्थानीय नेता और पदाधिकारी भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। वह बकायदा कांग्रेस कार्यालय में जमे रहे और जुलूस के साथ कलेक्ट्रेट तक गए।

### 5 फीसद स्ट्रीट डॉग्स का बंध्याकरण कराना उद्देश्य

**लखनऊ।** नगर निगम में शुक्रवार को स्ट्रीट डॉग की देखभाल को लेकर भारतीय पशु जन्म नियंत्रण नियम के तहत किये जाने के कार्यो को लेकर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में एचएसआई ( ह्यूमन सोसाइटी इंटरनेशनल इंडिया) एवं वॉर रूम के कर्मचारियों व निगम के अन्य अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि इस दौरान सोसाइटी के लोगों द्वारा यह समझाया गया कि जिन्हें हम आवारा या पागल कुत्ते कहकर बुलाते हैं और उनके साथ वैसा ही व्यवहार करते हैं,ये कानूनी अपराध है और ये कोई पागल या आवारा नहीं बल्कि स्ट्रीट डॉग्स हैं। प्रशिक्षण में श्वानों के लिये किये जा रहे कार्यों की विधिवत जानकारी से अवगत कराया गया। एचएसआई के अधिकारियों ने स्ट्रीट डॉग कल्याण कानून की जानकारी देते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य है कि 5 से 7 वर्षों की अवधि के भीतर शहर के 80 से 85 प्रतिशत स्ट्रीट डॉग्स की आबादी का बंध्याकरण और टीकाकरण करना है।

# पति को छोड़कर जिसकी मोहब्बत में हुई पागल, उसकी दगाबाजी न कर सकी बर्दाश्त...दे दी जान



**लोकमित्र ब्यूरो**

**मथुरा।** मथुरा को हाईवे थाना क्षेत्र के मंजेश नगर में 23 अप्रैल को किराए के मकान में रहने वाली एक महिला द्वारा फंदा लगाकर आत्महत्या के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। महिला के मायके वालों ने आरोप लगाया है कि वह पति से विवाद के बाद आगरा छोड़कर मथुरा में रहती थी।

यहां फाइनेंस कंपनी में काम करती थी। उसके एक सहकर्मी से संबंध हो गए। उसने अश्लील वीडियो बना ली और धमकाने लगा था। इससे तंग आकर उसने आत्महत्या की। आगरा के खड़वाई, सिकंदरा इलाके की महिला का मायका उस्फार नौगांव, मथुरा में है। मायके वालों ने बृहस्पतिवार को एसएसपी कार्यालय पहुंचकर तहरीर दी कि उनकी बेटी का उसके पति से विवाद हो गया था।

आठ माह से वह हाईवे थाना क्षेत्र के मंजेश विहार में किराए के मकान में रह रही थी। वह फाइनेंस कंपनी में काम करती थी। उसके सहकर्मी ने उसकी अश्लील वीडियो बना ली और शारीरिक संबंध बनाने का दबाव डाल रहा था। एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय ने सीओ रिफाइनरी को मामले की जांच के लिए आदेश दिए हैं।

# आगरा में तीसरे चरण के मतदान से पहले बवाल

**लोकमित्र ब्यूरो**



**आगरा।** आगरा के लोहामंडी थाना क्षेत्र के टीला गोकुलपुरा में बृहस्पतिवार रात को पानी की टंकी पर हाथ-पैर धोते बच्चों को पीटने पर वाल्मीकि और प्रजापति समाज के लोग आमने-सामने आ गए। आधा घंटे तक जमकर बवाल हुआ।

मारपीट और पथराव के बाद पार्षद पति के भाई की दुकान में आग लगा दी गई। फायरिंग भी की गई है। इसमें गोली लगने से एक महिला घायल हो गई। मारपीट में सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष भुल्ले नरवार और उनका बेटा घायल हो गए। संघर्ष की जानकारी पर 4 थानों का पुलिस फोर्स पहुंच गया। इस पर बलवाई भाग गए। पुलिस देर रात आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही थी। 6-7 लोगों को पुलिस ने पकड़ा तो लोगों ने हंगामा किया। बवाल में 6 लोग घायल हुए हैं। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर पथराव, आगजनी और फायरिंग के आरोप लगाए हैं।

गोकुलपुरा टीला के रहने वाले चिंकी नरवार ने बताया कि क्षेत्र में पार्षद निधि से पानी की टंकी लगी है। बृहस्पतिवार शाम 7:30 बजे टंकी पर वाल्मीकि समाज के 10-12 साल के 2-3 बच्चे हाथ-पैर धो रहे थे। टंकी के सामने ही पार्षद पति राजेश प्रजापति के भाई वीरेंद्र की परचूनी की दुकान है। आरोप है कि वीरेंद्र ने पानी फैलाने के लिए मना किया और बच्चों को पीटकर भगा दिया। जातिसूचक शब्द भी बोले।

बच्चे रोते हुए अपने घर पर पहुंचे। इस पर समाज के लोगों ने पड़ोस की बस्ती में रहने वाले सफाई मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष भुल्ले नरवार को जानकारी दी। वह अपने बेटे बल्लू सहित अन्य लोगों के साथ वीरेंद्र प्रजापति की दुकान पर आए। इसी दौरान दोनों समाज के लोग जुट गए। बताया गया है कि तमंचे, लाठी-डंडे और फरसे से लैस लोगों ने गालीगलौज के बाद मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद पथराव हो गया। दोनों तरफ से ईंट-पत्थर फेंके जाने लगे। इससे अफरातफरी मच गई। कुछ लोगों ने वीरेंद्र की दुकान के बाहर रखे सामान में आग लगा दी। एक स्कूटी को नाले में फेंक दिया। चंद कदम की दूरी पर पुलिस चौकी से फोर्स पहुंचा। मगर, लोग नहीं माने। आधा घंटे तक बवाल होता रहा। फायरिंग भी की गई। सूचना पर आसपास के सर्किल के थानों की फोर्स पहुंच गई। इस पर बलवाई भाग गए। फायरिंग में प्रजापति समाज की लक्ष्मी देवी के सीधे हाथ की कोहनी में गोली लगने की बात कही जा रही है। इस पर उन्हें जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजेश प्रजापति पक्ष का कहना है कि उनसे बल्लू ने मारपीट और पथराव किया गया। उनके घरों के कैमरे तक तोड़ दिए गए। फायरिंग की गई। उधर, घायल भुल्ले और बल्लू ने थाने पहुंचकर घटना की जानकारी दी। बल्लू का कहना है कि फरसे और लाठियों से हमला किया गया।

# पलायन के पोस्टर चस्पा कर दलित परिवार के 40 सदस्यों ने गांव छोड़ा

**लोकमित्र ब्यूरो**




**मेरठ।** मेरठ से सटे सरधना में थाना सरूरपुर क्षेत्र के गांव डाहर में दो माह पूर्व हुई गौरव की हत्या के मामले में आरोपियों द्वारा पीड़ित परिवार पर समझौते का दबाव बनाया जा रहा है। इस मामले में पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने आरोप लगाते हुए गुरुवार को दलित समाज के पांच परिवार घरों पर ताला लगाकर गांव छोड़कर चले गए। पुलिस ने उन्हें रोकने की काफी कोशिश की, लेकिन पीड़ित परिवार दबंगों के डर से मकान बिकाऊ के पोस्टर चस्पा कर चले गए।

गांव डाहर निवासी अनुसूचित जाति के युवक गौरव पुत्र राकेश का घर के सामने रहने वाली कश्यप समाज की युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। आरोप है कि युवती ने त्रिकोणीय प्रेम प्रसंग के चलते गौरव की गत 10 मार्च को बहसूमा थाना क्षेत्र के गांव मोड़ खुर्द के जंगल में हत्या करवा दी थी।

पुलिस ने युवती व उसके दूसरे प्रेमी मोहकम व दोस्त भानू को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जबकि गांव के ही भाजपा के स्थानीय नेता के खिलाफ भी पुलिस ने एससी एक्ट में मामला दर्ज किया था, जो अभी तक फरार है।

पीड़ित परिवार का आरोप है कि हत्या आरोपियों के अन्य परिजनों द्वारा समझौते का दबाव बनाकर धमकी दी जा रही है। पुलिस से शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। गुरुवार को मृतक गौरव के पिता राकेश, चाचा रामनिवास, महेंद्र, राजेंद्र व दादी रोशनी समेत लगभग 40 सदस्यीय दलित परिवार गांव छोड़कर चला गया। सभी ने घर पर दबंगों के डर से पलायन व मकान बिकाऊ के पोस्टर चस्पा किए। परिवार के लोग गाड़ी में अपने मवेशी व घर का सामान लादकर गांव से चले गए।

पलायन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और पलायन कर रहे लोगों को रोकने की कोशिश की। लेकिन घंटों तक निवेदन के बाद भी पुलिस विफल रही। थाना प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार गौड़ का कहना है कि हत्या के मामले में मृतक गौरव के परिजनों की तहरीर पर एससी एक्ट का मामला दर्ज है। पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप गलत है।

### 85 फीसद स्ट्रीट डॉग्स का बंध्याकरण कराना उद्देश्य

**लखनऊ।** नगर निगम में शुक्रवार को स्ट्रीट डॉग की देखभाल को लेकर भारतीय पशु जन्म नियंत्रण नियम के तहत किये जाने के कार्यो को लेकर नगर आयुक्त की अध्यक्षता में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में एचएसआई ( ह्यूमन सोसाइटी इंटरनेशनल इंडिया) एवं वॉर रूम के कर्मचारियों व निगम के अन्य अधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि इस दौरान सोसाइटी के लोगों द्वारा यह समझाया गया कि जिन्हें हम आवारा या पागल कुत्ते कहकर बुलाते हैं और उनके साथ वैसा ही व्यवहार करते हैं,ये कानूनी अपराध है और ये कोई पागल या आवारा नहीं बल्कि स्ट्रीट डॉग्स हैं। प्रशिक्षण में श्वानों के लिये किये जा रहे कार्यों की विधिवत जानकारी से अवगत कराया गया। एचएसआई के अधिकारियों ने स्ट्रीट डॉग कल्याण कानून की जानकारी देते हुए कहा कि हमारा उद्देश्य है कि 5 से 7 वर्षों की अवधि के भीतर शहर के 80 से 85 प्रतिशत स्ट्रीट डॉग्स की आबादी का बंध्याकरण और टीकाकरण करना है।

# 'भारत में हो रहे चुनाव को प्रभावित करना चाहती है पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी'



**लोकमित्र ब्यूरो**

**बरेली।** देश में लोकसभा चुनाव को लेकर सियासी मौहाल गर्म है। प्रचार के दौरान नेता एक-दूसरे पर सियासी तीर चला रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव को लेकर बयानबाजी की। इस पर ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने कहा कि भारत में लोकसभा चुनाव लोकतांत्रिक व्यवस्था के तहत हो रहे हैं। चुनाव आयोग एक स्वतंत्र संस्था है जो निष्पक्ष चुनाव करा रही है। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी पूर्व पाकिस्तानी मंत्री के माध्यम से भारत में हो रहे चुनाव को प्रभावित करना चाहती है, मगर भारत का मुसलमान और यहां की आम जनता पाकिस्तानी हुकूमत की साजिश को नाकाम बना देंगे।

मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने कहा कि पाकिस्तानी हुकूमत भारत के चुनाव में हस्तक्षेप न करें ये हमारा अंदुरुनी मामला है। रह गई मुसलमानों की बात तो पाकिस्तान भारतीय मुसलमानों की वकालत बंद कर दे। भारत में मुसलमान आजाद और स्वतंत्र हैं। हम मुसलमानों के मुद्दों को अपनी सरकारों के सामने प्रमुखता से उठाते हैं। हमारे भारतीय संविधान ने हमें आज़ादी दी है। उसके तहत हमेशा हम अपनी बात कहते हैं कि हम विदेशी ताकतों के भरोसे नहीं हैं और हम ये भी चाहते हैं कि पाकिस्तान जैसी विदेशी ताकत भारत के मामलात में मुदाखलत (हस्तक्षेप) न करें।

बता दें कि पाकिस्तान के पूर्व मंत्री फवाद चौधरी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की तारीफ की, जिसके बाद यह मामला सियासी गलियारों में चर्चा का मुद्दा बन गया। इसके बाद फवाद चौधरी ने बुधवार को एक्स पर राहुल गांधी के भाषण का वीडियो साझा कर लिखा था, 'राहुल ऑन फायर'। उनके इसी बयान पर मौलाना ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

### यातायात नियमों उल्लंघन करने वालो पर हुए 1183 चालान

**लखनऊ।** राजधानी की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ अभियान चलाते हुए कुल 1183 चालान किये गये। इस दौरान राजधानी के समस्त चौराहों और चौराहों चेकिंग अभियान चलाया गया। डीसीपी यातायात के निर्देश पर समस्त चौराहों और चौराहों पर तैनात यातायात निरीक्षक उप निरीक्षक द्वारा वाहन चालकों को प्रतिदिन जागरूक करने के बाद भी यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ अभियान चलाते हुए कुल 1183 चालान किये जिसमें दो पहिया वाहन पर हेलमेट न लगाने वाले 400 लोगों का चालान,नो-पार्किंग का उल्लंघन करने वाले 299,दोषपूर्ण नम्बर प्लेट लगाने वाले 64,रेड लाइट जम्प करने वाले 53,रांग साइड चलने वाले 56,दोपहिया वाहन पर तीन सवारी चलने वाले 41 लोगों के खिलाफ अभियान चलाते हुए चालान किये गये।

# जिम ट्रेनर की मौत का मामला: मां ने पैर पकड़े, पिता ने घोंपा था चाकू..., पत्नी ने बताई वारदात की खौफनाक कहानी

**लोकमित्र ब्यूरो**

**मेरठ।** मेरठ के गंगानगर क्षेत्र के ईशापुरम निवासी जिम ट्रेनर दीपक की मौत के मामले में जो कहानी सामने आ रही है उसको सुनकर हर कोई हैरान है। दीपक की पत्नी शीतल ने पति की हत्या में सास और ससुर के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस दीपक के माता-पिता से पूछताछ कर रही है। दोनों को पुलिस ने घर के अंदर हिरासत में ले लिया है। वहीं, दीपक के पिता हवा सिंह की तरफ से दी गई तहरीर में पत्नी के उत्पीड़न से तंग आकर आत्महत्या करने की बात कही गई है।

गंगानगर थाना क्षेत्र की ईशापुरम कॉलोनी में रहने वाले हवलदार हवा सिंह तेवतिया सेना से रिटायर हैं। उनके तीन बच्चों में बेटी ज्योति, छोटा बेटा पंकज और बड़ा बेटा दीपक था। दीपक पहले जिम में ट्रेनर था। आजकल वह कुछ नहीं करता था। दीपक की शादी दो साल पहले बुलंदशहर के स्याना निवासी शीतल से हुई थी। उसके नौ महीने की बेटी मान्या है।

गुरुवार को दीपक की पत्नी शीतल ने गंगानगर थाने पहुंचकर जो तहरीर दी है उसमें बताया है कि शाम पांच बजे वो पहले फ्लोर पर बेटी के साथ बैठी थी। दीपक ग्राउंड फ्लोर पर पिता हवा सिंह और मां संता के साथ था। दीपक की चीख सुनकर शीतल नीचे दौड़ी तो उसने देखा कि ससुर हवा सिंह ने दीपक के पेट में चाकू घोंपा हुआ था। मां संता ने दीपक के पैर पकड़ रखे थे। शीतल का कहना है कि ससुर पूरे मकान को बेटी ज्योति के नाम पर करना चाहते थे। दीपक इसका विरोध करता था। दीपक लगातार मांग कर रहा था कि मकान के तीन हिस्से किए जाने चाहिए। कई बार पहले भी इसको लेकर विवाद हो चुका था। शीतल के घर वाले भी दो दिन पहले इस मामले में समझौते के लिए आए थे। बुधवार को भी दीपक का मकान को लेकर पिता से विवाद हुआ था।

हवा सिंह की तरफ से भी गंगानगर थाने में तहरीर दी गई है। इसमें कहा गया है कि दीपक जिम में काम करता था, जबकि उसकी पत्नी चाहती थी कि वह नौकरी करे। इसको लेकर पति-पत्नी में विवाद रहता था। दो दिन पहले शीतल के घर वालों में इसको लेकर दीपक पर दबाव बनाया था। इसी विवाद में दीपक ने पत्नी के उत्पीड़न से तंग आकर खुद को चाकू मारकर आत्महत्या कर ली।

शीतल ने बताया कि उसकी ननद ज्योति की शादी यूपी पुलिस में सिपाही से हुई है। उसकी तैनाती शामली में है। ज्योति ने ईशापुरम में किराए पर मकान लिया हुआ है, लेकिन वह अपने घर पर ही ज्यादा रहती है।

### शीतल को अपने साथ ले गए परिजन

सूरजकुंड पर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। शाम के समय परिजन शीतल और 9 माह की बच्ची मान्या के साथ थाने पहुंचे। उन्होंने पुलिस को बताया कि वह उसे अपने साथ लेकर जा रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने शीतल के बयान दर्ज किए। उसके बाद परिजन उसे अपने साथ ले गए। दीपक का छोटा भाई पंकज सेना में कुपवाड़ा में तैनात है। घटना की जानकारी मिलने के बाद वह मेरठ रवाना हो गया।

### पिता रहे गुमसुम, मां और परिजन बिलखते रहे

पोस्टमार्टम के बाद गुरुवार को दीपक का शव घर पहुंचा तो परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी शीतल का रोते हुए बुरा हाल हो गया। दीपक की मां बिलखती रही, पिता हवा सिंह गुमसुम खड़े रहे। दीपक की मौत से हर परिचित-रिश्तेदार सदमे में था। हर कोई यही कह रहा था कि ये क्या हो गया। दोपहर को सूरजकुंड श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

### पोस्टमार्टम रिपोर्ट के मुताबिक हुआ एक वार

एसपी देहात कमेलश बहादुर ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में एक चाकू के वार की बात सामने आई है। चाकू नाभी और सीने के बीच में लगा है। एसपी देहात ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अलावा फोरेंसिक रिपोर्ट का भी अध्ययन किया जा रहा है। शीतल और दीपक के माता-पिता के बयान लिए जा रहे हैं। जांच के बाद जो सामने आएगा, उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# गांव के ही युवकों ने बीच रास्ते में पीट-पीटकर कर दिया कत्ल

**लोकमित्र ब्यूरो**



**मथुरा।** मथुरा के सुरीर थाना क्षेत्र के गांव जरारा में एक युवक की लाठी-डंडों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इससे नाराज मृतक के परिजनों व परिचितों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर प्रदर्शन किया। इसे देखते हुए पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम कराया गया। कार्रवाई के आश्वासन पर परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। इस मामले में पांच नामजद व दो अज्ञात लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है।

शिवकुमार (22) पुत्र चरणदास निवासी जरारा, सुरीर मजदूरी करता था। उसके भाई दिनेश ने रिपोर्ट में बताया कि 29 अप्रैल की रात करीब 9.30 बजे शिवकुमार खाना खाने के बाद टहलने गया था। तभी गांव के इंद्रपाल व उसके बेटे सौरभ, पवन पुत्र धर्मवीर, विष्णु, अखिलेश और दो अज्ञात लोगों ने लाठीं-डंडे और सरिया से उसे जमकर पीटा। इसकी जानकारी मिलते ही उसे तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने गंभीर हालत को देखते हुए जयपुर रेफर कर दिया गया। बुधवार शाम शिवकुमार को जयपुर से दिल्ली रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

परिवार वाले देर रात शव लेकर गांव पहुंचे। यहां पहुंचते ही परिजनों व परिचितों ने आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करते हुए प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाकर शव पोस्टमर्टम के लिए भेजा। बृहस्पतिवार को थाना सदर पुलिस और राया पुलिस की मौजूदगी में पोस्टमार्टम किया गया। एसपी देहात त्रिगुण बिसेन ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है। कुछ आरोपियों को हिरासत में लिया है।

### हमले से पहले शिवकुमार का वीडियो वायरल

घटना के पीछे की वजह को लेकर गांव में कई तरह की चर्चा हो रहीं है। एक वीडियो भी वायरल हो रहा है। इसमें एक युवक हाथ में धारदार हथियार लेकर कुछ लोगों को गाली देते हुए दिख रहा है। बताया जा रहा है कि यह शिवकुमार का वीडियो है। यह 28 अप्रैल का बताया जा रहा है। मृतक शिवकुमार के भाई दिनेश का आरोप है कि हमलावर पक्ष के लोगों द्वारा उससे गाली-गलौज की गई थी। इधर, गांव में यह भी चर्चा है कि इस वारदात के पीछे कोई महिला संबंधी प्रकरण है। हालांकि पुलिस विवेचना के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचने की बात कह रही है।

### परिवार कर रहा था शादी की तैयारी

शिवकुमार चार भाई और तीन बहनों में चौथे नंबर का था। भाई दिनेश ने बताया कि तीन मई को मुरसान, हाथरस से रिश्ते के लिए कुछ लोग उसे देखने के लिए आने वाले थे। परिवार में इसको लेकर खुशी थी। इधर, वारदात के बाद मृतक की मां विमला देवी बदहवास हालत में है। गांव में बृहस्पतिवार को चूल्हे तक नहीं जले।

## संक्षेप

### आगरा लोकसभा में गौतमबुद्ध नगर के भाजपा ज़िलाध्यक्ष गजेन्द्र मावी ने साथियों संग डाला डेरा

नोएडा। आगरा के लोकप्रिय सांसद व केन्द्रीय राज्यमंत्री भारत सरकार एवम् वर्तमान में 18 – सुरक्षित लोकसभा क्षेत्र आगरा से भाजपा प्रत्यासी प्रोफेसर एस.पी. सिंह बघेल के पक्ष में ज़्यादा से ज़्यादा वोट डालने के लिए *आगरा लोकसभा केंद्रीय चुनाव कार्यालय* पर पहुँचकर *शक्तिकेंद्रों के संयोजक– प्रभारियों, मण्डल के अध्यक्षों से चुनाव संबंधित चर्चा की गजेंद्र मावी जल्द से जल्द आगरा लोकसभा की दक्षिण विधानसभा के बूथ अध्यक्षों को जीत के गुरुमंत्र सिखायेंगे व भाजपा लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में जनता से भारी संख्या में वोट डालने की अपील भी करेंगे, उसके साथ साथ भारत सरकार व उत्तर प्रदेश सरकार की जनकल्याण कारी योजनाओ के बारे में भी बतायेंगे जो लाभ सरकार ने जनता– जनार्दन को दिये है। जिला अध्यक्ष भाजपा गजेंद्र मावी के साथ ग्रेटर नोएडा से आगरा के लिए आज रवाना हुए भाजपा युवा मोर्चा के ज़िलाध्यक्ष राज नागर , मनीष भाटी बी.डी.सी.(कठेहरा), देव नागर (दुजाना) आदि।

### पोलिंग पार्टी के कार्मिकों, माइक्रो ऑब्जर्वर का तृतीय रेण्डमाइजेशन 05 मई को - उप जिला निर्वाचन अधिकारी

एटा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चैधरी ने सूचित किया है कि जनपद में तृतीय चरण के तहत एटा लोकसभा की विधानसभा एटा सदर, मारहरा एवं आगरा लोकसभा की विधानसभा जलेसर में 07 मई को मतदान होना है। मतदान को मा0 आयोग की मंशा के अनुरूप सकुशल सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से तैनात किए गए माइक्रो ऑब्जर्वर एवं पोलिंग पार्टी के कार्मिकों का तृतीय रेण्डमाइजेशन मा0 सामान्य प्रेक्षक आगरा लोकसभा वरूण रंजन आईएएस की अध्यक्षता में जनपद में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों आदि उपस्थिति में 05 मई को अपरान्ह 02 बजे कलक्ट्रेट स्थिति नवीन सभागार में किया जाएगा।

### मीडिया प्रतिनिधि प्रेस पास हेतु प्रस्तुत करें आवश्यक दस्तावेज

एटा। उप जिला निर्वाचन अधिकारी आयुष चैधरी ने सूचित किया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के तहत 07 मई, 13 मई को होने वाले मतदान एवं 04 जून 2024 को मतगणना की मीडिया कवरेज हेतु जिन मीडिया प्रतिनिधियों को प्रेस पास की आवश्यकता है। वे अपने दस्तावेज 04 मई को शाम 05 बजे तक प्रत्येक दशा में जिला सूचना कार्यालय जिला पंचायत परिसर में उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे कि उनको समयांतर्गत प्रेस पास जारी कराए जा सकें। प्रेस पास हेतु आवेदन पत्र (एप्लीकेशन), फोटोआईडी (आधार कार्ड की छाया प्रति), दो नवीनतम फोटोग्राफ, वाहन पास की आवश्यकता है तो उसके संबंध में आर0सी0 की छाया प्रति उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

### कौशांबी थाने के पीछे बार में चल रही है मधुशाला, वीडियो वायरल

कौशांबी। थाने के पीछे एंजेल मॉल में बैंग–बैंग बार के अंदर खुलेआम शराब परोसने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। एक्स अकाउंट पर युवक ने वीडियो अपलोड कर स्थानीय पुलिस की कार्रवाई पर सवाल खड़े किए हैं। युवक का कहना है कि अवैध हुक्का बार में बिना मंजूरी शराब परोसी जा रही है। कौशांबी पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। एक्स अकाउंट पर बृहस्पतिवार की सुबह एक बजकर 43 मिनट पर गौरव नाम के युवक ने दो वीडियो अपलोड की, जिन्हें कौशांबी थाने के पीछे एंजल मॉल में चल रहे बैंग–बैंग बार का बताया गया है। अब युवक ने आरोप लगाया कि बार में पूरी रात युवक और युवतियों को शराब परोसी जा रही है। पहले भी कई बार शिकायत की गई लेकिन कौशांबी पुलिस की हीलाहवाली से कठोर कार्रवाई नहीं हुई। एक्स पर दोनों वीडियो 43 सेकंड और 16 सेकंड की है। डीसीपी निमिष पाटील का कहना है कि एक्स पर शिकायत का संज्ञान लेकर जांच करा रहे है।

### 20 हजार का इनामी परादी गैंग का कोहिनूर आया पुलिस के शिकंजे में

लोनी। बेहटा हाजीपुर रेलवे लाइन के पास सुनार की दुकान का शटर उखाड़कर लाखों की चोरी की घटना को अंजाम देने के मामले में फरार चल रहा परादी गैंग का सदस्य कोहिनूर गिरफ्तार हुआ है। नोएडा एसटीएफ और लोनी बॉर्डर पुलिस ने कोहिनूर को गिरफ्तार किया है। कोहिनूर के पास से पुलिस ने कीमती जेवरात और तमंचा बरामद किया है। एसीपी भास्कर वर्मा ने बताया कि एक जनवरी को बेहटा हाजीपुर रेलवे लाइन के पास एक सुनार की दुकान का शटर उखाड़कर लाखों की चोरी की घटना हुई थी। पीड़ित ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में चोरी की घटना का सीसीटीवी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पुलिस ने इस मामले में कुछ चोरों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। वारदात में कोहिनूर का नाम सामने आया था। गिरफ्तारी नहीं होने पर गाजियाबाद पुलिस ने कोहिनूर पर 20 हजार का इनाम घोषित किया था। सूचना पाकर पुलिस ने कोहिनूर निवासी ग्राम कनेरा थाना झागर जिला गुना मध्य प्रदेश को गिरफ्तार कर लिया। साथियों के साथ चोरी और डकैती को देता था अंजाम पूछताछ में कोहिनूर ने बताया कि वह घुमंतू जाति से है। वह लोग खानाबदोश रहकर विभिन्न शहरों में डेरा डालकर रहते हैं। आसपास के इलाकों में रात में घरों व दुकानों में घुसकर चोरी व डकैती की घटनाएं करते हैं। कई महीने पहले बेहटा में अपने साथियों के साथ एक दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया था। जहां से काफी माल हाथ लगा था। इसके बाद वह अपने गांव चला गया था।

### प्रदूषित पानी पीने से बीमार हुए लोग, टैंक को साफ नहीं करवाते बिल्डर; तीन दिन से घरों में आ रहा गंदा पानी

गाजियाबाद । प्रदूषित पानी पीने के कारण पानी पीने से लोग बीमार हो गए। शिकायत पर पानी की जांच करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम को सिक्योरिटी स्टाफ ने गेट पर इंतजार करना पड़ा । गाजियाबाद के इंदिरापुरम स्थित साया गोल्ड एवेन्यू सोसायटी में घरों में पानी पीने से लोग बीमार हो गए। शिकायत पर पानी की जांच करने पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम को सिक्योरिटी स्टाफ ने गेट पर इंतजार कराया। लोगों के हस्तक्षेप के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम सोसायटी में पहुंची। अब टीम पानी की जांच कर रही जांच। लोगों का आरोप है कि बिल्डर टैंक को साफ नहीं करवाता है। तीन दिन से घरों के अंदर गंदा पानी आ रहा है।

# कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन में उमड़ा जन सैलाब



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अमेठी।** रायबरेली लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी ने शुक्रवार दोपहर नामांकन दाखिल कर दिया। नामांकन के पहले कांग्रेस कार्यालय से रोड शो निकालते हुए वह कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। इस दौरान सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे और अशोक गहलोत मौजूद रहे।

कांग्रेस की पैतृक लोकसभा सीट पर शुक्रवार को नया इतिहास बना। रायबरेली लोकसभा सीट से राहुल गांधी के नामांकन करने पर गांधी परिवार की तीसरी पीढ़ी का राजनीतिक सफर शुरू हो गया। अब कांग्रेस के युवराज मां सोनिया गांधी की रायबरेली में राजनीतिक विरासत को संभालेंगे।

### गांधी परिवार की विरासत बनी सीट

रायबरेली लोकसभा सीट के इतिहास की बात करें तो सबसे पहले 1952 में फिरोज गांधी ने चुनाव लड़ा और जीते। इसके बाद 1958 में भी फिरोज गांधी ने जीत हासिल की। उनके निधन के बाद 1967 के चुनाव में इंदिरा गांधी ने इस सीट से पर्चा भरकर राजनीतिक पारी की शुरुआत की। ऐसे में यह सीट गांधी परिवार की विरासत बन गई। 2004 में इंदिरा गांधी की बहू सोनिया गांधी ने चुनाव लड़ा और पांच बार सांसद चुनी गईं। अब सोनिया गांधी के बेटे राहुल गांधी लोकसभा सीट से उतरकर विरासत को संभालने जा रहे हैं।

### सोनिया गांधी ने निभाया वादा

सांसद सोनिया गांधी ने राज्यसभा में जाने से पहले रायबरेलीवासियों के नाम पत्र लिखा था, जो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ। इसी के बाद से कयास लगाए जाते रहे कि गांधी परिवार से कोई न कोई चुनाव रायबरेली से जरूर लड़ेगा। यहां से प्रियंका गांधी का नाम चल रहा था, लेकिन एऐन मौके पर उनके भाई राहुल गांधी के चुनाव लड़ने का एलान कर दिया गया।

# मोहित सूद बाल्मीकि महानगर अध्यक्ष के नेतृत्व मे मजदूर दिवस पर बाबा साहब डॉक्टर बी आर अंबेडकर का 133 वा जन्मोत्सव मनाया गया

**लोकमित्र ब्यूरो**

**गाजियाबाद।** डॉ बी आर अंबेडकर जन्मोत्सव कमेटी वाल्मीकि समाज महानगर गाजियाबाद के नेतृव में 1 मई को मजदूर दिवस के शुभ अवसर पर बाबा साहब डॉक्टर बी आर अंबेडकर का 133 वा जन्मोत्सव बड़े धूमधाम के साथ वाल्मीकि समाज द्वारा बाल्मीकि पार्क नव युग मार्केट गाजियाबाद में मनाया गया । कार्यक्रम को महानगर के अध्यक्ष श्री मोहित सूद वाल्मीकि ने मंच के माध्यम से संबोधित करते हुए मजदूर दिवस की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं दी और मजदूर दिवस पर बाबा साहब को याद किया । उन्होंने बताया कि आज जो मजदूरों को अधिकार मिले हैं और यूनियनों का संगठन जो बने हुए हैं उसके लिए बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर ने अधिकार दिलाया है और 8 घंटे से ज्यादा कार्य करने पर उसको ओवर टाइम में न्यूनतम मजदूरी दिलाने का अधिकार बाबा साहब ने दिलाया था । जो भी कर्मचारियों को सुख सुविधा मिल रही है इसके पीछे बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर का बहुत बड़ा योगदान रहा है । इस अवसर पर एक दिन का मेला का कार्यक्रम व दीप प्रज्ज्वलित बुद्ध वंदना के अलावा बाबा साहब के विचारों पर प्रकाश डालने के लिए और के लिए विभिन्न वक्ताओ ने मंच से बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के कार्य पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम में समिती की तरफ से 400 सो लोगो की बैठने की व्यवस्था की गई जिसमें काफ़ी संख्या में कार्यक्रम में वक्ताओं को सुनने के लिए उपस्थित रहे । भारत सरकार में मॉनिटरिंग कमेटी के सदस्य भगवत प्रसाद मकवाना पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के सलाहकार रहे रिटायर ओपी शुक्ला वरिष्ट समाज सेवी वीर सिंह बोहात,,डॉ राहुल दास,पूर्व सीएमओ रमेश चंद भंगी, एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट देव राज सिंह, राजेश सूद, कृपाल सिंह, व समिती के पधाधिकारी व सरक्षको ने समिती के मूवमेंट देकर सभी अतिथियों का सम्मान किया।

# दिनदहाड़े छिनैती की घटना को दिया अंजाम, महिला के कुंडल लेकर हुए फरार



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अलीगंज/एटा।** कोतवाली अलीगंज में लुटेरों के इतने हौसले बुलंद है कि दिनदहाड़े छिनैती की घटना को अंजाम देकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल महिला को उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। थाना कायमगंज फर्रुखाबाद के ग्राम भूण निवासी मीरा देवी पत्नी महेश चंद्र अपने 28 वर्षीय पुत्र गौतम के साथ अपनी मायके गढ़िया द्वारी जा रहे थे। तभी दरियावगंज कैल्ठा रोड पर ब्रह्मदेव महाराज के समीप अपाचे अज्ञात दो बाइक सवारों ने पीछे से टक्कर मार दी जिस महिला बाइक से सडक पर जा गिरी और उसके कुंडल छीनकर फरार हो गए। स्थानीय लोगों ने सड़क पर पड़ी महिला को देखा तो पुलिस को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने महिला मीरा देवी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार हेतु भर्ती कराया। वहीं मौके पर क्षेत्राधिकार सुधांशु शेखर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर महिला से जानकारी की। वहीं घटना को देखते हुए अलीगंज पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाले जा रहे हैं।

### निर्वाचन आयोग द्वारा नामित सामान्य, पुलिस तथा व्यय प्रेक्षकों का जनपद में हुआ आगमन

**अमेठी।** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व/उप जिला निर्वाचन अधिकारी अर्पित गुप्ता ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल, निर्विघ्न व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराए जाने के लिए 37 अमेठी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमशः 178 तिलोई, 181 सलोन, 184 जगदीशपुर, 185 गौरीगंज एवं 186 अमेठी में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नामित सामान्य प्रेक्षक एन0 युवराज आई0ए0एस0 बैच 2005 मो0नं0- 8858022856, पुलिस प्रेक्षक दीपक गहलावत आईपीएस बैच 2012 मो0नं0- 7080322856 तथा व्यय प्रेक्षक संजय कुमार भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा सेवा 2002 बैच मो0नं0- 7080822856 का जनपद में आगमन हो गया है। सभी प्रेक्षकों के प्रवास की व्यवस्था एच0ए0एल0 कोरवा मुंशीगंज के गेस्ट हाउस में की गई है।

# जीएल बजाज शिक्षण संस्थान उत्तर भारत में नवाचार एवं उद्यमिता के लिए सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन अवार्ड से सम्मानित



**लोकमित्र ब्यूरो**

**नोएडा।** नोएडा स्थित जीएल बजाज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च को नई दिल्ली में आयोजित शिक्षा विकास एवं अनुसंधान केन्द्र के 23वे राष्ट्रीय शिक्षा गौरव पुरस्कार समारोह में शिक्षा कौशल विकास और अनुसंधान के प्रति उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय योगदान के लिए उत्तर भारत में 2024 के सर्वश्रेष्ठ प्रबन्धन संस्थान का अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। समाहरोह के मुख्य अथिति एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रोफेसर डॉ० टीजी सीथारमन, मुम्बई के आईसीटी के प्रोफेसर एवं पद्मश्री प्रोफेसर जीडी यादव, एनईटीएफ के अध्यक्ष प्रोफेसर अनिल संहस्त्रबुद्धे और एनबीए के अध्यक्ष प्रोफेसर के० के० अग्रवाल ने पीजीडीएम संस्थान की निदेशिका डॉ० सपना राकेश को अवार्ड देकर सम्मानित किया। डॉ० सपना राकेश ने अवार्ड लेकर कहा कि जीएल बजाज संस्थान शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान रखता है। जिसने तमाम राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय समन्वय स्थापित किये हैं। हम अपने छात्रों के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर की तकनीकों का उपयोग कर रहे हैं। संस्थान शिक्षा में उत्कृष्टता एवं नवीनता हेतु निरन्तर प्रयासरत रहेगा। जीएल बजाज एजुकेशनल इन्स्टीट्यूशन्स के वाइस चेयरमैन पंकज अग्रवाल ने कॉलेज के सभी अध्यापकों और छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि उन्हें प्रसन्नता एवं गौरव की अनुभूति है कि जीएल बजाज संस्थान को समय-समय पर विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान रखता है।

# स्वामी प्रसाद मौर्य की जनसभा में फेंका जूता, काफिले पर स्याही





**लोकमित्र ब्यूरो**

**आगरा।** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के मुखिया स्वामी प्रसाद मौर्य की शुक्रवार को यहां जनसभा के दौरान मंच पर जूता फेंका गया। इससे पहले मार्ग में उनके काफिले को रोक कर काले झंडे दिखाए गए और उनकी कार पर स्याही फेंकी गई। पुलिस ने जूता फेंकने वाले युवक को गिरफ्तार कर लिया।

स्वामी प्रसाद मौर्य फतेहपुर सीकरी लोकसभा क्षेत्र में थाना डौकी क्षेत्र स्थित माता सती मंदिर पर अपनी पार्टी के प्रत्याशी होतम सिंह निषाद के समर्थन में जनसभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान जनता के बीच से एक युवक उठा और जब तक कोई कुछ समझ पाता उसने हाथ में जूता लेकर मंच की ओर फेंक दिया। हालांकि यह जूता मौर्य को न लग कर पोडियम के बराबर में लगे मोबाइल रिकार्डिंग स्टैंड से टकराया। अचानक हुई इस घटना से अफरा-तफरी मच गई। भागते हुए युवक को पुलिस ने तुरंत दबोच लिया और जनसभा स्थल से पकड़ कर थाने ले गई।

इससे पूर्व फतेहाबाद चौराहे पर अखिल भारत हिंदू महासभा के कार्यकर्ताओं ने स्वामी प्रसाद मौर्य के काफिले को काले झंडे दिखाए। उन्होंने कार पर स्याही भी फेंक दी। स्वामी प्रसाद मौर्य वापस जाओ के नारे लगना शुरू हो गए। पुलिस ने किसी तरह कार्यकर्ताओं के रोकने का प्रयास किया, लेकिन गुस्सा शांत नहीं हो पा रहा था। पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच तकरार भी हुई। विरोध प्रदर्शन करने वालों में अखिल भारत हिंदू महासभा के संजय जाट, मनीष पंडित, सौरभ शर्मा, अंकित चौहान, बाबू भाई, मनीष कुमार, महेंद्र महंत, राधेश्याम दास, शांति भाई, वीरेंद्र सिंह आदि शामिल थे।

गौरतलब है कि स्वामी प्रसाद मौर्य द्वारा पिछले दिनों हिंदू धर्म को लेकर टीका-टिप्पणी की गई थी। प्रदर्शनकारियों में इसी बात को लेकर नाराजगी थी।

### नाबालिक से की अश्लील हरकत, रिपोर्ट दर्ज

**अलीगंज/एटा।** कोतवाली अलीगंज में पीड़ति के पिता ने प्रार्थना पत्र देकर मामला दर्ज कराया है और बताया मेरी 10 वर्षीय नाबालिक पुत्री के साथ गांव के ही निवासी युवक ने अश्लील हरकत कर छेड़खानी की है। थाना अलीगंज के ग्राम जुनेदपुर निवासी पीड़ति के पिता नें प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि प्रार्थी की 10 वर्षीय पुत्री 24 जनवरी को खेत में तम्बाकू के पत्ते बीनने गयी थी प्यास लगने पर बालकराम की समर पर पानी पीने गयी थी। पानी पीकर लौटते समय गांव के शिवम पुत्र डालचन्द जो कि पीछे से आया और मेरी नाबालिक पुत्री को पकड़कर उसके साथ अश्लील हरकत करने लगा। मेरी पुत्री के विरोध करने पर उसके साथ मारपीट कर दी तथा शोर मचाने पर प्रार्थी की पुत्री को जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गया।

# जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशन में जनपद की 296 ग्राम पंचायतों में मेंहंदी प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**लोकमित्र ब्यूरो**

**एटा।** जिलाधिकारी एंव जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह के निर्देशन में जनपद की 296 ग्राम पंचायतों में मेंहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोग की मंशा के अनुरूप में जनपद में तृतीय चरण के 07 मई एवं चतुर्थ चरण के 13 मई को होने वाले मतदान प्रतिशत में बढ़ोत्तरी करने एवं शतप्रतिशत मतदान हेतु मतदाता जागरूकता स्वीप अभियान के तहत मेंहदी लगाओ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। अवशेष ग्राम पंचायतों में 03 मई शुक्रवार को मेंहदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विगत दो चरणों में हुए कम मतदान को दृष्टिगत रखते हुए जनपद में तृतीय चरण, चतुर्थ चरण के तहत होने वाले मतदान को दृष्टिगत रखते हुए मतदाता जागरूकता स्वीप के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 02 मई एवं 03 मई को मेंहदी लगाओं प्रतियोगिता के माध्यम से महिलाओं, बालिकाओं ने बढ़ी संख्या में प्रतिभाग करने मेंहदी के माध्यम से मतदान करने का संदेश दिया है। हम सभी का प्रयास है कि जनपद में इस बार बम्पर वोटिंग हो, सभी मतदाता अपने घर से निकलकर अपने मत का प्रयोग करें। कार्यक्रम की नोडल डीसी एनआरएलएम प्रतिमा निमेष ने बताया कि 02 मई को समस्त विकास खंडो की 296 ग्राम पंचायतों में मेंहदी प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 13104 से भी अधिक एसएचजी की महिलायें, शिक्षिकाएं, ऑगनबाड़ी कार्यकत्रियों, छात्राओं तथा अन्य ग्रामीण बहनों ने प्रतिभाग किया।

# अलीगंज कस्बे मे जाम की समस्या से नहीं मिल रही निजात



**लोकमित्र ब्यूरो**

**अलीगंज/एटा।** क़स्बा अलीगंज की यातायात व्यवस्था का बुरा हाल हो रहा है। पुलिस भले ही कितनी जागरुकता अभियान चला ले, लेकिन इसका जमीनी तौर पर पालन नहीं हो पा रहा है। क्षेत्र में जाम की समस्या लगातार लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। शहर के व्यस्त बाजारों का हाल बुरा है यहां पर हर रोज लोग जाम में फंसते हैं। व्यस्त बाजारों में प्रतिबंध के बाद भी चार पहिया वाहन बेधड़क दिन के वक्त में भी घूमते हुए नजर आते हैं। हालांकि इनकी एंट्री रात के वक्त होनी चाहिए, लेकिन पुलिस की लापरवाही की वजह से इन वाहनों की एंट्री दिन में भी हो जाती है। इसके अलावा दुकानदारों द्वारा अपनी दुकानों का सामान सड़क तक लगाने की वजह से यह सड़क और भी संकरी हो चली है, जिसकी वजह से आम लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है ऐसे में यहां लोगों का पैदल तक निकलना दूभर हो जाता है। प्रशासन के कई प्रयासों के बावजूद भी अलीगंज कस्बे मे जाम की समस्या से लोगों को निजात नहीं मिल पा रही है। कस्बे में बड़े वाहनों के प्रवेश व दुकानदारों द्वारा किए गए अतिक्रमण से जाम की स्थिति बनी रहती है। लोगों को इस स्थिति से निजात दिलाने के लिए कस्बे में बड़े वाहनों का प्रतिबंधित होना अति आवश्यक है। अलीगंज कस्बे के मातादीन चौराहे व अन्य जगहों पर जाम की समस्या खत्म होने का नाम ही नहीं लेती। कोई ऐसा दिन नहीं, जिस दिन यहां जाम से लोगों को दो-चार न होना पड़ता हो। इससे मुक्ति तभी संभव है, जब कस्बे के भीतर बड़े वाहनों के प्रवेश पर रोक लगे और लोगों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हमेशा के लिए हटाया जाए। प्रशासन के द्वारा दुकानों के बाहर लगे अतिक्रमण को कई बार हटाया गया लेकिन एक-दो दिन बीत जाने के बाद उन्होंने फिर से दुकान के आगे अतिक्रमण कर लिया। वही मातादीन चौराहे पर जाम की इतनी समस्या रहती है कि वाहन रेंगते हुए नजर आते हैं और पैदल लोगो का निकलना दूरभर हो जाता है। मातादीन चौराहे के साथ-साथ गांधी चौराहा, तहसील रोड, सराय अड्डा पर जाम की इतनी समस्या रहती है कि लोगों को दो-चार तक होना पड़ जाता है इतना ही नहीं छात्र-छात्राएं समय पर अपने स्कूल नहीं पहुंच पाते। लोगों ने बताया यह दृश्य एक दिन का नहीं,बल्कि रोज का है। इस मुसीबत को झेलते-झेलते आदत पड़ गई है। अब गर्मी का समय और आ गया है भीषण गर्मी में अगर जाम की समस्या रहेगी तो लोगों को और अत्यधिक परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।

**क्या कहना है आम जन मानस का**

रामनगर अलीगंज निवासी सुधीर सिह राठौर का कहना है कि सुबह 8 :00 बजे से लेकर शाम 8 :00 बजे तक कस्बे में बड़े वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित होना चाहिए जिससे लोगों को जाम की समस्या से निजात मिल सके।

सचिन कुमार अलीगंज का कहना है कि जहां चौराहा व जगह–जगह ठेली वाले ठेल लगा लेते हैं उनको वहां से हटकर एक निजी स्थान दिया जाए जिससे जाम की समस्या से कहीं तक निजात मिलेगी।

सुमन राजपूत अलीगंज का कहना है कि मिनटों की दूरी तय करने में घंटे का समय लग जाता है कस्बे में जितने भी बड़े वाहन की एंट्री होती है उन पर प्रतिबंध लगाया जाए और बड़े वाहनों को बाईपास से होकर गुजरा जाए।

सुदर्शन दास अलीगंज निवासी विमलेश कोहली का कहना है कि जब भी हम बाजार जाते हैं तब तक हमें जाम की समस्या से जूझना पड़ता है अलीगंज कस्बे में ऐसी कोई जगह नहीं है जहां जाम की समस्या ना हो प्रशासन को इस तरफ भी ध्यान देना चाहिए।

# कानपुर में पीएम मोदी का रोड शो आज

## गुमटी गुरुद्वारा में मत्था टेकने वाले पहले प्रधानमंत्री होंगे मोदी

**» मोदी के रोड शो में शामिल होने के लिए जनता के लिए बनाए गए ब्लॉक**



**सुनील बाजपेई**

bआज यहां शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कानपुर में लोकसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में रोड शो करेंगे । साथ ही गुमटी गुरुद्वारा में मत्था भी टेकेंगे। वह ऐसा करने वाले देश के पहले प्रधानमंत्री होंगे। मतलब इसके पहले किसी भी प्रधानमंत्री ने गुमटी गुरुद्वारा पहुंचकर मत्था नहीं ठेका है।

कुल मिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यहां रोड से शो के लिए आगमन हेतु सभी तैयारियां को अंतिम रूप दिया जा चुका है। वहीं सुरक्षा से संबंधित सारी जिम्मेदारियां एसपीजी ने अपने कंधों पर ले ली है। मोदी के आज 4 मई में को होने वाले रोड शो में भारी भीड़ होने की भी संभावना है ,जिसे दृष्टिगत रखते हुए तगड़ी सुरक्षा समेत सभी आवश्यक इंतजाम भी किए गए हैं। इसके लिए ब्लॉक भी बनाए गए हैं ,जहां से रथ में बैठकर रोड शो करने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लोग आसानी से देख सकेंगे। इस बारे में भारतीय जनता पार्टी की पुलिस प्रशासन के अधिकारियों के साथ हुई बैठक में सभी तैयारियां को अंतिम रूप भी दिया गया। भाजपा नेताओं की बैठक में अभी तय कर लिया गया है कि गुमटी गुरुद्वारा में माथा टेकते समय प्रधानमंत्री की मोदी के साथ कौन-कौन रहेगा। इसी के साथ प्रधानमंत्री के आगमन के समय सबसे बड़ी समस्या यातायात से जुड़ी है ,जिसके लिए उसे अनेक क्षेत्रों में डाइवर्ट भी किया गया है। लोगों को परेशानी ना हो इसके लिए ट्रैफिक पुलिस ने टाटमिल चकेरी गुरुदेव पैलेस आदि क्षेत्रों में यातायात परिवर्तन की घोषणा भी कर दी है। यह यातायात परिवर्तन प्रधानमंत्रीके वापस जाने तक जारी रहेगा ।

# जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस की जनहित याचिका पर फौरी सुनवाई का स्वागत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** राजस्थान हाई कोर्ट द्वारा जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस की जनहित याचिका पर फौरी सुनवाई का स्वागत किया है। उत्तर प्रदेश में जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के सहयोगी संगठन संवाद सामाजिक संस्थान ने राज्य सरकार से अपील की है कि वह भी अपने राज्य में पंचायतों का बाल विवाह के मुद्दे पर क्षमतावर्धन करें जिससे उ.प्र. भी बाल विवाह मुक्त हो सके।

ज्ञातव्य हो कि राजस्थान हाईकोर्ट का यह फौरी आदेश 'जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस' की जनहित याचिका पर आया है। इन संगठनों ने अपनी याचिका में इस वर्ष 10 मई को अक्षय तृतीया के मौके पर होने वाले बाल विवाहों को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप की मांग की थी। न्यायमूर्ति शुभा मेहता और पंकज भंडारी की खंडपीठ ने कहा कि सभी बाल विवाह निषेध अफसरों से इस बात की रिपोर्ट मंगाई जानी चाहिए कि उनके अधिकार क्षेत्र में कितने बाल विवाह हुए और इनकी रोकथाम के लिए क्या प्रयास किए गए। खंडपीठ का यह आदेश अक्षय तृतीया से महज 10 दिन पहले आया है। याचियों द्वारा बंद लिफाफे में सौंपी गई अक्षय तृतीया के दिन होने वाले 54 बाल विवाहों की सूची पर गौर करने के बाद खंडपीठ ने राजस्थान सरकार को इन विवाहों पर रोक लगाने के लिए बेहद कड़ी नजर रखने को कहा है।

यद्यपि इस सूची में शामिल नामों में कुछ विवाह पहले ही संपन्न हो चुके हैं लेकिन 46 विवाह अभी होने बाकी हैं। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस के संस्थापक भुवन ऋभु ने कहा बाल विवाह वह घृणित अपराध है जो सर्वत्र व्याप्त है और जिसकी हमारे समाज में स्वीकार्यता है। बाल विवाह के मामलों की जानकारी देने के लिए पंचों व सरपंचों की जवाबदेही तय करने का राजस्थान हाई कोर्ट का यह फैसला ऐतिहासिक है।

पंच व सरपंच जब बाल विवाह के दुष्परिणामों के बारे में जागरूक होंगे तो इस अपराध के खिलाफ अभियान में उनकी भागीदारी और कार्रवाइयां बच्चों की सुरक्षा के लिए लोगों के नजरिए और बर्ताव में बदलाव का वाहक बनेंगी। बाल विवाह के खात्मे के लिए भारत सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम पूरी दुनिया के लिए एक सबक हैं और राजस्थान हाई कोर्ट का यह फैसला इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन एलायंस पांच गैरसरकारी संगठनों का एक गठबंधन है जिसके साथ 120 से भी ज्यादा गैरसरकारी संगठन सहयोगी के तौर पर जुड़े हुए हैं जो पूरे देश में बच्चों के अधिकार और बच्चों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर काम कर रहे हैं।

संवाद सामाजिक संस्थान के निदेशक अतुल तिवारी ने कहा राजस्थान हाई कोर्ट का यह आदेश ऐतिहासिक है जिसके दूरगामी नतीजे होंगे। देश में शायद पहली बार ऐसा हुआ है जब पंचायती राज प्रणाली को यह शक्ति दी गई है कि वह सरपंचों को अपने क्षेत्राधिकार में बाल विवाहों को रोकने में विफलता के लिए जवाबदेह ठहरा सके।

## चाय पर चर्चा के माध्यम से सोशल वर्करो को साधेगी भाजपा

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत के लिए हर बिंदुओं पर ध्यान दे रही है। जिला प्रवक्ता राजेश केसरवानी ने बताया कि सामाजिक क्षेत्र में सोशल वर्करो की बहुत बड़ी भूमिका होती है। सोशल वर्करों को साधने की तैयारी को लेकर भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ ने मंडल स्तर पर 10 सदस्यीय सोशल वर्कर वॉलिंटियर टीम बनाई हुई है जो चाय पर चर्चा के माध्यम से सामाजिक क्षेत्र के कार्य में लगे सोशल वर्कर को साधने का काम करेंगे। इसके अलावा लोकसभा स्तर पर प्रयागराज के दोनों लोकसभा के प्रत्याशियों के समर्थन में सामाजिक संस्था एवं सोशल वर्करो का सम्मान समारोह आयोजित करने की तैयारी कर रखी है। जिसे लेकर एनजीओ प्रकोष्ठ सोशल वर्कर वॉलिंटियर टीम सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारी एवं स्वयं समूह के सोशल वर्करो से संपर्क कर रही है।

# पंछियों के लिए दाना पानी हेतु किया जागरूक

## अभाविप इविवि इकाई द्वारा विधि संकाय में चलाया गया "सकोरा अभियान"



**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की गतिविधि विकासार्थ विद्यार्थी के तत्वाधान में इविवि के विधि संकाय में ÷सकोरा अभियान÷ का शुभारंभ किया गया। अभाविप इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई के कार्यकर्ताओं ने पक्षियों के लिए इस गर्मी के दिन में दाना-पानी की व्यवस्था की।

अभाविप की गतिविधि विकासार्थ विद्यार्थी द्वारा सकोरा अभियान चलाया जाता है, जिसमें मिट्टी से बने सकोरा में जल व दाना डाल पक्षियों के राहत हेतु व्यवस्था की जाती है। आज अभाविप के विधि संकाय स्थित वृक्षों की शाखाओं में सकोरा बांधकर इस अभियान को चलाया गया।

विकासार्थ विद्यार्थी के प्रांत प्रमुख रामबाबू तिवारी ने कहा कि विद्यार्थी परिषद द्वारा पर्यावरणीय मुद्दो को लेकर कार्य किया जाता है। गर्मी के दिनों में जहां इंसान में पानी की समस्या के चलते काफी रोग उत्पन्न हो रहे हैं वैसे ही पक्षियों को पानी की कमी के चलते कोई दिक्कत न हो इसलिए अभाविप ने यह अभियान चलाया है। विकासार्थ विद्यार्थी सह संयोजक देवांश मोहन और वरुण तिवारी ने कहा कि अभाविप इलाहाबाद विश्वविद्यालय इकाई द्वारा जल्द ही सभी संकायों में इस अभियान को चलाया जाएगा और अभाविप के कार्यकर्ता यह सुनिश्चित करेंगे की इस गर्मी के चलते पक्षियों में किसी प्रकार की विकृति पैदा न हो। इस दौरान इविवि इकाई अध्यक्ष आलोक त्रिपाठी, इकाई मंत्री आयुष्मान चौहान, उपाध्यक्ष अखिलेश कुशवाहा, अद्वितीय कुमारी, कीर्ति, आदित्य देव ओझा, भाष्कर त्रिपाठी, अभिषेक पाण्डेय, उत्कर्ष उपाध्याय की उपस्थिति रही।

# नामांकन का पांचवा दिन: फूलपुर और इलाहाबाद सीटों के लिए 10 नामांकन दाखिल

## दोनों लोकसभाओं के लिए आज लिए गए 14 परिचय नामांकन में दो दिन शेष




**प्रयागराज।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 के अन्तर्गत गुरूवार को नाम निर्देशन के पांचवे दिन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 51-फूलपुर के लिए 05 लोगो ने एवं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 52-इलाहाबाद के लिए 09 लोगो के द्वारा नाम निर्देशन पत्र लिया गया। इस प्रकार अबतक संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 51-फूलपुर के लिए कुल 49 लोग व 52-इलाहाबाद के लिए कुल 53 लोगो ने नाम निर्देशन पत्र लिया है। नाम निर्देशन के पांचवे दिन संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 51-फूलपुर हेतु निर्दलीय प्रत्याशी जितेन्द्र कुमार, युवा विकास पार्टी के प्रत्याशी संजीव कुमार मिश्रा, निर्दलीय प्रत्याशी अजीत सिंह, बहुजन मुक्ति पार्टी के प्रत्याशी नफीस अहमद, भागीदारी पार्टी (पी) के प्रत्याशी सुनील कुमार एवं 52-इलाहाबाद हेतु निर्दलीय प्रत्याशी कमलेश केसरवानी, निर्दलीय प्रत्याशी सरोज पटेल, पीपल्स पार्टी आफ इण्डिया (डेमोकेटिक) के प्रत्याशी हेमराज सिंह, भागीदारी पार्टी (पी) के प्रत्याशी राजेन्द्र प्रसाद प्रजापति एवं अपना दल (कमेरावादी) पार्टी के प्रत्याशी हंसराज के द्वारा नाम निर्देशन किया गया।

# अतीक के करीबियों ने मांगी 10 लाख की रंगदारी, केस दर्ज

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** अतीक अहमद के गुर्गो और करीबियों से परेशान लोग अब अपनी समस्याओं को लेकर जुबान खोलने लगे है। वह अब सीधे पुलिस के पास पहुंचकर फरियाद लग रहे है। ताज़ा मामला धूमनगंज का है। जहां अतीक के करीबियों ने करैली के रहने वाले एक पीड़ित परिवार की जमीन ओर जबरिया कब्जा कर रखा है। कब्जा छोड़ने के लिए रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। पीड़ित ने पुलिस के पास पहुंचकर मुकदमा दर्ज कराया है।

करेली के रहने वाले मोहम्मद आमिर ने मोहम्मद फहीम, मोहम्मद मसरूर, जकी अहमद सहित अन्य कई अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी, रंगदारी मांगने, जान से मारने की धमकी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज कराया है। पीड़ित का आरोप है कि अतीक के करीबी जमीन के बदले रंगदारी मांग रहे हैं। गुरुवार देर रात पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर दबिश देना शुरू कर दिया है। आमिर ने पुलिस को तहरीर में बताया है कि कसारी मसारी में खरीदी गई जमीन पर आरोपी दबंगई के दम पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। जब विरोध किया जाता है, वह रंगदारी मांगने के साथ जान से मरने की धमकी देते है।

आमिर का आरोप है कि 25 अप्रैल को प्रशासन की टीम ने उस जमीन का स्थलीय निरीक्षण किया था। दोनों पक्षों ने अपने-अपने दस्तावेज भी दिखाए थे। इसके बाद दोनों पक्षों को किसी तरह से निर्माण करने के लिए रोक लगा दिया गया था। नाराज मोहम्मद फहीम और उसके कुछ साथी हमला करने पहुंच गए थे। यह सब मोहम्मद मसरुर और जकी अहमद के कहने पर ही किया गया था। आरोपियों ने धमकी दी की जमीन चाहिए तो 10 लाख रुपए रंगदारी दो। वरना तुम्हारा मकान नहीं बनने देंगे। ऐसा नहीं किया गया तो तुम्हें और तुम्हारे परिवार को जान से मार देंगे। आमिर का आरोप है कि मोहम्मद अशरफ नाम के शख्स ने फोन करके धमकी दी थी। जमीन को भूल जाओ वरना जान से मार दिया जाओगे। जिस मामले में धूमनगंज थाने पर तहरीर दी गई थी। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

# इरशाद उल्ला बनाए गए प्रतापगढ़ के पर्यवेक्षक



**प्रयागराज।** एआईसीसी अल्पसंख्यक कांग्रेस द्वारा रायबरेली एवं प्रतापगढ़ लोकसभा चुनावों के लिए राज्यसभा सांसद अल्पसंख्यक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष इमरान प्रतापगढ़ी के निर्देश पर गौहर काजमी एडवोकेट हाई कोर्ट को रायबरेली व इरशाद उल्ला को प्रतापगढ़ लोकसभा का पर्यवेक्षक बनाया गया है।

इस मौके पर परवेज अख्तर अंसारी राष्ट्रीय सचिव अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग ने हाईकमान को आभार व्यक्त करते हुए गौहर काजमी व इरशाद उल्ला को मुबारकबाद दी। मुबारकबाद देने वालो में शहर अध्यक्ष प्रदीप मिश्रा अंशुमन, मोहम्मद इरफान, अनूप सिंह, काजी अर्शी, अब्दुल कलाम आजाद, विनय पांडे, तस्लीमुद्दीन, जावेद उर्फी, मुन्ना शामिल हैं।

# मारुति की टक्कर से वृद्ध समेत तीन घायल

**लोकमित्र ब्यूरो**

**फूलपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सावडीह गांव के समीप बैगन आर कार की टक्कर लग जाने से बाइक सवार वृद्ध समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फूलपुर में ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सको ने सभी घायलों को एस आर एन अस्पताल रिफर कर दिया।

बताया जाता है कि शुक्रवार को मध्यान 12 बजे के करीब सावडीह गांव के पास हाइवे रोड पर एक मारुति वेगनर ने बाइक सवार को पीछे से टक्कर मार दी। जिससे बाइक सवार लाल जी पुत्र बुद्ध राम निवासी रसूलपुर थाना मऊआइमा प्रयागराज व रंजीत पुत्र रामाश्रय निवासी रामगढ़ थाना होलागढ़ प्रयागराज व राम आश्रय पुत्र सीताराम निवासी पंडित का पुरवा होलागढ़ प्रयागराज गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद सी एस सी फूलपुर से डाक्टरों ने सभी घायलों को स्वरूप रानी नेहरू हॉस्पिटल प्रयागराज के लिए रेफर कर दिया। मारुति वैगन आर को पुलिस थाने पर दाखिल कर दिया है।

# दुर्घटना में घायल कैशियर की इलाज के दौरान मौत, घर में मचा कोहराम

**बारा(प्रयागराज)।** सड़क दुर्घटना में घायल बैंक कैशियर की बीती रात इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की खबर घर पहुंचने पर उसके घर में कोहराम मच गया।

शंकरगढ़ नगर पंचायत के वार्ड नंबर 4 राम भवन चौराहा के पास निवास करने वाले सुखलाल 55 वर्ष बैंक ऑफ़ बड़ौदा की शाखा नौढ़िया उपहार में कैशियर के पद पर तैनात थे। गत 20 अप्रैल की भोर में वह टहलकर घर वापस आ रहे थे तभी पीछे से एक अनियंत्रित टाटा मैजिक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह छिटक कर काफी दूर जा गिरे ।टक्कर से उनके हाथ और पैर की हड्डी के साथ ही रीड की हड्डी भी टूट गई तथा सिर में गंभीर चोट आई। टाटा मैजिक अनियंत्रित होकर जाकर एक गोमती में घुस गई ।घटना की सूचना घर वालों को होने पर उन्हें तत्काल शिवराजपुर के एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने पर प्रयागराज के एक स्पेशलिस्ट हड्डी विशेषज्ञ के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उनका इलाज चल रहा था। बीती रात इलाज के दौरान ही उनकी मौत हो गई। सुखलाल के दो बेटे हैं। बड़ा बेटा कौशल नगर पंचायत में सफाई कर्मी है तथा छोटा बेटा नीलू




सहज जनसेवा केंद्र चलाता है।सुखलाल की मौत से उनकी पत्नी रो-रो कर बेहोश हो जा रही है।

# असदुद्दीन ओवैसी पर गोली चलाने के दो आरोपियों को मिली जमानत

**लोकमित्र ब्यूरो**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के दौरान सांसद और एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी के वाहन पर गोली चलाने के आरोपियों की जमानत मंजूर कर ली है। यह आदेश न्यायमूर्ति पंकज भाटिया की अदालत ने सचिन शर्मा व अन्य की ओर दाखिल जमानत अर्जी स्वीकार करते हुए दिया है।

मामला 3 फरवरी 2022 का है। कार से ओवैसी मेरठ से दिल्ली जा रहे थे। इस दौरान एक टोल प्लाजा के पास उनके वाहन पर गोलीबारी की गई। वह सुरक्षित बच गए। हमलावर मौके से भाग निकले। हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं में सचिन शर्मा और शुभम गुर्जर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। आरोपी को जुलाई 2022 में उच्च न्यायालय ने जमानत दी थी। हालांकि, बाद में सुप्रीम कोर्ट ने जमानत आदेशों को रद्द कर दिया। कहा था कि अपराध की गंभीरता पर उच्च न्यायालय ने विचार नहीं किया था। इसके बाद मामले को नए सिरे से निर्णय के लिए भेज दिया गया।

शासकीय अधिवक्ता ने जमानत का विरोध किया। कहा कि सीसीटीवी फुटेज के अलावा जांच अधिकारी की ओर से कॉल डिटेल रिकॉर्ड के आधार पर मौके पर आरोपी की उपस्थिति की पुष्टि की गई थी। कोर्ट ने कहा कि सीसीटीवी फुटेज में देखे गए व्यक्तियों की पहचान की पुष्टि और वास्तविक तस्वीरों के साथ मिलान की सामग्री प्रथम दृष्टया केस डायरी से गायब प्रतीत होती है। ऐसे में आवेदकों को विचाराधीन अपराध से जोड़ने वाले साक्ष्य प्रथम दृष्टया कमजोर हैं। आरोपी 04 फरवरी 2022 से जेल में हैं। उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है। इस आधार पर कोर्ट ने जमानत का हकदार मानते हुए रिहा करने का आदेश दिया।

# ई-फाइलिंग अधिकारियों के लिए हानिकारक- अनिल तिवारी

## हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के पदाधिकारी ने की फीलिंग पर जताया विरोध



**प्रयागराज।** हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल तिवारी और सचिव विक्रांत पांडेय ने कहा कि ई फाइलिंग वादकारियों के लिए घातक है। इसके खिलाफ बार एसोसिएशन कानूनी लड़ाई लडेगी। साथ ही साथ देश के सभी हाईकोर्ट बार एसोसिएशन को एकजुट कर सुप्रीम कोर्ट की ई फाइलिंग शुरू करने की मांग की करेंगे। यह बाते नई कार्यकारिणी के साथ न्यूज रिपोर्टर क्लब में हुई पत्रकार वार्ता में कही गई।

बार के सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने एक सुर में ई फाइलिंग के एक पक्षीय फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने का ऐलान किया। इसके अलावा एडवोकेट रोल जारी करने की प्रक्रिया को जटिल बनाने की भी मांग की है। इस अवसर पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनिल तिवारी और सचिव विक्रांत पांडेय के अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश खरे, कोषाध्यक्ष रणविजय सिंह, उपाध्यक्ष के पांच पदों पर विजयी अग्निहोत्री कुमार त्रिपाठी, अखिलेश कुमार मिश्रा, सुभाष चंद्र यादव, नीरज त्रिपाठी, नीलम शुक्ला, संयुक्त सचिव प्रशासन सुमित श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव महिला आंचल ओझा, संयुक्त सचिव लाइब्रेरी अभिजीत पांडेय, संयुक्त सचिव प्रेस पुनीत शुक्ला के अलावा कार्यकारिणी सदस्य के 28 पदों पर निर्वाचित उदिशा त्रिपाठी, मनीषा सिंह, किरन सिंह, अभिषेक मिश्रा, अवधेश मिश्रा, अभिषेक तिवारी, सच्चिदानंद यादव, दिनेश यादव, रत्नेश पाठक, राजेश शुक्ला,सर्वेश्वर लाल श्रीवास्तव, वेद प्रकाश ओझा, बलदेव शुक्ला,अमरनाथ त्रिपाठी, बृजेश कुमार सिंह सेंगर मौजूद रहे।

# शत प्रतिशत मतदान हेतु आर ए एफ के जवानों ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली



**फाफामऊ।** शांतिपुरम स्थित 101आर.ए.एफ. के तत्वावधान में लोकसभा चुनाव 2024 के तहत गोद लिए गए ग्राम पंचायत थरवई एवं आस-पास के ग्राम पंचायत जगदीशपुर पुरेचन्दा सोराँव प्रयागराज में मनोज कुमार गौतम, कमाण्डेंट-101 के दिशा-निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान एवं मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।गौरतलब है, कि लोकसभा चुनाव 2024 हेतु अधिक से अधिक मतदान के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा कई अभियान जारी किए जा रहे हैं। इसी कम में 101 आर.ए.एफ के द्वारा चुनावी प्रक्रिया को अधिक समावेशी, सूचनात्मक और सहभागी बनाने के लिए मतदाता शिक्षा कार्यक्रमो और पहलों को आगे बढ़ाने एंव ग्रामीणों के बीच मतदान के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत थरवई, जगदीशपुर पुरेचन्दा एवं ताजुद्दीनपुर के आस-पास के क्षेत्र में मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।इस अवसर पर वाहिनी के कमाण्डेंट मनोज कुमार गौतम ने अपने सम्बोधन में कहा कि मतदान एक महत्वपूर्ण नागरिक कर्तव्य है जो देश के भविष्य पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाल सकता है। यह लोकतंत्र के लिए रूपरेखा तैयार करता है। अतः आप सभी शत प्रतिशत मतदान कर एक सशक्त राष्ट्र निर्माण में भागीदार बने।उक्त अवसर पर टी एन सिंह (उप कमाण्डेन्ट), रामचन्द्र राम (सहा0 कमाण्डेन्ट) अधीनस्थ अधिकारीगण जवान एंव राजेश कुमार भारतीय, थरवई ग्राम प्रधान, योगेश कुमार, जगदीशपुर पुरेचन्दा ग्राम प्रधान, अभय सिंह प्रबर्धक बी.एस कान्वेंट स्कूल, सौरभ तिवारी प्रधानाचार्य प्राथमिक विद्यालय थरवई एंव समस्त ग्रामवासी व आंगनबाडी महिलाएं उपस्थित रही।

# मां- बेटे समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज, जांच शुरू

**नैनी ( प्रयागराज )।** नैनी थाना क्षेत्र से एक किशोरी को अगवा किए जाने और जान से मारने की धमकी दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मां- बेटे समेत चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही कर है।

किशोरी के पिता का आरोप है, कि नैनी थाना क्षेत्र के डभांव गांव निवासी कुलदीप, उसका भाई छोटू, मां और बहन के द्वारा उसकी बेटी को अगवा कर लिया गया है। जब वह और उसकी पत्नी कुलदीप के घर अपनी बेटी को वापस करने के लिए गए, तो उन लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए उन्हें वहां से भगा दिया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करते हुए दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

## आदित्य की गेंदबाजी से श्री सहायक क्लब को मिले पूर्ण अंक

**प्रयागराज।** श्री सहायक क्रिकेट क्लब ने प्रयाग क्रिकेट क्लब के तत्वावधान में आयोजित आबिद मुर्तजा स्मारक अंडर-19 क्रिकेट प्रतियोगिता में पार्थ क्रिकेट क्लब को आठ विकेट से हराकर पूर्ण अंक अर्जित किए है। इस जीत में आदित्य यादव के सटीक गेंदबाजी करते हुए ( 7 - 3 - 15 - 4 ) हासिल किए है। शुक्रवार को डीएवी कॉलेज मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पार्थ क्रिकेट क्लब की पूरी टीम 31.3 ओवर में महज 107 रन ( हेतांग ग्रोवर 26, सार्थक गुप्ता 23, अनुवेंद्र यादव 10 रन, आदित्य यादव 4/15, पार्थ वर्धन सहायक 2/14, अश्विनी तिवारी 2/16, कुंवर योग 1/24, अशर 1/27 ) पर बिखर गई। जवाब में श्री सहायक क्रिकेट क्लब की टीम ने 9.5 ओवर में दो विकेट पर 110 रन ( पार्थ वर्धन सहायक 49 नाबाद, संकल्प त्रिपाठी 28 रन, रंजन भारतीय 2/27 ) पर बना लिए। मैच में राहुल सिंह व अभिषेक मिश्रा ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल व निष्पक्ष रूप से संपन्न कराए जाने को मानीटर करने हेतु नियुक्त माइक्रो ऑब्जर्वर का प्रथम दिवस का प्रशिक्षण हुआ सम्पन्न




**सुलतानपुर** – जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के आदेश के क्रम में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में लगे माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण विकास भवन के प्रेरणा सभागार में दो पालियों में पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 2 बजे तक तथा अपराह्न 3 बजे से सायं 5 बजे तक संचालित किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक ने कहा कि सभी माइक्रो आब्जर्वर ई.वी.एम. व वी.वी. पैट के परिचालन, कनेक्शन, माकपोल आदि को भली-भांति सीख लें/देख लें, जिससे मतदान दिवस पर संचालित समस्त मतदान प्रक्रिया का सही से मॉनिटरिंग कर सकें। उन्होंने सभी को निर्देशित किया कि निर्वाचन आयोग व जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अध्ययन करते रहें स वी0वी0पैट0 के नॉब को सफ़र के समय हॉरिजॉन्टल और वोटिंग के दौरान वर्टिकल करना है। उन्होंने बताया कि मतदान समाप्ति के पश्चात वी.वी. पैट की बैटरी निकाल लेंगे और इसे संग्रहण स्थल पर जमा करेंगे। उन्होंने प्रतिभागियों से कनेक्शन करने टेंडर वोट, चैलेंज वोट, ए.एस.डी. वोटर, टेस्ट वोट पर प्रश्न-उत्तर भी किया। जिला विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय ने बताया कि मॉक पोल कराने के बाद कंट्रोल यूनिट को क्लियर अवश्य करें तथा वी. वी. पैट के ड्राप बाक्स में गिरी माकपाल की पर्ची को निकाल कर उसके पीछे मोकपोल की मुहर लगाकर इसे काले लिफाफे में रखकर सील करेंगे। ज़िला प्रशिक्षण अधिकारी डॉ. संतोष गुप्ता ने माइक्रो आब्जर्वर के कार्य व दायित्व पर पी.पी.टी. के माध्यम से विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा कि आप देखे कि ई.वी.एम. व लिफाफे को सील करते समय मोमबत्ती को सावधानी पूर्वक जलायें। स्टेट मास्टर ट्रेनर सत्यदेव पाण्डेय ने ई.वी.एम. व वी.वी. पैट के कनेक्शन पर चर्चा करते हुए बताया कि बैलेट यूनिट को वी.वी. पैट से व वी.वी. पैट को कंट्रोल यूनिट से कनेक्ट करेंगे। उन्होंने मतदान के दौरान आने वाली समस्याओं व उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। स्टेट मास्टर ट्रेनर सुनील कुमार सिंह ने ई.वी.एम.व वी.वी. पैट को सील करने की प्रक्रिया को समझाया तथा चैलेंज वोट, टेन्डर वोट, कम्पेनियन, पीठासीन की डायरी, मतदान अभिकर्ता के फार्म, मतपत्र लेखा, मतदाता रजिस्टर आदि पर भी विस्तार से चर्चा की। स्टेट मास्टर ट्रेनर संतराम यादव ने समस्त लिफाफों को तैयार करने और मशीनों की सीलिंग प्रक्रिया पर चर्चा की। ई0वी0एम0 पर सभी प्रतिभागियों से हैंड्स ऑन प्रैक्टिस भी कराया गया। प्रशिक्षण की पूरी तैयारी डॉ. जनार्दन राय द्वारा की गयी। उन्होंने बताया कि दोनों पाली में 178 माइक्रो आब्जर्वर को प्रशिक्षित किया गया। पी.पी.टी. बनाने व चलाने व हस्ताक्षर करवाने में राजेश कुमार, बिपिन यादव, वकील अहमद आसिफ जमाल, अनुपम द्विवेदी, मंदीप पाण्डेय, मृत्युंजय सिंह विशेष श्रीवास्तव ने सराहनीय योगदान दिया।

# 38-सुलतानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु अब तक कुल 08 प्रत्याशी द्वारा नामांकन पत्र किया गया दाखिल



**सुलतानपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत 38-सुलतानपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिये बहुजन समाज पार्टी से उदराज वर्मा पुत्र राम सूरत वर्मा द्वारा 03 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी मोहम्मद आसिफ पुत्र मोहम्मद शरीफ द्वारा 01 सेट, निर्दलीय प्रत्याशी अशोक कुमार पुत्र जगदम्बा प्रसाद द्वारा 01 सेट, आदर्शवादी कांग्रेस पार्टी से उर्मिला तिवारी पुत्री प्रसाद तिवारी द्वारा 01 सेट में नामांकन कक्ष, जिलाधिकारी न्यायालय पहुंचकर अपना नामांकन पत्र रिटर्निंग आफिसर/जिला निर्वाचन अधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना के समक्ष दाखिल किया गया।

इस प्रकार नामांकन के पांचवें दिन तक कुल-08 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

नामांकन के पांचवे दिन नामांकन कक्ष से प्रत्याशियों द्वारा एक भी नामांकन पत्र क्रय नहीं किया गया। इस प्रकार नामांकन के पांचवे दिन तक कुल-32 राजनैतिक/गैर राजनैतिक दलों द्वारा कुल-56 नामांकन पत्र क्रय किये गये हैं।

# पोलिंग पर्सन को प्रशिक्षण में विभिन्न परिस्थितियों से निपटने में सक्षम व दक्ष बनाये-मंडलायुक्त

## गर्भवती महिलाओं,दिव्यांगों को पोलिंग बूथ पर लाइन से इतर करके प्राथमिकता पर वोटिंग कराये- डा रोशन जैकब



☞सभी अधिकारी व कर्मचारी समयबद्ध होकर निर्वाचन के दायित्वों का करें निर्वहन-जिलाधिकारी

☞सुरक्षा के दृष्टिगत चप्पे-चप्पे पर करें निगरानी, अराजक तत्वों पर करें कार्यवाही-आई0जी0 रेंज तरुण गाबा

लोकमित्र ब्यूरो

**सीतापुर।** मण्डल आयुक्त, लखनऊ डा0 रोशन जैकब एवं आई0जी0 रेंज लखनऊ तरुण गाबा ने कलेक्ट्रेट सभागार में लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत शांतिपूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से सभी प्रभारी अधिकारियों के साथ बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान मण्डल आयुक्त महोदया एवं आई0जी0 रेंज ने संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील बूथों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि जहां पर पूर्व में कोई अप्रिय घटना घटित हुई हो, वहां पर विशेष निगरानी रखने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अपराधिक प्रवृत्ति वाले लोगों को चिन्हित करते हुये उनकी सूची तैयार कर ली जाये। ऐसे बदमाश हो, गुंडा हो, बवाली हो उन पर कार्यवाही कर उनको बाहर कर दिया जाये।

पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिये कि ऐसा कोई भी बूथ न छूटे जहां पर सुरक्षा व्यवस्था में कोई कमी हो, उसकी तैयारी पहले से ही कर ली जाये। बूथों पर माइक्रो आर्ब्जवर व वेकास्टिंग द्वारा निगरानी रखी जाये। उन्होंने बाहर से आने वाली फोर्स के ठहरने की जानकारी लेते हुये निर्देशित किया कि फोर्स को ठहरने हेतु उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। जो भी वाहन मतदान में इस्तेमाल हो रहे हैं उन पर जी0पी0एस0 अवश्य लगाया जाये तथा बैरीयर पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे अवश्य लगाये जायें। उन्होंने एफ0एस0टी0 एवं एस0एस0टी0 टीमों की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि हल्के वाहनों की चेकिंग करना सुनिश्चित करें। आबकारी विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वह भी अवैध शराब के वितरण एवं जहरीली शराब पर निगरानी रखें ताकि जहरीली शराब पीने से कोई अप्रिय घटना न होने पाये। उन्होंने कहा कि किसी भी निर्देश व्यक्ति पर कार्यवाही न की जाये तथा 107/16 में व आचार संहिता उल्लंघन में की गयी कार्यवाहियों की जानकारी ली। सभी बूथों पर आवागमन हेतु रूटचार्ट की जानकारी ली तथा रूटचार्ट के अनुसार ही वाहनों का आवागमन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कार्मिक प्रशिक्षण की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि ऐसा प्रशिक्षण कराया जाये ताकि कार्मिक हर चुनौतियों का सामना कर सकें। सभी बूथों पर छाया हेतु शेड, प्रकाश एवं पानी की उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये तथा बूथों पर दिव्यांगों, वृद्धजनों एवं गर्भवती महिलाओं को बैठनें व प्राथमिकता के आधार पर मतदान कराया जाये। जिन बूथों पर दिव्यांग मतदाता हैं, वहां पर रैम्प व उनके लिये शौचालय आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि बी0एल0ओ0 की समीक्षा कर ली जाये ताकि वह अपना कार्य सकुशल ढंग से सम्पन्न करें।

स्वीप आयोजन के संबंध में जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि स्वीप आयोजन के अन्तर्गत ऐसे आयोजन किये जायें, जिसमें महिलाओं की भागीदारी हो और महिलाएं मतदान के प्रति जागरूक हों, क्यों कि हमें महिलाओं का वोटिंग प्रतिशत बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि वोटिंग पर्ची का वितरण शतप्रतिशत सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने बूथों पर निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का शतप्रतिशत का पालन सुनिश्चित करने निर्देशित किया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर विशेष निगरानी रखी जाये। उन्होंने कहा कि जहां से पोलिंग पार्टियां रवाना होगीं, वहां पर साईनेज, सी0सी0टी0वी0 व लाउडस्पीकर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। निर्वाचन कन्ट्रोल रूम में अब तक प्राप्त हुयी शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की एवं मीडिया अनुवीक्षण एवं प्रमाणन समिति द्वारा जारी नोटिसों पर हुयी कार्यवाहियों के विषय में जानकारी लेते हुये विशेष निगरानी रखे जाने के निर्देश संबंधित को दिये। सी-विजिल पर प्राप्त शिकायतों को ससमय निस्तारण करने के निर्देश दिये।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह, पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल, नगर मजिस्ट्रेट कृष्णानंद तिवारी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट राखी वर्मा, सभी उपजिलाधिकारी सहित प्रभारी अधिकारी उपस्थित रहे।

आर0एम0पी0 इण्टर कालेज में पोलिंग पार्टियों के रवानगी स्थल पहुंचकर प्रशासन द्वारा की गयी तैयारियों की समीक्षा करते हुये रूट मैप चार्ट पर गहनता से अवलोकन किया। आयुक्त महोदया ने निर्देश देते हुये कहा कि रवानगी स्थल पर पर्याप्त मात्रा में पीने हेतु पानी, छाया व बैठने हेतु उचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। प्रत्येक पोलिंग पार्टियों के रवानगी हेतु साईनेज बोर्ड अवश्य लगाये जायें ताकि जो भी पोलिंग पार्टियां रवाना हों, वह ससमय रवाना हो जायें तथा निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित किया जाये। ए0टी0सी0 के निरीक्षण के दौरान मतगणना स्थल की व्यवस्थाओं को देखा एवं निर्देश दिये कि सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध रहें, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने निर्देश दिये कि सी0सी0टी0वी0 कैमरे 24म7 संचालित रहें, कोई भी कैमरा बन्द न हो। हर स्थानों पर साईनेज बोर्ड अवश्य लगाये जायें ताकि आवागमन में कोई परेशानी उत्पन्न न होने पाये। मोबाइल फोन व अन्य इलेक्ट्रानिक डिवाइस का पूर्ण रूप से मतदान एवं मतगणना स्थल पर प्रतिबन्धित रहेगा।

# खाली पड़े 30 लाख सरकारी पदों पर की जाएगीं भर्तियां-आनंद भदौरिया



**महोली (सीतापुर)।** भाजपा झूठ और फरेब की राजनीति करती आ रही है। मोदी सरकार में जिस तरह से गरीबों, किसानों और नौजवानों के साथ धोखा किया जा रहा है, उसे हर कोई त्राहि-त्राहि कर रहा है। भाजपा सरकार में हर व्यक्ति इस कदर परेशान है कि अब लोगों ने इस सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए जुट गया है। इस बार केंद्र में सपा-कांग्रेस गठबंधन की सरकार का बनना तय है। यह बात धौरहरा संसदीय सीट से सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने शुक्रवार को महोली विधान सभा क्षेत्र में आयोजित जन सभाओं को संबांधित करते हुए कही। क्षेत्र के महोली नगर सहित पिसावां कस्बा और हथिया, बहेर, संसड़ा, नादन, जह्लापुर, सेरवाडीह, फखरपुर आदि गांवों में आयोजित सभाओं में सपा प्रत्याशी ने केंद्र की मोदी सरकार को निशाने पर रखते हुए कहा कि इस बार केंद्र में गठबंधन की सरकार बनने पर खाली पड़े 30 लाख सरकारी पदों पर नौकरियां निकाल कर भर्ती की जाएगी और सभी सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाएंगे। जिनके कच्चे मकान या फिर झोपड़ी हैं, उन्हें पक्के मकान दिए जाएंगे। सभी किसानों के कर्ज साल के अंत तक माफ कर दिए जाएंगे। छोटे और सीमांत किसानों को पांच हजार रुपए की मासिक पेंशन दी जाएगी। किसान अपनी उपज को आसानी से और उचित मूल्य पर बेच सकें, इसको लेकर हर दस किमी पर कृषि मंडी बनाई जाएगी। इसके साथ ही किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए किसान आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सपा के घोषणा पत्र में स्पष्ट है कि मनरेगा मजदूरों के जीवन स्तर को उठाने के लिए मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर 450 रुपए की जाएगी। सभाओं को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अनूप गुप्ता ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरी के पेपर जिस तरह से लीक हो रहे हैं, उससे युवाओं का भविष्य दांव पर लगा है। लेकिन केंद्र में जब सपा होगी तो पेपर लीक जैसे भ्रष्टाचार को समाप्त करने के साथ ही लैपटॉप वितरण में व्याप्त भ्रष्टाचार को भी खत्म किया जाएगा। बेटियां शिक्षा से वंचित न रहने पाएं इसके लिए बालिकाओं को परास्नातक तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया के पक्ष में एकजुट होकर मतदान कर उन्हें भारी बहुमत से विजयी बनाने की अपील करते हुए सपा जिला अध्यक्ष जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल यादव ने कहा कि इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी तो धौरहरा क्षेत्र विकास के मानचित्र पर एक अलग पहचान बनाएगा। जन सभाओं को महोली नगर पंचायत के पूर्व चेयरमैन दिनेश गुप्ता टीटू, सपा के महोली विधान सभा अध्यक्ष रमेश शुक्ला, सपा के पिसावां ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश यादव, कांग्रेस के पिसावां ब्लॉक अध्यक्ष संजय सिंह, कांग्रेस के महोली ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर पांडेय, सपा के महोली ब्लॉक अध्यक्ष कल्लू मिश्रा और जिला पंचायत सदस्य अशोक राजवंशी ने भी संबोधित किया। सभाओं को सफल बनाने में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के शिव कुमार भार्गव, छात्र सभा के जिलाध्यक्ष शिवम सिंह, ग्राम प्रधान नादिर, पूर्व प्रधान कमलेश सिंह, हेमपाल अर्कवंशी, अवनीश मिश्रा गुड्डु, अंकित त्रिवेदी, मोनू दीक्षित, राजेश चौरसिया का सराहनीय योगदान रहा।

# सरकारी तालों में कैद हुई गांव की सरकार

## शासकीय योजनाओं का ग्रामीणों तक न पहुचाने का पलीता लगा रहे प्रधान व सचिव



**महमूदाबाद,सीतापुर।** महमूदाबाद इलाके में योगी सरकार के अरमानों पर गांव की सरकार पानी फेर रही है प्रधान सचिव व पंचायत सहायक आपस में मिलकर योगी सरकार के निर्देशो को ताख पर रखकर अपने निजी नियम से गांव की सरकार चला रहे हैं। सरकारी खजाने से भारी बजट खर्च होकर ग्राम पंचायत भुसना के गांव भुड़कुड़ा में ग्राम सचिवालय तालों में कैद होकर रह गया। ग्राम स्तर पर उपस्थित को लेकर बने रोस्टर के बावजूद के हिसाब की बात तो दूर की है सूत्रों के मुताबिक इस पंचायत सचिवालय का ताला कभी खुलता ही नही है इसका परिसर में भी भारी गंदगी और जगंल हैं इससे यह लगता हैं कि इसकी कभी न तो साफ सफाई होती है और न ही इसका ताला खुलता है जिस पंचायत भवन में पंचायत सहायक को रोज बैठना है उसके ही दीदार ग्रामीणों को नहीं हो रहे हैं सचिव व प्रधान के दर्शन दुर्लभ हो गए हैं सबसे बड़ा सवाल यह है की आखिर इसका जिम्मेदार कौन है क्या कारण है की इतना सरकारी धन खर्च होने के बावजूद पंचायत भवन बंद पड़ा है और ग्रामीण इस पंचायत भवन के तहत तक आने वाले गांव की जनता को शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ रहा है ग्राम पंचायत के तहत गांव भुड़कुड़ा में बना पंचायत देखने में पूरी तरह अव्वल है पर्यावरण से भरपूर यह भवन ग्रामीणों के लिए पूरी तरह से निरर्थक साबित हो रहा है अब देखना क्या है की खबर प्रकाशित होने पर उच्च अधिकारी क्या कार्यवाही करेंगे या केवल नोटिस भेज कर लीपा पोती करेंगे।

# पत्रकार समाज के हैं सबसे सजग प्रहरी - अभिनव राज त्रिपाठी

**मऊ (चित्रकूट) ;** विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगर पंचायत मऊ के ब्लू डिजर्ट में एक विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के आयोजक युवा पत्रकार विपुल पांडेय एवं युवा पत्रकार विकास द्विवेदी रहे। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता क्षेत्रीय सामाजिकता पर गहन अध्ययन करने वाले पर्यावरण चिंतक युवा पत्रकार अभिनव राज त्रिपाठी रहे। कार्यक्रम के दौरान युवा पत्रकार अभिनव राज त्रिपाठी ने कहा कि पत्रकार समाज के सबसे सजग प्रहरी हैं। विश्व प्रेस स्वतंत्रता दिवस, जो हर साल 3 मई को मनाया जाता है। प्रेस की स्वतंत्रता के महत्व पर विचार करने और उन पत्रकारों को याद करने का अवसर प्रदान करता है, जिन्होंने सच को उजागर करने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया।

# गठबंधन को जीताकर राहुल गाँधी अखिलेश यादव के हाथों को मज़बूत करना है-राकेश राठौर



**महमूदाबाद,सीतापुर।** नगर क्षेत्र रामा कृष्णा मैरिज लान सिधौली रोड मे समाजवादी, कांग्रेस गठबंधन की एक बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह वर्मा, ने और मुख्य अतिथि राकेश राठौर रहे सभा का संचालन शरद मिश्रा गुरूजी ने किया, सभा को सम्बोधित करते हुवे राकेश राठौर ने कहा की अबकी बार कोई गलती नहीं करनी है, अपने देश के युवाओं की नौकरी, बेहतर शिक्षा, रोज़गार के अवसर प्रदान करने वाली कांग्रेस को मज़बूत करना है, कांग्रेस को वोट देकर आप देश से साम्प्रदायिक,सौहार्द को मज़बूत करने वाली सरकार दे सकते है, सपा के पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह वर्मा ने भाजपा सरकार को किसान विरोधी, भ्रष्टाचारी सरकार बताया, उन्होंने कहा देश को बांटने वाले और देश को एकता मे पिरोने वाले के बीच ये चुनाव होना है आपको तय करना है, आपके बच्चों का भविष्य क्या रहेगा,आपको किसान गारंटी योजना, और जीएसटी से राहत देने वाली सरकार बनानी होंगी, आपका वोट तय करेगा की व्यापार, चलेगा या नहीं,चेलगा इस सरकार मे मध्यमवर्गीय,व्यापारी,किसान, परेशान हुवा फीस महंगी हो गई महंगाई रिकार्ड तोड़ हो गई किसान को किसी तरह की कोई राहत नहीं दी जाती है किसान को कर्ज़ामाफी योजना सिर्फ कांग्रेस सरकार मे सम्भव है इसलिए कांग्रेस के हाथ वाले पंजे के निशान पर बटन दबाकर भारी बहुमत से जीताने का करना है, बिसवां से पूर्व प्रतियाशी अफ़ज़ाल कौसर ने सभा को सम्बोधित करते हुवे कहा की सांसद राजेश वर्मा ने सीतापुर के विकास लिए क्या काम किया है विकास के मामले मे सीतापुर बहुत पिछड़ा है, जबकि सीतापुर के ग्रामीण अंचल के लोग बाहर मज़दूरी करने को मजबूर है सभा को पालिका अध्यक्ष मो अहमद, इशतीयाक शाद, आमिर आराफत,डॉ शफीक खान,, डॉ निजामुद्दीन आज़ाद, ओमकार नाथ सदस्य जिला पंचायत, सपा नेत्री मंजू बंशवार, मेराज अहमद अध्यक्ष लोहिया वाहिनी,अध्यक्ष अब्दुल कादिर, मो आफताब,नसीम कोटा, ज़ीशान अहमद खान, हसन सिद्दीकी, आसिफ खान,सभासद,आफ़ताब आलम, सालाहुद्दीन, सरताज नेता, राजू कुरैशी,तबरेज़ खान, एम वी राजा, परवेज़ महाराजा, शिवेंद्र यादव, लकी मल्होत्रा, साकेंद्र यादव, विनीत यादव, अमर सिँह वर्मा, लवकुश यादव, मनोज वर्मा, अंबरीश वर्मा, संजय शुक्ला, कुलदीप राठौर, अनुपम राठौर, राहुल रस्तोगी, उमेश वर्मा,नीलम बहेलिया, परिक्रमा बहेलिया, ताराचंद्र भार्गव, मंसूर अली सलमानी, समेत हज़ारो लोग मौजूद रहे

# स्वीप कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत लकड़ियामाऊ में छात्रों ने निकाली रैली

लोकमित्र ब्यूरो

**मिश्रित,सीतापुर।** विकासखंड मिश्रित की ग्राम पंचायत लकड़ियामाऊ के कम्पोजिट विद्यालय के छात्र छात्राओं ने आज ग्राम पंचायत में रैली निकाल कर लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए लोगों को जागरूक किया । आपको बता दें कि वर्तमान लोकसभा चुनाव में मत प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से स्वीप अभियान चलाया जा रहा है । जिसके तहत आज ग्राम पंचायत लकड़ियामाऊ के ग्राम प्रधान मोनू कुमार व पंचायत सचिव हरीश कुमार के नेत्रत्व में कम्पोजिट विद्यालय के शिक्षकों ने छात्र , छात्राओं की रैली निकाल कर ग्रामीणों को मतदान करने के लिए जागरूक किया । छात्र , छात्राओं ने पोस्टरों के माध्यम से मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया । प्रधानाचार्य ने कहा कि जो युवा 18 वर्ष की उम्र पूर्ण कर चुके है । वह अपना नाम वोटर लिस्ट में शामिल कराकर मतदान अवश्य करें । साथ ही परिजनों व दोस्तों को भी शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित करें । इस रैली में छात्र छात्राओं ने मतदान जागरूकता के लिए पोस्टर बनाए और स्लोगन लिखा । कि पहले मतदान करें , फिर जल पान करें । इस अवसर पर राजेश कुमार , प्रदीप कुमार , संग्राम सिंह , जगतपाल मौर्य आदि सैकड़ो लोगों ने भाग लिया ।

# प्ले हाउस का फीता काटकर किया शुभारंभ



**रामपुर मथुरा,सीतापुर।** तहसील महमूदाबाद के विकास खण्ड रामपुर मथुरा क्षेत्र के चांदपुर फरीदपुर में पंडित संतोषी लाल शुक्ल मेमोरियल इंटर कॉलेज चांदपुर में प्ले हाउस की स्थापना की गई। आधुनिक समय में छोटे बच्चों के विकास में प्ले हाउस की बहुत भूमिका रहती है मनोवैज्ञानिक तरीके से मनोरंजन के साथ जब छोटे बच्चों को विद्यालय में पढ़ाया जाता है तो वह बहुत जल्दी सीखते हैं और उनका मानसिक एवं शारीरिक विकास भी बहुत तेजी के साथ होता है स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल एवं प्ले हाउस महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं विद्यालय में प्ले हाउस की स्थापना निश्चित रूप से प्राइमरी के विद्यार्थियों के लिए एक अच्छी शुरुआत हुई है । उपरोक्त विचार पंडित संतोषी लाल शुक्ल मेमोरियल इंटर कॉलेज में प्ले हाउस का फीता काटकर उद्घाटन करने के पश्चात विद्यालय के प्रबंधक चंद्र भूषण शुक्ल ने व्यक्त किया उन्होंने इस अवसर सभी विद्यार्थियों से भी बात की और अच्छी पढ़ाई के लिए उन्हें प्रेरित किया कालेज की शिक्षक अंशुल अवस्थी ने बैच लगाकर शिक्षिका सुधा वर्मा ने तिलक लगा करके शिक्षक धीरेंद्र शुक्ला परीक्षा प्रभारी अरविंद वर्मा कार्यालय प्रभारी संदीप वर्मा ने माल्यार्पण करके स्वागत किया कालेज के प्रधानाचार्य राजेश कुमार शुक्ल ने भी सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी और आये हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया इस अवसर पर शिक्षक अरूण वर्मा,सौरभ वर्मा ,प्रधान प्रदीप वर्मा,प्रधान छोटे,अनेकों अभिभावक एवं कालेज के सभी शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्राएँ उपस्थित थे

# नाइट टूर्नामेंट क्रिकेट का किया गया आयोजन



लोकमित्र ब्यूरो

**महमूदाबाद,सीतापुर।** महमूदाबाद के कस्बा पैतेपुर में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट खेल का आयोजन किया गया । खेल सदैव मैत्री एवं सद्भावना पूर्ण वातावरण में ही किया जाना चाहिए। मैच के पहले और बाद में आयोजकों एवं खिलाड़ियों के मध्य किसी भी प्रकार की द्वेष व ईर्ष्या भावना नहीं होनी चाहिए। वैसे भी क्रिकेट जैसे खेल में इतनी अनिश्चितता है कि खेल का निर्णय मैच की अंतिम गेंद पर ही निर्भर होता है। यह उद्गार समाजसेवी अजमल सेठ ने कस्बा पैतेपुर में आयोजित नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजन के अवसर पर व्यक्त किया। अजमल ने कहा कि खेलों से हमारे शरीर के साथ-साथ मस्तिष्क का भी विकास होता है गांव में बहुत सारी प्रतिभाएं दब जाती हैं क्योंकि उन्हें अवसर नहीं मिलते हैं यदि उन्हें अवसर मिले तो वह भी अपने देश के लिए प्रतिनिधित्व कर अपने समाज गांव तथा परिवार का नाम रोशन कर सकते हैं उन्होंने यह कहा प्रतिभा कभी भी परिस्थितियों की मोहताज नहीं होती हैं। चाहे आर्थिक संकट हो, चाहे कच्चे मकान या खपरैल के घर हों। प्रतिभा को कभी भी प्रतिबंधित नहीं किया जा सकता है। प्रतिभाएँ तमाम विपरीत परिस्थितियों के बावजूद निखर कर सामने आती हैं। बस उन्हें थोड़ा सा सहारा देने की जरूरत है। इन क्रिकेट टूर्नामेंट से युवाओं को आगे बढ़ाने अवसर प्राप्त होंगे।इसके पूर्व मुख्य अतीत के रूप में अजमल ने फीता काटकर तथा एक गेंद को खेलकर टूर्नामेंट का उद्घाटन किया तथा टूर्नामेंट आयोजन समिति को धन्यवाद भी दिया और उन्होंने कहा कि समय-समय पर ऐसे टूर्नामेंट का आयोजन होता रहना चाहिए जिससे गांव की प्रतिभाएं बने ना पाए वह भी देश के लिए खेल कर अपने क्षेत्र का मान सम्मान और गौरव बढ़ाया।फाइनल में केदारपुर क्रिकेट टीम ने भगोली क्रिकेट टीम को 13 रनों से हराकर जीता जीतने वाली टीम को पुरस्कार के रूप में 16000 रुपए तथा उपविजेता टीम को 5000 का पुरस्कार दिया गया।

# जाम से आमजनमानस परेशान

## चिलचिलाती धूप में जाम में फंसे लोगों की हालत खस्ता

**बिसवां,सीतापुर।** नगर क्षेत्र में जिम्मेदारो की अनदेखी के चलते सुबह से ही कस्बे की मुख्य सड़को पर जाम लगा हुआ है कई एम्बुलेंस रास्ते मे फंसी हुई है । वही स्कूली बसों व अन्य कर्मचारियों को आने जाने मे काफी दिक्कतो का सामना करना पड़ रहा है गन्ना सेंटरों से गन्ना लादकर लाने वाले वाहन शुगर मिल तक खड़े है वही इन वाहनों के बीच प्राइवेट वाहन भी फंसे दिखा रहे है ।

हाल फिलहाल फैक्टी के गार्डो व पुलिस प्रशासन की मदद से मुख्य चौराहे को खाली कराए जाने का प्रयास किया जा रहा है नगर में लगने वाले जाम का मुख्य कारण सड़क किनारे बेतरतीब खड़े ऑटो व अवैध टैक्सी स्टैंड है। जो नियमो को ताख पर रखकर सड़क पर खड़े होकर सवारियाँ भर रहे है बड़े चौराहे से सिधौली क्रासिंग तक ,बड़े चौराहे से झज्जर तक,बड़े चौराहे से बस स्टैंड बिसवां तक यह वाहन आपको सड़क किनारे खड़े मिलेंगे । आलम यह है कि नगर में किसी विशेष परिस्थितियों में जाने के लिये राह आसान नही दिखाई पड़ रही है दिन पर दिन जाम की समस्या से व्यापारी वर्ग भी काफी परेशान है अब देखना यह होगा कि जिम्मेदारो द्वारा क्या इन अवैध रूप से सवारियां भर रहे स्टैंडो पर कोई कार्यवाही होती है या फिर आम जनमानस को रोज इसी तरह जाम की समस्या से जद्दोजहद करनी पड़ेगी वही शुगर मिल प्रशासन इस जाम की समस्या पर चुप्पी साधे हुये है ।

# ग्राम पंचायत गोहिलारी में निर्मित निराश्रित पशु आश्रय स्थल ग्रामीणों को साबित हो रहा सफेद हांथी



**मिश्रित,सीतापुर।** निराश्रित पशुओं से कृषि फसलों की सुरक्षा को लेकर प्रदेश के मुख्य मंत्री ने प्रत्येक न्याय पंचायत पर निराश्रित पसु आश्रय स्थल निर्मित कराकर उनमें चारा पानी आदि सभी व्यनवस्थाऐं चाक चौबंद करने के कड़े निर्देश दिए हैं । लेकिन विकासखण्ड मिश्रित की ग्राम पंचायत गोहिलारी के मजरा लोकनापुर में ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव व्दारा 26 लाख रुपए की सरकारी धनराशि से गोमती नदी के किनारे निर्मित कराया गया निराश्रित पशु आश्रय स्थल यहां के किसानों को सिर्फ सफेद हांथी साबित हो रहा है । जब कि यह पशु आश्रय स्थल निर्मित होकर कम्पलीट हो चुका है । फिर भी ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव व्दारा इसमें निराश्रित पशुओं को संरक्षित नही किया जा रहा है । यहां के किसानों का आरोप है । कि ग्राम पंचायत में सैकड़ो आवारा पशु घूम रहे है । जो पलक झपकते ही किसानों की फसलें चट कर जाते है । किसान रात दिन जाग कर बीमार पड़ रहे है । गांव के किसान जब इन निराश्रित पसुओं को पशु आश्रय स्थल में ले जाने की बात करते है । तो ग्राम प्रधान मना कर देते है । इस लिए यहां के किसानो ने जिला प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्शित कराते हुए निर्मित पशु आश्रय स्थल का संचालन कराए जाने की मांग की है ।

# बसपा नकली अंबेडकरवादियो का गिरोह- डां बृजबिहारी



**बिसवां,सीतापुर।** तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत आज अंबेडकरवादियो ने एक सम्मेलन आयोजित किया । सम्मेलन में इंडिया गठबंधन और कांग्रेस के प्रत्याशी राकेश राठौर के समर्थन में प्रस्ताव पारित किया गया । सम्मेलन के मुख्य अतिथि डा0 बृजबिहारी ने कहा बसपा वह राजनीतिक मुर्गी है जो दाना दलितो के दालान में चुगती है और अंडा भाजपा की कोठरी में देती है । यदि अंबेडकरवादियो को संविधान बचाना है आरक्षण बचाना है तो मै अंबेडकरवादियो के इस सम्मेलन मे इंडिया गठबंधन और कांग्रेस के प्रत्याशी राकेश राठौर के समर्थन में एक प्रस्ताव रख रहा हूं आप निर्णय लें । सम्मेलन में मौजूद अंबेडकरवादियो ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव का समर्थन किया । इस अवसर पर डां बृजबिहारी ने कहा कि बसपा अब नकली अंबेडकरवादियो का गिरोह बन चुकी है इसलिए अंबेडकरवादी बसपा से सावधान रहे । वही अंबेडकर वाहिनी के नेता अजय भार्गव ने कहा अंबेडकर के रास्ते से बसपा भटक चुकी है इसलिए बसपा को वोट देने का मतलब भाजपा को जिताना है इस अवसर पर सुनीला रावत ने कहा कि संविधान बचाना अंबेडकरवादियों का पहला कार्यभार है इसलिए मैं इस प्रस्ताव का समर्थन करती हूं । अंबेडकर महोत्सव के अवसर पर आयोजित इस समारोह मे बड़ी संख्या में अंबेडकरवादियो की जुटान हुई । कार्यक्रम के संयोजक राजेश मौर्य , नागेश गौतम ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया ।